SHRI VILAS MUTTEMWAR (NAGPUR): In today's world mutual cooperation between different countries and various industrial units to show their various inventions as exhibition at central places has become very significant. Trade fairs are very important in today's global economy and play a role in the growth of modern international cities. Such centres are very beneficial in boosting the trade not only within the country but also with other countries. Therefore, in order to derive maximum benefits from such mutual contacts, various countries like Germany, China, Japan etc are holding regular international exhibitions at four or five different prominent places in their respective countries.

In India there is only one international exhibition centre at New Delhi where different national/international exhibitions are held. The international exhibition having participation by many countries is held for a very short period of 14 days in a year. But exhibitions by companies, associations etc. are held regularly throughout the year thereby resulting in overcrowding, traffic jams, pollution and particularly inconvenience to the people of Delhi where such exhibitions are held frequently. Therefore, there has been a consistent demand for setting up of more international exhibition centres in other centrally located places of the country on the pattern of Pragati Maidan. This will not only reduce the pressure on Pragati Maidan but also provide opportunities to the people of different regions to have a glimpse of the economic and industrial developments taking place in India and other parts of the world.

It is felt that due to its central location, economic and industrial development as well as very good road connectivity to all the places of the country, Nagpur qualifies to be a suitable place for establishment of a new international exhibition centre. Such a state-of-the-art modern facility in Nagpur

would have tremendous impact on economy, transport, entertainment and cultural activities, hotels and resorts and tourism in Vidarbha region. Several ancillary services would also get established which would be huge revenue earners for the region. The development of Nagpur International Airport and setting up of Special Economic Zone would further boost the economic, trade and industrial activity in this region. This can be established even on Public, Private Partnership (PPP) mode.

Nagpur has plenty of land available to the extent of 500 acres for the establishment of Rajiv Gandhi International Exhibition Centre on the pattern of Pragati Maidan.

I would urge upon the Government to kindly to give serious consideration to this proposal and to grant the necessary approval for the establishment of Rajiv Gandhi International Exhibition Centre at Nagpur on the pattern of Pragati Maidan in New Delhi.

(iii) Need to take necessary measures for economic and educational upliftment of minority communities in Bhiwandi parliamentary constituency, Maharashtra

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी में अल्पसंख्यकों के हितों में आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में बेहतर सुधार की आवश्यकता है । महाराष्ट्र राज्य शासन द्वारा जितना संभव हो सकता है उतना विकास किया जा रहा है । लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों में उनकी आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति को सुधारे जाने हेतु केन्द्र शासन से विशेष मदद की आवश्यकता है । अल्पसंख्यकों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है ।

अतएवं, माननीय अल्पसंख्यक मंत्री जी से मांग है कि भिवंडी में अल्पसंख्यकों की आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में सुधार हेतु विशेष कदम उठाए जाए ।

(iv) Need to expedite completion of ROBs on N.H. No. 37 at Katakhal and Salchapra in Assam

SHRI LALIT MOHAN SUKLABAIDYA (KARIMGANJ): I would like to invite the attention of the Government to the inordinate delay in the construction work of ROBs on NH-37 at Katakhal and Salchapra in Assam.

In 2005, I was informed that the construction of both the above mentioned ROBs would take three and half years from the date of commencement of work. After the approval of work, the construction work could not be started on the plea that the design was defective. The design was sent to Mumbai for modification. This process took 5 years. The project was allotted, once again, to another party but could not be started on the plea of defective design.

The design was again sent for modification and Govt. replied that commencement of work would start after 3 months from the date of approval by the Railways. During the last 8 years the Ministry of Road, Transport and Highways could not start the work and the cost of construction is increasing day by day.

I want to know from the Minister of Railways as to when the design will be approved finally for starting the work.

(v)Need to enhance the rate of EPF pension for retired employees of Public Sector Enterprises

SHRI CHARLES DIAS (NOMINATED): The retired employees from the Public Enterprises are getting meagre sums as pension which are not sufficient for their healthy living. They are struggling for their livelihood at their old age as they cannot even afford medical expenses. While the Government has initiated welfare measures for its citizens, the retired employees from the Public Sector Enterprises are struggling to survive with their meagre pension.

Trade Union leaders and political leaders have raised this issue on different occasions. I urge upon the Government to take immediate steps to enhance the present minimum pension at least to Rs. 2000/- and also to introduce a new pension scheme for them.

(vi)Regarding modernization of Tuticorin Airport in Tamil Nadu

SHRI S.S. RAMASUBBU (TIRUNELVELI): Tuticorin (Thoothukudi) in Tamil Nadu is a major port city in the country. It became the centre of the India's Independence movement in the early 20th century. Tuticorin harbour is well known for pearl diving, fishing centre and ship building. Tuticorin is surrounded by Tirunelveli, Kanyakumari, Virudhunagar and Ramanathapuram districts and on the south-east by Gulf of Mannar. Tuticorin is also nearer to Tuticorin Port, Nangeri SEZ, Kudankulam Nuclear Plant and for the visiting tourists to Rameswaram.

Tuticorin is an important centre on the commercial and tourist map of our country and it is presently served only by Spicejet Airlines. In the recent past, the tourist traffic to this city and neighbouring places has increased manifold and most of the tourists prefer to travel by air so that they can utilise their time to the maximum. Considering the commercial and tourism potential, there is not enough service connecting Tuticorin with other important cities. Moreover, people from Tuticorin, Ramanathapuram, Tirunelveli and its adjoining districts where population of Muslim community is concentrated often go to various foreign countries especially to Gulf and South East Asian countries. They have to go either to Chennai or Thiruvananthapuram for their onward journey and in the process they suffer financial hardship and also lose considerable time in travel.

In the recent past, Union Government has identified 35 non-metro airports in the country for expansion and modernization. Expansion of runway and other associated facilities at the Tuticorin Airport including introduction of wide bodied aircraft is under consideration of Airports Authority of India. Currently the Airport can accommodate only ATR type aircraft which can carry only about 50 to 70 passengers. Keeping in view the above, I urge upon the Union Government to kindly take necessary steps for runway expansion, modernization, improving infrastructure and night landing facilities at Tuticorin Airport and allot adequate funds without delay.

(vii) Need to ensure remunerative price of farm produce to farmers in Madhya Pradesh

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): किसान की अथक मेहनत और प्रयासों के बाद भी उसे बेमौसम, बारिश, ओलावृष्टि और पाले की मार सहनी पड़ती है और तब फसल की पैदावार मिलती है । नए सीजन की अनाज और फसलें जैसे की चना, मसूर, मटर, अरहर, गेहूं इत्यादि किसानों के द्वारा मंडी में आना शुरू हो गया है, परंतु इसके साथ ही एक और नई समस्या का सामना भी किसानों को करना पड़ रहा है । मंडी में किसानों को, व्यापारियों और बिचौलियों/आढ़तियों से अपनी फसल के सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं, आश्चर्यजनक बात यह है कि सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के घोषित होने के बावजूद मध्य प्रदेश की बहुत सारी मंडियों में किसानों से उनका अनाज और दलहन आदि निर्धारित मूल्यों से बहुत कम दामों पर खरीदे जा रहे हैं जोकि एक गंभीर अपराध है । सरकार के द्वारा इसके लिए एक मेकेनिज्म तैयार करके ऐसा करने के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही और सजा का प्रावधान करना बहुत जरूरी है ताकि शोषित किसान समुदाय को न्यायपूर्वक उसका हक दिलवाया जा सके ।

आशा है कि सरकार इस विषय पर कोई ठोस कदम उठाकर आवश्यक कार्यवाही करेगी ।

(viii) Need to make provision of boundary wall in primary and secondary schools under Sarva Shiksha Abhiyan in the country

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): आज मैं एक अति महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि आज देश में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है और स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं यथा पीने का पानी या शौचालय जैसी कोई सुविधा नहीं होने से देश में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का स्तर और भी खराब हो रहा है । देश में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत बाउंड्री वाल बनाने का प्रावधान किया गया था । पर अब सरकार ने इसे भी बंद कर रखा है । इससे यहां के स्कूलों की स्थिति और भी खराब हो गई है ।

मैं सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक माध्यमिक स्कूलों में बाउंड्री वाल को बनाने का प्रावधान करें जिससे कि स्कूलों के हालात में सुधार हो सकें ।

(ix) Need to set up a Regional Post Office and a Divisional Post Office in Katihar district, Bihar

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य के बिहार के विभाजन से पूर्व सर्किल कार्यालय (डाक) बिहार में दो क्षेत्रीय डाक कार्यालय हुआ करते थे-एक मुजफ्फरपुर एवं दूसरा रांची । परंतु बिहार विभाजन के बाद बिहार में एक ही क्षेत्रीय कार्यालय रह गया जो मुजफ्फरपुर में अवस्थित है । एक क्षेत्रीय कार्यालय से उत्तरी बिहार के सभी डाकघरों का संचालन एवं नियंत्रण सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है । खासकर सीमांचल क्षेत्र जैसै -कटिहार, पूर्णिया, अररिया, फारबिसगंज, किशनगंज जो 20,000 वर्ग किलो मीटर में फैला हुआ है । इस क्षेत्र में डाक सेवा का सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण के लिए कटिहार को क्षेत्रीय कार्यालय बनवाया जाना अति आवश्यक है । ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य के अंदर कटिहार जिला, किशनगंज जिला एवं अररिया जिला जो कि पूर्णतः सीमांचल क्षेत्र में हे, को छोड़ अन्य लगभग सभी जिलों में डाक प्रमंडल कार्यालय अवस्थित है । सन् 1925 में पूर्णियां को डाक प्रमंडल कार्यालय बनाया गया । पूर्णियां डाक प्रमंडल के अधीन कटिहार, पूर्णिया, अररिया एवं किशनगंज जिला समाहित है । 87 वर्ष के अंतराल में डाक क्षेत्र में काफी परिवर्तन हुआ परंतु डाक के क्षेत्र मे कटिहार, अररिया एवं किशनगंज जिला उसी अवस्था में है । कटिहार में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का मंडल कार्यालय, दूरसंचार का महाप्रबंधक कार्यालय है । मेरी मांग है कि सीमांचल क्षेत्र एवं उत्तरी बिहार डाक सेवा का सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण हेतु प्रधान डाकघर कटिहार में क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ डाक प्रमंडल कार्यालय की स्थापना की जाये ।

(x) Need to set up a National Institute for Coastal Policing in Gujarat

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): गुजरात राज्य की लंबी एवं संवेदनशील समुद्री सीमा है तथा गुजरात जो मरीन टेरर से जूझ रहा है उसको ध्यान में रखकर कॉस्टल सिक्युरिटी से फेज-1 के अंतर्गत मरीन पुलिस स्टेशन चेक पोस्ट तथा आउट पोस्ट की स्थापना की गयी है । 12 और 50 टन की बोट द्वारा कॉस्टल पेट्रोलिंग की जाती है । संपूर्ण देश में फेज - 1 की कार्यवाही पूर्ण करने में गुजरात प्रथम स्थान पर है । फेज-2 की कार्यवाही चालू है । अब तक के अनुभव से यह पता चला कि समुद्री सीमा फर्ज अदा करने में तथा ऑफशोर पेट्रोलिंग में विशिष्ट प्रकार की तालीम अनिवार्य है । अतः विशिष्ट कार्य अनुरूप जरूरी बेसिक तालीम तथा पेट्रोलिंग बोट के ऑपरेशन, मेंटेनन्स इत्यादि हेतु स्पेशियल कोर्स शुरू करने की आवश्यकता है ।

हाल में भारत सरकार, गृह मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट की तरफ से नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कॉस्टल पोलिसिंग शुरू करने का विचार है । इस प्रकार की इंस्टीट्यूट की स्थापना हेतु गुजरात राज्य में भौगोलिक तथा इंफ्रास्ट्रकचर सुविधाएं पर्याप्त रूप में उपलब्ध हे ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि सुरक्षा विषयक तथा सुविधा को ध्यान में रखकर" नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कॉस्टल पोलीसिंग" की गुजरात राज्य में स्थापित की जाए ।

(xi)Need to undertake repair of National Highway No. 75

श्री अशोक अर्गल (भिंड): राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 की हालत बहुत खराब है उक्त मार्ग स्वर्णिम चतुर्भुज योजना में लंबित है । वर्तमान में ग्वालियर झांसी के मार्ग की हालत दयनीय है । बड़े-बड़े गड्डे हो रहे हैं । छोटे वाहनों का काफी नुकसान हो रहा है । मैं चाहता हूं कि सरकार तत्काल उक्त मार्ग को ठीक कराने के निर्देश दें ।

(xii) Need to address the grievances of employees of Regional Rural Banks in the country

DR. RATNA DE (HOOGHLY): It is a matter of fact that Regional Rural Banks (RRB), operating through 17,000 rural branches in different parts of the country with 75,000 officers and employees have been agitating for immediate extension of pension parity to RRB staff as per industry wise settlement as on 29.10.1993, formation of NRBI with State level RRBs, providing adequate man power by fresh recruitment and creation of promotional and recruitment vacancies as on 31.3.12 and filling up the same immediately, regularization of all part time/casual/daily wage employees in RRBs; extending other allowances and benefits including computer increment and giving representation of work men and officers in the Board of management of RRBs.

The above issues have been pending for a long time. Many representations have been made by All India Regional Rural Bank Employees Association, Kolkata. The Association has approached me to take it up with the Ministry of Finance to redress their genuine and long pending demands. Under such circumstances, I would like to urge the Hon'ble Minister of Finance to consider the above mentioned demands without any further loss of time so that the employees of Regional Rural Bank across the country in general and those employees of Regional Rural Banks located in West Bengal would be benefitted.

(xiii) Need to desilt the barrage over Damodar river at Durgapur in West Bengal

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): In my constituency at Durgapur in West Bengal there is a barrage at Durgapur over Damodar River which is under Damodar Valley Cooperation (DVC) was constructed for controlling flood, supplying irrigation and drinking water as well as for generating Power. But the barrage is silted now. It is full of sand as a result of which it is unable to keep sufficient water in its reservoir. So the very purpose of construction of DVC has been defeated.

So immediate desilting of the barrage reservoir is required.

(xiv) Need to formulate a special programme to boost tourism in Odisha

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): The tourism potential of Bhitarkanika and Gahirmatha wildlife sanctuaries, and the Buddhist site Lalitgiri in Kendrapara, Odisha, is largely unutilized. While Kendrapara is a specific example, similar problems plague other tourist destinations in Odisha such as the hot springs of Atari, Taptapani and Simlipal National Park, to name a few.

The Planning Commission ranks the tourism industry as the second largest in providing employment to semi-skilled and unskilled workers in the country. Hence, the promotion of tourism in Odisha will also facilitate increased economic opportunities to its people.

In order to attract national and international tourists to Odisha, there is an urgent need to expeditiously improve the tourism infrastructure, increasing air connectivity to Bhubaneswar and formulating creative branding and marketing strategies.

The Odisha Government recently announced the development of the Buddhist circuit in the State. On top priority is the 'Diamond Triangle' of Lalitgiri-Ratnagiri-Udaygiri. In addition to this, ASI announced that it will build a museum at Lalitgiri. These measures are a positive sign of the attention being given to the earlier neglected sites. But, a lot more needs to be done.

In his address at the photography exhibition organized for promoting tourism in Kendrapara in August 2012, the then Minister of Tourism, Shri Subodh Kant Sahay assured us of increased central assistance to Odisha. I, therefore, urge the Central Government to sanction a special programme to boost tourism in Odisha. The measures mentioned above combined with increased funding from the Centre will do wonders for tourism in my state.

(xv) Regarding setting up of Cauvery Management Board

SHRI O.S. MANIAN (MAYILADUTHURAI): Consequent upon the Gazette Notification of the final award of the Cauvery Water Disputes Tribunal on 20th February 2013, Centre has to set up Cauvery Management Board and Cauvery Water Regulation Committee. The Tribunal has concluded that it would be absolutely necessary to establish a mechanism which should be entrusted with the function, supervision and operation of reservoirs and with regulation of water releases. It has recommended establishment of Cauvery Management Board (CMB) and Cauvery Water Regulation Committee for this purpose. Hon. Chief Minister of Tamilnadu has already written to the Hon. Prime Minister to set up CMB forthwith. As lower riparian State, Tamilnadu has been the worst sufferer so far. Setting up the CMB early will save the late samba crops and black/green gram crops in some parts of Cauvery delta. I urge upon the Centre to set up Management Board at the earliest to save the livelihood of delta farmers.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : प्लीज बैठ जाइये। अनंत कुमार जी, बैठ जाइये। लालू जी बैठ जाइये। हमें कुछ कहना है, आप लोग बैठ जाइये। हमें सुन लीजिए। आप लोगों से मुझे कुछ कहना है।

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please take your seats. We have to pass the Budget.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Ananth Kumar, please do not get agitated.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Baalu, please sit down. I want to say something.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Will you listen to me?

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : एक मिनट, आप लोग बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : लालू जी, आप बैठ जाइये। हम कुछ कहना चाह रहे हैं, कुछ रास्ता निकालना चाह रहे हैं और आप इतना ज्यादा बोल रहे हैं, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : प्लीज, आप लोग बैठ जाइये। बर्क साहब बैठ जाइये। योगी जी, आप क्यों खड़े हो जाते हैं, कीर्ति आजाद जी, आप बैठ जाइये। अनुराग जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बजट पास करना है। आप लोग बैठेंगे, तभी तो आगे कुछ करेंगे, आप लोग बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Mr. Baalu, please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR (BANGALORE SOUTH): Madam, we are not satisfied with the statement of the hon. Home Minister… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, आप खड़े रहिये, हम भी खड़े रहेंगे, ऐसे कोई हाउस चलता है? आप चलाइये हाउस। आप हमारी बात सुन लीजिए। पहली बात तो यह है कि सब कह रहे हैं कि सबको बोलना है, हम

अमूमन सभी को बुलवा देते हैं, मगर आज की खास बात यह है कि आज हमें बजट पर चर्चा करके उसे पास करवाना ही है और राज्य सभा भेजना है लेकिन उसके लिए समय नहीं है। इसलिए जिन्होंने सुबह नोटिस दी थी उन्हें बुलवाया है। माननीय गृह मंत्री जी का स्टेटमेंट हो गया। अब हमारे पास समय नहीं बचा है कि हम बजट के सिवाए और कुछ न लें। हमारे सामने बाध्यता है जिसे आप समझेंगे और बजट पर चर्चा होने देंगे।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद (सारण): हम लोग कब बोलेंगे? ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: You give me notice and I will have it.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: The House shall now take up further discussion on the Budget. Shrimati Sumitra Mahajan.

… (*Interruptions*)

SHRI LALU PRASAD : Madam, we were not allowed to participate in this important discussion… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go in record.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : सुमित्रा जी, आप बोलना शुरू कीजिए।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपनी माननीय सदस्या को बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : योगी जी, आप हर समय क्यों खड़े हो जाते हैं। आप सभी बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: All of you may please associate.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: If you give me notice, we will do everything.

… (*Interruptions*)

श्री लालू प्रसाद : अध्यक्ष महोदया, आपने हमें कश्मीर मुद्दे पर बोलने का अवसर नहीं दिया है, इसलिए हम सदन से वाक आउट करते हैं।

अध्यक्ष महोदया : हम आपको बोलने का मौका देंगे, आप नोटिस दे दीजिए।

…(व्यवधान)

12.41 hrs.

Shri Lalu Prasad and some other hon. Members then left the House

अध्यक्ष महोदया : सुमित्रा जी, आप अपनी बात कहना शुरू कीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Madam, we are walking out in protest.

12.41 ¼ hrs

At this stage, Shri Basu Deb Acharia and some other hon. Members left the House.

SHRI T.R. BAALU : Madam Speaker, it is a vital issue. It is the question of life and death of fishermen of Tamil Nadu.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: How can I compel anybody? I cannot compel the Government.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please sit down.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Madam Speaker, I have requested the External Affairs Minister. As soon as he is able to collect the details, and if you permit, he will make a statement a little later in the day.… (*Interruptions*)

श्री अनंत कुमार : अध्यक्ष महोदया, अभी तक हमें स्टेटमेंट की कापी नहीं मिली है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपको स्टेटमेंट की कापी मिल जाएगी। आप सुमित्रा जी को बोलने में डिस्टर्ब मत कीजिए। सुमित्रा जी खड़ी हैं, उन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

श्री शरद यादव (मधेपुरा): आप सुमित्रा जी को बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

श्री अनंत कुमार : माननीय सदस्या जरूर बोलेंगी, लेकिन पहले स्टेटमेंट की कापी तो मिलनी चाहिए।

श्री शरद यादव : अध्यक्ष महोदया, आप इन्हें कापी दिलवा दीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप सभी सुमित्रा जी को बोलने दीजिए। सुमित्रा जी, आप निर्विघ्न बोलिए।

श्री अनंत कुमार : अगर विदड्रा किया है, तो सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Ananth Kumar *ji*, you are not allowing your own Member to speak. What is this?

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Sanjay Nirupam *ji* is advocating for her.

… (*Interruptions*)

12.43 hrs.

GENERAL BUDGET(2013-14) – GENERAL DISCUSSION DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT (GENERAL), 2013-14 DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2012-13 DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL), 2010-11 – Contd.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): अध्यक्ष महोदया, मैं वर्ष 2013-14 के बजट पर बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। इस बजट में बहुत-सी बातें कही गई हैं। अगर बजट का वर्णन अगर दो शब्दों में कर दिया जाए, तो यह होगा कि यह बजट" बोल बजट" है। करना कुछ नहीं है, परिणाम लाना नहीं है, जिम्मेदारी उठानी नहीं है, तो बोलने में क्यों कंजूसी। बोलते जाना है कि कहीं इधर दो सौ करोड़, कहीं उधर दो सौ करोड़, कहीं हजार करोड़। सभी जगह बांटते जाओ, क्योंकि दो-तीन महीने बाद या अगले चुनाव में बोरिया-बिस्तर बांध कर जाना ही है। वास्तव में देखा जाए, तो यही भाव पूरे बजट में है। हम प्लान एक्सपेंडिचर देखते हैं 5.55 लाख करोड़ और नॉन प्लान 11 लाख करोड़ रुपए के आस-पास है। पूरे बजट में प्लान बजट बढ़ाने का कहीं प्रयास भी नहीं दिख रहा है, ऐसा यह पूरा बजट है। वास्तव में होना यह चाहिए था कि आज महंगाई से देश त्रस्त है। मगर महंगाई कम करने के लिए बजट में कुछ भी नहीं किया गया है। 80000 करोड़ रुपया रूरल के लिए जरूर रखा गया है, बढ़ाकर रखा गया है लेकिन मैं स्टैंडिंग कमेटी की चेयरपर्सन हूं और मुझे पता है कि जितना भी बजट रखा जाता है, पहला जो हमेशा अनुभव यह रहा है कि पूरे फंड्स का उपयोग नहीं हो पाता है। मिसमैनेजमेंट होता है। कई जगह भ्रष्टाचार भी होता है। नॉन-इम्पलीमेंटेशन ऑफ स्कीम्स भी रहता है। इन सब बातों से रूरल डवलपमेंट के प्लान्स भरे रहते हैं और उनको ठीक करने के लिए कोई भी रवैया इस बजट में नहीं उठाये गये हैं।

हमारे वित्त मंत्री जी बहुत अच्छी बात करते हैं। आज की तारीख में (world economy) के हिसाब से हमारी पोजीशन दसवें स्थान पर है और मुझे ज्यादा समझ में नहीं आता है लेकिन उसको पांचवें स्थान पर लाने की बात हो रही है। मगर पांचवे स्थान पर लाने के लिए क्या कदम उठाएंगे, इसकी कोई भी बात नहीं कही गई है।

गरीबों के लिए जो फूड सिक्योरिटी की बात कही गयी है, इन्होंने बहुत अच्छी बात कही है। वास्तव में, आज की तारीख में हमारे देश में अनाज की कमी नहीं है। हमारे यहां के किसान और विशेषकर मध्य प्रदेश के किसान बहुत मेहनत कर रहे हैं। हमारे यहां अनाज की कोई कमी नहीं है। हमारे यहां के गोदाम भरे पड़े हैं लेकिन वहां अनाज सड़ रहा है। बांटा नहीं जा रहा है। उसकी कोई व्यवस्था नहीं है। उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा रहा है। हम फूड सिक्योरिटी की बात करते हैं। मगर जो हमारे पास आज

की तारीख में अनाज है, हम उसके लिए क्या व्यवस्था कर रहे हैं? हमारे किसान जो मेहनत कर रहे हैं, उस किसान को मेहनत का फल मिले, उसके लिए हम क्या करेंगे? मैं एक छोटी सी बात बताना चाहूंगी क्योंकि ये अंग्रेजी में अच्छी अच्छी बातें लिखते हैं। न्यूट्रिशन की बात कही गई है और उसमे कहा है कि:

> "We start a pilot programme on Nutri-Farms for introducing new crop varieties that are rich in micro-nutrients such as iron-rich bajra, protein-rich maize and zinc-rich wheat."

मैं अपने अनुभव की बात करना चाहूंगी। बाजरा ज्वार इत्यादि की जो बातें आप कर रहे हैं और इसके साथ ही मैं बताना चाहूंगी कि हमारी कृषि नीति इतनी गलत है कि इसके कारण जो हम कहते हैं कि ज्वार, बाजरा, काला चना, लाल चना इत्यादि चीजें हमारे यहां होती हैं, मैं अब बताना चाहूंगी कि ये सब चीजें गायब होती जा रही हैं। अब ये 200 करोड़ रखकर न्यूट्रिशन की बात यह सरकार जो कर रही है, मुझे बात समझ में नहीं आ रही है। लेकिन आज की तारीख में मेरे क्षेत्र में ज्वार के खेत ही खेत थे लेकिन मैंने हमारे यहां के किसानों को कहा कि कुछ साल बाद ऐसी बात आएगी कि ज्वार एक ऐसी डिब्बी में रखकर आने वाली पीढ़ी को दिखानी पड़ेगी कि इसको ज्वार कहते हैं। यह ज्वार, बाजरा, नाचनी जो महाराष्ट्र के लोगों में और आदिवासी लोगों में बहुत यूज होती है। नाचनी खाकर ही आदिवासी लोग पुष्ट हुआ करते थे। मगर अब वो नाचनी नहीं दिखेगी क्योंकि किसान उसे नहीं उगाते हैं। किसानों को उनकी फसल की कीमत नहीं मिलती है। आप न्यूट्री फूड की बात करते हैं। आज की तारीख में हम देखते हैं कि जैविक फूड की भी बात कही जाती है।

कृषि क्षेत्र की बात करें तो वास्तव में आज आवश्यकता जैविक फूड की आ गई है क्योंकि जिस प्रकार से अलग अलग प्रकार के रासायनिक खाद डालकर हमने अपने खेतों को खराब किया है, हमारे यहां के लोग कहते हैं कि बाजार से सब्जी लाने के तुरंत बाद ही उस सब्जी को मत पकाओ क्योंकि उस पर बहुत कुछ पेस्टीसाइड्स का छिड़काव किया गया है। लेकिन जब मैं बात जैविक खेती की करती हूं तो आज की तारीख में जो किसान हैं, वे कहते हैं कि हम उगाने के लिए तैयार हैं लेकिन हमारे यहां कोई ऐसी भी लैब नहीं है कि जो यह सर्टिफाइ कर सके कि यह जो उत्पादन है, इसकी कीमत यह होनी चाहिए और हमें उसकी कीमत नहीं मिलेगी। यील्ड थोड़ा कम होता है। इसलिए कम यील्ड वाली बातें नहीं चलतीं। किसानों को वैसे ही पैसा कम मिलता है। मैं पूरी एक नीति की बात कर रही हूं। आप केवल न्यूट्री फूड की बात कर रहे हैं, लेकिन जो फसलें इस प्रकार से गायब हो रही हैं, यह चिन्तनीय है।

मेरे अपने क्षेत्र में डालर चना आ गया है। यह कहा जाता है एक्सपोर्ट होता है, पैसे मिलते हैं। लाल छोटा चना जिसे हरभरा कहते हैं, वास्तव में न्यूट्रिशियस है लेकिन गायब होता जा रहा है। मेरे क्षेत्र में

सोयाबीन बहुत उगा रहे हैं लेकिन इसका उपयोग केवल तेल निकालने के लिए होता है और बाकी एक्सट्रेक्ट बचता विदेशों में जाता है। हमारे यहां इससे न्यूट्रिशियस फूड, बाए प्रोडक्ट बनना चाहिए, उसके लिए कुछ नहीं है। मैंने बोल बजट इसलिए कहा कि केवल 200 करोड़ रखो, बड़ी बात कहो, इससे कुछ नहीं होना है। वास्तव में नीति इस प्रकार की होनी चाहिए कि किसान उस दिशा में जाए। लेकिन उस तरह की बातें बजट में नहीं हैं। हर घर में लोग परेशान हैं, किसान परेशान हैं।

महोदया, मेरे दोनों साथियों ने बहुत विस्तार से बातें कही हैं इसलिए मैं सब बातें न कहते हुए केवल एक मुद्दे के बारे में भाषण में कहने वाली हूं और वह मुद्दा महिलाओं का है। वित्त मंत्री जी ने बड़े आत्ममुग्ध होकर महिलाओं की बात कही। उन्होंने कहा -Three faces of India. One is woman; second one is youth and the third one is poor. थ्री फेसिस आफ इंडिया के लिए बड़ी बात कही गई, Gender-related aspects of empowerment. उन्होंने इसका उल्लेख अपने भाषण में किया है। मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि वैसे तो कांग्रेस की सरकार सालों साल से है, अब तो कांग्रेस 115 साल की हो गई है। मगर 115 साल की होते इतनी पिछड़ रही है कि अपने साथ देश को भी पछाड़ रही है। वित्त मंत्री जी, आप अगर अपने से पहले लोगों से समझिए। मैंने आत्म मुग्ध शब्द के बारे में कहा यानी आप आत्म मुग्ध मत बनो यानी जो कुछ हूं मैं ही हूं, मैं जो बोलता हूं वही बहुत अच्छी बात है। नहीं। आपसे पहले भी कई लोगों ने महिलाओं के लिए अच्छी बातें कही हैं और की हैं। जेंडर बजटिंग की बात होती है। किसी ने शब्द का प्रयोग किया होगा, जब मैं महिला बाल विकास मंत्री थी, यशवंत सिन्हा जी वित्त मंत्री थे, उस समय हमने जेंडर बजटिंग की शुरुआत की थी। हमने केवल बातों में नहीं कहा था। हमने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी कांस्टीट्यूट की थी। यह कहा था कि इस विषय पर पूरा अभ्यास करें, स्टडी करे प्लानिंग बनाएं। हमने श्री के.सी. पंत जी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बनाई थी। मेरे पास महिला बाल विकास मंत्रालय के पेपर्स है, अगर वित्त मंत्री जी चाहें तो मैं देने को तैयार हूं। हमने वूमेन एम्पावरमेंट ईयर मनाया था। हमने महिला सशक्तिकरण, स्वयं सिद्धा, स्वाधार और कई प्रकार की योजनाएं बनाई थीं। योजनाएं बनाकर लागू की थी। उस समय हमने स्टडी की थी और कई बातें पाई थी। महिला बाल विकास का बजट बढ़ाया था। महिलाओं का विकास कैसे होता है, हर काम में उनकी भागीदारी, हिस्सेदारी कैसे हो सकती है, इस पर स्टडी की। उस समय हमने काम किया था और आंगनवाड़ियों से शुरुआत हुई थी। अब गांव-गांव में आंगनवाड़ियों में महिला उत्थान और बच्चों की देखरेख होती है। अगर किसी ने उसके लिए सोचा गया था तो केवल और केवल माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में सोचा गया था। पहली बार हमने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता का मानदेय बढ़ाया था। हम केवल वहीं पर नहीं रुके बल्कि

महिलाओं को स्त्री शक्ति पुरस्कार दिए ताकि उनके अच्छे कामों को रिकोग्नाइज किया जा सके। मैं यशवंत सिन्हा जी की आभारी हूं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला, राज्य और नेशनल स्तर पर पुरस्कृत करने की योजना बनाई गई थी। इसके आगे जाकर नौंवे पंचवर्षीय प्लान में वूमेन कम्पोनेंट प्लान की बात की गई थी। हमने इसे लागू किया। हमारे समय में इस पर स्टडी हुई और इसे देखा गया था। उस समय की बात है - not less than 30 per cent of the funds should be specifically earmarked for women's programmes.

यह बात उस समय कही गई थी। उसे लागू करने की दृष्टि से हमने काम शुरू किया था। मैंने जैसे कहा कि महिला बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत यह पॉलिसी बनाने की बात थी और उस पर स्टडी शुरू की। हमने कहा कि हर साल के बजट को जेंडर बजटिंग की दृष्टि से हम स्टडी करें और केवल महिला बाल विकास मंत्रालय ही नहीं, बल्कि जो-जो ऐसे मंत्रालय हैं, जहां महिलाओं पर आधारित प्रोग्राम चलाये जाते हैं, ऐसी कई सारी मिनिस्ट्रीज हैं, चाहे वह एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री हो, चाहे सोशल जस्टिस मिनिस्ट्री हो, पांच-छः एचआरडी मिनिस्ट्रीज हैं, पांच-छः ऐसे मंत्रालय हैं कि जहां इस प्रकार की बात हो सकती है कि जिसमें वूमैन्स के प्रोग्राम्स चलाये जाते हैं, हमने उनकी स्टडी करते हुए हर साल बजट बढ़ाया है। हमें केवल चार-पांच साल ही मिले थे। हमें मालूम है कि डिफैंस जैसी मिनिस्ट्री में हम वूमैन कम्पोनैन्ट की बात नहीं कर सकते। मगर जहां कर सकते हैं, वहां कैसे काम हो सकता है, कैसे होना चाहिए, इस पर ध्यान देते हुए हम 23 परसैन्ट तक बढ़ गये थे। हम 30 परसैन्ट नहीं बढ़ पाये, लेकिन 23 परसैन्ट तक हम आये थे, यानी यह इनक्रीज हुआ था। मेरे पास इसकी पूरी रिपोर्ट्स हैं। मगर मैं इतना ही बताना चाहूंगी कि 2003-2004 तक हमने ये सब काम करके दिखाये थे। जेंडर बजटिंग जब हम करते हैं तो वित्त मंत्री जी मैं जैसे बहुत समझदार और पढ़ी-लिखी नहीं हूं, लेकिन उसका अर्थ यह होता है कि कैसे महिलाओं के उत्थान की दृष्टि से हर मंत्रालय में काम कैसे हो। कानून की दृष्टि से भी हमने उस समय विचार किया था और यह करते-करते जैसे मैने कहा कि 23 परसैन्ट तक हम बढ़ गये थे। लेकिन आज आपकी क्या स्थिति है। आज आप क्या करते हो? देखो बात बहुत सुंदर करते हैं और करते क्या हैं, यह मेरी समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा - women are the heads of many banks. बैक की बात करते हुए उन्होंने वूमैन सैल्फ हैल्प ग्रुप को सपोर्ट करने की दृष्टि से कहा, जो महिला बैंक की आपने कही, सैल्फ हैल्प ग्रुप को सपोर्ट करने की दृष्टि से वूमैन्स लाइवलीहुड को सपोर्ट करने की दृष्टि से आपने कहा। मैं आपको एक बात बताना चाहूंगी, शायद आपको मालूम नहीं होगा। महिला बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय महिला कोष नाम की एक चीज है। 1993-95 में राष्ट्रीय महिला कोष की वास्तव में शुरूआत हुई थी। यह बात

भी हुई थी कि इसे 100 करोड़ रुपये तक ले जाना है। जब तक आप लोग थे, नहीं ले गये थे, लेकिन हमारे दोनों वित्त मंत्री, श्री यशवंत सिन्हा और श्री जसवंत सिंह जी ने तय किया था कि महिलाओं के लिए कुछ करेंगे। वे इसका पूरा प्लान 100 करोड़ तक ले गये थे। राष्ट्रीय महिला कोष में वास्तव में जो सुदूर गांवों में बैठे हुए सैल्फ हैल्प ग्रुप्स हैं, छोटे-छोटे एनजीओज हैं, वे अपने दम पर खड़े हो जाएं, इसलिए राष्ट्रीय महिला कोष काम करता है। मुझे मालूम नहीं है आज आपने इस पर कितना ध्यान दिया है। मगर आप क्या बात कर रहे हो, आप यह बात कर रहे हो - support to SHGs and women's livelihood that employs predominantly women and that address gender related aspects of empowerment and financial inclusion. लेकिन उसके लिए आपने क्या किया? आपने एक महिला बैंक की स्थापना, उसके लिए आपने एक हजार करोड़ रुपये रखे। इसका स्वागत है, क्योंकि मैं ऐसी महिला हूं कि महिलाओं के आप जो भी कुछ करोगे, हम उसका स्वागत ही करेंगे। लेकिन थोड़ा ठंडे दिमाग से सोचिये कि जब आप महिलाओं के लिए बैंक की स्थापना करते हो, जब आपने इसकी घोषणा की तो हमने, मा0 सुषमा और सबने तालियां बजाईं और इसका स्वागत किया। लेकिन क्या यह वूमैन एम्पावरमैन्ट के लिए आन्सर है, क्या यह आन्सर हैं जेंडर बजटिंग के लिए? करने के लिए वित्त मंत्री जी बहुत काम हैं, आप ही खोलकर देखिये, आपके यहां आरबीआई और नाबार्ड की इश्यु की हुई गाइडलाइंस हैं, अगर आप उनका भी पालन करें तो बहुत कुछ हो जायेगा। उसमें यह कहा गया है कि महिला उद्यमियों को प्रायोरिटी दी जाए.

इसके अलावा वूमैन्स डैस्क की बात की गई है। यह महिला डैस्क क्या है। जहां-जहां भी बैंक्स हैं, सुदूर गांव-गांव में जो-जो बैंक्स हैं, वहां महिला डैस्क स्थापित कीजिए, यह आपकी गाइडलाइंस में है।

13.00 hrs.

लेकिन उसको पढ़िए तो सही, वित्त मंत्री जी आप तो बहुत पढ़े-लिखे हैं। मगर छोटी बातें पढ़ा कीजिए। लोगों की समझ की बातें पढ़ा कीजिए। जो लोगों के काम आएं, ऐसी बातें पढ़ा कीजिए। महिला सशक्तिकरण कब होगा? एक महिला बैंक मुंबई में स्थापित है। मुंबई में तो महिलाएं बैंक में जाती ही हैं। मगर गांव-गांव में जो बैंक हैं, उसमें यह गाइडलाइन है कि बैंक में एक महिला डेस्क की स्थापना करनी चाहिए और वहां पर आवश्यक रूप से स्थानीय भाषा जानने वाली महिला को काम देना चाहिए, ताकि जब महिलाएं वहां पर काम के लिए आएं, वह लोन काम हो या अन्य कोई भी काम हो, वे आसानी से उनकी बात को समझ सकें, आसानी से उसका बैंक तक एक्सेस हो जाए। आप महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं तो वह केवल एक महिला बैंक स्थापित करने से ही नहीं होगा, कुछ और भी सोचना पड़ेगा। अभी तो आप उस पर एक घनाघात करने जा रहे हैं, कोऑपरेटिव बैंक्स पर । मैं आज बाकी कोऑपरेटिव बैंक्स

की बात नहीं करूंगी। मगर कहीं महिला कोऑपरेटव बैंक है, महिला क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ हैं, जो वास्तव में गांवों में काम करती हैं, जहां उनकी जरूरत है। मुंबई के महिला बैंक में आ कर महिला सशक्त होने वाली नहीं है। मैं तो कहती हूँ कि आपके जो नैशनलाइज़ बैंक्स हैं, आज आप अगर उनकी वर्किंग देखेंगे, जिस तरीके से वहां भी जो NPA बढ़ रहा है, जिस तरीके से वहां पर ऋण बांटा जा रहा है। वहां पर फेवरेटिज़्म होता है। आप उसको कंट्रोल करना सीखें। कोऑपरेटिव बैंक तो भंग होते हैं। कोऑपरेटिव बैंकों के अध्यक्ष तो तुरंत जेल में भी जाते हैं। ठीक है जाना चाहिए, मैं उनका बचाव नहीं कर रही हूँ। लेकिन बताइए कि नैशनलाइज़ बैंक्स के वे लोग, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के वे लोग जो ऐसे लोन देने में माहिर हैं, जिन्होंने ऐसे लोन दिए है, जिनके कारण NPA बढ़ा है, उनके खिलाफ कितनी इंक्वायरी हुई है? ऐसे कितने लोग जेल में गए हैं? उस पर थोड़ा कंट्रोल कीजिए। एक महिला बैंक स्थापित करने से क्या महिला सशक्तिकरण होगा? मुंबई की वह महिला तो आगे बढ़ ही रही है। वह बैंक में जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि जो छोटे-छोटे कोऑपरेटिव बैंक हैं, महिला कोऑपरेटिव बैंक हैं, निवेदिता कोऑपरेटिव बैंक है, धरमपेठ महिला कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी है, कई सारी ऐसी सोसाइटी हैं, आपको भी मालूम होगी, आपके वहां पर भी होगी। आप उनको बढ़ाने के लिए कुछ कदम क्यों नहीं उठाते हैं? क्योंकि वे गांव-गांव में काम करती है। वह गांव-गांव की महिलाओं की प्रिय बनती है। गांवों की महिलाएं आत्मविश्वास के साथ वहां पर जाती हैं। मगर आपको तो वह काम नहीं करना है। इंकम टैक्स वग़ैरह तो छोड़िए। ...(व्यवधान) कोऑपरेटिव पर आप घनाघात करने पर तुले हुए हैं। वहां तो आप कुछ नहीं कर रहे हैं। लेकिन जो करने लायक काम हैं, वह नहीं कर रहे हैं। अगर आप वास्तव में महिला सशक्तिकरण चाहते हैं, तो इन छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देंगें तो मुझे लगता है कि बहुत अच्छा होगा। ...(व्यवधान) लेकिन आज महिला के नाम कितनी प्रापर्टी है? कितने मकान हैं? कितनी जमीन है? वह कहां से लोन लेगी? वह क्या करेगी? इन विषयों पर भी तो सोचना बहुत आवश्यक है। हम नहीं सोच रहे हैं।

अध्यक्षा जी, जैसे मैंने कहा कि सौ करोड़ या दो सौ करोड़ रूपये बांट रहे हैं। इन्होंने एक बात और कही है कि "I propose to set apart Rs.200 crore to fund organisation…" ये साइंस एण्ड टैक्नॉलाजी की बात कर रहे हैं। मगर आप सामान्य व्यक्ति की जहां बात कर रहे हैं - "…to set up and make these products available.." आप ऐसे कुछ प्रोडक्ट्स की बात कर रहे हैं, जो सामान्य लोगों के काम आते हैं और वे ऐसे बनें, इसके लिए आपने दो सौ करोड़ की बात कही है। एक अलग ऑर्गनाइज़ेशन की बात कही है। जब मैं महिला एवं बाल विकास मंत्री थी, तब हम इन सुझावों को दे चुके हैं, यह सब हम कर चुके हैं। बैंगलोर में ही हमने साइंस एण्ड टैक्नॉलाजी की एक कॉन्फ्रेंस की थी। उस

समय हमने कहा था कि अगर महिलाओं की मदद करनी है तो वूमन फ्रेन्डली टैक्नॉलाजी की बात करो। मदद कैसे कर सकते हैं? महिलाएं खेतों में सबसे ज्यादा काम करती हैं। मेरे पास नर्सरी में काम करने वाली महिलाएं आयी थीं। वे खुरपियों से प्लास्टिक की थैली में भरती हैं और प्लान्ट्स वहां पर सुरक्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह हमारे लायक छोटी खुरपी बने तो प्लास्टिक की थैलियां दिन में हम ज्यादा भर सकते हैं, गिनती के अनुसार हमें ज्यादा पैसे मिल सकते हैं। आप ऐसा करो। आज एग्रीकल्चर में जो भी टेक्नॉलाजी है, नए-नए खेती के प्रयोजन हैं, उसका एक्सेस महिलाओं तक बढ़ाओ। महिलायें सबसे ज्यादा खेती के काम को करती हैं, उन्नत खेती कैसी हो, महिलाओं को सिखाओ।

महोदया, मैं एक छोटी सी बात बताती हूं, बात बहुत छोटी है, मगर महिलाओं की दृष्टि से बहुत काम की थी, मैंने बंगलौर में यह बात समझी थी। वहां कुछ सब्जी वाली महिलायें मुझसे मिलने आयीं। उन्होंने कहा कि हम खेतों में सब्जियां उगाते हैं और वह सब्जियां भर-भर कर हम मार्केट में ले जाते हैं। हमारी बड़ी-बड़ी टोकरियां रहती हैं। हम जब बस में चढ़ते हैं, टोकरी बस की छत के ऊपर रखनी पड़ती है और उसे चढ़ाने में हमें बहुत तकलीफ होती है। जो पुरूष उसे चढ़ाने वाला होता है, मैं यहां वर्णन नहीं करना चाहती, गिरिजा जी जैसा बोलीं कि टोकरी चढ़ाते समय चाहे जैसा व्यवहार होता हो, तो मैंने कहा कि फिर आप चाहती क्या हैं? वे बोली, हमने सुना है कि यहां बड़े-बड़े साइंटिस्ट आए हैं, आप कुछ करने और सोचने वाले हैं, आप ऐसी बस क्यों नहीं बनाते हो, हमें बैठने की जगह नहीं चाहिए, हमें ऐसी बस बनाकर दो कि बस के अंदर ऐसे स्टैंड हो, जिन पर हम अपनी टोकरी रखें और हम खड़े-खड़े जाएं। यह एक सोचने लायक बात उन महिलाओं ने बतायी। मैं जो कह रही हूं कि वूमेन फ्रैंडली टेक्नॉलाजी की बात करो, यह मैं अनुभव से कह रही हूं। केवल 200 करोड़ रूपए देकर, कोई कुछ इन्नोवेट कर रहा है, उसको पुरस्कार दो, उसे खरीदो, यह न हो, हमें इस पर कुछ प्रयास करना चाहिए, मुझे यही कहना है।

महोदया, मैं एक बात और कहूंगी, इन्होंने थ्री फेजेज के बारे में कहा, मैं युवाओं की बात कहना चाहूंगी, एक हजार करोड़ से तो युवाओं की बात बननी ही नहीं है। अगर मैं कहूंगी कि आप मोदी जी से इस बात को समझो तो आपको बात गलत लगेगी। उन्होंने तो 800 करोड़ रूपए एक स्टेट में ही रखे और आप 1000 करोड़ रूपए पूरे देश के लिए रख रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट के लिए एचआरडी के अंतर्गत जो जनशिक्षण संस्थान हैं, आप उनको ताकतवर कीजिए। जो पहले से हैं, उन्हें आप ताकतवर करेंगे नहीं और नयी-नयी बातें करते जाना है। मेरा यही कहना है कि आप युवाओं को ताकतवर कीजिए। युवा भी इतने ज्यादा हैं, अगर वर्किंग ऐज की बात करो, तो 64 % होने वाले हैं, आप उनके लिए क्या करेंगे? मैं आज केवल एक ही बात करूंगी कि आप महिलाओं की बात करते हो, गरीबों की बात करते हो, एक पुअर मैन का चेहरा इन्होंने कहा, तीन फेजेज इनके ध्यान में हैं, लेकिन थ्री फेजेज को ध्यान में रखकर आपने किया

क्या? आज सबसे बड़ी बात महंगाई की जो मैंने की, मैं बाकी महंगाई की बात नहीं करती हूं, वह तो है ही, चल ही रही है, आपने उसके लिए कुछ नहीं किया है। मगर हम कैसे सोचते थे, ऐसा बार-बार आपको लगेगा, आखिरी के साल भर माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे पैट्रोलियम मिनिस्ट्री में भी रखा। जब हम पैट्रोलियम मिनिस्ट्री में थे तब हमने उस समय शुरू की, कि गरीब आदमी क्या करे, अगर वह पूरा का पूरा सिलेंडर नहीं ले सकता है तो हमने उसके लिए पांच किलो के सिलेंडर की शुरूआत की थी। हमने यह सोचा कि वह पांच किलो वाला सिलेंडर ही लेकर चला जाये। आज मेरे पास लोग आते हैं कि आज अगर गैस सिलेंडर महंगा है, आप बोलते हो कि 9 सिलेंडर देने हैं, 10 सिलेंडर देने हैं 12 सिलेंडर देने हैं तो फिर उसके बाद क्या? महोदया, मैं कहना चाहती हूं कि ये गरीब आदमी के लिए कब सोचेंगे? आप ऐसी फिलिंग की व्यवस्था करें कि अगर मेरे पास पांच सौ रूपये या दो सौ रूपये हैं तो मैं उतना ही गैस भरूं, ऐसा क्यों नहीं हो सकता है? हमने पांच किलो के सिलेंडर की बात की, आप क्यों नहीं उसे आगे बढ़ा सकते हैं?

महोदया, मेरा इतना ही कहना है कि ये जिस तरीके से इन्होंने बातें की हैं, बड़ी-बड़ी बातें की हैं, मेरा इनसे इतना ही कहना है कि ये बड़ी-बड़ी बातें करना छोड़ दो और धरातल पर आ जाओ। महोदया, इनके प्रिय कवि थिरूवल्लुवर हैं, हमारे भी प्रिय हैं, वे केवल कवि ही नहीं थे, वे महान ऋषि तुल्य कवि थे। वे दो हजार साल पहले बहुत कुछ कहकर गये। आप उनकी कविता पढ़ते तो हो, मगर जो आपको सुहावनी लगती है, वह पढ़ते हो, जो वास्तव में पढ़नी चाहिए, वह कविता, वह वर्ज़न पढ़ो। मैं तमिल तो नहीं पढ़ सकती हूं, लेकिन उसका हिन्दी वर्ज़न आपको पढ़कर बताऊंगी, शायद 196 या 197 verse का नम्बर है, आप घर जाकर उनकी किताब में देख लेना। उन्होंने एक बात कही, ध्यान रखिए वित्त मंत्री जी, आपके ही थिरूवल्लुवर ने तिरूक्कुरल में यह बात कही है। उसमें उन्होंने तमिल में कुछ कहा। मैं उसको इतना ज़्यादा नहीं समझ सकती मगर हिन्दी में उसका जो अनुवाद है -

"लंबी चौड़ी बात जो होती अर्थ विहीन
घोषित करती है वही, वक्ता नीति विहीन।"

इससे भी ज़्यादा एक कड़वी बात उन्होंने कही। वित्त मंत्री जी उसे भी घर जाकर शांति से पढ़ें -

"जिसको निष्फल शब्द में.."

क्योंकि इनके बजट के सभी शब्द निष्फल हैं।

"जिसको निष्फल शब्द में रहती है आसक्ति
कहना ना तू उसको मनुज, कहना थोथा व्यक्ति।"

ऐसा थिरुवल्लुवर ने कहा था। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ।

MADAM SPEAKER: Hon. Members, this is to inform you that we are skipping the lunch hour; the reply by the Finance Minister will be at 6.30 p.m.

Shri Ananth Kumar to present the report of the Business Advisory Committee.

* **SHRI LAXMAN TUDU (MAYURBHANJ) :** I am sorry to say that even after my several repeated demands and requests, the Ministry of Finance has totally ignored my district in this General Budget. As a tribal and backward district of India, my Mayurbhanj district deserves special attention from the Central Government for the socio-economic development of the poor and backward tribal people of my district. When the Central Government boasts of its various works and programmes for the socio-economic uplift of tribal people in India, it is very sad to see that the Central Government has willfully neglected my Mayurbhanj district in this General Budget.

In light of the above facts, I would like to request the Hon'ble Minister of Finance, to kindly consider and include my following demands in the General Budget 2013-14 for the betterment of the poor and backward tribal people of my Mayurbhanj district.

An initial budgetary allocation of at least Rs.50 crores towards setting up of a large Iron and Steel manufacturing unit of Steel Authority of India Ltd. (SAIL) at a suitable place in my district.

An initial budgetary allocation of Rs.5 crores for setting up a Central Government sponsored Food Processing Unit at a suitable place in my district.

The National Highways (NH) 18 and 49 passing through my district need to be upgraded and the construction of Ranchi-Vijayawada new national highway should be speeded up. Even after my several requests and demands, the 4 lanning of NH 18 in my district has not started yet. Therefore, NH 18 should be upgraded to 4 lane on priority basis with adequate budgetary allocation.

To take up the Bangriposi-Gorumahishani new BG line project in my district as a "Project of National Importance" with an initial budgetary allocation of Rs.100 crores, as this new line will bring in the much awaited development in my poor and backward tribal district.

---

* Speech was laid on the Table.

I am proud to inform that the Rasgovindpur Airfield of my district is the largest airfield in Asia according to area. But unfortunately this airfield is in a deserted condition and has not been taken up for development as a regular airport even after my several requests and demands. Development of this airfield as a regular airport (domestic airport hub) through Public Private Partnership (PPP) must be taken up. For this purpose, an initial budgetary allocation of Rs.10 crores should be provided in the General Budget 2013-14.

Upgrading North Odisha University to a Central University with a budgetary allocation of Rs.10 crores for the infrastructure development and growth of this university.

I would like to request the Hon'ble Minister of Finance to kindly make an initial budgetary allocation of Rs.20 crores, in General Budget 2013-14, for upgrading the District Headquarter Hospital at Baripada as a Government Medical College and Hospital. This will go a long way in providing affordable advanced healthcare and medical services to the poor and backward tribals of my district in particular and to the other people of my district, its neighboring districts in Odisha, Jharkhand and West Bengal in general. The Odisha State Government has already sent a proposal to the Central Government recommending upgrading the district Headquarter Hospital at Baripada as a Government Medical College and Hospital with Central Government and State Government funding.

Set up a National Chhau Dance Academy at Baripada as it's the Mayurbhanj Chhau Dance which is world famous and has carved a niche for itself in the world. The Hon'ble Minister of Finance may also consider elevating the Chhau Nrutya Pratisthan and Research Centre at Baripada as National Chhau Dance Academy with an initial budgetary allocation of Rs. 5 crores in the General Budget 2013-14. Moreover, national level scholarships should be given by the Central Government to the students of Chhau dance every year.

I would like to request the Hon'ble Minister of Finance to kindly declare a special package of at least Rs.50 crores in the General Budget 2013-14 for the

upkeep and development of tourist spots and destination of my district. Similarly, I would also like to demand an additional budgetary allocation of Rs.20 crores for the "Simlipal National Park Development Fund."

An initial budgetary allocation of Rs.50 crores should be provided for development of Baripada city and 20 crores should be provided for development of Rairangpur city in the General Budget 2013-14.

I am happy to inform that bamboos are available in huge quantities in Chandu area of my district, which is my native place. I would like to request the Hon'ble Minister of Finance to allocate a sum of Rs.5 crore for setting up a Central Government Sponsored Paper Factory in Chandua.

Budgetary allocation of Rs.2 crores for development of Chandua Government High School at Chandua in my district with setting up of Sports Authority of India (SAI) Sports Hostel in this school. Previously, there was a sports hostel in this school which was subsequently closed.

An initial budgetary allocation of Rs.5 crores should be made for survey work at Kesharpur area in my district for extraction of gold, silver and copper, which are available in huge quantities in this area.

My district Mayurbhanj is highly dominated by Santal tribes and Santal Language has been included in the 8th scheduled of our Constitution. So I would like to request the Hon'ble Minister of Finance for Budgetary allocation of Rs.50 crores for opening of Santali University in my district, Mayurbhanj.

*SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPPALLI): A nation's development is mainly dependent on so many reasons such as the development of poor people, providing self-employment opportunities to educated youth, and agricultural revolution leading to improvement in the lives of the farmers. It is the duty of the government to ensure this. But the development of our nation is affected because of the additional taxes that are imposed by the present Union Government. In this Budget total fund allocation is Rs. 16,65,297 /- crore. In India 80 percent of people are dependent on Agriculture. For agriculture Government has allocated only Rs. 27,049 crore. In the present Budget, the excise duty on marble Stones was increased by 30 percent. Because of this, Marble industry may be much affected. Several thousands of people dependent on this industry may also be affected. Likewise the excise duty for Mobile phones, which are being used by all sections of the people, has also been hiked by six percent. This will affect a majority of the people.

In this Budget, it is said that even though 17 lakh people have become eligible for paying service taxes, only 7 lakh people are paying it. More than fifty percent people are cheating the government without paying the service taxes. In this situation Government has not taken any concrete measure to collect taxes from the rich people who evade paying taxes. But from the farmers, who could not repay their loans due to natural calamities, are being forced to repay it by way of pledges or by way of taking away their belongings. This has caused great pain to them. So this Union Government is not providing security to the farmers rather it is protecting the rich people who evade tax paying.

"Vigilant attitude, Education and Courage are the three important criteria needed for the ruler of the country", as said by the great saint *Thiruvalluvar* in his world famous literary work, *Thirukkural.*

---

* English Translation of the speech originally laid on the Table in Tamil .

Contrary, the Government is not concerned about alleviating the problems of the farmers but show reluctance towards mitigating their sorrows.

For example, the Union Government has not taken any initiative to find a solution to the long pending problem in water sharing between Tamil Nadu and Karnataka. Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu *Puratchithalaivi Amma* has gone to Hon'ble Supreme Court and after continuous efforts found a solution to the 120 year old dispute and has persuaded the Union Government to issue a notification in the Union Gazette. I would like to stress that even after that without making any delay, the Union Government should take immediate action in this regard.

It is mentioned that revenue status (C.A.D) is deteriorating day by day and every year the government incurs an expenditure to the tune of 75 billion US dollars in order to import crude oil and coal.

It should also be ensured that such imported coal should be of good quality. I also urge that allowing FDI in retail sector cannot be an alternative to this. Additional levying of taxes has burdened the common man and the development of the nation is affected. The income for the government through proper sources is affected because of the corrupt practices and there is a great loss to the public exchequer. Comptroller and Auditor General in a report stated that estimated loss to the government on the auctioning of 2G spectrum was to the tune of Re. 1.76 lakh crore. It is for the government to accept its mistakes, and to take proper action so as to recover the money lost in the auctioning process. This is the solution. But the government is not ready to accept its fault. Rather it is denying that such a high level corruption has never occurred and to prove this, it is conducting some more tendering processes and that is again creating doubt in our minds. It is a government which has failed in different spheres and this fact is deeply imprinted in the minds of the people. Corruption is seen at all levels in this government. To hide huge scam that have exploded one after the other such as Commonwealth Sports scam, allocation of coal blocks scam, government is trying to divert the

attention to various other issues during the current Session of Parliament. This attitude of the government is not good for the country as well as its financial condition. I wish to remind that it may also be dangerous for the future of our country.

In the current Budget, Rs. 13,215 Crore has been allocated for Mid-day meal Scam. On the footsteps of Mid-day meal Scheme being implemented in Tamil Nadu under the able guidance of Hon'ble Chief Minister *Puratchthalaivi Amma*, I urge the Union Government that it should come forward to provide thirteen types of nutritious and quality food under this Scheme.

While allocating funds to the State government, while distributing food grains to the State governments, and when asked for kerosene and electricity the Union government should look at the genuine need and demand. But the Union government is only looking at the factor that whether the State Government is ruled by them or by the opposition parties. I urge that these allocations should be made in a non-partisan manner.

Tiruchchirappalli is a major town in Tamil Nadu with a population of 10.27 lakhs. People can go to Chennai, various southern districts and major towns of the State through Tiruchchirappalli. It is the connecting point. Union Government has recently upgraded Tiruchy Airport as an International Airport. The district administration of Tiruchy and Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu *Puratchi Thalaivi Amma* have sent written requests to the Union government to provide 164.68 acres of military land which is required for expansion of Tiruchy Airport. I urge upon the Union government to pay attention to the demands from the State of Tamil Nadu and to provide the military land in Tiruchy to the Ministry of Civil Aviation on war footing.

Tiruchy Municipal Corporation's limit has been expanded recently. In order to meet the infrastructural requirements in the expanded region as well as in the existing areas of the corporation, I sincerely request that Tiruchy Municipal

Corporation should be included in the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission Part-II.

Union government is very much interested in patronizing foreigners, rather it is partial towards matters relating to the people of different States of the Union. Tamil Nadu is a high revenue earning State for the Union government. But the Union government deny additional funds to Tamil Nadu, even after the Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu *Puratchi Thalaivi Amma* has requested for it. When Tamil Nadu government asks for more kerosene to the State, when Tamil Nadu government makes a cut to the existing supply of kerosene. When the State Government asks for electricity from the Central Grid, then again it is denied. When we demand for total supply of the electricity generated in the Koodankulam Power Plant, in Tamil Nadu for the state of Tamil Nadu, the Union Government do not have any reply to it. The Union Government has time and again denied the State of Tamil Nadu its right and the State has been forced to go to the hon'ble Supreme Court for restoration of its rights to get Cauvery river water for the people of the State. Whenever the Tamil fishermen are attacked by the Navy of Sri Lanka, the Union Government forgets the fact that the fishermen of the State of Tamil Nadu also belong to India.

The Union Government, which is earning more funds from the State of Tamil Nadu and giving back very minimal funds in return as central assistance, should come forward to release additional funds to the State of Tamil Nadu, as requested by the Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu *Puratchi Thalaivi Amma.*

Union Government should provide additional kerosene, additional electricity to the State of Tamil Nadu and should ensure protection of Tamil fishermen who are victims of attacks by Srilankan Navy in the international waters. Bearings in mind that Tamil Nadu belongs to the Indian Union, the government at the Centre should act on war-footing.

I urge upon the Union Government to look into the matter.

*श्री कुलदीप बिश्नोई (हिसार) : केन्द्रीय बजट पर मुझे अपने विचार और सुझाव रखते हुए यह कहना है कि आने वाले चुनाव को देखते हुए देश के लोगों को इस बजट से बहुत सी उम्मीदें थीं। लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि बजट से लोगों को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि मैं भी इस दिशाहीन बजट से पूरी तरह निराश हूं। मेरी नजर में यह एक अच्छी पैकिंग में लिपटा हुआ खोखला बजट है। मैं यहां सरकार की आलोचना करने या उसकी खामियां गिनाने के लिए नहीं खड़ा हुआ हूं, बल्कि इस देश के एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के तौर पर खड़ा हुआ हूं जो चाहता है कि देश की जनता निराशा के माहौल से निकलकर एक बार फिर से शांति /उन्नति की दिशा में आगे बढ़ सके। मैं देश के आर्थिक विकास के लिए सुझाव देना चाहता हूं।

देश का आम आदमी आपके बजट के आंकड़ों को नहीं समझता, पर अपने घर के बजट को बहुत अच्छी तरह से समझता है। आपने अपने राज में इस कदर महंगाई को बढ़ा दिया है कि दो वक्त की रोटी भी जुटा पाना आम आदमी के लिए मुश्किल हो गया है। आपके प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने 2009 में 100 दिनों में महंगाई खत्म करने का वादा किया था लेकिन अब तक तो न जाने कितने 100 दिन बीत गये हैं। पूरे बजट में आपने एक भी ऐसे कदम की घोषणा नहीं की जिससे बढ़ती महंगाई को थामने में मदद मिल सके।

" गलत हो आपका वादा, कोई खुदा ना करे
मगर क्या करें, हुजूर को आदत है भूल जाने की "

सरकार ने महज कुछ आंकड़ों को दिखाकर देश की आम भोली-भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। क्यों नहीं इस सरकार को समझ में आता कि जब तक इस देश में एक भी व्यक्ति भूखा सोता है, जब तक एक भी महिला इस देश में असुरक्षित है, जब तक एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित है, जब तक एक भी व्यक्ति बेरोजगार है, तब तक इस देश का सही मायनों में विकास असंभव है।

प्रश्न यह है कि भारत के लोग कब तक इंतजार करेंगे? या कब तक ये लोग इस इंतजार को वहन कर सकते हैं? संपन्न लोग तो एक बार कर भी लें, लेकिन ये भूखी, प्यासी गरीब जनता कब तक इंतजार करे? और सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्यों करें? जिसने हमें - आपको अपना प्रतिनिधि बनाया और हमसे अपेक्षा की कि हम उसे सुरक्षा, भोजन, समान अवसर और रोजगार मुहैया कराएंगे, और अपने संवैधानिक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। वह क्यूँ अपनी तरक्की के लिए इंतजार करे। यह बजट

* Speech was laid on the Table.

पेश होने के बाद जब मैं हरियाणा दौरे पर गया तो एक बुजुर्ग से इस बजट के बारे में राय पूछी, तो उन्होंने छलकते आँसुओं के साथ एक शेर में सारे बजट की दास्तां बयाँ कर दी।

" उम्र-ए-दराज मांग कर लाए थे चार दिन,
दो आरजू में कट गए, दो इंतजार में ।"

इस सदन के सदस्यों की विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य एक होना चाहिए। जैसा कि संविधान की भी मूल भावना है कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि हमारी विचारधाराओं और तौर-तरीकों में चाहे जितना भी अंतर क्यों ना हो, हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और हमें एक समेकित लक्ष्य को लेकर चलना है और वो है जनता का विकास। **We must understand if the people go down, the country goes down, we go down.**

जैसाकि हम सब जानते हैं कि आज राष्ट्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। जहां एक तरफ गिरती हुई अर्थव्यवस्था, बढ़ती हुई महंगाई, गरीबी और कृषि उद्योगों की हालत चिंता का विषय है। वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार , शहरी और ग्रामीण बेरोजगारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की खराब स्थिति और सबसे महत्वपूर्ण , अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ती हुई खाई है, जिसने पूरे देश को सोचने पर विवश कर दिया है।

मैंने उम्मीद की थी कि आदरणीय वित्त मंत्री जी ऐसा बजट पेश करेंगे जो गंभीरता के साथ इन समस्याओं का समाधान करेगा। मगर दुर्भाग्यवश सरकार ने सामाजिक और आर्थिक भेदभाव दूर करने का एक और अवसर गवा दिया है।

मैं याद दिलाना चाहूंगा कि आज से चार साल पहले जब तत्कालीन वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी जी ने बजट पेश किया था तो यह वादा किया था कि सन 2014 तक गरीबी को आधा कर देंगे, एक करोड़ बीस लाख रोजगार हर साल देंगे, आयकर छूट की सीमा बढ़ाएंगे और कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत योजनाओं में निवेश को बढ़ाएंगे। लेकिन आज 2013 में हम कहां पर खड़े हैं?

इस बजट में इन प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं है। वित्त मंत्री जी आप अपने ही एक पूर्व प्रधानमंत्री की सलाह को पूरी तरह से भूल गए जिसमें उन्होंने कहा था कि दो प्रकार के लोग होते हैं, एक वो जो काम करते हैं, दूसरे वो जो सिर्फ श्रेय लेते हैं। प्रयास करो कि पहले वर्ग में ही रहो क्योंकि वहां प्रतियोगिता कम है। लेकिन लगता है कि हमारे मंत्री महोदय दूसरी प्रकार की जमात में शामिल हो गए हैं।

I am tough political warrior जिसने हमेशा, हर परिस्थितियों में लोगों की लड़ाई लड़ी है और हमेशा जनादेश का सम्मान किया है। एक" जनप्रतिनिधि" के तौर पर मैं समझ सकता हूं कि लोग किस मेहनत से एक-एक पाई जोड़कर सरकार को टैक्स देते हैं ताकि इस पैसे से उनको बेहतर जीवन का

अवसर मिल सके। इस नाते मैं सरकार से पूछता हूं कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आपने क्या ठोस कदम उठाये हैं?

इस बजट में वित्त मंत्री जी की अर्थव्यवस्था से ज्यादा, आंकड़ों पर पकड़ दिखाई देती है। कांग्रेस में राहुल गांधी जी जैसे युवा नेता के होते हुए थोड़ी सी उम्मीद बंधी थी कि शायद ये बजट युवाओं के लिए ही कुछ खास लेकर आये, पर मुझे तो इस बजट में न तो युवाओं के लिए कुछ दिखता है, न आम आदमी के लिए, न गरीबों के लिए।

इस सदन में मुझसे बहुत ज्यादा योग्य और वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं जो अधिक सूक्ष्मता से इस बजट का बेहतर विश्लेषण कर सकते हैं। इसलिए मैं अपने प्रश्नों को कुछ मुख्य क्षेत्रों पर ही केन्द्रित करूंगा जो देश की प्रगति से सीधे जुड़े हैं।

मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी से पूछता हूं कि गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई को दूर करने के लिए आपके पास कया ठोस नीति है? क्या कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने के आपने जो उपाय किये हैं, वो पर्याप्त हैं?

26 नवम्बर, 1947 को तत्कालीन वित्त मंत्री R.K. Shanmukham Chetty जी ने देश का पहला बजट पेश किया था। उसके बाद से साल-दर-साल केन्द्रीय वित्त मंत्री मंत्री बजट पेश करते आ रहे हैं। कुछ शुरूआती बजटों में कृषि को प्रमुखता दी गई, लेकिन जैसे-जैसे हमारी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती गई हमारा फोकस कृषि क्षेत्र से हटकर अन्य क्षेत्रों, जैसे उद्योगों और फाइनेंस इत्यादि की ओर बढ़ता चला गया।

आज भी कृषि और उसके सहयोगी क्षेत्र 58.2 फीसदी लोगों को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। 60 करोड़ से ज्यादा भारतीयों की जीविका कृषि आधारित है, लेकिन फिर भी जीडीपी इसका योगदान महज 14 फीसदी रह गया है। जो सिर्फ एक दशक पहले तक 40 फीसदी से ज्यादा होता था।

इस सदन के सम्मानित सदस्य जानते हैं कि कृषि और उसके सहयोगी क्षेत्रों का देश की जीडीपी में योगदान 2010 के 14.5 फीसदी से भी गिरकर 2011 में महज 13.9 फीसदी रह गया है। 2012-13 का इकोनोमिक सर्वे अर्थव्यवस्था में और जयादा गिरावट की ओर इशारा कर रहा है। सरकार ये बताये कि कृषि क्षेत्रों में उच्च विकास दर हासिल करने के लिए उसके पास क्या ठोस नीति है?

भारतीय अर्थव्यवस्था में 8 से 9 फीसदी की विकास दर हासिल करने के लिए जरूरी है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर चार फीसदी से ज्यादा रहे। कृषि क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता है।

सिंचाई प्रबंधन, उन्नत तकनीक और भूमि सुधार में बड़े निवेश की आवश्यकता है। सरकार बताए कि उसने इस दिशा में क्या कदम उठाये हैं?

इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए और हमारे किसान भाईयों की भलाई के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। लेकिन इस सरकार में इसके लिए कोइ राजनीतिक इच्छा शक्ति नजर नहीं आ रही है। इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के बावजूद कृषि क्षेत्र को 2013-14 में महज 27 हजार 49 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। जबकि इसी देश में अपनी उपेक्षा होने के कारण किसान आत्म हत्या के लिए विवश हो रहे हैं।

आज हमारे देश के किसानों को कोरे आश्वासन नहीं चाहिए। अच्छा होता कि सरकार उन्हें डीजल, खाद, बीज, उपकरण और प्रौद्योगिकी सब्सीडाइज रेट पर मुहैया करवाती। हमारे किसान भाईयों को इस निराशा के दौर से बाहर निकालने के लिए जिस राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस नीति की जरूरत है उसका सरकार में सर्वथा अभाव नजर आता है।

कृषि के नाम पर लिए गए फंड को कई राज्य अन्य मदों में खर्च कर रहे हैं। अब जब सरकार खाद्य सुरक्षा बिल लाने वाली है, तब हमें और खाद्यान्न उत्पादन की आवश्यकता होगी, जो कि कृषि क्षेत्र में तीव्र विकास के बिना असंभव होगा। हम जानते हैं कि कृषि क्षेत्र में सतत विकास दर हासिल करने के लिए बड़े निवेश की जरूरत होगी। सरकार इस निवेश के लिए क्या कर रही है? क्या खाद्य सुरक्षा बिल दूसरे देशों से आयातित खाद्यान्न के भरोसे पर लाने वाली है? यदि नहीं तो खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने के लिए हम क्या ठोस कदम उठा रहे हैं?

खाद्य सुरक्षा बिल के लिए सरकार ने जो 10000 करोड़ देने की घोषणा की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। लेकिन यह तो सिर्फ समय बताएगा कि जिनके लिए यह योजना बनायी गई है उन तक इसका फायदा पहुंचेगा या नहीं। क्योंकि अभी अभी हमने केन्द्र के एक और महत्वपूर्ण किसान कर्ज माफी योजना में भ्रष्टाचार की बात सुनी है और पता चला है कि पात्र किसानों तक इसका लाभ नहीं पहुंचा। इसलिए जरूरी है कि अच्छी योजनाओं के साथ- साथ उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित हो।

यह देख कर बड़ी पीड़ा होती है कि मेरे अपने गृह प्रदेश हरियाणा में किस प्रकार कृषि क्षेत्र उपेक्षा का शिकार हो रहा है। विकास के नाम पर कैसे किसानों से उनकी उपजाऊ भूमि छीनी जा रही है। आज हरियाणा प्रदेश 60,000 करोड़ के कर्ज में डूबा है और बजट का 35 प्रतिशत सिर्फ इस कर्ज अदायगी में निकल जाता है जिससे और कर्ज लेना पड़ता है । इस तरह से ये क्रम लगातार जारी है। किसान और गरीब आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं जबकि सारा देश जानता है कि हरियाणा का किसान कितना मेहनती

होता है। आपने तो किसानों के सामने सिर्फ दो ही विकल्प छोड़े हैं "take devil or take deep sea". मेरा प्रदेश भारत के खाद्यान्न उत्पादन का महत्वपूर्ण केन्द्र है, फिर भी आप इसकी जमीनों का सौदा औद्योगिक घरानों के साथ किये जा रहे हैं। एक तरफ आप खाद्य सुरक्षा बिल लाने की बात करते हैं दूसरी तरफ जब खाद्यान्न उत्पादन के लिए उपजाऊ जमीनें ही नहीं बचेंगी तो आप कैसे इसको सफल बनायेंगे। इस विरोधाभास का उत्तर आपको देना होगा।

इस सदन को याद होगा कि कुछ वर्ष पूर्व मैंने अपने प्रदेश में एक महत्वपूर्ण औद्योगिक घराने के "सेज" का विरोध किया था जिससे यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना। फिर भी आपकी सरकार 2005 से 2010 तक 60,000 एकड़ कृषि योग्य जमीन का अधिग्रहण कर चुकी है। मैं औद्योगीकरण के खिलाफ नहीं हूं पर हमें कृषि और औद्योगीकरण के बीच संतुलन बनाना होगा।

एक मेहनतकश किसान की आपसे कया अपेक्षा है, अच्छी गुणवत्ता के बीज, सस्ती खाद, बिजली, पानी और उसकी उपज के लिए अच्छा मूल्य। क्या उसे इतना सब दे पाना इतना मुश्किल है?

दोष इस सरकार की नीतियों का है। उर्वरक के मूल्य को 2011 में नियंत्रण मुक्त किये जाने के बाद से 550 रुपये की खाद बाजार में 1500 रुपये में बिक रही है। इसके अलावा भी बदलते मानसून पैटर्न को देखते हुए हमें सिंचाई के क्षेत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

हमारे सम्मानीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदियों को जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की थी। जो अभी तक पूरी नहीं की जा सकी है और यहां तक की मेरे गृह प्रदेश हरियाणा में भी किसान आज तक एसवाईएल (SYL) नहर के पानी के लिए तरस रहे हैं, जिसके लिए मेरे पिताजी जननायक स्व. श्री भजन लाल जी ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए 1981 में पंजाब के साथ समझौता किया था । अब चूंकि पंजाब इस समझौते से मुकर गया है, सरकार इसमें भी राजनीति कर रही है। अभी भी सरकार में इस मुद्दे को हल करने की कोई इच्छा शक्ति नहीं दिखाई पड़ती है।

इसी संदर्भ में रहीम दास का एक दोहा याद आ रहा है किः

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून,
पानी बिना ना उबरे, मोती, मानूष चून"।

ये बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि जिस देश में एक कार लेने के लिए आसानी से लोन मिल जाता है उस देश में एक ट्रैक्टर खरीदने के लिए एक किसान को अपनी जमीन के पेपर पहले रखने पड़ते हैं। फिर भी बहुत मुश्किल से ट्रैक्टर का लोन मिलता है। ये बड़े शर्म का विषय है।

मेरा सुझाव है कि कानून सभी के लिए बराबर होना चाहिए। ये बिडंबना की बात है कि पिछले 14 वर्षो में इस देश में ढाई लाख किसानों ने आत्महत्या की है और इसके बावजूद यह सरकार किसी भी स्तर पर इसे रोकने के लिए गंभीर नजर नहीं आ रही। आज बहुत से राज्य जिसमें हरियाणा भी शामिल हैं, इस नई तरह की समस्या से जूझ रहे हैं, और वो है कृषि मजदूर की समस्या। और विडंबना देखिए कि यह केन्द्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योजना का परिणाम है।

मैं माननीय कृषि मंत्री श्री शरद पवारजी के उन सुझावों से सहमत हूं जो उन्होंने मनरेगा को सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जी को पत्र में लिखे हैं। उन्होंने लिखा था कि कम से कम वर्ष में तीन महीने ऐसे रखे जाने चाहिए जिसमें कृषि क्षेत्र में मजदूर उपलब्ध कराया जा सके। केन्द्र सरकार की कृषि नीति के कारण गांवों में कृषि क्षेत्र की मजदूरी ढाई गुनी से ज्यादा बढ़ चुकी है और इसी कारण से कृषि उत्पादों की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। यहां पर मेरा सुझाव है कि मनरेगा को अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के साथ मिला देना चाहिए। जैसे एमपी लैड स्कीम, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, वॉटर शेड स्कीम और इंदिरा आवास योजना आदि। मनरेगा के अंतर्गत लाभ पाने वाले मजदूर इन योजनाओं में बड़े ही आसानी से उपयोग में लाए जा सकते हैं और इसके कारण हम इन योजनाओं में काफी पैसे की बचत कर सकते हैं।

भारत सरकार ने 1998-99 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की थी जिसके तहत सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बैंकों से कृषि ऋण प्राप्त करने का अधिकार था। लेकिन सरकारी गाइड लाइन्स के बावजूद पब्लिक सेक्टर के बैंक आज भी किसानों को कम समय के लिए ऋण उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। बजट में सरकार ने घोषणा की है कि वह किसान क्रेडिट कार्ड को स्मार्ट कार्ड में तबदील कर देगी जिससे एटीएम कार्ड की तरह किसान इस्तेमाल कर सकेंगे। यह कदम स्वागत योग्य है और हम इसका स्वागत करते हैं।

किसान इस देश को खाद्यान्न सुरक्षा देने के लिए दिन रात मेहनत करता है। उसकी सुरक्षा के लिए इस सरकार को गंभीर होना चाहिए। मैं एक और सुझाव देना चाहता हूं कि एक और नीति लायी जानी चाहिए, जिसमें कम ब्याज दर पर गरीब किसानों को कृषि योग्य जमीन खरीदने के लिए आसान किश्तों पर लोन दिया जा सके।

इस सदन के सम्मानित सदस्य जानते हैं कि 60,000 करोड़ रूपये का खाद्यान्न हर वर्ष भंडारण समस्या के कारण नष्ट हो रहा है। सरकार खाद्यान्न के भंडारण के लिए क्या विशेष कदम उठा रही है?

जिस देश में 40 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे रहते हों, उस देश में अन्न की बर्बादी को अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। किसी समाज का आधार उसकी अर्थव्यवस्था होती है। जब अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो तो समाज उन्नति करता है। मेरा मानना है कि विकास का चेहरा मानवीय होना

चाहिए। डेवेलप्मेंट विद हयूमन फेस। इस सदन के सम्मानित सदस्यों को याद होगा कि मेरे पिता जी जननायक स्व. भजनलाल जी के कार्यकाल में हरियाणा प्रदेश ने औद्योगिक विकास की ऊंचाईयों को छुआ और गुड़गांव और फरीदाबाद देश में औद्योगिक गतिविधियों का केन्द्र बन गए। यह देखकर बड़ी पीड़ा होती है कि आज वही प्रदेश निवेश आकर्षित करने वाले शीर्ष दस राज्यों में भी स्थान नहीं ला पा रहा है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी से इस बजट में हरियाणा राज्य के लिए विशेष प्रावधान की मांग करता हूं जिससे हिसार, भिवानी और मेवात जैसे जिले भी औद्योगिक विकास की तरफ बढ़ सकें। इन क्षेत्रों में टैक्स में छूट के प्रावधान से वहां पहले से मौजूद संभावनाओं को और अधिक बल मिलेगा। आज सीबीआई को पूर्ण रूप से स्वायत्त संस्था बनाने की आवश्यकता है जिससे उसमें किसी भी तरह का राजनैतिक हस्तक्षेप बंद किया जा सके। हमें सीबीआई को पूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता देनी चाहिए हालांकि मैं जानता हूं कि इस विषय पर और मंथन की आवश्यकता है। फिर भी तात्कालिक रूप से बजट में विशेष प्रावधान करके कुछ बजट सीबीआई को आवंटित कर देना चाहिए।

रोज-रोज उजागर होते घोटालों और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सदन की गरिमा जनमानस की नजर में लगातार कम होती जा रही है। ऐसे समय में पूरे सदन को एकमत होकर प्रयास करना होगा कि सदन के प्रति जनता का विश्वास बना रहे। कुछ भ्रष्टाचारी सांसदों के कारण पूरी संसद की गरिमा नहीं गिरनी चाहिए।

महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज या देश के भविष्य की नींव रखता है। यह विडंबना ही है कि आज भी महिला आरक्षण बिल पास होने की बाट जोह रहा है। इस बजट में वित्त मंत्री जी ने महिलाओं के लिए स्पेशल बैंक खोलने की बात कही है। मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं। हम क्या दिखाना चाहते हैं? कि सामान्य बैंकों में उनके साथ पक्षपात ह ता है?या वो किसी अन्य मामलों में हम पुरूषों से कम हैं? हमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा सबसे पहले मानसिकता में देना होगा। हमें अपनी पुरूष प्रधान मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, उन्हें आप कमजोर होने का अहसास क्यों कराते हैं?

ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की विशेष आवश्यकता है। जहां उनका स्वास्थ्य, शिक्षा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी समस्याएं आज चिंता का कारण है। इस दिशा में इस बजट में कोई सार्थक या स्वागत योग्य पहल नहीं दिखाई देती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के समय पहली चमार रेजीमेंट की स्थापना मार्च 1943 को की गई थी जो 1956 में भंग कर दी गई। मेरी मांग है कि इस रेजिमेंट में रहे लोगों को स्वतंत्रता सैनानी का दर्जा दिया जाए और इसी तर्ज पर सेना में एक नई दलित रेजिमेंट का गठन किया जाए। आज के वैश्विक परिदृश्य में

शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो सामाजिक जागरूकता लाकर व्यक्ति को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बना सकता है। किसी बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा था अपने सपनों को साकार करने का सबसे बढ़िया तरीका है जाग जाओ। इस देश का भविष्य युवा है और मुझे उम्मीद थी कि सरकार युवाओं पर विशेष ध्यान देगी लेकिन यहां भी मुझे निराशा ही हाथ लगी है।

इस बजट से पहले देश के सामने चार चुनौतियां थी, और वो थी फिस्कल डेफिसिट, मूल्य वृद्धि, करंट अकाउंट डेफिसिट और निवेश को पुनः आकर्षित करना। लेकिन बजट में इनमें से किसी भी चुनौती से सक्षम तरीके से निपटने के लिए कोई प्रावधान नहीं दिखाई पड़ता।

पिछड़ों और एससी, एसटी के लिए इस बार ज्यादा बजट का प्रावधान किया गया है। किन्तु समस्या यह है कि यह धन कभी भी राज्यों तक पहुंच नहीं पाता।

यदि हम मान भी लें कि महंगाई दर 7 फीसदी के आसपास रहेगी, तब भी 6.4 प्रतिशत की जीडीपी ग्रोथ आज भी दूर की कौड़ी लगती है।

वित्त मंत्री जी नॉन-टैक्स रेवेन्यू के माध्यम से 1 लाख 72 हजार करोड़ के राजस्व की उम्मीद कर रहे हैं। जो कि इस वर्ष 1 लाख 29 हजार करोड़ रहा है। इसमें से भी 40 हजार करोड़ स्पैक्ट्रम की बिक्री से आने की उम्मीद है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए लगता नहीं है कि सरकार इस लक्ष्य तक पहुंच पाएगी। इस वर्ष भी यह पिछले वर्ष के 1 लाख 64 हजार करोड़ की उम्मीद से कम रहा।

इसी तरह से राजस्व में टैक्स रिसिट के तौर पर 8 लाख 84 हजार करोड़ प्राप्ति का लक्ष्य बहुत मुश्किल दिखाई देता है। बढ़ते हुए करंट डेफिसिट के कारण रुपये का अवमूल्यन जारी है। और बजट घोषणा के बाद यह दो प्रतिशत तक और गिर चुका है। इसी आधार पर व्यापारी भी इस बजट का विरोध कर रहे हैं।

अभी तक ऐसे कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं कि जीडीपी विकास दर अनुमानित वृद्धि को हासिल कर पायेगी।

खर्चो में 16 प्रतिशत की वृद्धि को बढ़े हुए राजस्व और फिस्कल डेफिसिट को चार दशमलव 8 फीसदी पर रोककर प्राप्त करने की बात की जा रही है। लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि इसके लिए विकास दर को 7 प्रतिशत तक जाना आवश्यक है, जिसके आसार दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं।

प्रसिद्ध दार्शनिक प्लेटो ने कहा है कि किसी कार्य की सफलता के लिए उसका प्रारंभ बहुत महत्वपूर्ण होता है। क्या ये सरकार प्रो-पूअर और प्रो-फार्मर मेजर्स लेकर ये आरंभ करेगी?

अब बात एक हजार करोड़ के निर्भया फंड की। निःसंदेह यह एक प्रशंसनीय कदम है। हो सकता है कि सरकार ने जनता के बढ़ते गुस्से को शांत करने के लिए यह कदम उठाया हो, पर कारण जो भी हो,

यह एक सकारात्मक कदम है। पर इसके साथ-साथ हमें वर्तमान कानूनों में भी संशोधन करने होंगे, जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की घृणित घटनाओं को होने से रोका जा सके।

सरकार कृषि ग्रामीण बैंकों की ई-लिकिंग की बात कर रही है, लेकिन इससे क्या फायदा, जब तक हमारे ग्रामीण बंधु इंटरनेट के उपयोग को ना सीख लें। ये तो घोड़े के आगे गाड़ी बांधने जैसी बात हो गई।

ग्रामीण आवासीय फंड के लिए 6000 करोड़ के प्रावधान का मैं स्वागत करता हूं। हालांकि बेहतर होगा कि इसे बढ़ाकर 10000 करोड़ रुपये कर दिया जाये।

आयकर छूट की सीमा बढ़ाये बिना 2 हजार रुपये की छूट देना कहीं से तर्कसंगत नहीं लगता। एक तरफ तो आप दो हजार रुपये का टैक्स छूट देते हैं, दूसरी तरफ आप सभी चीजों के दाम बढ़ाते चले जा रहे हैं। एक हाथ से देकर दूसरे हाथ से ले लेना कहां का न्याय है? क्या इस देश के लोगों को आप इतना मूर्ख समझते हैं?

अंत में मैं कहना चाहूंगा कि यूपीए सरकार सही चीजों को सही तरह से कहती है पर यह गलत तरीके से गलत निर्णय करती है। किसी ने मुझसे कहा कि वित्त मंत्री जी बजट को दो डिजिट का इस्तेमाल करके बनाते हैं और उसे 10000 करोड़ से गुना कर देते हैं।

मैं याद दिलाना चाहता हूं कि अगर हमें महान राष्ट्र बनना है तो हमें सिर्फ बातें करना छोड़कर कर्म करने में जुटना चाहिए। राष्ट्र हमसे इससे कम की उम्मीद नहीं रखता।

मुझे उम्मीद है कि माननीय वित्त मंत्री जी मेरी बातों का संज्ञान लेते हुए नीति निर्धारण में जो विसंगतियां हैं उन्हें दूर करेंगे। और मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये आवश्यक कदम उठाकर हम देश को प्रगति की एक नई राह दिखा सकते हैं, जहां लोगों के लिए समान विकास के अवसर उपलब्ध हों।

वित्त मंत्री जी, मैं आपको आपके बजट के बारे में जनता की भावनाओं से अवगत कराते हुए अदम गोंडवी की पंक्तियों के साथ ही अपनी बात अब समाप्त करता हूं।

" तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है
मगर ये आँकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है।"

It was not a mere form of words that I placed before this August house, but they represented the agony and hopes of the 1.2 billion people of my country.

* **SHRI C. RAJENDRAN (CHENNAI SOUTH) :** At the outset, I would like to say that the Budget has no vision for future. The Finance Minister has not made any new announcements for the economic prosperity of the country. Though he accepts that Indian economy has slowed down to 3.2% in 2012, he has not mentioned any new ideas as to how he is going to bring the economy back on the recovery path.

Secondly, there is mounting fiscal deficit. Food inflation is going on; prices of essential commodities are going up; prices of diesel and petrol are being increased every month; this frequent hike in prices puts the common man into untold sufferings and misery. For the current year, the fiscal deficit is kept at 5.2%. For the next year, he expects to bring it down to 4.8%. Given the fluid economic situation, one wonders how he is going to bring it down to 4.8%.

Let us see the allocations on health and education. The Finance Minister stated in his Budget speech that Health for All and Education for All remains the priority. But here, his words do not get translated into action, in the sense, what are the allocations for these sectors? For health, he has allocated Rs.37,000 crore. Is this amount sufficient for a country of India's size and population? He has allocated Rs.1650 crore for six AIIMS like institutions. There is a dire need for every state to have one AIIMS like institution. The condition of Government hospitals is very pathetic. Secondly, there are many reports which show that a patient acquires all infections in the ICU, which is supposed to be free of all such things. When this is the condition, where do the poor people go for treatment?

In the case of education, he has allocated Rs.65,800 crore. One does not know where this money goes. But there are no qualified teachers; thousands and thousands of teachers' posts are lying vacant. In a recent examination held for recruiting teachers less than 10% candidates qualified. Where does the fault lie? When such is the qualification of teachers, how will the students get education?

---

* Speech was laid on the Table.

This is the way, those candidates have been taught. It is like a vicious circle. The Government has to very seriously ponder over this and correct the situation.

India is an agrarian country, which is dependent on monsoon. If monsoon fails, Indian agriculture fails. In India frequently we see droughts in one part of the country and floods in other part of the country at the same time. We have no facilities for storing rain water or for taking excess water to water-starved places. The Finance Minister has not announced any big measure for doing this.

Interlinking of rivers can be a solution for this problem, but it has not found any mention in the Budget; he has not allocated any money for this purpose specifically.

Due to the problem of drought, we saw that many farmers committed suicide. Suicide by farmers in India is alarmingly high. The Government has to consider this situation in all seriousness and find a way out of this agrarian crisis. The worst of it is that the CAG has pointed out in his latest report that there are scams in loan waiver schemes and that many ineligible farmers got the money at the cost of the suffering farmers.

This year, Tamil Nadu is also hit by drought. Hon'ble Chief Minister had announced that 31 districts, expect Chennai, had been drought-hit. She also gave compensation to the extent of Rs.15,000 per acre, which is the highest in the country. She understands the problems of farmers and she takes action to remove their sufferings.

Tamil Nadu depends on other river for its water. For 'Drinking Water and Sanitation', he has allocated Rs.15,000 crore. How is this money sufficient? In the case of Tamil Nadu, at least now, the Centre notified the Award of Cauvery Water Tribunal, at the repeated request of our Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu and at the directions of the Supreme Court of India. Now, the Centre has to ensure that Karnataka releases the agreed water of 419 tmc ft. from Cauvery. Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Amma had already written a letter to the Hon'ble Prime Minister requesting him to ensure that the Cauvery

Management Board and Cauvery Water Regulation Committee be constituted early to supervise the releases and that to ensure that by the first week of May, Karnataka starts releasing water.

Here, it is pertinent to mention that he has allocated Rs.1400 crore for water purification plants in 2000 rural habitations. Since Tamil Nadu is also facing severe water crisis and since we have sea-water in abundance, can he come forward to establish many desalination plants so that potable water problem could be solved early? Will the Minister come forward to allocate more funds for this purpose for the State of Tamil Nadu, to set up desalination plants?

Coming to power, Tamil Nadu has been reeling under severe power crisis. Several times in the past, Hon'ble Chief Minister had requested the Prime Minister to allocate adequate power to Tamil Nadu, but such requests have fallen in deaf ears. Even Koodankulam Nuclear Power Plant is yet to attain criticality even after loading fuel into the plant. We do not know when it will produce power. Even when it produces, the Chief Minister of Tamil Nadu had requested the Prime Minister to allocate the entire power to Tamil Nadu, as an interim measure, till Tamil Nadu comes out of the crisis. I hope that the Prime Minister considers this request.

The power crisis in Tamil Nadu has hit industrial production; it has hit textile mills; it has hit the manufacturing sector to the hilt. There is a huge gap between production and demand of electricity. The Finance Minister has not allocated sufficient money for setting up more power plants in our country, to produce more power and to meet the requirements.

About crimes against women and children, the less said the better it is. The capital of India, Delhi has become an unsafe place for women. The Government has shed crocodile tears by allocating Rs.1000 crore as Nirbhaya Fund. But nothing is mentioned about who is going to administer the fund, how is it going to be spent on safety and security of women.

Coming to taxes, he took upon the entire responsibility of taxing everything. He has now taxed even the air-conditioned hotels, which are primarily in the domain of the States. By taxing every sector, he has not left anything for the states to generate revenue. He collects all the taxes, and runs the flagship programmes, just to get the name, but whereas the States are the ones who are actually implementing the schemes and they do not get any revenue at all. They are made to come to the Centre with begging bowl for everything. But after assuming office, the Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Amma had announced many welfare measures for the sake of the people.

Dr. Amma is also giving 20 kg of rice free of cost; she is giving Rs. 25,000 plus four grams of gold at the time of marriage of girls and this money rises to Rs.50,000, if she happens to be a graduate. She had increased the financial assistance to Rs.1,000 for windows, old-age pension and for handicapped persons. For students, she is giving free textbooks, notebooks, laptops, etc. For womenfolk, she is giving free grinder, mixie and fan.

For all these welfare measures the State needs money, but the State is not able to generate revenue because the Centre took over the entire powers. This needs to be taken into account.

In a nutshell, I would say that there is nothing in the Budget to bring back the economy on the growth path; there is nothing in the Budget that inspires the common man; and there is nothing in the Budget to have a prosperous India in the future.

*श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र) बजट 2013-14 के विषय में जो अपने विचार रखने का मुझे मौका दिया है उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद के साथ मैं आभार प्रकट करना चाहता हूं।

इस बजट को माननीय पी.चिदम्बरम साहब ने जो यूपीए सरकार के वित्त मंत्री के रूप में संसद में रखा है इसमें प्रथम दृष्टया दो बिंदु बहुत साफ परिलक्षित होते हैं-

माननीय चिदम्बरम साहब की विद्धता, जिसकी भारत देश में एक ख्याति बनी हुई है उसका प्रमुख कारण उनका लालन-पालन और विशेषकर पढ़ाई-लिखाई, रहन-सहन विदेशी सभ्यता से ओत-प्रोत है। उनके बजट में अमेरिका की हावर्ड विश्वविद्यालय की छाप दिखायी पड़ती है और साथ ही बजट में कारपोरेट कल्चर की महक भी महसूस होती है। देखा जाए तो यह बजट भारत का न होकर इंडिया का बजट है।

भारत की आत्मा और 75 प्रतिशत भारतवासी गांवों में रहते हैं। 65 प्रतिशत लोग खेती और खेती से संबंधी कार्यो से जुड़े रहते हैं। इसमें किसान, मजदूर और गरीब लोगों को दूर रखा है। न तो इनका ध्यान दिया गया है न इन लोगों के लिए बजट में किसी प्रकार का स्थान है। अतः भारतवासी जो ग्रामवासी हैं वे धीरे-धीरे गरीब होते जा रहे हैं और शहरवासी जिनको मेट्रो कल्चर कहा जाए वह अमीर हो रहे हैं और गरीबों और अमीरों की खाई और दूरी 65 साल से बढ़ती जा रही है। अतः आम आदमी की पूरी तरह से उपेक्षा हुई है।

वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण के शुरू के पैराग्राफ-1 से लेकर 7 तक भारत में विकास की गति धीमी और पिछड़ने का मुख्य कारण विश्व की मंदी और धीमी विकास का प्रमुख कारण बताया है। मुझे अफसोस है कि अपने पिछड़ेपन और गरीबी का कारण विश्व की मंदी का मूल कारण बताकर अपनी कमजोरी को विदेशी आउटसोर्सिंग करके उचित न ठहराना है। विदेशों में आर्थिक स्थिति में उतार और चढ़ाव होता है, परंतु हमारा भारत और भारत के ग्रामवासी पिछड़े 65 साल से पिछड़ते और गरीब होते जा रहे हैं। इसकी एक जीती-जागती मिसाल है कि भारत के किसान जैसे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड बहुत आगे है। लगभग किसानों द्वारा ढाई लाख से ज्यादा आत्महत्याएं हो चुकी हैं। यह संसार का सबसे ज्यादा दुखद और दर्दनाक इतिहास है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट भाषण के पैराग्राफ-8 में मूल मंत्र शब्द का इस्तेमाल किया है और विकास के मुद्दे को मूलमंत्र की संज्ञा दी है। इनके भाषण से लगता है कि इनका मूलमंत्र शहरवासियों, मेट्रो में निवास करने वाले साधन-सुलभ लोगों को अमीर बनाना है, न कि भारतवासियों जिनमें गरीब मजदूर,

* Speech was laid on the Table

किसान शामिल हैं उनकी उन्नति करना। यह बजट भारत के सर्वांगीण विकास का न होकर भारत के विनाश का इतिहास रचा जा रहा है।

डा0 विजय केलकर कमेटी की सिफारिशों को पालन करने की चर्चा तो अवश्य की गयी है, परन्तु पूरा बजट केलकर कमेटी के सिद्धांतों के विपरीत है। फिस्कल डेफेसिट और करेंट एकाउंट तथा महंगाई की समस्या इस बजट से ज्यादा बढ़ रही है और गरीबों को इससे अत्यधिक तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

आर्थिक सिद्धांतों की जब भी अवहेलना की जायेगी और उसकी जगह राजनीति तथा वोट की राजनीति को बजट में ध्यान दिया जायेगा तो वह बजट गरीबों को निराशादायी होगा। माननीय मंत्री जी ने वोट की राजनीति को मूलमंत्र बनाया है और आर्थिक सिद्धांतों की आहुति दी है।

समय की कमी के कारण मैं विस्तार में अपनी बात न रख करके सर्वप्रथम कृषि और कृषि से संबंधित मुद्दों को सामने रखना चाहूंगा।

मंत्री जी ने 7 लाख करोड़ कृषि ऋण में दिया है जो पहले 5 लाख 75 हजार करोउ रूपये था। परन्तु जैसा कि सीएजी की रिपोर्ट में कृषि ऋण माफी और ऋण रिलीफ 2008 की स्कीम के बारे में मार्च 2013 में जो सदन के पटल पर रखी गयी है। उसमें लिखा है कि लगभग 13.40 प्रतिशत जो पात्र थे उनको ऋण माफी का लाभ नहीं दिया गया और साथ ही 8.5 प्रतिशत जो अपात्र थे उनको ऋण माफी योजना का लाभ दिया गया है। और इसमें सबसे ज्यादा लाभ भारत के सिड्यूल बैंकों को मिला जिससे इन बैंकों 164.60 करोड़ रूपये धनराशि मिली है। हालांकियह बांटी नहीं गयी है। इस रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि 8.64 करोड़ ऋण बांटने के रिकार्ड में काटा-पीटी और जालसाजी हुई है। सैम्पल सर्वे में यह भी लिखा है कि इस लोनमाफी योजना में पात्र किसानों को कोई लाभ नहीं मिला है।

अतः सिर्फ धन की व्यवस्था करने से गरीबों को वास्तव में लाभ नहीं होता है, परंतु अफसरशाही, लालफीताशाही और बिचौलिए ही इन योजनाओं का बखूबी फायदा उठाते हैं ऐसा सीएजी की रिपोर्ट में विस्तार में लिखा है। माननीय मंत्री जी किसानों, गरीबों के मर्म का एहसास और समझने की साहस बटोरिए। आपने बजट में एक लम्बी-चौड़ी धनराशि देने का एलान तो किया, परंतु छोटे-किसान जब ट्रैक्टर और खेती का सामान जो लगभग 5 लाख होता है उसको जब खरीदते हैं तो 16 प्रतिशत ब्याज किसानों को ट्रैक्टर लोन में देना पड़ता है। और उसके ट्रैक्टर को खरीदने में 80 हजार रूपया बतौर ब्याज देना पड़ता है, जब कि एक वर्ष में उसके फसल के उत्पादन में 80 हजार का इजाफा नहीं हो पाता है। नतीजा यह होता है कि 2-4 साल में किसान दमतोड़ मेहनत करने के बाद ट्रैक्टर का लोन नहीं अदा कर पाता है और पूरी जमीन जो लोन लेते समय बंधक में रखी जाती है उसको बैंक ट्रैक्टर लोन वसूली में ले जाती है और

कौड़ियों के भाव बिक जाती है। और किसान और ट्रैक्टर और जमीन चली जाती है और यह भी किसान की आत्महत्या का प्रमुख कारण है।

माननीय मंत्री जी जब इंस्ट्री का लोन 100 करोड़ के ऊपर मिलता है तो उसके बहुत कम ब्याज पर लोन मिलता है और यदि कंपनी फेल हो जाए तो उसको सिक इंडस्ट्रियल अण्डर टेकिंग के अंतर्गत लोन माफी का फायदा मिलता है। सरकार का टैक्स करोड़ों रूपये बिजली बिल, यहां तक मजदूरों की मजदूरी भी सिक इंडस्ट्रियल अण्डर टेकिंग माफ कर दी जाती है। सिर्फ अंतर इतना है कि फेल, बंद औद्योगिक ईकाइ (फैक्टरी) फेल होकर जिंदा हो जाती है और किसान को यदि 5 लाख रूपया ट्रैक्टर लोन न दे पाए तो जिसमें लगभग 16 व 18 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता है तो उसका ट्रैक्टर व जमीन बिक जाती है। किसानों को आत्महत्या करने पर विवश होना पड़ता है।

माननीय वित्त मंत्री जी जब तक भारत में गरीब, मजदूर, किसान आर्थिक रूप से खुशहाल और खड़ा नहीं होगा तो भारत माता का सर हमेशा झुका रहेगा और देश में खुशहाली नहीं आ पायेगी।

भारत में ही एक नई व्यवस्था है। जब किसानों की पैदावार ज्यादा होती है तो किसानों का ज्यादा नुकसान होता है। खाद्यान्न रखने के लिए पर्याप्त गोदाम नहीं हैं, आलू की जब-जब ज्यादा पैदावार हुई तो किसानों ने अपना आलू सड़कों पर ढेर लगाए हैं। यह कैसी व्यवस्था वित्त मंत्री आप दे रहे हैं जिसमें पैदावार बढ़ने से किसान उत्पादक के रूप में उत्पीड़ित होगा। इस बजट में फिसकल डेफीसिट 5.2 प्रतिशत है, यह बहुत ही खतरनाक आकड़ा है। लगता है कि वित्त मंत्री ने अपने विद्धता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है और मुख्य मुद्दों को छोड़ करके कृत्रिम साज-सज्जा, रंग-रोगन (कास्मेटिक मेकप) लगाने की कोशिश की है। उदाहरण स्वरूप एक निर्भया फंड खोला है और पूरी तरह महिला बैंक खोलने की योजना बनाई है। यह सभी को विदित है कि जितने भारत में सिडयूल बैंक उसमें महिलाएं भी काम करती हैं और दक्षिण भारत में तो मैंने स्वयं कमेटी के दौरे में देखा है कि 10-15 और 20 प्रतिशत महिलाएं कर्मचारी हैं और भारत में किसी भी बैंक में महिलाओं को बैंक की सुविधा लेने में असुविधा नहीं होती है। तो फिर यह निर्भया बैंक जो मंत्री जी ने स्थापित किया है उससे लगता है कि मंत्री जी जब महंगाई, बेरोजगारी, काला बाजारी का मुद्दा सम्भालने में असफल रहे तो निर्भया बैंक खोल करके जेंडर मुद्दों में चैम्पियनशिप की शील्ड जीतने की कोशिश में लगे रहते हैं।

बजट में 2013-14 में 16.65 लाख करोड़ पूरा खर्च है, जो पूरे बजट का 96 प्रतिशत है और पेयजल में सिर्फ 15.260 करोड़ जोकि बहुत ही कम है। भारत के ग्रामीण अंचल में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है क्योंकि लगभग पूरी गांव की आबादी हैंडपाइप से पानी निकालती है जो ग्राउंड वाटर होता है। और मुश्किल से 5 प्रतिशत आबादी को पानी की टंकियों द्वारा पानी उपलब्ध

होता है और उसके बावजूद पानी की टेस्टिंग और उसकी गुणवत्ता नापने का कोई भी प्रावधान नहीं है। गांव में 10 से 6 साल के बच्चे पानी से संबंधित पेट की बीमारियों से पीड़ित हैं। और इसी तरह से ग्रामीण विकास में 80.194 करोड़ 2013-14 में दिया है । यह आवंटन काफी उत्साहजनक है, परंतु जिस तरह से ग्रामीण अंचल पिछड़ा है उसके हिसाब से बहुत कम है।

इसके अंदर प्रधानमंत्री सड़क योजना फेस-2 भी सम्मिलित किया है 15.260 करोड़ बहुत ही कम धनराशि है। इसमें एक प्रदेश की 50 प्रतिशत भी गांव के पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

कृषि में औसत एनुअल ग्रोंथरेट की भविष्यवाणी 3.6 किया है, जबकि 11वीं पंचवर्षीय योजना में 2.5 एनुअल ग्रोथ और 10वीं पंचवर्षीय योजना में 2.4 ही दिखायी गयी है। वर्ष 2012-13 में 250 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन होने का अनुमान है। कुल बजट 27,049 करोड़ कृषि में आवंटित किया गया है जो पिछले बजट से 22 प्रतिशत बढ़ोत्तरी है। परंतु यदि देखा जाए तो यह औसत बजट कृषि के क्षेत्र में माना जायेगा, क्योंकि कृषि में जब तक सर्वांगीण विकास जिसमें खेती, पानी, पेयजल और किसानों को वाजिब मूल्य में कृषि यंत्र, ट्रैक्टर आदि विशेष रियायती रेट, बिजली पानी संचय व्यवस्था और अंत में उचित खाद्यान्न मूल्य की सुरक्षा नहीं होगी तब तक भारत का किसान गरीब रहेगा और आत्महत्या करने को विवश होगा।

वित्त मंत्री ने हरितक्रांति के मद में केवल 1 हजार करोड़ रूपए 2013-14 के लिए आवंटित किया है। इसमें तो किचेन गार्डेन की साग-सब्जी की व्यवस्था भी नहीं सम्भल सकती। इस बजट में बहुत ही विरोधाभास है। एक तरफ राष्ट्रीय विकास योजना और नेशनल पूड सिक्योरिटी के बारे में बड़े-बड़े विज्ञापन और संसद में वार्तालाप हो रहा है और कृषि के मद में बहुत ही कम धनराशि आवंटित की गई है।

मैं महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के विरोध में नहीं हूं, परंतु वित्त मंत्री जी ने 1 हजार करोड़ निर्भया के मद में धन आवंटित किया है और 1 हजार करोड़ हरिक्रांति में जबकि दोनों की समस्याओं में जमीन-आसमान का फर्क है।

संक्षेप में, इस हालात से ये बात स्पष्ट है कि कृषि की उन्नति तो असंभव लग रही है, पर कृषकों का विनाश की तरफ जाना सुनिश्चित हो रहा है। पूरा देश समझता है कि 2014 के चुनाव को देखते हुए हमारे वित्त मंत्री अपने जेब में बहुत सी लोक-लुभावन योजनाएं छिपा करके रखी हैं जिसमें ऋणमाफी भी सम्मिलित है।

मैं चाहता हूं कि वित्तमंत्री भारत देश की गरीबी का इलाज एक कुशल डाक्टर की तरह से करें। हमारे देश की गरीबी का 80 प्रतिशत कारण ग्रामीणवासियों की उपेक्षा, किसानों की दुर्दशा और गांव और

किसानों को दरकिनार करके शहरवासियों को बढ़ाने का जो 65 साल से खेल-खेला जा रहा है उससे एक उपलब्धि हुई है। एक भारत जो गरीबों, किसानों का, मजदूरों का, जिनकी आमदनी 25 से 30 रूपये प्रतिशत प्रतिदिन है जो बीपीएल व एपीएल की लड़ाई से उबर नहीं पाये हैं और दूसरी ओर, इंडियावासी जो शहरों, मैट्रो में रहते हैं, जिनके दरवाजे से बिजली की मेट्रो रेल चलती है और स्कूल, अस्पताल की कोई कमी नहीं है तो हमारा देश पूरी तरह से दो भागों में विभाजित हो गया है। और यह बजट इस खाई को बढ़ाता जा रहा है।

संक्षेप में बजट के प्लान आवंटन में जो कृषि, कृषि के ऋण, हरितक्रांति, पेयजल और ग्रामीण अंचल के विकास हेतु जो धनराशि आवंटित की गयी है यह जले में नमक छिड़कने के समान है। यह बहुत ही गंभीर मजाक है कि भारत के ग्रामीण अंचल को कैसे संभाला, सुधारा और उन्नति की जाए, उसके बारे में योजना आयोग के कथित विद्वान भारत के गांवों की तकदीर लिख रहे हैं जिनकी शिक्षा-दीक्षा, रहने की आदत, पश्चिमी शिक्षा और सभ्यता से सुसज्जित है। इसी कारण हमारा देश निरंतर पिछड़ रहा है। यदि यह कहा जाए कि वित्त मंत्री ने टेनिस के मैदान में फुटबाल खेलने की जो योजना बनायी है इससे किसानों का भविष्य अंधकार की ओर धीरे-धीरे अग्रसारित हो रहा है।

गांवों में स्वतंत्रता के 65 वर्षो बाद भी पीने को पानी नहीं, रहने को मकान नहीं चलने को सड़कें नहीं, सिंचाई के लिए बिजली नहीं, बच्चों के लिए स्कूल नहीं, स्वास्थ्य के लिए कोई अस्पताल नहीं। 80 प्रतिशत बच्चों को अशिक्षित गांव की महिलाएं ही प्रसव कराती हैं।

एक तरफ संसद में वित्त मंत्री ने अपने बजट द्वारा अपनी ही पीठ थपथपाने की कोशिश की कि किसानों को बहुत सारी छूट और रियायतें दी गयी हैं, परंतु दूसरी ओर अनाज पैदा करने में जो किसान को खर्च करना पड़ता है जैसे खाद, बिजली, मजदूरी, ट्रैक्टर, बीज, पानी, डीजल आदि का जो खर्च करना पड़ता है उसमें इतने व्यापक पैमाने पर वृद्धि हुई है और साथ-साथ मनरेगा के कारण गांवों में मजदूर नहीं मिलते हैं और मिलते भी तो काम और श्रम करने का वातावरण समाप्त हो गया है। और फिर जब फसल तैयार होती है तो जो सरकार खाद्यान्न का मूल्य निर्धारित करती है उससे 200-300 प्रति कुन्तल कम में अपने अनाज बेचकर वापस लौटता है। इन सभी ज्वलंत कारणों से तथा बढ़ती हुई समस्याओं की ओर हमारे विद्वान वित्त मंत्री ने कुछ भी ध्यान नहीं दिया है और बजट को देखकर यह निश्चित है किसानों के भविष्य में काले बादल मंडरा रहे हैं। एक ओर जो बैंक हैं वह पूरी तरह से अपनी बैलेंसशीट में 20,25,30 प्रतिशत का मुनाफा दिखा रहे हैं।

सबसे चौकाने वाली इस वित्तीय बजट में एक बात है कि यूपीए के कार्यकाल में घोटाले और भ्रष्टाचार और काले धन की बाढ़ सी आती रही है और इसी के साथ बेरोजगारी, गरीबी भी निरंतर बढ़ती

रही। इस बजट में कालेधन को कैसे रोका जाए, भ्रष्टाचार को कैसे समाप्त किया जाए और ईमानदारी और पारदर्शिता कैसे पुनः स्थापित की जाए के बारे में पूरी तरह से चुपचाप है।

बजट को देखने से यह साफ समझ में आता है कि 2013-14 में वित्तीय घाटा 4.8 प्रतिशत गिरने का अनुमान है। अधिक पूंजी खर्च वाले कारोबार में 16 प्रतिशत की वृद्धि, बजट को देखने से आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार साफ जाहिर होती है, उसकी तरह किसानों का नुकसान हो जाता है।

इसी के साथ मैं कहूंगा कि भारत में सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा जिसे डॉलर मनी कहा जाता है वह सबसे ज्यादा भारत की गहरी कमायी का पैसा गल्फ देशों से पेट्रोल और डीजल के आयात में खर्च किया जाता है और उसी के बाद दूसरा मद जिसमें मुद्रा नंबर 2 स्थान पर खर्च होती है वह है सोने की खरीददारी। इन दोनों का बजट में कोई प्रबंधन नहीं है। माना कि तेल के खर्चे में जो विदेशी मुद्रा खर्च होती है उसमें ज्यादा कमी पेशी भारत सरकार नहीं कर पा रही है, परंतु सोने का निर्यात 90 फीसदी रोका जा सकता है। क्योंकि भारत में जो सैंकड़ों टन हर वर्ष जो सोना आयात किया जा रहा है और उस पर जो विदेशी मुद्रा खर्च की जा रही है वह सीधे अपने देश में जमीन के अंदर सोना गाड़ दिया जाता है और काला धन बढ़ता है और सोने में जो खर्चा हो रहा है उससे रोजगार में वृद्धि नहीं होती और गरीबी का फैलाव होता है। परन्तु विद्वान और समृद्ध वित्त मंत्री ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इससे इस मद में आय बढ़ने की कोई उम्मीद नहीं है।

अगर किसानों से हमदर्दी होती तो वित्तमंत्री गांव में डीजल को भली-भांति सस्ता कर सकते थे। सिंचाई के कार्य में एक्साइज डयूटी की माफी देकर कृषि यंत्रों की खरीद पर 30 से 40 प्रतिशत छूट दी जा सकती है।

सब्सिडी के हक में बजट को पढ़ने से अर्थशास्त्रियों के विचारों के अनुसार निम्नलिखित बातें सामने आती हैं-

यदि भारत के आर्थिक इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो भारत सर्वप्रथम 1991 में पहली पीढी के सुधार का शुभारम्भ हुआ। इसमें (1) ब्याज दरों का उदारीकरण, आरक्षित नकदी की अनिवार्यता आदि कई बातें शामिल थी। और लाइसेंस राज को समाप्त करने की शुरूआत इसी वर्ष से हुई थी। और पारदर्शिता की भी नींव डाली गयी थी। इसका देश को लाभ हुआ, यह सभी को विदित है।

डॉ. रघुरामजी राजन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति द्वारा वित्तीय सुधारों का रोडमैप बनाया गया। परंतु पेंशन, जीवन बीमा, बैंकिंग के क्षेत्र में भी सुधारों की बहुत आवश्यकता है। और सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हमारे देश के अर्थशास्त्रियों, नेताओं और विशेषकर तत्कालीन प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को ग्रामीण भारत के प्रति उदार मानसिकता का होना अति आवश्यक है।

वित्तीय समावेश में बहुत से अच्छे कार्य भी हुए हैं, परन्तु इसमें गरीबों का आकलन का ध्यान नहीं दिया गया है। गरीबों को बैंकिंग का लाभ और सुविधा, ग्रामीण क्षेत्र में काफी दुखदायी और दुर्लभ है।

महंगाई पर नियंत्रण पाने और वित्तीय घाटा कम करने के लिए आर्थिक उपायों की आवश्यकता है और इसमें वोट और पॉवर की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

अभी हमारी अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर नहीं दौड़ रही है। इसको पटरी पर लाने के लिए गंभीर संकल्प और आर्थिक नियमों को लागू करने की आवश्यकता है न कि राजनीतिक दृष्टिकोण । वित्तीय घाटे को रोकने के लिए, जीडीपी को बढ़ाने के लिए आधारभूत प्रयत्न करने पड़ेगें। अर्थशास्त्र में कोटिल्य के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

उदाहरणस्वरूप जब महंगाई और बेरोजगारी जोर पकड़ रही हो तो उसको रोकने के लिए इन्फ्राक्चर सेक्टर में बढ़ोत्तरी करना चाहिए। जैसे व्यापक रूप से सड़कों का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों को फोरलेन, 6 लेन का व्यापक रूप में बनाना और सिंचाई के लिए नहरों, छोटे-बड़े बांधों, पानी की टंकी का व्यापक निर्माण आदि से महगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

हमारी आर्थिक नीति, लम्बी अवधि के सुधारों के लिए कुछ दर्द भरे ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। परंतु इसमें केन्द्र सरकार चुनाव के कारण डर रही है और राजनीतिक पॉवरपॉलिटिक्स के कारण आर्थिक नियमों का उल्लंघन कर रही है, तो इस भूल का खामियाजा केन्द्र सरकार को भुगतना पड़ेगा। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में अपनी भूलों का उत्तरदायित्व प्रदेशों की कार्यक्षमता पर दोषारोपण करके छिपाने की कोशिश की है। जैसे मंत्री साहबान संसद में जोरदारी से कहने में नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के मद में वितरण में और चिकित्सा और शिक्षा के मद में पूरी तरह से आर्थिक और रूपयों की मदद भरपूर केन्द्र सरकार करती है। पर प्रदेश सरकार उसका सदुपयोग न करके दुरूपयोग करती है। और इस किस्म से आरोप-प्रत्यारोप का जो खेल खेला जा रहा है उससे गरीब जनता का नुकसान व अनर्थ हो रहा है। केन्द्र सरकार को समझना पड़ेगा कि जैसा एक शेर में लिखा है कि -

जिन्दगी भर इस भूल से जीते रहे गालिब
कि धूल चेहरे में थी और आइना पोछते रहे ।।

भारत की जनता में प्रजातंत्र की जागरूकता का दीपक जल रहा है और वह विकास की मांग कर रही है और इसमें यदि बहानेबाजी होती है तो वह सरकार को प्रजातंत्र के माध्यम से सबक सिखाना भी जानती है। देश की जनता परिपक्व और समझदार और निर्णय करना भी अब जान चुकी है।

सवाल इस बात का है कि भारत के राष्ट्रीयकृत बड़े-बड़े बैंक या मेट्रो शहरों दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई व चेन्नई,बंगलौर और केवल शहरी जनता के लिए भारत में कार्य कर रहे हैं क्या इसका लाभ गांव की गरीब जनता को भी, जिसकी 65-70 प्रतिशत आबादी है, कभी इसको मिलेगा। यदि हां तो उसका क्या रोडमैप है? इसका भी कोई दिलासा इस बजट में देखने को नहीं मिला।

विकसित देशों में बैंकों की मूलभूत और अहम भागीदारी होती है। बैंक अर्थव्यवस्था का हृदय होता है। और मजबूत बैंकिंग प्रणाली से मजबूत आर्थिक व्यवस्था की नींव पड़ती है। इन बुनियादी ढांचों को दुरूस्त करने के कोई भी कदम हमारे विद्वान वित्त मंत्री जी ने नहीं उठाए। माननीय डॉक्टर मनमोहन सिंह जाने माने अर्थशास्त्री हैं और हमारे वित्त मंत्री भी अर्थशास्त्रियों की कतार में प्रधानमंत्री के बगल में खड़े हैं परंतु इस निराशाजनक बजट को देखने से यह जरूर प्रतीत होता है कि इनकी आर्थिक संवेदनाएं घटी हैं और राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बढ़ी हैं।

आर्थिक विकास आर्थिक सिद्धांतों पर ही चलकर होता है। इसमें राजनीति का समायोजन बहुत सावधानी और नगण्य की तरह होना चाहिए। नहीं तो एक समय आया था कि भारत को अपना सोना विदेश में गिरवी रखना पड़ा था।

हमारे देश में अरबपतियों की संख्या संसार में बढ़ी है और विश्व के अरबपतियों में भारत के उद्योगपतियों की गिनती निरंतर बढ़ रही है, परंतु आज भी हमारे देश में कोई विश्वस्तरीय बैंक जिसकी विश्व में कोई गिनती हो या विश्वस्तरीय कारपोरेशन अभी स्थापित नहीं हो सका है।

भारत की 75 प्रतिशत से ज्यादा बचत भारत के सरकारी बैंकों में समर्पित होती है और यदि ब्याजदर और उदारीकरण की नीति नहीं अपनायी जाती तो आर्थिक गति में बदलाव होने की आशा नहीं दिखाई पड़ती। बैंकों की नीति-नियत और दिशा में गरीबों के ध्यान का समावेश होना भारत माता की पुकार है। इस आवाज को वित्त मंत्री ने अनसुनी की है। यदि नरसिंहम कमेटी जो दो बार अपनी बैंकिंग सुधारों के बारे में रिपोर्ट दे चुकी है उसमें अमल लाने की अविलम्ब आवश्यकता है। बैंकिंग सेवाओं का जाल गांव में अगर नहीं फैलता तो 65 प्रतिशत भारतवासियों को विकास करना कठिन होगा।

विदेश में बैंक हर धन से जुड़े हुए कार्य बिजली के बिल, इनकम टैक्स की अदायगी, फेमिली बजट का लेखा जोखा आदि सभी कार्य करते हैं। बैंक वास्तव में कुशल गृहलक्ष्मी और गृहणी की तरह कार्य करते हैं। जब तक यह भावना बैंक प्रणाली में नहीं उदय होगी देश के आर्थिक विकास में गति नहीं आयेगी।

हमारे वित्त मंत्री ने रिजर्व बैंक, जो कभी सोता है और कभी जागता है, को भी नहीं झकझोरा। महंगाई के नियंत्रण और उत्पादन को बढ़ाने तथा आर्थिक अनुशासन में आर.बी.आई. की बहुत बड़ी

जिम्मेदारी है। परंतु यह कार्यक्षमता और कार्यकुशलता का समावेश इस बजट में खोजने पर भी नहीं दिखाई पड़ता।

वित्तीय समावेश, आर्थिक प्रगति के लिये बहुत ही आवश्यक प्राथमिकता सरकार के लिये होनी चाहिए। गांव में दबाव के कारण दिखाने के लिए दो-तीन कमरे में बैंक खुल जाते हैं परंतु किसान को खाता खोलने में मारामारी करनी पड़ती है, और उनकी दूरी बैंकिंग सुविधा से बनी हुई है।

भारत में, मजबूत आर्थिक नियमों के रास्ते में चलना होगा, देश के पूंजी बाजार को मजबूत करना पड़ेगा। मुझे प्रसन्नता है कि पिछले 30 वर्षो में निरंतर पूंजी बाजार बढ़ा है परंतु इसकी गति जो धीमी पड़ गई है उसको तेज करना पड़ेगा। इसमें नगदी बाजार,कारपोरेट ऋण बाजार का नेटवर्क, कैश की तरलता, प्रभावी आधुनिक तकनीक और वित्तीय साक्षरता को पूर्ण रूप से विकसित करना होगा। अन्यथा आर्थिक दौड में भारत बहुत पीछे हो जायेगा।

अतः अभी से उचित बुनियादी ढ़ांचे का निर्माण, कंपनी और कारपोरेट सेक्टर में पारदर्शिता, आर्थिक नैतिकता का समावेश होना आवश्यक है।

2013-14 में कुल सब्सिडी बिल में 10 प्रतिशत का अनुमान है। यह गिरावट पेट्रोलियम पर 33 प्रतिशत सब्सिडी में कमी के कारण आनेकी उम्मीद है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में, सब्सिडी बिल 2 प्रतिशत के लक्षित स्तर से ऊपर है। 2012-13 में, ऐसी उम्मीद की जा रही है कि सब्सिडी जीडीपी का 2.6 प्रतिशत होगी (2011-12 में 2.4 प्रतिशत) । 2013-14 में इसके 2 प्रतिशत होने की उम्मीद है। उर्वरक सब्सिडी बिल में किसी प्रकार के परिवर्तन की कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि 2013-14 में खाद्य सब्सिडी 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 90,000 करोड़ के तक जायेगी, इसमें खाद्य सुरक्षा बिल लागू करने के लिए अलग निर्धारित किये गये 10,000 करोड़ रूपए शामिल हैं1

. 2012-13 आर.ई. में प्रमुख योजनाओं पर किया गया खर्च बजट में प्रस्तावित रकम की तुलना में कम था। वर्ष अनुसार नरेगा सरकार की सबसे बड़ी योजना है। 2013-14 में इसके ऊपर 33,000 करोड़ रूपया खर्च होने की उम्मीद है। (पिछले वर्ष बजट अनुमान के समान)। कुल मिलाकर, ग्रामीण विकास योजनाओं (नरेगा, पीएमजीएसवाई और आईएवाई) पर खर्च में 46 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है और सड़कों के विकास के लिए पीएमजीएसवाई योजना हेतु खर्च में सबसे अधिक वृद्धि का अनुमान है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि इन योजनाओं पर किया जाने वाला खर्च 2012-13 में खर्च किये गये 10,000 करोड़ रूपये से बढ़कर 2013-14 में रूपये 21,700 करोड़ से अधिक तक जायेगा, जो दुगने से अधिक है, हालांकि यह

2012-13 बीई में खर्च किए गए 24,000 रूपये करोड़ से कम है। जेएनएनयूआरएम योजना पर किया जाने वाला खर्च 2013-14 में 14,000 करोड़ रूपये (दुगने से अधिक) तक होने की उम्मीद है।

एक आर्थिक विशेषज्ञ के अनुसार बजट की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :-

1. स्थिरता और एकीकरण पर ध्यान केन्द्र 2013-14 तक वित्तीय घाटे का 4.8 प्रतिशत तक गिरने का पूर्वानुमान है।
2. राजस्व कर, आरबीआई और पीएसयू बैंकों के लिए लाभांश, स्पेक्ट्रम बिक्री और विनिवेश के अनुमानों में वृद्धि।
3. कर दरों या स्लैब में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है। 1 करोड़ रूपए आय से अधिक वाले व्यक्तियों और 10 करोड़ से अधिक आय वाले नियमों के लिए कर अधिकार (सरचार्ज) में वृद्धि।
4. अधिक पूंजी खर्च की ओर थोड़े झुकाव के साथ खर्च में 16 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी।
5. पेट्रोलियम सब्सिडी में कमी के कारण, सब्सिडी व्यय 10 प्रतिशत गिरने की उम्मीद है।

भारत के वित्त मंत्री जी को ब्याज की दर को गिराना चाहिए था और भारत में सबसे जयादा रोजगार मैनीफैक्चरिंग इंडस्ट्री, जैसे मोटर कार बनाना, कलपुर्जे बनाना आदि शामिल है और मकान रियलस्टेट के व्यापार जो निरंतर गिरते जा रहे हैं इसको रोकने की कोई कोशिश नहीं की गई है और कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया है जिससे रोजगार उत्पादन आदि में कोई बढ़ोत्तरी हो।

संक्षेप में मैं यह कहूंगा कि यह बजट वित्त मंत्री जी के राजनैतिक दृष्टिकोण और 2014 के आने वाले चुनाव के डर से भारत की आर्थिक दशा को सुधारने में असफल से हो रहे हैं।

यह बजट एक निराशाजनक और राजनैतिक कारणों से ज्यादा प्रेरित है। इसमें कोई आर्थिक चमत्कार होने वाला नहीं है। ब्याज दर को न गिराना, राष्ट्रीय राजमार्गो में पर्याप्त धनावंटन न करना और जो देश की खनिज सम्पदा की उपेक्षा करना आदि से ये साबित होता है ये औसत से भी नीचे का बजट है।

मैं मानता हूं कि माननीय वित्त मंत्री की बहुत सी सीमाएं रहती हैं, पर बहादुर राजनेता वही है जो तूफान में भी दीपक जलाना जानता हो।

मैं फिर भी दुखी और भारी मन से इस बजट का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि आगे चलकर वित्त मंत्री जी भारत को बढ़ाएं और चमकाएं और भारत और इंडिया में जो दूरी है उसको कम करने का प्रयास करें।

* **SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM) :** I wish to put forward my Party's views on the Union Budget 2013-14. The Union Budget 2013 is being hailed as a feel-good budget which intends to stimulate growth while meeting social and economic justice aspirations. I, therefore, support the Government's effort for a higher growth alongwith inclusive and sustainable development. While agreeing with the Hon'ble Minister's prescription for regaining economic momentum, I have a few observations to make for certain sectors.

The Minister has rightly increased the credit limit for agricultural activities and also extended the interest subvention scheme to private and commercial banks. I am also thankful to the Government for extending the pilot scheme for replanting and rejuvenating coconut gardens to the entire state of Kerala. However, more needs to be done in this regard by strengthening production, value addition and marketing of coconuts. This could include assisting units involved in production of innovative coconut products. In addition, geographical indexing of agricultural produce across the country could also be carried out which has the potential to increase the production, processing, marketing and export of such agricultural commodities. The budget also mentions setting up of National Livestock Mission and in this regard I must suggest that due regard should also be given to multi specialty veterinary care and treatment centers and fodder and feeds milling plants for a holistic approach to this excellent proposal.

This budget has allocated 1400 crore for setting up of water purification plants in 2000 arsenic and 12000 fluoride affected rural habitations. I support this initiative but suggest that similar steps be taken for coastal areas and Kutanad areas of Kerala, which are facing water salinity problems.

The budget mentions about the strained state of the handloom sector and to improve the situation, provides for working capital and term loans at concessional rate of 6%. However, I feel this is not sufficient for ensuring profitability and a steady income to people engaged in handloom sector. I, therefore, suggest

* Speech was laid on the Table.

simultaneous launching of modernization schemes and skill upgradation of employees for improving the quality standards of handloom products.

The budget acknowledges the nation's rich heritage in traditional industries like coir and provides for assistance via Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries (SFURTI). I suggest that more measures could be taken like establishing model coir villages across the country and linking them to tourism sector.

The Budget has rightly increased the specific excise duty on cigarettes by about 18 percent. I suggest that considering the health hazards posed by tabacco products and expenses borne by the society other products like Pan Masala should be banned or be also heavily taxed.

Now coming to the persons who are the focus of this year's budget-woman, youth and poor, I have following suggestions in this regard :

It was heartening to know that the Hon'ble Finance Minister has guaranteed an all women bank for women by October 2013. He has also set up Nirbhaya Fund for funding various activities, which aim at ensuring women's dignity and security. This is highly commendable and I must mention here about a scheme with the same name launched by the Government of Kerala, which aims at preventing sexual harassment of women, provide necessary assistance and set up fast track courts for speedy conviction of the culprits. Under the scheme, it has also been proposed to set up gender park, which will act as a common platform for various women centric activities as a part of women empowerment.

It was good to see special mention of schemes for youth to capture the country's demographic dividend advantage. Similar measures have been taken in Kerala where the government launched a panchayat-level scheme, Kerala State Self Entrepreneur Development Mission, which will provide training to 10 entrepreneurs in each panchayat and give loans of upto Rs.20 lakh without interest to start an enterprise. I suggest that similar measures must be replicated all over the country for promoting entrepreneurial culture among the nation's youth. The

Central scheme as mentioned in the budget would be more effective if it establishes linkages with state missions of the type mentioned above.

* **SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE) :** Budget for 2013-14 identifies 'Higher growth leading to inclusive and sustainable development as its *mool mantra* and endeavors to create economic space and find resources to achieve the objective of inclusive development.

Creating opportunities for our youth to acquire education and skills that will get them decent jobs or self employment identified as one of the overarching goal of budget.

Revised fiscal deficit for 2012-13 stands at 5.2 per cent of GDP and is at 4.8 per cent of GDP for the year 2013-14.

Revenue deficit for the current year at 3.9 per cent and for the year 2013-14 at 3.3 per cent.

In 12th Five year plan which had begun in 2012-13, total expenditure had been fixed at Rs.14,90,925 crore. In order to minimize the deficit, a considerable austerity measures can be taken to reduce reasonably the total expenditure.

In his Budget speech, our minister has categorically mentioned a sentence that we see Economic Policy on one side and Economic Welfare on the other side. By providing a potential and consolidated Economic Policy, the expected Economic Welfare can be achieved. So, there is a significant link between them. This link is visualized in different dimensions. The first and foremost item of such kind is education.

Allocation of 65,867 crore to the Ministry of Human Resources Development, an increase of 17 percent over the RE of the current year is much appreciable. Our nation should have very fast growth in attaining literacy rate which is only cause to reach our goal in all respects. The SSA (Sarva Shiksha Abiyan) and the RTA (Right to Education Act) are in tact for which Rs.27,258 crore was allocated. The amount is to be increased further more enabling to announce various attractive schemes to school going children. This will definitely

* Speech was laid on the Table.

pave the way to the parents in sending their children to schools and to the students in avoiding drop outs.

Ministry of Minority Affairs has got the allocation of Rs.3,511 crore only. Though it is an increase of 12% over BE, this is not sufficient enough to carry out all needful projects of Minorities in different fields. This fund allocation is to be focused towards the implementation of Rajendar Sachar Committee recommendations. Now how many years have passed after this Sachar Committee Report was placed in Parliament? How many items of its recommendations were implemented so far? On one side our UPA Government says that it has very serious concern over all affairs of minorities and on the other side even the recommendations of Sachar Committee were not taken into consideration to implement them fully. Why this kind of partial vision our Government is having on minorities? The so called reservation announcement of 4.5% has been suspended by the court proceedings due to various weaknesses of its report preparation. At least the recommendations of Rajendar Sachar Committee are to be fully implemented.

Moulana Azad Education Foundation is one of the appreciable platforms in various educational schemes carried out by UPA Government. It gives funds to even non-government organizations for the minorities. Its corpus fund stands at Rs.750 crore and now Rs. 160 crore has been announced in the budget to increase the corpus fund. It doesn't mean that the entire fund is allocated to the concerned purpose. The interest amount gained out of this corpus fund is used for such divine gesture. Muslim community which has a major part among minorities dislikes the interest money earned in the bank. Islam prohibits usury and this usury may be fruitful to one side but it is a backbone of financial exploitation on the other side. As we Muslim community do not like the methodology what Moulana Azad Foundation does, I earnestly appeal the government to allocate fund towards this gesture instead of keeping its fund as Corpus Fund and its interest money earned out of this deposit is utilized. Believe me, some institutions

though they are very much eligible, they don't want to use this fund as it is called 'Haraam' among minority Muslim community.

Considering the Green Revolution which brought remarkable success in producing more volume of rice, eastern states of India like Assam, Bihar, Chattisgarh and West Bengal are to be very much encouraged. Budget report says that Rs.1,000 crore has been allocated to support agriculture. But it doesn't say what kind of support in what form. By using this fund, if agricultural tools and other resources like seeds, fertilizers, electricity etc. are given with subsidy, it is fine, if the support is given in the form of money for anything, this will pave the way for land owners who lend their paddy fields to others whereas the real farmers will meet no benefits out of it.

Minister's announcement of setting up banks exclusively for women with initial capital of Rs.1000 crore is receiving overwhelming appreciation all over the nation. These banks will have only women staff members and women customers only. This will definitely fecilitate women folk in all respects. Dignity of women is hereby respected to high extent. This is the methodology adopted in Islamic Banking which is interest free banking. This banking mode is in action not only in Arab countries but in Western and European countries also. Interest-free banking is the only concept which eliminates financial exploitation in the market and it caters to all stakeholders without any financial burden and it is as simple as partner in the business. Anand Sinha Committee and Raghuram Rajan Committee reports are having vision of affirmative focus upon this type of interest-free banking. We need not amend and change the prevailing system of conventional banking method but an exclusive provision can be given to adopt this mechanism.

There are a number of countries like U.K. Singapore, Malaysia etc. where participatory banking was allowed without carrying out any amendment in the banking Act. Changes were carried out for example, in England through Finance Acts in the income tax provisions and other revenue laws to create a level playing field.

Even Hon'ble PM had urged RBI to look into the Malaysian success in Islamic Finance which was ignored till now.

***श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर):** महोदया, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है हमें लगता है किसानों एवं गरीबों को ध्यान में रख कर नहीं बनाया गया है । हमारा देश कृषि प्रधान देश है आज भी 70 % लोग कृषि पर निर्भर हैं, देश की कृषि नीति मजबूत बनानी होगी, रेल-बजट की तरह देश का कृषि बजट अलग से बनना चाहिये। देश तब तक मजबूत नहीं होगा जब तक देश की कृषि नीति मजबूत नहीं होगी, मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के मछलीशहर लोक सभा से चुनकर आता है, पूरा पूर्वांचल घनी आबादी का क्षेत्र हे, ऐसे में किसानों के पास जोत (खेत) कम है । ग्रामीण क्षेत्र में 70 % ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षित बेरोजगार बैठे हैं, लोगों का रूख रोजगार की तरफ है लेकिन सरकार ने रोजगार मुहैया कराने के लिए बजट में कोई ठोस उपाय नहीं बताया है ।

माननीय वित्त मंत्री जी ने 300 वर्ष एफ एम रेडियों स्टेशन खोलने की बात कही है, लेकिन मुझे जो जानकारी है । 100 रेडियों स्टेशन कर्मचारियों के अभाव में ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं । मेरा यह सुझाव है कि रिक्त पदों को भर कर बंद पड़े रेडियो स्टेशन को चालू किया जाय ।

बजट में सिर्फ 300 करोड़ रुपया दुग्ध उत्पादन के लिये प्रावधन किया गया है जो बहुत ही कम है । धनराशि को और बढ़ाया जाना चाहिये । देश में शुद्ध पेयजल का घोर संकट पैदा होने के आसार है, ग्रामीण अंचल में 150 फीट तक पानी प्रदूषित हो गया है । जो नदियाँ प्रदूषित हैं उनके दोनों तरफ उसी प्रदूषित नदी से जल हैण्ड पंपों एवं कुओं से निकलता है । ऐसी स्थिति में डीप बोरिंग का ही सहारा है , डीप बोरिंग के माध्यम से टंकी द्वारा घर-घर शुद्ध जल पहुंचाया जा सकता है, ऐसी स्थिति में बजट की और व्यवस्था करनी होगी जिससे हम देश के लोगों को शुद्ध जल पिला सकें । देश में अधिकांश क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर 150 से 200 फीट खारा-पानी है ऐसे में पानी सप्लाई ही एक मात्र साधन है ।

माननीय वित्त मंत्री जी ने सिंचाई के लिये बजट में जो प्रावधान किया है वह आवश्यकता के हिसाब से कम है, देश का 70 % भूभाग, सिंचाई के अभाव में पर्ती पड़ा रह जाता है । उक्त क्षेत्र की कास्तकारी ऊपर वाले की कृपा पर निर्भर करती है वर्षा हुयी तो कृषि का कार्य सफल हुआ वर्षा नहीं हुयी तो, फसल नष्ट हो जाती है । जहां सिंचाई के लिए पानी की समुचित व्यवस्था है । वहां के मनुष्य एवं पशु दोनों के चेहने पर पानी एवं खुशहाली नजर आती है । देश में खुशहाली एवं हरियाली के लिये सिंचाई की ठोस व्यवस्था करनी होगी । पूर्व की सरकार ने हजारों करोड़ की लागत से पानी संचयन हेतु वाटर शेड की स्थापना की योजना बनायी थी, लेकिन वह योजना कागज पर रही गयी उसका कहीं अता पता नहीं है, सिंचाई हेतु जगह-जगह वाटर-शेड बनने चाहिये।

---

* Speech was laid on the Table

*श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत) इस साल केन्द्र सरकार ने जो बजट पेश किया उस पर देश की प्रतिक्रिया अगर देखे तो न आम न खास, इस बजट से हर कोई हुआ निराश - ये प्रतिक्रिया रही। वित्त मंत्री न देश को कुछ दे पाये हैं, न पैसे वालों को कुछ दे पाये हैं और न मध्यम वर्ग को या गरीब को कुछ दे पाये हैं। केन्द्र सरकार पिछले कुछ वर्षो में जीडीपी की बातें करती थी, आज देश को पता चला है कि एनडीए के समय में जो आथिक क्षेत्र में कार्य किया गया था उसके फल देश को करीब 2008 तक मिल रहे थे। उसके बाद 2005 से यूपीए 1 की आर्थिक अव्यवस्था का समय शुरू हुआ तो जीडीपी गिरता गया जिसे आज तक केन्द्र सरकार संभाल नहीं पायी। गत वित्त वर्ष में क्या किया था? कितना दिया था? कितना खर्च हुआ? इसका कोई हिसाब क्यों वित्त मंत्री जी नहीं दे पाये हैं? क्योंकि बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें या तो घोषणाएं की गई थी पर एलोकेशन नहीं हुआ था। यदि एलोकेशन हुआ था तो खर्च नहीं कर पाये थे।

देश की आम जनता को आपके जीडीपी से कोई मतलब नहीं है, उसे तो उसकी, उसके परिवार की रोजी, रोटी, कपड़ा, मकान से मतलब है। जब से यूपीए सरकार आयी है तब से देश की जनता को जीडीपी और मुद्रास्फीति को समझते समझते दूसरा बजट आ जाता है। लेकिन इन मानकों के ऊपर-नीचे होने से उसे कोई फर्क नहीं पड़ता।

हर बजट में उसे लगता है महंगाई हटेगी पर हटने की बजाय महंगाई दिन ब दिन बढ़ती ही जाती है। केन्द्र सरकार जैसे महंगाई से लड़ने की मानसिकता ही खो बैठी है। आम आदमी की जो परेशानी है उसका केन्द्र की सरकार को कोई चिंता है ही नहीं। रेल बजट में जिस तरह से बजट से पहले किराया बढ़ाया गया और बजट में कहा कि हमने कुछ बढ़ाया नहीं है। वैसे आम बजट में भी केन्द्र की सरकार ने देश के लोगों से वही किया है। पहले सेटटॉप बोक्स कंपलसरी कर दिया और बजट में उस को महंगा कर दिया। यानि अब आम आदमी मनोरंजन भी ठीक से कर नहीं पायेगा। आम आदमी की आमदनी बढ़ती नहीं है पर खर्च बढ़ता जाता है। इस सरकार के निर्णयों से एवं आथिक असफलताओं के कारण देश तो दिवालियेपन की ओर जा रहा है, पर आम आदमी उसके पहले दिवालिया हो गया है। उसे आशा थी के टैक्स स्लैब में कोई फर्क होगा पर उस पर भी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।

देश के इतिहास में पहली बार किसी रेल मंत्री ने रेल टिकटों की काला बाजारी रोकने में असमर्थता व्यक्त की है, तो वित्त मंत्री ने टैक्स वसूली में निष्फलता व्यक्त की है। ये एक प्रकार से भारत देश की सरकार की असमर्थता का बयान है। आज देश में क्राईसिस ऑफ क्रेडिबिलिटी हो गयी है। देश की जनता को शंका रहती है कि जो प्रमाणिकता से करों का भुगतान करते हैं वो पैसा देश के हित में खर्च

* Speech was laid on the Table

होगा कि नहीं या कोई न कोई कांग्रेस नेता की जेब गरम करेगा। क्योंकि इस समय में हमारे पंचमहाभूत जो पुराणों में कहे गये हैं उन सबमें भ्रष्टाचार के आक्षेपों का सामना यह सरकार कर रही है। एक तरह से कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार में अपनी साख खराब की है पर हाल के वेस्टलैंड केस को जिस तरह से हाथ पर लिया गया है अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी साख गिर गई है। राजीव जी ने कहा था कि दिल्ली से एक रूपया भेजता हूं पर 15 पैसे पहुंचते हैं। राहुल बाबा ने जन सभा में कहा कि एक रूपया भेजेंगे तो 99 पैसे पहुंचे, ऐसी व्यवस्था करेंगे। देश की जनता पूछना चाहती है कि 1 रूपये में एक पैसे किसके लिए आपने रखा है?

सूरत में हीरा, टैक्सटाइल एवं जरी उद्योग ऐसे हैं जो महत्तम रोजगारी एवं महत्तम अंतराष्ट्रीय मुद्रा देश को कमा कर दे सकती है, पर केन्द्र सरकार को शायद इसकी जरूरत ही नहीं है या तो शायद सूरत का नाम रायबरेली या अमेठी कर दिया जाये तो कुछ लाभ मिल सकते।

केन्द्र सरकार अपने खर्चे को तो डीजल-पेट्रोल से जोड देती है पर आम आदमी की रियायत को जोड़ने से कतराती है। मैं पूछती हूं कि यदि केन्द्र के खर्चो को इनसे जोड़ा जाता है तो किसान के समर्थन मूल्य को क्यों नहीं जोड़ा जाता है। उसे तो एक बार जो भाव तय कर दिया उसमें यदि घाटा होता है तो भी वही भाव मिलता है।

किसी भी पक्ष से देश के हित की बातों से या आम आदमी के हित की बातों से या उदयोजकों के हित की बातों से केन्द्र सरकार देश को अच्छा बजट देने में विफल रही है और इससे देश की स्थिति सुधरने की बजाय बिगड़ेगी। यही मेरी और आम जनता की राय है, मैं इस बजट की निंदा करती हूं।

13.11 hrs

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
46th Report

SHRI ANANTH KUMAR (BANGALORE SOUTH): Madam Speaker, I beg to present the Forty-sixth Report of the Business Advisory Committee.

13.12 hrs.

GENERAL BUDGET (2013-14) - GENERAL DISCUSSION
DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT (GENERAL), 2013-14
DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2012-13
AND
DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL), 2010-11-Contd...

श्री नीरज शेखर (बलिया): अध्यक्ष जी, सुमित्रा जी यहाँ अभी बैठी हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि इन्होंने जब अपना भाषण शुरू किया तो सबसे पहले कहा - अपने को सर्वोत्तम मत बताओ, लेकिन इनका पूरा भाषण इस पर था कि हमने कितना अच्छा काम किया, और इस सरकार ने बहुत खराब काम किया। हम कितने अच्छे थे और जब हम मंत्री थे, तब हमने क्या किया, लेकिन यह सरकार बहुत खराब काम करती है।

13.12 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardina *in the Chair*)

मैं यह नहीं समझ पाता कि जब कोई पहले मंत्री रहा होता है तो अपनी बातें क्यों बताने लगता है कि मैंने ऐसा काम किया था। शायद उसको आशा रहती है, और मुझे लगता है कि सुमित्रा जी को भी आशा होगी कि आने वाले समय में फिर से वे मंत्री बन जाएँ। ...(व्यवधान) यही मुझे समझ में नहीं आता कि इनका पूरा भाषण ही इस पर था कि मैंने बहुत अच्छा काम किया और सबसे पहले उन्होंने वित्त मंत्री को सबक सिखाया कि आप क्या अपनी सैल्फ प्रेज़ करते हैं। ...(व्यवधान)

सभापति जी, हमारे देश के 60 फीसदी लोग जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, मैं अपना भाषण केवल उनकी बात तक सीमित रखूँगा क्योंकि मेरा यह मानना है कि इन साठ फीसदी लोगों के लिए न कभी वित्त मंत्री जी ने सोचा है, सत्ता पक्ष ने भी नहीं सोचा है, विपक्ष के लोग भी जब सत्ता में थे, तब उन्होंने भी नहीं सोचा। महोदय, मैं जानता हूँ कि जो किसान होता है, वह हर साल बड़ी आशा की नज़र से जो भी वित्त मंत्री होता है, उसकी तरफ देखता है कि इस बार वित्त मंत्री जी किसानों के लिए, ग्रामीण क्षेत्र के लिए कुछ करेंगे, लेकिन 65 साल बीत गए, आज भी किसान उसी दशा में है। मैं कहना चाहूँगा कि स्थिति आज और खराब हो चुकी है। पिछले 15 साल में करीब ढाई लाख किसानों ने आत्महत्या की। मैं देखता हूँ कि हर साल आँकड़े बढ़ते जाते हैं। मैं देखता हूँ कि कृषि के लिए इस बार इन्होंने 27 हज़ार करोड़ रुपये दिये हैं, पिछले साल 20 हज़ार करोड़ रुपये दिये थे। ये पैसा कहाँ जाता है? किसान की जो स्थिति है, वह बदतर होती जा रही है। किसान का बेटा कभी कृषि में नहीं जाना चाहता। वह शहर की तरफ भागता है क्योंकि वह जानता है कि कृषि में उसको कोई फायदा नहीं होने वाला है। कहा जाता है कि हमने ऋण माफी की,

उसकी वजह से 2009 के चुनाव में इनको बड़ी सफलता भी मिली। लेकिन 68000 करोड़ रुपये का ऋण माफ़ हुआ, आपने रिपोर्ट देखी है। 52 हज़ार करोड़ रुपये बँटे, लेकिन वह किसको बँटे, वह भी अभी तक पता नहीं चल रहा है। जहाँ किसान को ऋण माफ होना चाहिए था, वहाँ ऋण माफ ही नहीं हुआ, लेकिन किसी किसान को ज़्यादा माफी हो गई। यही स्थिति है हम लोगों की कि हमने किसान के बारे में कभी नहीं सोचा। आज वित्त मंत्री जी ने बड़े उत्साह से कहा कि पहले हमने 5,75,000 करोड़ रुपये ऋण के लिए दिया था, अब हम उसको बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये कर रहे हैं। उसका क्या फायदा है? ये कहते हैं कि किसान समय पर ऋण वापस दे। आज किसान की जो स्थिति है, क्या वह समय पर ऋण वापस कर सकता है? इन्हें कहना चाहिए था कि हम उसे चार परसेंट पर ही ऋण देंगे। ऐसा कहते तो कुछ समझ में आता है कि आप समय पर वापिस करेंगे तो चार परसेंट है, नहीं तो आपको सात परसेंट लगेगा। इससे किसान को क्या फायदा होगा? आप बताएं कि क्या कोई साधारण व्यक्ति भी अपना लोन समय पर वापिस कर पाता है? अगर नहीं, तो क्या किसान ऐसा कर पाएगा। ऐसे बहुत से बिंदु और भी हैं।

आज वित्त मंत्री जी कह रहे हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य हमने दोगुना कर दिया है। पिछले 9 साल में हमने दोगुना कर दिया है। मैं उनसे बहुत विनम्रता से पूछना चाहता हूं कि डीजल के कितने दाम बढ़ चुके हैं। डीएपी, यूरीया का कितना दाम बढ़ चुका है। मुझे याद है, मैं जब इस सदन में आया था तो डीएपी का दाम करीब तीन सौ रुपए था, लेकिन आज डीएपी की एक बोरी का दाम 1300-1400 रुपए की मिल रही है। डीजल के दाम कहां से कहां पहुंच चुके हैं। हर महीने पचास पैसे बढ़ते हैं। किसान को कैसे उसका समर्थन मूल्य पूरा मिल रहा है। वित्त मंत्री जी कहते हैं कि हमने समर्थन मूल्य बहुत बढ़ा दिया है। स्वामीनाथन कमीशन कहता है कि जितनी किसान की लागत है, उसका डेढ़ गुना किसान को मिलना चाहिए। अभी किसान को 1200-1300 रुपए मिल रहा है, बल्कि मैं कह रहा हूं कि इतना रुपया भी किसान को नहीं मिल रहा है। एफसीआई द्वारा इस साल उत्तर प्रदेश में खरीदी ही नहीं हुई है क्योकि कभी चावल मोटा हो जाता है, कभी चावल पतला हो जाता है। कभी चावल में दाग लग जाता है, वह चावल नहीं खरीदा जाएगा। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश कई राज्यों में ऐसा हुआ है, खास कर उत्तर प्रदेश में हुआ है।

मैं वित्त मंत्री जी का भाषण पढ़ रहा था, उसमें इन्होंने बताया कि जो किसान खाद्य पदार्थ उगाता है, वह एक्सपोर्ट हो रहा है। 138000 करोड़ का निर्यात हो रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि इससे किसान को क्या फायदा हो रहा है? सारा फायदा तो बिचौलियों को हो रहा है। मैं जब बलिया जाता था, आज से पच्चीस साल पहले पिताजी के चुनाव के समय, उसी स्थिति में आज भी किसान हैं। यह जरूर है कि कहीं सड़कें बन गई हैं। वहां बिजली पहले दो घंटे आती थी, अब आठ घंटे आती है, लेकिन किसान की हालत पहले से भी बदतर हो चुकी है। उस समय किसान अपने बच्चों को पढ़ा सकता था, लेकिन आज किसान

अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकता है। किसान के लिए इस सरकार को अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। मुझे लगता है कि जब मैं सत्ता पक्ष की तरफ, ट्रेज़री बैंच की तरफ देखता हूं, मुझे लगता है कि उस तरफ ऐसा कोई नहीं है जो किसान के बारे में सोचे या जो खेती कर चुका है। ऐसा कोई व्यक्ति उस तरफ दिखाई नहीं देता है।...(व्यवधान) मैं मंत्रियों की बात कह रहा हूं। महोदय, मैं माफी चाहता हूं, किसानों की सोच वाले लोग नहीं हैं।

सभापति महोदय, मुझे यह समझ नहीं आता है, जो मैं पिछले कुछ महीनों से सुन रहा हूं। जो सब्सीडी किसानों को खाद्य के माध्यम से, डीजल के माध्यम से दी जाती है, देश का जो बजट डेफिसिट हो रहा है, फिजिकल डेफिसिट हो रहा है, करंट डेफिसिट हो रहा है, यह इसी कारण हो रहा है। योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी यही कहते हैं, हमारे वित्त मंत्री जी भी यही कहते हैं कि देश के फिजिकल डेफिसिट हैं या फाइनेंशियल डेफिसिट हैं, वह सारे किसानों के कारण हैं। अगर सब्सीडी कम कर दी जाए, तो क्या सारे देश की स्थिति सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि देश के साठ फीसदी लोगों के बारे में नहीं सोचा जाएगा, तो क्या दस फीसदी लोगों के बारे में सोचा जाएगा या वर्ल्ड बैंक की तरफ से जो निर्देश होगा, वह काम किया जाएगा। मैं कहना चाहता हूं कि उन साठ फीसदी लोगों के बारे में सोचिए। अगर आप यही सोचते रह जाएंगे कि फिजिकल डेफिसिट क्या है और करेंट डेफिसिट क्या है, आप इस देश को जरूर आगे बढ़ा लेंगे, लेकिन इस देश के गांव पीछे होते जा रहे हैं। अगर इस बारे में आपने नहीं सोचा, तो इसके बहुत गंभीर परिणाम इस देश को भुगतने पड़ेंगे।...(व्यवधान) मैं चुनाव की बात नहीं कह रहा हूं, मैं देश की बात कह रहा हूं।

दूसरी बात ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बारे में कहना चाहता हूं। जो ग्रामीण विकास का बजट है, पिछले साल 76 हजार करोड़ रुपए था। उसमें से जो खर्च हुआ, जो कहते हैं कि इनकी फ्लैगशिप योजनाएं हैं, वे इसमें होती हैं, जैसे मनरेगा है। उसमें 76 हजार करोड़ रुपयों में से 55 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए। जब फ्लैगशिप आपकी है, कहते हैं कि डिमांड ड्रिवन है। संजय निरुपम जी कल कह रहे थे कि डिमांड ड्रिवन है। उत्तर प्रदेश की सरकार तो कब से डिमांड कर रही है। डिमांड पूरी नहीं की जाती। पी.एम.जी.एस.वाई. में हम लोग मांग करते-करते थक गए। पिछले पांच सालों से उत्तर प्रदेश में कुछ हुआ ही नहीं है। जब आप पैसा नहीं देंगे तो प्रदेश कैसे काम करेगा? हमेशा डिमांड ड्रिवेन का बहाना बनाने से काम नहीं होगा, काम कर के दिखाना होगा। तब इस देश की जनता आप को फिर से चुनेगी, नहीं तो जिस तरह से आप लोग चल रहे हैं, मुझे आशा नहीं है कि आप लोग फिर से सत्ता में आने वाले हैं। अगला जो बजट होगा, मुझे लग रहा है यहां के लोग ही प्रस्तुत करेंगे।

पी.एम.जी.एस.वाई. एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है। इस में गांवों को जोड़ने का काम किया जाता है। पर, कहीं काम नहीं हो रहा है। मैं कभी भी भाजपा के लोगों के साथ नहीं रहता लेकिन जो काम अटल जी ने किया है, उस की सराहना हम सब को, पूरे सदन को, इस देश को करनी पड़ेगी। पी.एम.जी.एस.वाई. जैसी योजना इस देश में बहुत कम है। यह सरकार मनरेगा की योजना लायी है। मैं मनरेगा नहीं, बल्कि नरेगा बोलता हूं। इस योजना का कोई काम ही नहीं है। इस में 33,000 करोड़ रुपये है। आप ये 33,000 करोड़ रुपये गांवों के विकास के लिए खर्च करें। पर, इस पैसे से क्या काम होता है? इस से गड्ढा खोदा जाता है। फिर बरसात में वह गड्ढा भर जाता है और फिर गड्ढा खोदिए। कोई ऐसा काम इस योजना में नहीं होता है जो उस गांव के लिए फायदेमंद हो। इस में बहुत चोरी हो रही है। मैं माननीय वित्त मंत्री से कहना चाहूंगा इस पैसे को किसी कंस्ट्रक्टिव काम में लगाया जाए जो काम आने वाले सालों में दिखाई दे।

मुझे जो समझ में आती है, इस देश के लिए सबसे गंभीर समस्या पीने के पानी की है। इस बजट में पीने के पानी और सैनिटेशन के लिए 15,000 करोड़ रुपये रखा गया है। सुमित्रा जी महिलाओं के बारे में बोल रही थीं। पर सुमित्रा जी, यह सैनिटेशन सब से गंभीर समस्या है। आज हमारी माताएं-बहनें खुले में शौच करती हैं। उन्हें बड़े-बड़े पदों पर बिठा कर उन का सम्मान नहीं होगा। हमारी माताओं और बहनों का सम्मान पहले वहां बचाया जाए। हमारी प्राथमिकता क्या है, पहले उसे देखा जाए। बाद में हम उस को बनाएंगे। आज हमारी बच्चियां विद्यालय में क्यों नहीं जाती हैं? क्यों नहीं वे पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ पाती हैं क्योंकि वहां पर शौचालय नहीं है। वे कहां जाएंगी? लड़के तो जा सकते है लेकिन लड़कियां कहां जाएंगी? हम लोग इसे रोज़ देखते हैं। हम से रोज़ मांग की जाती है कि विद्यालयों में शौचालय होने चाहिए। इस पर कोई बात नहीं की जाती। महिला सशक्तीकरण के लिए क्या-क्या कर दीजिए, उन्हें पार्लियामेंट में ले आइए, पर इस से पहले हम अपनी बच्चियों को पढ़ाएं, उन्हें एजुकेशन दें। लेकिन, यह नहीं होता है।

दूसरी बात आर्सेनिक पानी से संबंधित है। मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री जी इस पर ध्यान दें। इस के लिए 1,400 करोड़ रुपये काफी नहीं हैं। मैं ऐसे क्षेत्र से आता हूं जहां के लोग रोज़ आर्सेनिक पानी पीते हैं। इस 1,400 करोड़ रुपये से कुछ नहीं होने वाला है। वहां बच्चों के हाथ-पैर टेढ़े हो रहे हैं। बच्चे किडनी की बीमारी, लीवर की बीमारी से ग्रसित होते जा रहे हैं। मेरा दोआबा क्षेत्र है, गाज़ीपुर क्षेत्र है। इन सारे क्षेत्रों के बारे में मैं ख़ुद जानता हूं। इन्होंने ख़ुद कहा है कि दो हजार आर्सेनिक एरियाज हैं और बारह हजार फ्लोराइड अफेक्टेड एरिया हैं, रूरल हैबिटेशन है। उस के लिए 1,400 करोड़ रुपये है। आज़ादी के बाद हम लोगों की क्या प्राथमिकताएं हैं? आज तक हम लोग अपने लोगों को स्वच्छ पानी नहीं दे पाए, शिक्षा नहीं दे पाए और हम लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं कि हम लोग दसवें स्थान पर पहुंचने वाले हैं। आज मुझे शर्म आती है।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि यह नेशनल शेम है कि हमारे बच्चे कुपोषित हैं। आज दुनिया का हर दूसरा बच्चा जो कुपोषित है वह भारत से है। यह सबसे बड़ी शर्म की बात है। इस के बारे में हम नहीं सोचेंगे। उस के लिए हम ने कितना पैसा रखा है? दो सौ डिस्ट्रिक्ट्स में काम करेंगे और तीन सौ करोड़ रुपये हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने ख़ुद कहा है कि यह नेशनल शेम है। आज हमारे देश के बच्चे से अफ्रीका का बच्चा अच्छा है, किसी भी अंडर डेवलप्ड कंट्री का बच्चा अच्छा है। उस के लिए तीन सौ करोड़ रुपये हैं। क्या हमारी सोच है? कब हमारी सोच बदलेगी?

मैं माननीय वित्त मंत्री से यह चाहूंगा क्योंकि मैं देखता हूं कि जब विदेश के अख़बार और समाचार-पत्रिकाएं लिख देते हैं कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं तो हमारे वित्त मंत्री जी भी खुश हो जाते हैं और हमारे प्रधानमंत्री भी खुश हो जाते हैं। जब वे 'अंडर-एचीवर' लिख देते हैं तो सारी मशीनरी इस में लग जाती हैं कि उसे कैसे ठीक किया जाए। आपको आज अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देश का ग्रामीण व्यक्ति, आम नागरिक आपके बारे में क्या सोचता है, तभी आप इस देश के लिए कर पाएंगे। अगर हमारे प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी सोचते हैं कि बोलने दो, हम देख लेंगे। जब चुनाव का समय आएगा, तो किसानों का जैसे एक बार ऋण माफ हो गया था, इस बार डायरेक्ट केश ट्रांसफर आ रहा है। मैं हर साल, हर बार यह बात रिपीट करता हूं कि चुनाव के समय यह बात इन लोगों को याद आती है। कहते हैं, आपका पैसा, आपके हाथ। आपका पैसा तो जरूर है, लेकिन हाथ तक पहुंचेगा तब न, दूसरे हाथ उसको खींच लेते हैं।

सभापति महोदय, मैं दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं। इसके बाद मैं स्वास्थ्य पर आना चाहता हूं। इस पर पिछली बार 30477 करोड़ रुपए दिए गए थे। उसमें से 24890 करोड़ रुपए खर्च हुए। मेरी समझ में नहीं आता कि इस देश में लोग बीमारियों से मर रहे हैं और यह पैसा कैसे बच जाता है। सड़क का पैसा कैसे बच जाता है? स्वास्थ्य के लिए पैसा दिया गया है, इतनी प्रशंसा की जाती है, इनके जो एनआरएचएम है, मेरी समझ में नहीं आता कि वे राज्यों को पैसा क्यों नहीं दे रहे हैं, वहां क्यों नहीं काम हो रहा है? आप लोगों को देखना पड़ेगा। हम लोगों को हमेशा यह जवाब मिलता है कि हम लोग राज्यों को दे देते हैं, उनको देखना है। आप लोगों का क्या दायित्व है? फिर आप यहां क्यों बैठे हैं? आप लोगों को देखना पड़ेगा, अगर काम ठीक नहीं करते तो उसके लिए कुछ करिए, उनको दंडित करिए। पैसा जो बचता है, उसके लिए आप जिम्मेदार हैं।...(व्यवधान) आप किसी को भी दंडित करिए। वित्त मंत्री जी ने कहा है कि पूरे देश में छः: एम्स, मुझे लगता है कि हमें यह दस-15 साल और सुनना पड़ेगा। ...(व्यवधान) बूढ़े हो ही रहे हैं। यहां पर पांच-छ: साल हो गए हैं, तब से एम्स सुन रहे हैं। क्या अभी एम्स कहीं शुरू हुआ है? हर साल

उसके लिए बजट हो जाता है। छः क्या, हर राज्य, हर राजधानी में एक एम्स होना चाहिए। हर एक बड़ी तहसील में एम्स होना चाहिए। आज बीमारियां कितनी ज्यादा हो रही हैं। लोग कितने परेशान हैं।

मैं बलिया की एक घटना बताता हूं। हम लोगों को बनारस जाना पड़ता है। आज हमारे मुख्य मंत्री जी ने हम लोगों को वहां अस्पताल दिया है, नहीं तो हमें किसी उपचार के लिए डेढ़ सौ किलोमीटर जाना पड़ता था। बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी का जो अस्पताल है, वहां पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार के लोग जाते हैं। वहां के लिए कोई अनुदान नहीं। हम लोग हमेशा कहते हैं कि उसको पैसा दीजिए, अनुदान दीजिए। एम्स का दर्जा मिले, न मिले, लेकिन उसको पैसा दीजिए ताकि वहां के लोगों का उपचार हो सके, मैं यह चाहता हूं। मैं रोड ट्रांसपोर्ट की बात करना चाहता हूं। वहां भी वही होता है। जितना बजट के लिए पैसा दिया जाता है, कम से कम उतना तो खर्च हो। मैं किसी बजट में यह देखना चाहता हूं कि जितना पैसा दिया गया, उतना खर्च हो गया। हमेशा यह बात सुनने में आती है। 20 किलोमीटर प्रतिदिन हम लोग सड़क बनाएंगे और दो-तीन किलोमीटर बन रही है। क्या यह शर्म की बात नहीं है? आज पूरे देश में सड़कों की कमी है। आप जो लक्ष्य रखते हैं, वह कम रख लेते, 20 किलोमीटर रखने की क्या जरूरत है। क्या इससे आप बड़े हो जाएंगे। क्या इसमें बदनामी नहीं होगी कि 20किलोमीटर की जगह तीन किलोमीटर बना रहे हैं, उसको पांच किलोमीटर ही रखा होता। वास्तविकता क्या है, कम से कम उसको तो पहचानिए। अपनी क्षमता तो समझिए, कितनी है। जितनी क्षमता है, उतना काम किया जाए। बड़ा बोलने से आप बड़े नहीं हो जाएंगे, आपको बड़े काम करने चाहिए।

इन्होंने जो तीन प्रोमिसिस किए हैं, उनके बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। इन्होंने जो तीन प्रोमिसिस किए हैं, महिलाओं के लिये, मैं महिलाओं की बात कर चुका हूं। मुझे लगता है कि सबसे पहली प्राथमिकत होनी चाहिए, कि जो हमारी बच्चियां हैं, उनको शिक्षा की जरूरत है। अगर हम अपनी महिलाओं को सम्मान देना चाहते हैं तो हम लोगों को और समाज को भी शिक्षित करना होगा, कि उनका सम्मान कैसे किया जाए। आज उनको सम्मान देने की जरूरत है। आज महिलाएं अपने को बहुत असुरक्षित समझ रही हैं, यह पूरे समाज का दायित्व है। कि उनको किस तरह विश्वास दिलाया जाये। मैं आज देखता हूं कि जब भी हम कहीं जाते हैं तो हमको बोला जाता है कि हम सुरक्षित नहीं हैं। आज महिलाओं में उत्तेजना बढ़ती जा रही है, मैं नहीं जानता कि कैसे, लेकिन मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि आज लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है। हमने हमेशा महिलाओं को मां का दर्जा दिया है, बहन का दर्जा दिया है, इसलिए उनका सम्मान किया जाये।

मेरे इसमें दो बिन्दु और हैं। मैं अन्त में एक बात जरूर बोलना चाहूंगा, जो इन्होंने कहा है, गरीब व्यक्ति का चेहरा मैं माननीय मंत्री जी बताना चाहता हूं। गरीब का चेहरा, लगता है कि इन्होंने देखा नहीं है। गरीब के चेहरे की वह घटना मैं आज तक भूल नहीं पाता हूं। मैं जब पहली बार सांसद बना था और मुगलसराय स्टेशन पर खड़ा था और कई लोग मेरे साथ थे, क्योंकि, नया-नया सांसद बना था तो आपको बहुत से लोग स्टेशन पर छोड़ने आते हैं। वहां हम लोग खड़े थे, हम लोग अपनी ट्रेन का इन्तजार कर रहे थे, वहां 5-6 बच्चे आये, एक मगध एक्सप्रैस ट्रेन आती है, उसमें जो कंडक्टर था, उसने ट्रेन में से एक थैला फेंका। वे बच्चे 7-8 साल के रहे होंगे, उस थैले में से वे बच्चे खाना निकाल कर खाने लगे। झूठा खाना, जो फेंक दिया जाता है, जो ट्रेन में लोग नहीं खाते हैं, उसको फेंका गया, इस घटना को देखकर वहां जितने लोग खड़े थे, सब की आंखों में आंसू आ गये। वे बच्चे वह खाना खाने लगे। कुछ देर बाद उनमें से एक बच्चा कहता है, अरे, रहने दो, अभी राजधानी एक्सप्रैस आएगी तो उसमें से अच्छा खाना मिलेगा। यह गरीब का चेहरा है। अगर आज भी वह दृश्य मैं सोचता हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। हमारे देश की स्थिति यह है कि आज तक हम अपने बच्चों को खाना नहीं दे पाये। हम मिड-डे-मील की बात करते हैं, हम अपने बच्चों को न खाना दे पाये हैं, न पानी दे पाये हैं और न शिक्षा दे पाये हैं। मैं यही कहना चाहूंगा कि आप उस बच्चे का ध्यान रखिये। वह बच्चा आज भी उसी प्लेटफॉर्म पर खड़ा है, आज भी उसी तरह से खाना उठाकर खा रहा है, लेकिन एक दिन उस बच्चे के मन में आक्रोश आएगा तो वह स्थिति इस देश के लिए अच्छी नहीं होगी। वह नौजवान आक्रोशित हो रहा है, जिस नौजवान की बात आप कर रहे हैं। उस को आज नौकरी नहीं मिल रही है, पढ़ा-लिखा कर आपने एक फौज खड़ी कर दी है, जिसके पास आज नौकरी नहीं है। मैं यही बात कहना चाहता था कि आप अपने गरीबों के बारे में सोचिये, अपने नौजवानों के बारे में सोचिये। यह काम एक हजार करोड़ रुपये से होने वाला नहीं है, 10 लाख नौजवानों से कुछ होने वाला नहीं है। आपकी सोच बड़ी होनी चाहिए, जो पैसा आप व्यर्थ योजनाओं में खर्च कर रहे हैं, जिससे आपको वोट मिलेंगे, एक बार हम लोगों को यह करना चाहिए कि वोट की राजनीति छोड़कर इस देश के लिए काम करें और...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please do not disturb him.

श्री नीरज शेखर : मैं यही कहना चाहूंगा। सभापति जी, मैं आपको बताता हूं, मैं इनको कहता हूं कि अगर ये नौजवानों के बारे में, गरीबों के बारे में सोचें...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude. I will call the next Member.

श्री नीरज शेखर : दो मिनट, सर। सबसे बड़ी बात, जो मैं बोलना चाहता था, इस चक्कर में रह गयी। अल्पसंख्यकों के लिए मैं 6 साल से सुन रहा हूं कि रंगनाथ कमीशन और सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू

होंगी, वे कब लागू होंगी। हम लोग अल्पसंख्यकों के बारे में कभी सोचते ही नहीं है। बस उनका वोट लेना चाहते हैं। सिवाय उत्तर प्रदेश सरकार के इस देश में अल्पसंख्यकों के बारे में कोई नहीं सोचता। यह सरकार अल्पसंख्यकों के बारे में सोचती ही नहीं है। जो मुंह से बोलते हैं, वही सुनने को मिलता है।

मैं अन्त में वित्त मंत्री जी से यही चाहूंगा कि इस देश के गरीब के बारे में जरूर सोचें।

*श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर) माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है वह आम आदमी का बजट नहीं है। मैं एक आदिवासी क्षेत्र से आता हूं और हमारे यहां आदिवासियों की बहुत सी समस्यायें हैं। माननीय हमारे संविधान में आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आर्टिकल 46 के तहत इन वर्ग के लोगों को खास रियायतें दी गई हैं उनका मंत्री महोदय ने ध्यान नहीं दिया है। यूपीए सरकार ने इन पिछड़े वर्गो के बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। मैं अनुरोध करूंगा कि हमारी आदिजाति समाज के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं निवास निशुल्क देने का प्रावधान इस बजट में किया जाये।

4 नवम्बर, 2009 को राज्य जनजातीय कार्य मंत्रियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आदिवासियों की सुरक्षा के लिए राज्यों से निवेदन किया था। माननीय प्रधानमंत्री जी ने नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का जिक्र भी किया था। नक्सलवाद और माओवादियों के अतिरिक्त इस देश में कुछ बाहर के देशों की कुछ संस्थाएं जनजातीय क्षेत्र में काम कर रही हैं इनके नाम Amnesty International, Survival International और Action Aid हैं। यह संस्थाएं आदिवासियों के क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य नहीं होने देते, जिससे आदिवासी पिछड़े के पिछड़े रह जाते हैं। यह बाहर की संस्थाएं गैर कानूनी ढंग से अपना कार्य करती हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह अनुरोध करूंगा कि वह इन तीन संस्थाओं का पूरा ब्यौरा गृह और वित्त मंत्री जी से मांगे ताकि यह पता चल सके कि सरकार ने इन संस्थाओं को Security Clearance दी है।

यह भी पता लगाने की कोशिश की जाये कि क्या ये संस्थाएं हमारे देश में पंजीकृत हैं या नहीं। कुछ समय पहले दांतेवाडा में माओवादियों द्वारा हमारे सुरक्षा कर्मचारियों पर हमले के बाद इन संस्थाओं का ब्यौरा लेना बहुत आवश्यक हो गया है।

देश की आजादी के बाद जिस पार्टी ने अधिकांश समय केन्द्र एवं राज्यों में शासन किया हो, उस पार्टी के कार्यो की, उपलब्धियों की एक लम्बी श्रृंखला होनी चाहिए, वह नहीं है। मुख्यतः वर्तमान की ज्वलंत समस्या भ्रष्टाचार और काले धन पर सरकार को जो निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए और जिसको निभाने की सरकार की घोषणाएं हैं, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है।

केन्द्र सरकार की नीतियां कितनी भ्रामक हैं, इसका एक उदाहरण वर्तमान कपास नीति है, जिस में निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है जो किसान विरोधी है। इससे रोजगार के अवसर कम होंगे, किसानों को भारी नुकसान होगा और वे आत्मदाह की ओर अग्रसर होंगे। जब कि यही सरकार गऊ माता के मांस के

* Speech was laid on the Table

निर्यात पर तरह-तरह की सुविधाएं दे रही है। यह विरोधाभास राष्ट्र विरोधी है, विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है।

वर्तमान सरकार की नीतियों की सच्चाई को देखा जाए तो यूं समझना चाहिए कि आम जनता ने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। गुजरात और बिहार के विकास और उसकी कालवधि की तुलना में कांग्रेस ने जितने लम्बे समय शासन किया है उसकी उपलब्धियां नगण्य हैं। कांग्रेस के सुदीर्घ शासनकाल में जो कुछ उपलब्ध हुआ है और जितने नये रास्ते बने हैं उनकी तुलना में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की एक ही शासनकाल की उपलब्धियां अधिक कारगर और दूरगामी हैं। ऐसा लगता है कांग्रेस की नीति और दृष्टि दोनों ही भ्रामक हैं और भटकाने वाली हैं। गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने के लक्ष्य में कुछ कदम बढ़ायें हों, फिर भी न जाने कितने अंधेरों में डुबे हैं। भौतिक समृद्धि का बखान करने वाली सरकार ये क्यों नही देखती कि कितने लोग, उनके शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा, पानी-बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं है। गरीब अधिक गरीब होता जा रहा है और अमीर अधिक अमीर। हिंसा, आतंक, अन्याय, शोषण,संग्रह, झूठ, चोरी जैसे अनैतिक अपराध पनपे हैं। आजादी के बाद पहली बार इस सरकार के अनेक मंत्रियों ने भ्रष्टाचार के आरोपों में तिहाड़ जेल की यात्राएं की हैं। धर्म, जाति और प्रांत के नाम पर नये संदर्भो में समस्याओं ने पंख फैलाएं हैं।

धर्म के आधार पर आरक्षण को भारतीय संविधान में मान्यता नहीं है। मगर राष्ट्रपति के अभिभाषण में इसका जिक्र आने का मतलब है कि मनमोहन सरकार की यह नीति है। पिछले लम्बे अरसे से चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए व्यापक चर्चा चल रही है और स्वयं कांग्रेस पार्टी के कई महाराथी इस बारे में जिक्र करते रहे हैं, चुनाव प्रणाली का सीधा संबंध भ्रष्टाचार से जुड़ा है। गौर से देखा जाये तो वर्तमान चुनाव प्रणाली ही भ्रष्टाचार की मूल जड़ है। अतः भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए हमें चुनाव प्रणाली में सुधार की तरफ ध्यान देना ही होगा। बहुत कठिन है तुफानी नदी में नोका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना।

तेजी से बढ़ता हिंसक दौर किसी एक प्रांत का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी बनाया है। अब इसे रोकने के लिए प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। यदि इस आतंकवाद को और अधिक समय मिला तो हम हिंसक वारदातें सुनने और निर्दोष लोगों की लाशें गिनने के इतने आदी हो जायेंगे कि हमारी सोच, भाषा और क्रियाशीलता जड़ीभूत बन जायेंगी। नए समाधान के लिए ठंडा खून और ठंडा विचार नहीं, क्रांतिकारी बदलाव की लगन चाहिए।

सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकंक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठा गया है कि चौराहे पर रखे आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला

भी झूठा सा लगता है। आंखें इस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढती है। कोई भी ऐसी समस्या नहीं है कि जिसका समाधान न खोजा जा सके। हर आफत इसलिए बंधन बन जाती है कि हमें न तो उसे सहना आता है और न उन्हें खोलना आता है। बचाव के लिए हर बार उसे आगे खिसकाते रहते हैं। यह टालने की मनोवृति पलायन है। निर्णय के लिए अदालत में आगे से आगे सरकती तारीखें क्या कभी निर्दोष को सही फैसला दे सकती हैं?

इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह की छवि निजी तौर पर एक ईमानदार व्यक्ति की है, मगर दुर्भाग्य देखिए कि उनका शासनकाल आज भ्रष्टतम सरकार के राज के रूप में जाना जा रहा है, इससे बड़ा इस देश का दुर्भाग्य क्या हो सकता है?

*श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा) इस बार संसद में जो बजट पेश किया गया वह यूपीए का नौंवा बजट था और अगर वित्त मंत्री जी के रूप में पेश किए गए मनमोहन सिंह जी के भी पांच बजट इस सूची में जोड़ लिए जाएं तो यह 15वां बजट था और देश का 82वां बजट था। मैं जानना चाहती हूं कि देश की अर्थव्यवस्था को टिकाऊ, दोहरे अंकों में ले जाने के लिए कितना समय और कितने बजट चाहिए?

सरकार ने उम्मीद जताई है कि जिस महंगाई ने आज देश भर के लोगों को त्रस्त कर रखा है उसे मार्च तक काबू में लाया जा सकेगा - इससे पहले भी वितीय बजट भाषणों में ऐसी घोषणाएं की गई थी। उल्टे महंगाई दिन-प्रतिदिन दो आंकड़ों में बढ़ती ही रही है। संसद में 14 बार महंगाई की चर्चा हो चुकी है लेकिन महंगाई ने फिर भी आज आसमान छू लिया है। महंगे कर्ज से आम जनता से लेकर उद्योग तक सब परेशान हैं। देश की माली अर्थव्यवस्था की हालत के लिए यूपीए 2 जिम्मेदार है। हम यह समझ नहीं पाते कि यह बजट देश की समस्याओं का कैसे सामना कर सकेगा?

आज वर्तमान में देखा जाए तो उच्च राजकोषीय घाटा, कम निवेश - कम बचत, चालू खाता घाटा के वित्त पोषण के लिए विदेशी अंतर्वाहों पर निर्भरता, प्रतिकूल विदेशी स्थितियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था बाधित हो रही है।

यह बजट बाजीगरी का बजट है। ये सरकार चुनौतियों से निपटने का कोई भी ठोस उपाय पेश नहीं कर पाई है। वैश्विक मंदी की आड़ में सरकार अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रही है। सरकार खुद ही स्वीकार नहीं कर रही है कि आर्थिक दुगर्ति है, राजस्व घाटा चरम पर है।

2008-09 में वैश्विक वित्तीय संकट की आड़ में सरकार ने राजनीतिक रोटियां सेकी थी और इसका खामियाजा अर्थव्यवस्था को आज तक भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में आई.एम.एफ. ने अपनी रिपोर्ट में भारत सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का संकट लगभग पूरी तौर से घरेलू कारणों से पैदा हुआ है।

प्रोपर्टी पर लगाया हुआ टैक्स आगामी दिनों में लोगों के लिए अनेक समस्याओं का सृजन करेगा। इस बजट में दी गई राहतों को शर्तो के अधीन बनाया है।

बजट में सरकार ने टीडीएस में खेती की जमीन को रियायतें दी हैं लेकिन ये रियायतें भ्रामक हैं। प्रत्येक राज्य से प्रोपर्टी के लेन-देन में 700 से 800 करोड़ रूपए की जेबकतरी करने वाली योजना है। किस प्रोपर्टी को, कृषि की प्रोपर्टी, कृषि की जमीन गिनी जाए या न गिनी जाए यह स्पष्ट नहीं है।

* Speech was laid on the Table

यह बजट देश की 10 प्रतिशत जनसंख्या को सामने रखकर तैयार किया गया लगता है। खेती में लगे 65 प्रतिशत किसानों की अनदेखी की गई है। यह बजट गरीब व किसान विरोधी है। ग्रीन हाउस के तहत सिर्फ गुजरात के सभी जिलों के किसानों को 50 प्रतिशत सहाय की आपूर्ति आज तक नहीं की गई है।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की राशि में एक पाई भी नहीं बढ़ाई गई है। जबकि इसमें अधिक से अधिक व्यक्तियों को काम देने की बात कही जा रही थी।

देश पर मंडरा रहे आतंकी और उग्रवादी खतरे को अनदेखा किया गया है। सरकार ने बजट में आंतरिक सुरक्षा उपायों की सरासर अनदेखी की है। सरकार आतंकवाद और उग्रवाद की रोकथाम के प्रति चिंतित नहीं है। खुली सीमा पर चौकसी बढ़ाने के लिए सरकार सोचती ही रह जाती है और आतंकी अपना काम कर जाते हैं।

पर्यावरण पर भी कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है। बजट में कहीं भी पर्यावरण की सुरक्षा हेतु कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया।

यह बजट प्रमाणिक और पारदर्शी बजट नहीं है। मात्र सुपर रिच को टारगेट बनाया गया है। इससे ऐसा लगता है कि प्रमाणिक कर दाताओं को अप्रमाणिक बनाने का लालच देने का प्रयास किया गया है।

बजट में 5 लाख से कम आय वाले को सिर्फ 2000 की टैक्स क्रैडिट दी है तो क्या उससे ज्यादा आय वालों को महंगाई परेशान नहीं करती है। आमदनी पर 2 हजार रूपए की छूट दी है अगर इस छूट को अलग करके देखा जाए तो सरकार ने बजट में मध्यम वर्ग को और ज्यादा निचोड़ने का इंतजाम किया है। आयकर 3 लाख तक न हो ऐसी अपेक्षा थी लेकिन यह सिद्ध नहीं हुई है।

यह बजट टैक्स गुगली से भरपूर बजट है। मकान खरीदारी में ढाई लाख की रियायतें शॉर्ट टर्म की है क्योंकि इसमें ज्यों और त्यों का सामना करना पड़ेगा। आयकर धारा की कलम 8 ई.ई. के साथ उनको जोड़ दिया गया है।

महिलाओं की प्रशंसा की गई लेकिन आयकर टैक्स में रियायतों के नाम से कुछ नहीं दिया है। पहले 30,000 हजार रूपए महिलाओं के लिए रियायती प्रावधान वाली बात थी वह लागू नहीं की गई है। यह बजट अर्थनीति वाला कम और राजनीति वाला ज्यादा है क्योंकि देश की आबादी की 60 प्रतिशत महिलाओं में सरकार को वोट बैंक दिखाई देती है। प्रथम महिला बैंक की बातें गलत हैं क्योंकि गुजरात में सेवा और ग्वालियर में महिला बैंक पहले से ही काम कर रही है और 1000 हजार करोड़ देने की बात ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। यह बजट लॉलीपॉप ही है। विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़े, महिलाओं

की रोजगारी बढ़े और सबसे ज्यादा तो यह है कि महिलाओं का ओवर ऑल (ए टू जैड) उनका स्थान और दर्जा बढ़े, ऐसे कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

महिलाओं को महंगाई से कोई निजात मिलती दिखाई नहीं देती है। आधी आबादी की आंखों में धूल झोकने वाला बजट है। निर्भया के नाम पर आबंटन, वह तो कोर्पस फंड है। सालों से डिस्ट्रिक्ट लेबल पर प्रोटैक्शन अफसर की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। महिला बैंक के इतने कम बजट से 60 करोड़ महिलाओं का भला कैसे होगा? गैस सब्सिडी को हटा कर महंगाई से पिस रही महिलाओं को कोई राहत न देकर सरकार ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। महिलाओं के नाम पर सिर्फ तालियां ही बटोरी गई हैं। वास्तव में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले को रोकने के लिए बने कानून को अमल में लाने के लिए जरूरी बजट आबंटन की कोई बात नहीं की गई है।

महिलाओं को त्वरित न्याय मिले उसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट तथा नारी अदालतों का कोई प्रावधान दिखाई नहीं देता। देश भर में रोजाना होने वाली सैंकड़ो वारदातों की महिला पीडितों की कोई बात नहीं की गई है। उनके पुनर्वास और कल्याण की कोई बात नहीं हुई है।

देश भर में महिलाओं पर होते अत्याचार तथा जलने का इलाज करने वाले डाक्टरों की भारी कमी है उनका कोई ठोस उपाय दिखाई नहीं देता। फोरंसिक लैब बढ़ाने की कोई बात नहीं हुई है और कैंसर जैसी घातक बीमारी की जांच एवं इलाज की सुविधा गांव तक भी जाए ऐसा कोई ठोस उपाय नहीं किया गया है।

वित्त मंत्री जी ने कारपोरेट जगत को ज्यादा और महिलाओं को कम तरजीह दी है। कारपोरेट जगत को 68 हजार करोड़ और देश की आधी आबादी को सिर्फ 2200 करोड़ ही दिए हैं। संगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार घट रही है, ठेकेदारी प्रथा से इनके रोजगार छिन रहे रहे हैं परंतु सरकार ने इसे रोकने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं की है।

बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने में यह बजट दूर का सपना बनेगा। प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से उत्पादन औद्योगिक क्षेत्रों में होता है, इसमें से 50 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लधु उद्योग क्षेत्रों में होता है जो रोजगार देने वाला एक जरिया है। उनके लिए वित्त मंत्री ने एक शब्द का भी उच्चारण नहीं किया है। यह निराशाजनक है क्योंकि इससे बेरोजगारी की समस्या यथावत ही रहेगी।

युवाओं के लिए स्किल की बात कही गई है और 10,000 रूपए देने की बात कही है और 10 हजार रूपए देने की बात करके उनको बिना रोजगार, भगवान भरोसे छोड़ दिया है। इससे यह पता चलता है कि यह विजनरी बजट नहीं है। इससे तो युवाओं के साथ क्रूर मसकरी और उपेक्षा की गई है। इससे विवेकानंद जी की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा विकास की बातें खोखली साबित होगी।

केन्द्र सरकार की राज्यों को प्रोत्साहन देने के बजाय अपने-पराये की वोट बैंक की राजनीति इसमें दिखाई देती है जो गुजरात जैसे विकसित राज्यों को निरूत्साहित करने वाली है। राज्यों के लिए इस बजट में कोई नीति दर्शन दिखाई नहीं देता है। इस बजट में वित्त मंत्री जी की नजर न सुधार पर, न विकास पर, सिर्फ चुनाव पर ही दिखाई देती है। इसमें मध्यम वर्ग की घोर उपेक्षा की गई है।

मिडल क्लास खाली हाथ है और बाजार का जो बड़ा हिस्सा है उसकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। जिस मात्रा में महंगाई बढ़ी है इसी मात्रा में रियायतें देने के लिए देश में सिर्फ 42 हजार करोड़पति नहीं हैं, बल्कि 2 लाख से ज्यादा हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि प्रशासन तंत्र कितना निष्फल रहा है। आर्थिक सुधार पर कोई बात नहीं कि गई है, की गई है तो फिर विकास दर कैसे बढ़ेगी।

सीनियर सिटिजन को तो वित्त मंत्री जी ने जेसे भुला ही दिया है। उनको बस 1 लाख से ज्यादा बस्ती वाले शहरों में एफएम रोडियो शुरू करके मनोरंजन के हवाले छोड दिया है। एयर कंडीशन ए.सी. रेस्टोरेंट पर सर्विस डालकर मध्यम वर्गीय लोगों को बाहर का खाना खाने पर विवश कर दिया है।

वित्त मंत्री ने 1 करोड़ से ज्यादा कमाने वाले अमीरों पर 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाया है। इससे सरकार की तिजौरी में 14.2 लाख रूपए आएंगे और इसके बदले में आम आदमी को सिर्फ 2 हजार रूपए का ही फायदा कराया है, वो भी मध्यम वर्ग और नौकरी करने वाले वर्ग की सरासर उपेक्षा की है। मध्यम वर्ग को और नवोदित रिच क्लास को अनिवार्य बचत योजना के तहत लाने का कड़ा कदम उठाने की जरूरत थी, लेकिन ऐसा न हो सका।

कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। कृषि विकास की जड़ पानी होता है उसके तहत नदियों को जोडने की एनडीए एवं सुप्रीम कोर्ट की बात पर गौर नहीं किया जा रहा है। इसके तहत वाटर हारवेस्ट के बारे में गुजरात का मॉडल अपनाया जाना चाहिए। इससे दूसरी हरित क्रांति को देश में लाया जा सकेगा।

छोटे और सीमांत किसानों की ऋण माफी योजना परंपरागत है लेकिन कृषि उत्पादन के बढ़ावे के लिए सिर्फ 1 प्रतिशत का प्रावधान उचित नहीं है।

खेत पैदाईशों का वायदा बाजार (फारवर्ड ट्रेडिंग) पर मिनिमम 1 साल तक प्रतिबंध लगाने का साहस वित्त मंत्री नहीं कर सके हैं । इसमें भी 2014 के चुनाव का भय दिखाई देता है। इसमें गुजरात के मुख्य मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता वाली कमेटी में इसके तहत जो सिफारिशें दी थी उसको सार्वजनिक करने में क्या कठिनाई है। श्वेत क्रांति को बढ़ावा मिल सके इसके लिए भी कुछ प्रावधान नहीं है। साथ ही, नई खनिज नीति पर भी बजट के तहत सरकार की कोई खास सोच सामने नहीं आती।

महंगाई के सामने लड़ने के लिए धारदार शस्त्र इस बजट में दिखाई नहीं देता है। परोक्ष रूप से आम वर्ग की रोजमर्रा की वस्तुओं पर आयकर डाला है। उसको कम करने की और सर्विस चार्ज जो 12.26 प्रतिशत है उसको 10 प्रतिशत तक ले जाने की जरूरत थी।

रक्षा बलों के लिए भी यह बजट घाटे का ही साबित हुआ है। धनराशि का आवंटन करते समय खरीद में देरी और महंगाई की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। रक्षा बजट का सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी केवल 1.79 फीसदी है जबकि हमारे पड़ोसी राज्य चीन का 3.5 फीसदी का बजट है और पाकिस्तान का 4.5 फीसदी है इसके मुकाबले यह बजट रक्षा बजट के लिए 2 फीसदी का इंतजाम करने में भी नाकाम रहा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत पाकिस्तान और चीन की तुलना में राष्ट्रीय जीडीपी के हिसाब से जब रक्षा बजट में हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए, उल्टा इसमें कमी देखी जा रही है।

इस बजट ने हर तबके के लोगों को जोर का झटका दिया है। खाद्य सुरक्षा के लिए सिर्फ 10 हजार करोड़ रूपए का आवंटन करके वित्त मंत्री जी ने गरीबों से कहा है आप लोग इतने साल भूखे रहे तो क्या हुआ, अब पेट भर न सही एक दो कौर खाकर ही अपनी भूख को शांत कर लो। यह बजट प्रतीकात्मक फैसलों से भरा बजट है।

जीडीपी के क्षेत्र में चीन व अन्य राज्यों को देखा जाए तो उनकी जीडीपी 25 फीसदी से भी ज्यादा है और हमारे देश का यह आंकड़ा सिर्फ 16 फीसदी ही है। श्री चिदंबरम जी ने इन्क्लूसिव ग्रोथ बजट को बुरी तरह काट डाला है इससे जो बचत निकली उसी की रोशनी में बजट के आंकड़ो को तैयार किया गया है।

यह बजट आर्थिक विकास के मॉडल को एक श्रद्धांजलि के समान है। जिसने भारत का एक दशक बरबाद कर दिया है।

***श्री नारनभाई काछडिया (अमरेली)** वर्ष 2013-14 के बजट में मध्यम वर्ग के लिये कोई रहम नहीं किया गया। जनसंख्या का एक बड़ा भाग मध्यम वर्ग के परिवार से होते हैं और वे केवल वेतन भोगी होते हैं। उनकी सालाना आय 2 से 5 लाख के बीच में होती है और इस वर्ग के लोगों के लिये कम से कम 3 लाख तक की आय को कर मुक्त रखना चाहिए था, लेकिन इन्कम टैक्स में बहुत मामूली बदलाव ही किया गया है।

10,000 से अधिक वाली आबादी वाले इलाकों में एलआईसी के केन्द्र खोले जायेंगे, ऐसी घोषणा तो की गई हैं, मगर एलआईसी केन्द्र को चलाने के लिए कमचारी भर्ती हेतु रोजगार के प्रावधानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। इतने केन्द्र खोलने के बाद क्या वर्तमान कर्मचारियों से ही काम लिया जायेगा? स्वास्थ्य के प्रसंग में गुजरात के वे क्षेत्र जहां नमक बनाने वाले, न्यूनतम वेतन पर काम करने वाले कारीगरों के बीमा अथवा उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई एलान नहीं किया गया है साथ ही साथ न्यूनतम वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा के संदर्भ में कोई लाभ का भी एलान नहीं किया है।

रेल बजट में महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में जो प्रावधान किया गया है, ऐसा प्रतीत होता है कि वह केवल कागजों तक ही सीमित रहेगा, क्योंकि दिनांक 27.02.2013 को मुजफ्फरनगर की घटना ने सरकार के सभी दावों की पोल खोल दी है।

किसानों के लिए बजट बिलकुल निराधार है। कृषि और मेन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए बजट में राहत की कोई बात नहीं की गई है। इस बजट में सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए कोई विशेष पैकेज का एलान नहीं किया गया। आज देश का एक हिस्सा सूखे की चपेट में है, किसान ने अपना खून-पसीना एक करके साहूकारों, बैंकों से कर्ज लेकर महंगी बीज की बुआई की, लेकिन अनियमित बारिश होने के कारण सारी फसल नष्ट हो गई है और किसान कर्ज के बोझ से दब चुके हैं और इस कर्ज के बोझ को हटाने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने किसी पैकेज का एलान नहीं किया। हरित क्रांति के प्रसंग में छोटे और सीमांत किसानों को भी सूखाग्रस्त क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी गई है।

आम लोग इस बजट से काफी निराश हुए हैं। 25 लाख तक के मकान खरीदने पर जो 1 लाख रूपए की कर्ज में जो रियायत दी गई है, उसका कोई महत्व नहीं है, क्योंकि खास तौर पर जो लोग दिल्ली में रह रहे हैं, तथा इसके समकक्ष शहरों में 25 लाख में एक रुम सैट तक उपलब्ध नहीं है, तो इसका क्या महत्व है? इस बजट में युवा, गरीब तथा आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। इस बजट में महंगाई से छुटकारा मिलने के कोई आसार नहीं हैं। गृहणियों को इस बजट से बहुत आशा थी कि अब

---

* Speech was laid on the Table

रसोई में महंगाई से थोडी निजात जरूर मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और न ही आर्थिक मंदी से बाहर निकलने का कोई विकल्प दिया गया है। पैट्रोल तथा डीजल के भावों को अनियंत्रित करके ढुलाई तथा यातायात के संसाधनों में बढ़ोतरी करके अन्य अनेक साधनों तथा वस्तुओं पर जो महंगाई की मार दी है, वह अत्यंत निदंनीय है। कुल मिलाकर 2013-2014 का यह बजट सभी को निराश करने वाला है, और आम आदमी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। वर्ष 2012-2013 के बजट के प्रावधानों को अभी तक पूरा नहीं किया गया, न ही गुजरात में पीएमजीएसवाई के तहत पूरी सड़के बन नहीं पाई हैं और न ही जवाहरलाल नेहरू शहरी विकास आवास योजना के तहत गरीबों के लिये घर बन पाये हैं और इधर से फिर नये बजट के आंकड़े जनता के सिर पर लाद दिया गया। इस तरह से पिछले कई वर्षो से सरकार जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। केन्द्रीय रेलवे बजट विकास विरोधी है, और यह आम लोगों के ऊपर बढ़ती कीमतों पर बोझ डालने वाला है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, रेलवे बजट में तटीय बंदरगाह रेल कनैक्टविटी और बुनियादी सुविधाओं के बीच स्पष्ट रूप से जरूरी संतुलन का अभाव है। रेलवे राष्ट्र के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और भारत को एक प्रमुख वाणिज्यिक और औद्योगिक मंतव्य के रूप में उभरने की इच्छा है तो अधिक महत्व रेलवे सेवाओं को देना चाहिए। इसके विपरीत अनेकों रेलवे परियोजनाएं लंबित हैं। इस बजट से मुद्रास्फीति होगी। एक ओर रेल मंत्री जनता को गुमराह कर रहे हैं, और दूसरी ओर यूपीए सरकार मूल्य वृद्धि के खतरे पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रही है। इस रेल बजट में अहमदाबाद-मुंबई-पुणे फास्ट ट्रैक बुलेट ट्रेन का कोई जिक्र नहीं है। गुजरात से रेलवे को अधिकतम आय होने के बावजूद गुजरात के लोगों के साथ पिछले नौ वर्षो से घोर अन्याय किया जा रहा है। पिछले वर्ष कच्छ में एक वैगन कारखाने की घोषणा की गई थी और पिछले तीन वर्षो में 57 रेलवे लाइनों के लिए सर्वेक्षण किया गया था, मगर इस बजट में केवल चार रेलवे लाइनों का ही उल्लेख किया गया। हम इस बजट का पूर्ण रूप से विरोध करते हैं।

* **SHRI SHIVARAMA GOUDA (KOPPAL) :** The economy of the country during the tenure of the UPA government has been reduced drastically. Our economy is not in a good position. We should not blame circumstances. On the pretext of deterioration of export, rise in budget deficit and current account deficit, the Government cannot escape its responsibility. The global meltdown did have adverse effect on our economy. So, there were some economic hardships. The Government is making all efforts to show that its GDP is improving. The growth in GDP itself does not signal the betterment of the standard of life. It may be merely an index. It is not the indication of inclusive and sustainable development. The growth should not be confined only to the growth of the GDP. There are some other indicator and monitor of the growth which have not been mentioned here. Here the growth is without jobs, growth without health, growth without education. It is just an eyewash where figures have been fudged. No program is mentioned in the budget with regard to preservation of our cultural and traditional values. If the Government really wants the progress of the country, it should give priority to protect values which have been preserving in our society for centuries.

However, there is a contradiction in economic policies of the Government. There is no clarity in the priorities and objectives of the Government. There are report of various studies which show that a lot of the unrest in the country is because of the fact that development schemes of the Government are creating disturbance in the lives of the common people. In India, we should have suitable mechanism where the poor are taken care of, where not only humans but also their livestock are also given adequate attention. The Government has itself accepted the fact that inflation continues to be on higher side.

Lack of proper storage facility for foodgrains and lack of clear cut policy in this regard are the major contributors to the food inflation. On one hand, farmer is dying and on the other foodgrains are rotting and starvation is rampant. This is not right.

---

* Speech was laid on the Table.

Fiscal deficit has been shown as reduced only by jugglery of figures. Fiscal deficit has been tried to be contained by cutting down on the expenditure of various ministries. The Government also says that they have shown a lot of favor to the Scheduled Castes and other backward people and minorities but I would like to say that only few fortunate ones have got this benefit, but there are a large number of people deprived of such benefits.

I would like to point out that the total number of agricultural laborers and cultivators has been increasing in the country every decade since the year 1951. Similarly, total cropped area has also been increasing over the years. But there are no effective measures to make agriculture sector attractive and remunerative. Our farmers are unable to earn the cost incurred on producing agricultural crops. It is very unfortunate.

Coming to the general budget, this year the government has allocated Rs.27,000 crore for agriculture sector for the year 2013-14. In my opinion it is not a sufficient amount for the development of agriculture. However, merely earmarking some money would not yield the expected result. If we want to ensure an all-round development of agriculture the government has to take some pragmatic steps.

I would like to suggest that there is a need for reorientation of agriculture policy with the objective of improving productivity, profitability and economic viability of farming and also creating employment opportunities in rural non-farm sector. If this is done our agriculture sector would achieve the expected development, otherwise simply allocating fund in the name of a few schemes would never yield any positive result in the present scenario.

As far as subsidy is concerned, I would say that the cost of agriculture inputs is very high and farmers are unable to bear the cost and ultimately they are being forced to take loan from local money lenders to take up their agriculture activates as and when they receive rain. In order to help out farmers, government should come out with suitable mechanism to provide agriculture inputs like

fertilizers, quality seeds and other technological support. And the fixation of minimum support price for different crops should be revised every year keeping in view the cost of inputs, difficulty level to produce an agricultural crop and other factors.

Another point I would like to raise is that the Hon'ble Finance Minister has made an announcement of increasing the agriculture credit to Rs.7 lakh crore at 4% per annum for farmers who repay on time.

I would like to draw the kind attention of the Government on this very particular issue that in our country only 40 percent agricultural land is irrigated. But remaining 60 percent agricultural land is dependent on monsoon. We all are aware that monsoon is very uncertain in our country. Almost more than half of the country is repeatedly affected due to drought and famine. As far as Karnataka is concerned about 150 talukas in 24 districts are affected by drought. Farmers are suffering due to loss of standing crops. This is not only the situation of Karnataka, other states like Maharashtra, Tamil Nadu, Andhara Pradesh, etc. are also facing the same problem. My point is,

1) How the government expect farmer to repay the loan on time when majority of the states are hit by drought and other natural calamities.
2) You have fixed the rate of 4 percent interest per annum to the crop loan of upto Rs.3 lakh.

On this point I would like to say that it is very ridiculous. If a farmer goes to a bank for loan the first question the bank ask is what crop he/she wants to raise and in how many acres he/she does agriculture. Banks have fixed the maximum limit loan to every particular crop. If a farmer wants to produce paddy he/she will be given crop loan of Rs.15 to 20 thousand per acre. For sericulture, ground nut, etc., the amount will be the same. So one has to have more than 10 acres of land to take Rs.3 lakh loan from any bank.

On the other hand, if a farmer wants to grow horticulture crop, irrigation is must. To produce any horticulture crop a farmer has to make arrangement for irrigation facilities and only then he/she can take up horticulture activity. I would like to tell that, it takes a farmer at least 3 years to get a horticulture crop that too it is not possible within 3 lakh rupees.

But you have stated that the interest subvention will be given to only those farmers make repayment on time. I would like to ask the hon'ble Finance Minister that what is the rationale to bring such norms?

It shows the government has taken the decision without understanding the practical difficulties involved in a particular situation. When it comes to small and marginal farmers situation is more worsen. To give crop loan upto Rs.50 thousand banks sought number of security documents.

Even though, a farmer managed to get crop loan at 4 percent interest rate now can he make repayment at the time of drought. So the rate of interest would be going up and up. Finally he has to take loan from private money launderers, to whom he has to pay higher rate of interest.

On the other hand, the government in its reply to a question asked by me on crop loan stated that the banks are instructed not to ask for any surety and other documents to provide loan upto Rs.50,000/- . But I would like to say that this direction is not followed by any bank. Without security document no bank loan is given to farmers that is why such anomalies should be looked into.

Therefore, I urge upon the government to bring an effective and simple mechanism to disburse crop loan to farmers.

Another very important matter I would like to raise is the pollution of rivers in India. Rivers have given birth to our civilizations. But it is very unfortunate that in this technological era we are unable to protect our rivers from the pollution. There is a need to have an important discussion on alarming situation or rivers of the country, particularly of Ganga, Yamuna, Cauvery and Tungabhadra etc., in the House. These rivers are lifeline of the country. It is not a question of potable

water or water for irrigation but it is a question of faith, legacy and culture of the country. Every river has its own story and spiritually. India has 12 major, 46 medium and 14 small river basins. What we have done with our spiritual and social legacy today? I am very pained to say that, today, Tungabhadra, Yamuna have been reduced to a sewer or a gutter. It is a subject of concern. I would like to ask why it is happening. There is no fresh flow of water left in many rivers. This is most serious thing. Even after spending crores of rupees of amount of tax payers, still our rivers are full of Industrial waste and no improvement is seen anywhere. We are seriously concerned in this regard. I would like to urge the government to take some effective measures in this regard.

* **SHRI P.K. BIJU (ALATHUR) :** As usual, accompanied by the ususal excitement, the Union Budget 2013-14 is a hollow promise to the poor people of India. Budget 2013 continues with the tradition of presenting numbers that have no value other than what a short-sighted capital market wants to read into them.

How relevant is the Union Budget 2013-14 to our lives really? If at all it is, in what way is it relevant? These are important questions for every one of us to understand. Government spending money is nothing more than a form of intervention in the otherwise free market. Total capital expenditure according to the 2012-13 RE is as much as 18% less than budgeted and central assistance to state Plans is also 14% less than budgeted. Is it any surprise that growth in 2012-13 slowed so much? Welfare of the people has taken a back seat in contemporary India when it comes to economic planning. Inclusive growth seems to be the mask for executing the growth strategy of exclusion. In the disguise of welfare state it opts for capitalist strategy for development by turning its face away from the very basis commitment-security net of the people. Poor not poverty seems to be the target when it comes to eradication. The Annual Financial Statement 2013-14 falls short on many accounts. The growth rate for the year 2011-12 stood at 6.9% which reveals a gradual decline from the preceding years. The culprit for this is not the primitive occupation.

Much is done on the pretext of increasing fiscal deficit. The Finance Minister has expressed concern about the fiscal deficit whose revised estimate is Rs.5,20,925 crore. But this is lower than the revenue forgone figure of Rs.5,73,630 crore for the corporates. But one may wonder as at what cost that deficit is to make up. Is it by forgoing the welfare objectives of the State or by keeping aside the national priorities of the weaker sections? The revised estimates for 2012-13 show a 4 per cent decline in total expenditure compared to budget estimates of 2012-13 which is indicative of a severe expenditure contraction. Given the overriding obsession expressed by the Finance Minister on keeping

* Speech was laid on the Table.

fiscal deficit at 4.8 per cent of GDP the proposed rise in expenditure in the current year is not likely to materialize in actual terms. While government is concentrating on increasing the GDP, considering it as the sole indicator of development, it was ignoring other related issues like jobs, health care, education and security for the people. In social sectors, such as health and education, the budget proposals are far from what was needed. As proportion to GDP, the budgetary allocation this year in health is less than the allocation as proportion to GDP last year. Similarly, in the case of education, the allocation as proportion to GDP, budget estimate has declined compared to last year's budget estimates. As far as rural development is concerned, figures show similar decline as proportion to GDP. In the tribal sub-plan, the allocation is roughly short of Rs.20,900 crore compared to that mandated in the constitution as proportion to planned expenditure. The special component plan for SCs has more than 50 per cent (Rs.47,000 crores) short fall from the amount mandated by the Constitution.

Even more unrealistic is the huge 33% jump expected in non-tax receipts. Budget 2013 expects Rs.21,000 crore more from communication services and as much as Rs.18,000 crore from dividend payouts from a shrinking public sector and a central bank whose foreign exchange are declining. If these numbers on the revenue side do not materialize will we then see yet another round of ruthless cutbacks in Plan expenditure, capital outlays and plan transfers to states, all in pursuit of the holy grail of a reeducation of the fiscal deficit?

The rise in the subsidies in food in the context of much touted food security is only miniscule. The Finance Minister announced an additional allocation of Rs.10,000 crore. Last year food subsidy was Rs.5,000 crore less as reflected in revised estimates of 2012-13. Therefore, the budget actually proposes an increase of a mere Rs.5,000 crore. There has been a sharp decline in petroleum subsidy by more than Rs.30,000 crore compared to last year's revised estimate which would hugely burden people and cause further inflationary pressures. There has not been any additional allocation on MNERGA compared to the previous year despite the

fact of rising unemployment in the backdrop of an economic slowdown. The government on the other hand proposes disinvestments of the public sector to the tune of Rs.50,000 crore.

Total subsidies declined compared to last year's revised estimate by about Rs.26,571 crore. This will lead to continuation of the tight liquidity situation that the fertilizer companies have faced in the recent past. The spillover would also lead to part of the budgeted subsidy for 2013-14 being utilized to pay the subsidy commitment of 2012-13. Consequently, the budgeted subsidy for 2013-14 is likely to be lower even if the government announces a 15-25% lower subsidy for phosphorus and potassium nutrients for 2013-14 as is expected and is likely to lead to a further spillover to 2014-15. Sharp increase in domestic gas prices, if any, will call for additional subsidy, while upward revision in urea prices will lower the backlog amount to some extent. Again, the education sector received at 17 per cent jump with an allocation Rs.65,867 crore for 2013-14 fiscal, but actually it is an eye wash since it is based on the reverse estimate and little to meet the goals . With the RTE deadline coming to an end on March 31 for fulfilling all provisions, how this little increase can meet the demands.

The 'mool mantra' of Budget 2013 is inclusive and sustainable development, says the FM. But the fact is, there is no substance in the Budget which tells us how the directions of growth will be environmentally sound. Instead, the FM talks about the Cabinet Committee on Investment, which has been set up to fast-track clearances. There is no indication in the speech that this drive for investment will be cognizant of the need for sustainability and will strengthen, not weaken, the regulatory system that governs green clearances. But as the 12th Plan draft document suggests, there is a strong case for reform in the implementation of the programme. It would have been good if the Finance Minister had demanded more effective working as he provided more money. The crippling drought in Maharashtra tells us that these funds are not used for what

they are provided-building ecological assets to regenerate village economies and provide water security.

The 'mool mantra' of our Hon'ble Minister seems to be misplaced. The empirical facts emerging from the government sources reveal that the number of holding in the marginal and small category has increased between 2005-06 and 2011-12. Operational holdings in these categories joined together stands at around 83.6% (2011-12). The same is true when it comes to the situation of Scheduled Caste' (SC) and Scheduled Tribes (ST). How the so called equity is attained when its most important resources, its people, find it difficult to sustain on day-to-day basis? Hon'ble Minister has missed the point that money is the means and not the end in itself.

Kerala is totally disappointed with the Union Budget 2013-14. No new project has been announced for Kerala in the budget. The allocations for its ongoing projects were meager. When a decision was taken to set up new two ports in Andhra Pradesh and Bengal, the dream project of Trivandrum-Vizhinjam project went ignored with no fund allotted. IIT – a long term need of the state got ignored in Chidambaram's budget. 21 projects for development of inland water transport sector were proposed by the Governmnet of Kerala under Centrally sponsored scheme. Nothing has been done for this in the current budget. Industry in Kerala also disappointed with Budget.

I conclude with the strong conviction that the present budget has overlooked the dire needs of the poor in our country and it is anti-people and directionless.

***डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में आर्थिक स्थिति डगमगा गई है । वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है वह बजट सिर्फ शब्दों की बाजीगरी है, मगर उसमें न तो गरीबों की, न तो किसानों की और न तो मध्यम वर्ग के लिए कोई प्रावधान किया गया है ।

आज देश की आर्थिक हालत चिंताजनक है । ऐसे दौरे में वित्त मंत्री जी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर फिर से लाने की एक बड़ी कोशिश में चूक हो गई हैं । देश की मुद्रा स्थिति कमजोर हो गई है और देश का जीडीपी कम हो गया है ।

2012-13 के ईकोनोमिक्स सर्वे में राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.3% और 2013-14 में 4.8% लाने की बात की गई है । मुझे आश्चर्य होता है कि इस बजट में वित्त मंत्री जी ने राजकोषीय घाटे को कम करने पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए है । पूरे देश में एक करोड़ से ज्यादा करदाता का आकलन, सिर्फ 42,800 लोग बताए गए हैं । मैं समझता हूं कि ये आकलन एक मजाक है । मैं दावे के साथ कहता हूं कि ये आंकड़ा अकेले दिल्ली में ही पांच से दस गुना हो सकता है और पूरे देश में टिप ऑफ आईसबर्ग के समान है ।

अगर वित्त मंत्री जी ने एक करोड़ रिटर्न फाईल करने वाले का सही आंकलन के लिए प्रयास किए होते तो राजस्व घाटा कम करने में कारगर होता । उन 42,800 करोड़ से ऊपर रिटर्न फाईल करने वाले धनिकों पर वित्त मंत्री जी ज्यादा ही महेरबान हुए है और उनको सिर्फ एक साल तक 10% अधिभार लगाया गया है । मेरा मानना है कि राजकोषीय खाद्य घटाने की अगर राजकीय इच्छाशक्ति होती तो अपर रेश्यो स्लेब 30% बढ़ाकर 35% करना जरूरी था । धनिकों के लाभ में ही ये बजट है । ऐसा लगता है ।

आम आदमी की दुहाई देने वाली इस सरकार ने उनके कर में उनका मजाब उड़ाते हुए सिर्फ 2000 रूपये का मामूली ईजाफा दिया है ।

मैं बताना चाहता हूं कि पूरे देश में ऑनेस्टली आयकर का भुगतान कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है । छठे पगारपंच एवं महंगाई की बजट से सभी कर्मचारियों का वेतन बढ़ा है । आज के दौर में क्लॉस डी कर्मचारियों की आय भी टैक्सेबल हुई है । ये सब कर्मचारियों को कर में कुछ ठोस छूट देने के बजाय, वित्त मंत्री जी ने आम आदमी के साथ विश्वासघात किया है और उनके साथ क्रूर मजाक किया है ।

---

* Speech was laid on the Table

वित्त मंत्री जी ने बजट में तीन बचन दिए हैं । महिलाएं, युवा और गरीबों के लिए वचन दिया है । वो सिर्फ भ्रामक और चुनावी एजेंडा का एक भाग ही है ।

ये तीनों तीन मुद्दे, गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने किए प्रभावी विकास के मुद्दे की सिर्फ नकल है । फर्क इतना हे कि गुजरात में मुख्यमंत्री जी की ठोस इच्छाशक्ति है, मगर यहां खाली हाथ, खोखले वायदे और राजकीय इच्छाशक्ति का अभाव है । गुजरात में महिला सशक्तिकरण, विवेकानंद जी की 150वीं जन्म जयंती के तहत युवाओं के लिए नए अवसर और 1000 गरीब कल्याण मेलों के तहत गरीबी दूर करने के ठोस परिणाम लक्षी प्रयास हुए है ।

दलितों एवं वनवासियों के लिए कोई ठोस आवंटन नहीं है । मेरी मांग है कि उनकी जनसंख्या के हिसाब से बजट में आवंटन होना चाहिए ।

किसानों के लिए सिर्फ खोखले वायदे हैं । वित्त मंत्री जी ने जनसंख्या के आधार पर 10000 से ऊपर वाले तीन प्रकार के शहरों की परिभाषा तय की है और उनमें दो किमी. से लेकर 10 किमी. तक की कृषि जमीन पर एक फीसदी वेल्थ टैक्स लगाया है । इसकी बजट से आज के दौर में कृषि की जमीनों का मूल्य लाखों और करोड़ों तक पहुंच गया है । वित्त मंत्री जी इस योजना से किसानों को चाहे उपज हो या फिर सूखा हो, फिर भी वेल्थ टैक्स के रूप में लाखों रूपयों का भुगतान करना पड़ेगा । ये कृषि के विरोधी निर्णय है उसे वापिस ही लेना पड़ेगा ।

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): माननीय सभापति जी, बजट पेश होने से पहले इस पूरे देश में हर मोर्चे पर लगभग पिछड़ चुकी या फेल कह लीजिए, यह सरकार जो आने वाले वर्ष में, जो चुनावी वर्ष कहा जा रहा है, बजट पेश होने से पहले जो इस देश में चुनावी बजट से लोक सभा चुनाव की आहट का जो अंदाजा था, बजट पेश होने के बाद पूरे देश में एक निराशा का भाव पैदा हो गया है। लोगों के मन में, इस देश का जो बेबस, लाचार था, उसका ख्याल है और मैं इस बात को इसलिए कह रहा हूं कि कभी जिन्होंने अपना जो फ्लैगशिप प्रोग्राम गिव एण्ड टेक के आधार पर बनाया था कि जो कैश सीधे खाते में ट्रांसफर करेंगे, इससे इस देश के जो गरीब लोग थे, किसान, मजदूर, नौजवान थे, वे काफी आशान्वित थे कि शायद हमारे लिए इस बजट में बहुत कुछ मिलेगा। लेकिन हुआ क्या, खोदा पहाड़, निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। आज पूरा देश, जो जी.डी.पी. का आंकड़ा है, बहुत सारे हमारे विद्वान, अर्थशास्त्री इस पर बहुत चर्चा करते हैं, आज पूरा देश जी.डी.पी. के आंकड़ों में उलझ गया है। इस देश का भला मेरी समझ से तो तब तक नहीं हो पाएगा, जब तक देश में रहने वाला गरीब, किसान, नौजवान, जी.डी.पी. क्या चीज़ है, मैं समझता हूं कि सदन में लोग जानते होंगे, लेकिन जिनका हम प्रतिनिधित्व करते हैं, जो चुनकर हमें भेजते हैं, वे बेचारे जो किसान हैं, गरीब हैं, बुनकर-नौजवान हैं, वे जी.डी.पी. क्या है, नहीं जानते, क्योंकि, पूरे भाषण में जो अंग्रेजी का शब्द है, इसका मतलब नहीं समझ पाते, इसलिए मैं कहता हूं वित्त मंत्री जी, इस देश का भला तब तक नहीं हो सकता, जब तक आम लोग भी इस जी.डी.पी. का मायने नहीं समझ पाएंगे।

इसके लिए हमें मूल चीज़ क्या करना चाहिए, यह आप भलीभांति जानते हैं, लेकिन जो आपका बजट भाषण है, उसमें आपका जो मूल मंत्र है, हमारा लक्ष्य समावेशी और स्थायी विकास के साथ उच्च वृद्धि दर को हासिल करना है, यही मूल मंत्र है। माननीय वित्त मंत्री जी, यह मूल मंत्र आपका आज कोई नया नहीं है। यह पुराना मूल मंत्र आपका है, इस देश से गरीबी भगाने और गरीबी हटाने का। आजादी से लेकर अब तक, मैं समझता हूं कि सबसे ज्यादा आपकी पार्टी ने इस देश पर शासन किया है। आज इतने दिन तक शासन करने के बाद जो मूल मंत्र है, वह मूल मंत्र जो कभी आपका संकल्प रहा होगा, सोच और सपना रहा होगा, आज पूरे देश में कहीं दिखाई नहीं देता। आज इस देश में वह जो आपका मूल मंत्र था कि सब को बराबरी का हक मिलेगा, आज इस देश में लगता है कि दो देश खड़े हो गये हैं, एक इंडिया और एक भारत। इंडिया में रहने वाले वे लोग, जो बड़े-बड़े उद्योगपति, पूंजीपति हैं और भारत में रहने वाला वह गरीब, जो किसान है, बुनकर है, नौजवान है, जो गांवों में, गलियों में, झोंपड़ियों में रहता है। आज जिसे भरपेट भोजन नहीं, रहने को मकान नहीं, पहनने को कपड़ा नहीं मिलता है और सबसे ज्यादा दुख तो तब

होता है, जब इस मुल्क में वह, जो सोच रही होगी, इस देश में इन्सान और इन्सानियत की बहाली के लिए, दुर्भाग्य है कि आज भी इस मुल्क में रहने वाले ऐसे इन्सान हैं, जिन्हें जानवर की तरह समझा जाता है। हमारे साथी कह रहे थे, यह सही है कि आज इस देश में रहने वाले ऐसे गरीब हैं, जो गरीब हैं, पत्तल बनाते हैं, छोटे-छोटे काम करके अपनी जीविका चलाते हैं। मैं तो जानता हूं, ऐसे भी गरीब हमारे क्षेत्र में रहने वाले हैं, जो मुसहर बिरादरी के भी लोग हैं, जो आदिवासी हैं। जो पत्तल बनाते हैं, पत्तल बनाने के बाद उन्हें दूसरे लोगों के साथ बैठने का अधिकार नहीं है, खाना तो दूर की बात है। वित्त मंत्री जी, हमें इस पर विचार करना होगा कि जो ट्राइबल के लोग हैं, उनके बनाये हुए पत्तल में तो बड़े लोग खा लेते हैं, लेकिन खाना खाने के बाद बड़े लोग पत्तल में बची हुयी रोटी को फेंकते हैं, जिस पत्तल की रोटी को लेने के लिए कुत्ता दौड़ता है, उसी रोटी को लेने के लिए गरीब आदिवासी दौड़ता है। आज इंसान और जानवर में फर्क कहां है? यह शोषण है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, आज अमीर, अमीर हो रहा है और गरीब, गरीब हो रहा है। आपके जो तीन वचन थे, उनको मैंने देखा। आपने किसानों के लिए बहुत कहा ...(व्यवधान) देश में जो बढ़ती जनसंख्या है, सबको रोजगार के अवसर मिलने चाहिए, तीन वचन में यूथ पर बहुत चर्चा हो रही है। आपने तीन वचन दे दिए, मुझे लगा कि तीन वचन वे हैं, जिनको पूरा करना चाहिए, पूरे होते थे, लेकिन वे तीन वचन, नौजवानों को रोजगार मिलना चाहिए, आज पूरी तरीके से बजट में इसका अभाव है। जो कृषि का क्षेत्र है, जो सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराता है, उसके लिए आपने कितना पैसा दिया है? यह पूरा देश जानता है।

माननीय सभापति महोदय जी, मैं जरूर चाहूंगा कि रोजगार के सृजन की एक बहुत बड़ी चुनौती इस देश में है, उस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा का भी बहुत बड़ा विषय है। हम कृषि के लिए कम, लेकिन मशीनरी उत्पादन के लिए ज्यादा चिंतित हैं। मशीनरी का उत्पादन इस मुल्क में घट जाए, उसकी चिंता नहीं है, लेकिन वित्त मंत्री जी जिस दिन किसान का उत्पादन घट जाएगा, यह देश भुखमरी के कगार पर चला जाएगा। इसलिए किसानों की तरफ बहुत ध्यान देने की जरूरत है।

कल मेरे साथी कह रहे थे कि मिनिमम सपोर्ट प्राइज को दोगुना कर दिया गया है। आप इसे दोगुना करके अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। क्या आपने देखा कि इस देश में महंगाई का आलम क्या है, खाद की कीमत कितनी बढ़ गयी, बिजली का रेट कितना बढ़ गया? आपने डीजल पर सब्सिडी खत्म की, बीज का रेट, खाद का रेट, पानी का रेट बहुत बढ़ गया है। इसके मुकाबले आपने कहां एमएसपी बढ़ायी है? वित्त मंत्री जी, मैं कहना चाहूंगा कि एक तरफ आप डेफीसिट कम करने का प्रयास कर रहे हैं, आज किसान की तरफ कोई ध्यान नहीं है। जो सब्सिडी 96 हजार करोड़ रूपए थी, उसे आपने 65 हजार करोड़ रूपए कर दिया। माननीय वित्त मंत्री जी, आपने क्या ध्यान दिया जो सब्सिडी कम कर रहे हैं? जो टैक्स

एग्जंप्शन है, जहां टैक्स को बढ़ाना चाहिए, आप उस क्षेत्र में क्या कर रहे हैं? मैं आपका ही एक उदाहरण पढ़ना चाहता हूं। आपका पूरा बजट लगभग 16 लाख करोड़ रूपए का है। आपने जो टैक्स एग्जंप्ट किया, इसका आपके पास लेखा-जोखा है। वित्त मंत्री जी का पूरा का पूरा फोकस देश के गरीब किसान पर नहीं, बुनकर नौजवान पर नहीं, बल्कि देश में जो पूंजीपति हैं, उनकी चिंता आपको ज्यादा है और गांव का जो गरीब किसान है, उसकी चिंता कम है। माननीय मंत्री जी, मैं आपका ही बयान पढ़ना चाहता हूं, जो 12 फरवरी, 2007 का है। अभी आपने जो टैक्स में एग्जंप्ट किया, पांच लाख करोड़ से ज्यादा का है। आपने वर्ष 2007 में कहा था, 'Subsidies for poor should continue; exemption for rich scrapped'. जो सब्सिडी गरीबों को दी जानी चाहिए, गरीबो के लिए इसे कंटीन्यू करनी चाहिए, और टैक्स एग्जेम्पशन को रोकना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री जी का भी बयान है। आठ जनवरी, 2007 को, प्रधानमंत्री ने फिक्की के वार्षिक बैठक में कहा है कि 'In the long run, we should not have too many tax exemptions.' यह माननीय प्रधानमंत्री जी का कहा हूआ है और आप दोनों लोगों का बयान है। लेकिन, आज क्या हो रहा है? आज ठीक इसका उल्टा हो रहा है। आपको टैक्स नेट को बढ़ाना चाहिए, आप उनको छूट देते जा रहे हैं। उसमें से आप 20 परसेंट भी कम कर देते तो मेरी समझ से इस देश में लाखों करोड़ों की सब्सिडी घटा रहे हैं, आज गरीबों और किसानों पर महंगाई का जो बोझ लाद रहे हैं, उससे आपको छुटकारा मिल सकता था।

माननीय वित्तमंत्री जी इच्छा शक्ति की कमी की वजह से मैं समझता हूं कि यह सब हो रहा है। मैं इच्छा शक्ति का उदाहरण भी देना चाहता हूं कि वर्ष 2007 में बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकार थी। बहन मायावती जी हमारी मुख्यमंत्री थीं। सत्ता में आने के बाद जो फिसकल डेफिसिट 4 परसेंट था, वर्ष 2012 में घट कर 2.9 हो गया। वर्ष 2007 में, जीडीपी का जो 43 परसेंट था उसे उन्होंने कम कर के 32 परसेंट पर ला कर दिखा दिया। यह क्यों हुआ? यह इच्छा शक्ति की कमी थी और रेवेन्यू बजट सरप्लस था। यह इसलिए हुआ कि पूंजितियों का जो एग्जेम्पशन था, वह नही दिया। उन्होंने कर्जे को कम कर के, गरीब की भलाई के लिए काम शुरु कर दिया। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, मैं आप से जरूर चाहूंगा कि जिस किसान की बात बड़े पैमाने पर हो रही थी, आप ने सात लाख करोड़ की बात कही है। जो क्रेडिट आपने दिखाया है। आपका एक बयान है। आज वह किसान जो गेहूं, चावल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आलू पैदा करता है, आज आप के गोदाम में अनाज सड़ रहे हैं। उनके रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। वह किसान जब गेहूं, चावल पैदा करता है तो उसके खरीदार नहीं होते हैं। किसान औने-पौने दाम में अपने लोकल मंडी में फसल बेचने को मजबूर हो जाते हैं। आज उत्तर प्रदेश में धान का जो उत्पादन हुआ, मैं नहीं समझता कि

इसकी कमी से उत्तर प्रदेश और भारत सरकार किसानों से कौन सी दुश्मनी निकाल रहे हैं। यह मुझे पता नहीं है। आज कोई उनकी धान खरीदने वाला नहीं है। यह जो किसान है जिनके पास गोदाम नहीं है। मैंने पिछली बार भी कहा था कि मनरेगा पर बहुत सारे सवाल खड़े हो रहे हैं, जो मनरेगा का पैसा है उस पर ब्लॉक स्तर पर, माननीय वित्त मंत्री जी आप तो विद्वान अर्थशास्त्री हैं, अगर इसकी दुरुपयोग की कहीं संभावना बनती है, तो आपके पास गोदाम नहीं है। गोदाम में भी अनाज सड़ रहे हैं तो यदि ब्लॉक स्तर पर पैसे का सदुपयोग चाहते हैं, अगर गोदाम बन जाता तो मैं समझता हूं कि पांच-दस किलोमीटर रेडियस में रहने वाले जो किसान हैं उन किसानों के अनाज को सड़ने से बचाया जा सकता है। लेकिन आप ऐसा नहीं कर रहे हैं।

वित्त मंत्री जी, आपने तीन वचन - महिला, युवा और गरीब व्यक्ति को दिए हैं। मुझे व्यक्तिगत रूप से यह शब्द अच्छा नहीं लगा। मैं समझता हूं कि मेरी तरह इस देश में तमाम गरीब, बेबस और लाचार लोग हैं। तीसरा रूप गरीब व्यक्ति का है जो छोटी सी सहायता जैसे छात्रवृत्ति, भत्ते, सब्सिडी अथवा पेंशन के लिए सरकार की ओर देखता है। ऐसी हालत क्यों हुई। देश में रहने वाले गरीब व्यक्तियों की संख्या बड़े पैमाने पर है। वे आज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं कि हमारे लिए वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में इस तरह का शब्द लिखा है कि सरकार की तरफ टकटकी लगाकर देख रहा है कि हमें भी कुछ मिलेगा। मैं इससे व्यक्तिगत रूप से आहत हूं। आप काफी समय से सरकार में हैं तो आज ये हालात क्यों पैदा हुए। गरीब, किसान मेहनतकश है और पसीना बहाकर, खेती में काम करके आप तक अनाज पहुंचाता है। वह खुद भूखे पेट सोने पर मजबूर हो जाता है। आपको उन गरीब लोगों की तरफ देखने की जरूरत है। आपने बहुत कुछ किया, एससी, एसटी के लिए काफी पैसा दिया। अपने बजट भाषण में उनके लिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक का समावेश किया। इस देश में ओबीसी भी बड़े पैमाने पर रहते हैं। आपने एक बार भी उनका नाम लेना उचित नहीं समझा। आपके बजट भाषण में यह स्पष्ट नहीं है कि ओबीसी के लोगों को क्या दिया। ...(व्यवधान) हम हर समाज की बात करते हैं। जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी, तब हमने हर समाज के लिए, ओबीसी के लिए भी कार्य किया। जब से मंडल कमीशन लागू हुआ, जिनका आरक्षण पूरा नहीं हो पाया था, जब बहन मायावती मुख्य मंत्री थीं तब ओबीसी का बैकलॉग पूरा किया गया। उनके लिए तमाम योजनाएं चलाई गईं। गरीब बच्चे जिनका पैसे के अभाव में इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज में एडमिशन नहीं हो पाता था, वह भी इंजीनियर, डाक्टर बनें, इसके लिए उन्हें सरकारी खजाने से लाखों रुपये की मदद दी जाती थी। आप कह रहे हैं कि एससी,एसटी का पैसा दूसरे मद में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। आपने यह कौन सी बड़ी बात कर दी। जब पैसा उनके लिए आवंटित है तो उसे दूसरे मद में खर्च करने का सवाल कहां पैदा होता है। लेकिन आपके मन में कहीं न कहीं शंका है कि कहीं अधिकारी गड़बड़

न कर दें, क्योंकि पहले जो पैसा एससी,एसटी के डैवलपमैंट के लिए दिया गया था, उसे आपने सीडब्ल्यूजी में खर्च कर दिया। मैं उस पर चर्चा नहीं करना चाहता। माननीय वित्त मंत्री जी को यही आशंका रही होगी।

आप कह रहे हैं कि एफडीआई, एएफआई या विदेशी वाणिज्यिक उधार पर निर्भर हैं। हम कहां कह रहे हैं कि आप एफडीआई मत लाइए। आप पावर सैक्टर, पेट्रोलियम, सर्फेस ट्रांसपोर्ट में एफडीआई लाइए। आप परचून बेचने वाले के लिए एफडीआई ला रहे हैं, सब्जी बेचने वाले पर ला रहे हैं, किराने की दुकान में एफडीआई ला रहे हैं। यह कहना कि इसका स्वागत करने के अलावा हमारे पास कोई रास्ता नहीं है, इस मुल्क का दुर्भाग्य है। जिस भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, इस मुल्क में अंग्रेज मसाले का व्यापार करने आए थे। उनके यहां से लूटकर जाने के बाद भी तब की जीडीपी बहुत ऊपर थी। आज हम कहां खड़े हैं।

वित्त मंत्री जी, आज विदेशी ताकतें, दुनिया के तमाम मुल्क जो भारत की तरफ देख रहे थे, आज हम उनकी तरफ टकटकी लगाये देख रहे हैं कि शायद कुछ इन्वेस्टर्स आयेंगे, शायद हमें बचायेंगे। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आपका जो कर्ज माफी का फ्लैगशिप प्रोग्राम था, वह बहुत महत्वपूर्ण था। आपने वर्ष 2008 में 52 हजार करोड़ रुपये की ऋण माफी की योजना लागू की थी। किसानों को राहत देने के नाम पर आज उसकी हालत क्या है, सीएजी की रिपोर्ट उसकी गवाह है। जो जरूरतमंद किसान थे, वे आज उससे वंचित हो गये। मैं कहना चाहता हूं कि हम किसान हैं और बहुत पिछड़े इलाके से आते हैं। जो ईमानदार, गरीब, छोटे-छोटे सीमांत किसान थे, जिन्होंने छोटे लोन लिए और ईमानदारी से उन्होंने बैंकों का कुछ पैसा भी दे दिया। जिन लोगों के लिए आपने योजना बनायी, उनका ऋण माफ नहीं हुआ। जो किसान यह नीयत बना चुके थे कि ऋण लेने के बाद हमे यह ऋण वापस नहीं देना है, उन्हीं के लिए यह योजना बनायी गयी। इसलिए हमें इस तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है।

वित्त मंत्री जी, आप किसानों की बात करते हैं, सिंचाई और बाढ़ की बात करते हैं। आपने पूरे देश की सिंचाई और बाढ़ राहत के लिए केवल 698 करोड़ रुपये दिये हैं। इतने बड़े देश में बाढ़ राहत के लिए आपने जो 698 करोड़ रुपये दिये हैं, वह काफी नहीं है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र, जो सबसे पिछड़ा इलाका है, वहां से आता हूं। चाहे गोरखपुर मंडल हो, आजमगढ़ मंडल हो या बस्ती हो, उधर का जो भी इलाका है, वह बाढ़ से प्रभावित है। उनके लिए आज तक कोई परमानेंट उपाय नहीं किया गया है। हमारा कहना है कि यह पैसा एक प्रदेश के लिए बहुत कम है। आपने बाढ़ के नाम पर सिर्फ 698 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, मैं समझता हूं कि इसे बढ़ाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री जी, आपने मनरेगा की बात कही। आप किस तरीके से उलट-फेर करते हैं? आपने 33 हजार करोड़ रुपये का जो एलोकेशन दिया था, उसमें से 29 हजार करोड़ रुपये ही खर्च हुए और 4 हजार

करोड़ रुपये बच गये। आप कह रहे हैं कि इस बार हमने फिर 33 हजार करोड़ रुपये दिए हैं और इस स्कीम में 4 हजार करोड़ रुपये ज्यादा दिये गये हैं। हमारा कहना है कि उसमें 4 हजार करोड़ रुपये कम खर्च हुए। पहले जितना पैसा दिया गया था, उतना ही अभी दिया गया है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी हमें उलझाने की जरूरत नहीं है।

13.58 hrs. (Mr. Deputy Speaker *in the Chair*)

वित्त मंत्री जी, मैं बुनकर इलाके से आता हूं। पूरा पूर्वांचल चाहे बनारस हो, मऊ, जो हमारे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय है, वहां बड़े पैमाने पर बुनकर रहते हैं। कई बार इस संबंध में हाउस में भी चर्चा हुई है। चाहे भदोही हो, बनारस हो, टांडा, फैजाबाद, गोरखपुर हो, आजमगढ़ का बुनकर, मुबारकपुर जहां की बनारसी साड़ी पूरी दुनिया में मशहूर है। ...(व्यवधान) इलाहाबाद, मऊ आदि है। आपने बुनकरों के लिए क्या किया है? इस देश में एग्रीकल्चर सैक्टर के बाद बुनकरों की संख्या सबसे ज्यादा है। आपने टैक्सटाइल मिनिस्ट्री में बुनकरों के लिए जो बजट दिया है, उसे 30 परसेंट कम कर दिया।

माननीय वित्त मंत्री जी, इस देश का बुनकर आपसे या इस सरकार से कैसे आशा करेगा कि यह सरकार इस देश के बुनकरों की हिफाजत के लिए, उनकी बदहाली के लिए कुछ करेगी? आज आपने खासकर हैंडलूम सैक्टर में सिल्क पर ड्यूटी बढ़ा दी। पिछली बार जो ड्यूटी 5 परसेंट थी, उसे आपने 15 परसेंट कर दिया है। इससे यह संदेश जाता है कि यह जो मरकजी हुकूमत है, वह इस देश के बुनकरों के हित के लिए नहीं है। देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों के पास इस देश के 15 लाख करोड़ से लेकर 23 लाख करोड़ रुपये टैक्स एग्जम्पशन्स के रूप में हैं।

14.00 hrs.

माननीय वित्त मंत्री जी, हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले साथियों के बारे में मैंने कई बार कहा था। आपने पहली बार में यार्ड सप्लाई स्कीम के लिए 350 करोड़ रु. दिये थे। इस बार आपने केवल 96 करोड़ रु. दिये हैं। आप कहते हैं कि हैंडलूम सेक्टर में हम उन्हें आगे ले जाएंगे। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हैंडलूम सेक्टर में रहने वाले देश के बुनकर, जो अपने शारीरिक श्रम को बचाने के लिए यदि 25 एम्पीयर का मोटर लगा लेते हैं, तो उसे पावरलूम की परिभाषा में शामिल करके, हाथ से काम करने वाले बुनकरों के साथ आपने धोखा किया है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि ऐसे बुनकरों के लिए आपको कुछ करने की जरूरत है। 96 प्रतिशत बुनकर, जो हाथ से काम करते हैं, केवल शारीरिक श्रम से बचने के लिए जो जुगाड़ लूम चलाते हैं, इसे हथकरघा की परिभाषा में शामिल करके, जो केन्द्रीय

सरकार से मदद मिलती है, उससे उनके पलायन को रोकने के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास करना चाहिए।

माननीय वित्त मंत्री जी, इन्हीं सारे शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि जो देश के किसान हैं, नौजवान हैं, खासकर मुसलमान, जो अल्पसंख्यक बिरादरी के लोग हैं, उनकी बेहतरी के लिए, उनकी बेहबूदी के लिए आप बहुत कुछ काम करते हैं। उनके लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रोग्राम चलाये। जो मल्टीसेक्टोरल एसडीपी का प्रोग्राम था, उन्हें आपने आज तक पूरा नहीं किया। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी आज मैं चाहूंगा, हमारी जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी, जहां उनके जान-माल की सुरक्षा थी, उनकी बेहबूदी-बेहतरी के लिए उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बहन मायावती जी ने उनके लिए अरबी-उर्दू कालेज से लेकर उनके हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में उनकी बेहतरी के लिए काम किया। गन्ने की जहां तक बात है, उसमें भी पुराने जमाने का बकाया, जो पांच सौ करोड़ रु. से ज्यादा था, जब हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में थी, सारे किसानों का बकाया हमने अपने संसाधन से उन्हें देने का काम किया है।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री दारा सिंह चौहान : इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, मैं आपसे जरूर अनुरोध करना चाहूंगा कि यदि आप इस देश से गैर-बराबरी को खत्म करना चाहते हैं, सामाजिक गैर-बराबरी को दूर करना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से देश में रहने वाले जो किसान हैं, नौजवान हैं, उनकी बेहतरी और विकास के लिए आपको और कुछ राशि आवंटित करने की जरूरत है।

* **SHRIMATI PRIYA DUTT (MUMBAI NORTH-CENTRAL) :** I would like to appreciate the efforts of the Hon'ble Minister to have presented a very balanced and prudent budget in the present scenario in which we are facing many economic challenges. The efforts on the part of the Hon'ble Minister in trying to get back to potential growth rate of 8 percent which is the biggest challenge facing our country is very clear, as he says with conviction that we have done it before and will do it again.

He has created a road map of optimism stating that higher growth leading to inclusive and sustainable development is to be the *mool mantra* without any compromise on our social schemes and encouraging inclusive growth.

His emphasis on economic welfare is clearly drawn out with focus on opportunity, education, health, women and children.

The 2 most important pillars of a developing nation are health and education. If we can provide affordable and quality healthcare to the people of our country we can ensure a robust, healthy and productive population. In this context, I would like to begin by saying that private health providers are responsible for delivering nearly 80 percent of tertiary healthcare in India. Unfortunately, heart disease, cancer, neurological disorders, kidney problems and many other are becoming extremely expensive for the common man; many times the poor patients just give up or lose their life's earning in getting the treatment. The situation on ground is pitiable that people lose their lives and loved ones only due to lack of funds.

To encourage private participation in quality healthcare to poor patients there is a need to give the necessary incentives to them, one such measure is to remove the import duties on expensive medical equipment's, most of which are not manufactured in India. Such as MRI, dialysis machines, CT, Cathlab, Linear accelerator, these equipments account for 75% of total cost of all medical equipments in setting up the hospital. This will encourage even the private

* Speech was laid on the Table.

बिजली संकट को दूर करने के लिए इस बजट में कुछ नहीं किया है बिजली देश का एक ऐसा बुनियादी ढांचा है जिससे उद्योग को उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलती है और कृषि को सिंचित करने में योगदान मिलता है। पीक टाइम में 9 प्रतिशत बिजली की कमी को दूर करने का प्रयास नहीं किया गया है । बिजली आज खस्ता हाल में है। ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के पिछले साल में 4410 करोड़ की तुलना मेंइस साल 4041 करोड दिया है। इससे क्या हम जिन गांवों में बिजली नहीं है वहां बिजली पहुंचा पायेंगे? ऊर्जा की आवश्यकता और इसकी उपलब्धता में अंतर बढ़ता जा रहा है, जो देश के विकास को चोट पहुंचायेगा। 2007 में वन अधिकार कानून बनने से यह आशा हुई कि अब आदिवासी लोगों का भला होगा। परंतु उन पर ऐसी शर्ते लगाई गई हैं कि उन शर्तो को पूरा नहीं कर सकते हैं क्योंकि वह अशिक्षित है और जहां पर रहते हैं उनके पास कोई सबूत नहीं है क्योंकि प्रशासन वहां तक नहीं पहुचा था। आदिवासी भूमि का रिकार्ड भी नहीं था, इस तरह से आदिवासी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। अब सरकार कहती है भूमि अधिग्रहण कानून के बाद वन अधिकार कानून की जो कमियां हैं वह दूर हो सकेगी। माननीय राट्रपति जी ने अपने अभिभाण में बताया कि 32 लाख आवेदन वन अधिकार के अंतर्गत मिले परंतु उस पर संतो-ाजनक कार्यवाही नहीं हुई है। आदिवासी लोगों के विकास की अनेकों योजनायें चल रही हैं परंतु उनका वास्तविक लाभ उनको नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए कौन दोषी है? सरकार की नीति एवं सरकार की नौकरशाही दोषी है, क्यों नहीं समय-समय पर आदिवासी विकास की योजनाओं की समीक्षा की जाती है और दोषी व्यक्तियों को सजा दी जाती है।

ग्रामीण विकास मंत्री जी इस बजट से 1 लाख करोड़ चाहते हैं परंतु ग्रामीण विकास के लिए इस प्रस्तावित बजट में 80,194 करोड का आवंटन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का दूसरा फेस शुरू होने वाला ,है परंतु सरकार ने 3300 करोड़ की कटौती की है । मनरेगा में एक पाई भी नहीं बढ़ाई है जबकि इस योजना से हर साल साढ़े चार करोड़ लोगों को गांव में रोजगार दिया जा रहा है। 23 मार्च, 2012 को मनरेगा में मजदूरी को संशोधित किया, जिसे अप्रैल 12 से लागू किया गया है। जो मजदूरी बढ़ाई है वह देश में व्याप्त महंगाई के चलते यह बढोतरी पर्याप्त नहीं है इसको कब संशोधन करना है इसकी कोई समय सीमा नहीं है। दूसरी ओर, अलग अलग राज्यों में यह अलग अलग है,। सभी राज्यों में लोगों की आवश्यकता के हिसाब से न्यूनतम मजदूरी निर्धारित है, परंतु मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी दी जाती है जो इसमें लगे मजदूरों के साथ अन्याय है।

वह भी मजदूर हैं और मजदूर की तरह मजदूरी करते हैं। अगर सरकार मनरेगा में मजदूरी को बढ़ाती है तो कोई राज्य उसका विरोध नहीं करेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत "कपार्ट" की स्थापना गांव की समृद्धि एवं गांव के लोगों द्वारा बनाई गई वस्तुओं के मार्केटिंक के लिए की गई, जिससे लोग खेती-बाडी के साथ अन्य रोजगार करके अपनी आय बढ़ा सकें परंतु धीरे धीरे " कपार्ट" भ्रटाचार का अड्डा बन गई एवं कपार्ट के अधिकारियों के कारण गांव के विकास करने वाली "कपार्ट" को दीमक लग गया।

इंदिरा आवास योजना में आवास निर्माण की राशि 45 हजार से 75 हजार की गई है। जबकि इंदिरा आवास याजना के लिए कार्यो की लागत के अनुरूप बजट नहीं दिया गया है। सबसे दुखद बात है कि हमारा देश इंदिरा आवास पर जो प्रावधान पिछले साल किया गया था उसमें से 10 हजार करोड़ खर्च ही नहीं कर पाया। देश में सरकारी आंकड़ों के हिसाब से अब तक 297 लाख मकानों के लगभग इंदिरा आवास बन चुके एवं देश में 148 लाख के लगभग अभी भी जरूरत है। अभी तक सरकार गांव के गरीब लोगों को शेल्टर तक मुहैया नहीं करवा पाई है और इन मकानों में बुनियादी सेवाओं का अभाव है । एक ही कमरे में सोना, रहना, बच्चों का पढ़ना, खाना बनाना आदि। क्या आज 45 हजार में अच्छा मकान बन सकता है? एक शौचालय भी नहीं बन सकता है। दुर्भाग्य इस देश का, देश के योजना विभाग के उपाध्यक्ष डेढ़ करोड़ टायलेट प्रयोग करते हैं और देश के गरीब को अभी तक 45 हजार इंदिरा आवास के लिए दिये जाते हैं। दूसरी कमी है जिनके पक्के मकान हैं उनको इंदिरा आवास दिये गये और कई बार मकान दिये गये, जिनके पास मकान नहीं हैं उनको सांसद सिफारिश करे तो उनको नहीं मिलता है।

देश में संतुलित विकास नहीं हो रहा है। कुछ क्षेत्र अभी गंभीर रूप से पिछड़े हुए हैं जिनके कारण उद्योगों के अभाव में वहां के लोग पलायन करके दूसरे शहरों में चले जाते हैं। पिछड़े क्षेत्रों के संबंध में इस बजट में यह प्रावधान है कि पिछड़े क्षेत्रों के नये मापदंड निश्चित किये जायेंगे। सरकार ने पिछड़े जिलों के विकास के लिए पिछड़े क्षेत्र अनुदान निधा की शुरूआत की जिसके तहत अभी तक 272 जिले अति पिछड़े जिलों की पहचान की गई, जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र भरुच एवं नर्मदा जिले भी हैं। आज भी आजादी के 65 साल के बाद भी 272 जिले सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृटि से पीछे हैं हालांकि इन पिछड़े जिलों में प्राकृतिक की कृपा है जिसके कारण कई कच्चे माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं वहां पर इन कच्चे माल के आधार पर उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं । सरकार हर साल बीआरजीएफ में करोड़ों रूपये इन जिलों के विकास के लिए देती है परंतु आवंटित राशि वह अपने लक्ष्य तक पहुंचते पहुंचते बहुत देर हो जाती है। इन पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए जो ढ़ांचा होना चाहिए वह समय पर बन नहीं पाता है । पहले देश में 250 जिले पिछड़े जिलों में थे जो बढ़कर आज 272 हो गये हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि देश का संतुलित विकास नहीं हो पा रहा है जो जिले पिछड़े हैं वहां पर अन्य क्षेत्रों से ओर पिछड़ गये हैं और जो

विकसित जिले थे वह और विकसित हो गये हैं, जो राट्र के समुचित विकास के लिए सही नहीं है। कुछ जिलों का विकास रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के कारण एवं भौगोलिक कारणों से नहीं हो पाता है। पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए यह भी जरूरी है कि जो पैसा इस कार्य के लिए दिया गया है उसका उपयोग समुचित ढंग से हो रहा है या नहीं। इसकी एक उपयुक्त मशीनरी होनी चाहिए, परंतु अनुभव बताते हैं कि इसके लिए कोई विश्वास वाली मशीनरी नहीं है जिसके कारण अधिकाश धन का दुरूपयोग होता है इसके लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा निगरानी भी की जानी चाहिए, जो नहीं है।

देश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में 37,300 करोड़ दिये हैं जिसमें नव राट्र स्वास्थ्य मिशन को 21,239 करोड़ मेडिकल शिक्षा के लिए 4,727 करोड़ का प्रावधान है देश में कोई खतरनाक एवं महामारी के रूप में प्रकट होती है तो केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसी परिस्थितयों में, राज्य सरकारों की वित्त, तकनीकी रूप में मदद करे एवं आवश्यक दवाओं की आपूर्ति करे। इसी साल के जनवरी से अप्रैल मई तक इन्फलुंजा से प्रभावित लोगों की संख्या 987 थी, इनमें से 59 लोगों की मौते हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव आरोग्य बीमा स्कीम चल रही है जिसका दुरूपयोग हो रहा है। इनमें नकली मरीज, डाक्टर एवं एजेंट मिलकर इस स्कीम का दुरूपयोग कर रहे हैं। जो पैसा इस स्कीम में दिया जाता है उसी पैसे से जिला स्तर पर जो अस्पताल है उनमें आधुनिक तकनीकी के उपकरण लगाने एवं वहां स्पेशलिस्ट डाक्टरों को पदास्थापित करना चाहिए। स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जल अति आवश्यक है। सरकार ने इस वित्तीय बजट में 15,260 करोड़ का प्रावधान किया है एवं 2000 आर्सनिक और 1200 फलोराइडज प्रभावित बस्तियों के लिए जल शुद्धिकरण हेतु 1400 करोड़ दिए हैं। आज देश के कई स्थानों पर नमकीन, एद्धद्ब्दत्ह, fluoride, fluoriasis मिले हुए पेय जल मिलते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हैं। नदियों में इतना प्रदूाण है उसको पीने से क्या हाथ लगाने से बीमारी लग जाती है। आजकल तो हैंडपम्पों के पानी से गैस जैसी बीमारी हो रही है। प्रदूाति पानी का पता लगाने के लिए हमारी जब टीम जाती है तो उन्होंने लेबोरेटरी की स्थापना पर जोर दिया एवं 100 प्रतिशत पानी को टेस्ट करने की सिफारिशें की हैं एवं लोकल लोगों को भी पानी का टैस्ट किये जाने के लिए प्रशिक्षण दिये जाने की बातें कहीं हैं। जहां पर पानी अति दूाति है वहां के सरकारी एवं प्राइवेट डाक्टरों को दूाति पानी से होने वाली बीमारियों का पता लगा देने एवं उनका निदान करने का प्रशिक्षण दिये जाने की अनुशंसा की है।

किसानों को समय पर यूरिया एवं अन्य खाद नहीं मिल पाती है। जो बौरा तीन साल पहले 500 रूपये का मिलता था, वह आज बढ़कर 1300 रूपये का हो गया है। किसानों की लागत बढ़ती जा रही है। आधुनिक समय में कृाि में उत्पादन बढ़ाने के लिए गोबर खाद के स्थान पर रसायनिक खादों का उपयोग

ज्यादा हो रहा है। परन्तु किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति नहीं हो रही है। उनकी काला बाजारी हो रही है। एक एक बोरी में एक हजार से दो हजार के बीच काला बाजारी इस साल हुई है। कृषि उद्योग के साथ डेयरी उद्योग को बढ़ावा के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर जो टोल टैक्स प्लाजा है वहां सरकार काफी मात्रा में राजस्व प्राप्त कर सकती है, परंतु उनसे टोल टैक्स प्राप्त करने में प्राइवेट लोगों को दे रखा है जिसके कारण जो राजस्व देश को मिलना चाहिए था वह प्राइवेट लोगों की जेब में जा रहा है। टोल कलेक्ट करने वाली एजेंसियां जनता का शोषण करने वाली एजेंसिया बन गई है और इन एजेंसियों में गुंडे टाइप के तरह लोग रखे जाते हैं, जो जनता को धमकाने एवं डराने का काम करते हैं। सरकार ने जो कानून टोल कलेक्ट करने के संबंध में बनाये हैं वह बिल्डरों एवं ठेकेदारों के लिए है और आम आदमियों का इन कानूनों से शोषण होता है। देश में टोल ठेकेदारों के विरोध आंदोलन हो रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा ठेकेदारों के विरूद्ध आवाज उठाई जा रही है परंतु सरकार टोल कलेक्ट करने वाली कानूनों का सहारे लेकर मौन बैठी है।

देश में अवैध रूप से घुसपैठ हो रही है और यह घुसपैठिये देश में अपराध बढ़ा रहे हैं। उनके खिलाफ सरकार ने कोई योजना की घोषणा नहीं की है जो राट्र के हित में नहीं है एवं देश में असुरक्षा का वातावरण पैदा करने में लगी है। लोग अपनी बेरोजगारी को दूर करने के लिए पलायन करते हैं भारत में मुख्य रूप से रोजगार के लिए अवैध एवं वैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे हैं सबसे ज्यादा भारत में बंगला देश से आये अवैध रूप से लोग रह रहे हैं। उनमें अधिकतर अपराध कार्यो में लिप्त हैं एवं कईयों ने गिरोह बना लिये हैं जो भारत के विभिन्न शहरों में अपराधों को अंजाम देते रहते हैं। नाईजिरिया के लोग भी भारत में अवैघ रूप से रहे हैं जो नशा की दवाओं के कारोबार में लिप्त हैं।

अधिक खाद्यान्न पैदा करने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूरिया खाद का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं एवं यूरिया देश में मांग के अनुसार उपलब्ध नहीं है। इसका काफी मात्रा में आयात करना पड़ता है जिसके कारण किसानों को फसल के समय पर यूरिया नहीं मिल पाती है और किसान समय पर अपनी फसल को नहीं बो पाते हैं। दूसरी ओर इसको अन्य व्यवसायी रसायानिक उपयोग में करते हैं जिसके कारण इसकी यूरिया की काला बाजारी होती है जो कृषि में कमी का एक कारण बनती है। यूरिया एक कैमिकल्स खाद है, इससे खाद्यान्न का उत्पादन तो शुरू शुरू में बढ़ता है परंतु धीरे धीरे इस यूरिया से खाद्यान्न के उत्पादन में कमी होती जाती है। इसके लिए गोबर खाद को बढ़ावा दिया जाना चाहिए इस पर नये सिरे से अनुसंधान होने चाहिए।

देश की विकास की क्या दिशा है इसका आकलन सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर के माध्यम से जाना जाता है। महंगाई एवं पर्याप्त निवेश न होने से विकास दर कम हुई है। देश में नौकरशाही के काम

काज जो रवैया है वह भी विकास दर को कम करने का एक कारण है। देश में उदारवादी दृटिकोण होने के बाद विकास दर का कम होना एक चिंता का विाय है। भारतीय उपक्रम बंद हो रहे हैं या अपनी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं या घाटे में हैं। देश में विकास की गति को तेज करने के लिए बुनियादी ढांचा अच्छा होना चाहिए और इसके क्षेत्र को विकास करना अति आवश्यक है। बिजली की उपलब्धता, सिंचाई साधन एवं कुशलता विकास दर को तेज करते हैं। भारत में इसकी कमी है। देश में कृाि क्षेत्र की विकास दर तेज करना अति आवश्यक है, परंतु आज का किसान कृाि व्यवसाय को छोड़ना चाहता है। 2004-2005 के दौरान कीमतों में 2012-13 के दौरान विकास दर 5 प्रतिशत रही है, जो 2003-04 से 2011-12 के बीच सबसे कम है। कृाि विकास दर के आंकड़े सरकार के पास नहीं हैं। सरकार ने नवम्बर 2011 में एक National Manufacturing policy बनाई जिसमें 2022 तक मेन्यूफैक्चरिंग में 25 प्रतिशत की विकास दर लाकर 10 करोड़ रोजगार पैदा करने का लक्ष्य है। आज इस क्षेत्र में 20 से 25 प्रतिशत की कमी हो गई है तो किस तरह से हम 2022 तक इस क्षेत्र में 25 प्रतिशत हर साल ला सकेंगे, यह भी एक विचारणीय विाय है।

इस बजट में गरीब कल्याण योजनाओं, छोटे किसानों के लिए सिंचाई की सुविधाओं का बजट में जो प्रावधान करना था वो नहीं किया गया है। बजट को मैं गरीब विरोधी, छोटे किसान विरोधी बजट मानता हूं। अतः मैं बजट का सख्त विरोध करता हूं।

श्री भक्त चरण दास (कालाहांडी): उपाध्यक्ष जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो सामान्य बजट प्रस्तुत किया है, उसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, वित्त मंत्री चिदम्बरम जी एक सक्षम और विज़नरी दृष्टिकोण रखने वाले व्यक्ति हैं। उनके बजट से यह लगता है कि इस देश में इनक्लूसिव ग्रोथ के साथ-साथ सस्टेनेबल डैवलपमैंट भी अचीव होगी। उन्होंने दम के साथ कहा है और वे हमारे देश में आठ वर्ष वित्त मंत्री रह चुके हैं और आठवाँ बजट प्रैज़ैन्ट कर चुके हैं।

15.02 hrs. **(Shri Satpal Maharaj *in the Chair*)**

उन्होंने मज़बूती से कहा है कि आज के दिन हम tenth largest economy in the world हैं। 2016-17 तक हम 7वें स्थान पर पहुँचेंगे और 2021 तक 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी में हमारा देश पहुँचेगा और टॉप 5 में पहुँचेगा। उन्होंने विश्वास के साथ कहा है कि इतना पोटैन्शियल हमारे देश में है कि हमारे देश को हम किसी भी स्तर पर विश्व में पहुँचा सकते हैं।

महोदय, हमारे सामने अनेक चुनौतियाँ हैं, अनेक संकट हैं। उनके साथ-साथ राजनीतिक स्टैबिलिटी भी एक बहुत बड़ा प्रश्न है। कई सवाल यहाँ उठे हैं। विरोधी पक्ष ने बात रखी है कि ग्रोथ को क्या आप खाएँगे? ग्रोथ से आम आदमी का क्या होगा? आम आदमी का ग्रोथ से क्या संपर्क है, ऐसी बातें रखी गई हैं। अगर देश में ग्रोथ नहीं आएगी तो पैसा कहाँ से आएगा? इस देश में जिस इनक्लूसिव ग्रोथ और सस्टेनेबल डैवलपमैंट की बात हमारे वित्त मंत्री करते हैं और जो पंचवर्षीय योजना हम बनाते हैं और साढ़े 16 लाख करोड़ रुपये का बजट जो वित्त मंत्री जी लाए हैं, इसके बिना सोशल सैक्टर में आदिवासी, दलित, पिछड़े इलाकों, महिलाओं तथा माइनॉरिटी का विकास कैसे होगा? केवल बातों से नहीं होगा। ग्रोथ नीचे आयी है, यह बात भी कही जाती है। विश्व के आर्थिक पतन से हमारा क्या ताल्लुक है? यहां तर्क दिया गया कि चीन में उसका ज्यादा असर नहीं हुआ है। मैं फाइनैंस की स्टेंडिंग कमेटी में पिछले तीन साल सदस्य रहा हूं। मैं जानता हूं कि पिछले साल चीन की ग्रोथ 11 परसेंट थी। आज विश्व का प्रभाव चीन पर भी पड़ा है और हमारे ऊपर भी पड़ा है। अमेरिका, यूरोप और हम सभी आज ग्लोबलाइज़्ड हो गए हैं, हम अपने को आइसोलेटिड नहीं रख सकते हैं और आइसोलेटिड तरीके से अपने विकास को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। हमारा एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट दूसरे देशों की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है। हमारी आमदनी का बहुत बड़ा हिस्सा इससे आता है। इसलिए इस बात को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। हम आज 8.6 प्रतिशत से 5 प्रतिशत पर आए हैं। चीन जैसे देश में कोई रुकावट नहीं है, हमारे यहां बहुत सी रुकावटें हैं, क्योंकि हम लोकतान्त्रिक हैं और डेमोक्रेसी पर विश्वास करते हैं। इनसिक्योर और इनस्टेबल प्रोज़ीशन कैसे

होती है? पिछले दो साल में आप देखिए कि हमारी संसद की कार्यवाही कितने दिन तक बंद रही। बहुत महत्वपूर्ण बिल पास नहीं हो पाए। इनक्लुसिव ग्रोथ की बात जो यूपीए सरकार करती है, अगर लैण्ड एक्वीजीशन बिल पास हो गया होता तो हमारे देश के लाखों किसानों के पास पैसा पहुंच गया होता। डिस्टरबेंस के द्वारा लोकतन्त्र में सरकार को कमज़ोर किया जाता है। सरकार की गलतियों को उजागर करने की प्रक्रिया तो बहुत अच्छी है। यह हर राष्ट्र में होनी चाहिए। विरोधी पक्ष के द्वारा अपनी बात सदन में रखना गलत नहीं है। यह एक स्वस्थ डेमोक्रेसी के लिए बहुत ही अच्छा है। लेकिन संसद को बंद कर देना और एक मैसेज दुनिया में देना कि इनस्टेबुल सिचुएशन है। इससे भी ग्रोथ पर असर पड़ता है। इन दिनों जितने भी लोग देश की अर्थव्यवस्था का अनुमान लगा रहे हैं, अध्ययन कर रहे हैं, वह स्पष्ट हैं कि इस कारण से देश की ग्रोथ में कमी आयी है। इसके बावजूद भी हमारी सरकार बहुत अच्छी योजनाएं लायी है। बहुत सी बातें हमारे मित्र संजय निरुपम जी ने चर्चा को शुरू करते समय कह दी हैं और के.एस. राव जी ने अपनी बातों में टैक्स के लिए सुझाव दिए हैं।

महोदय, हमारी सरकार महिलाओं का सम्मान करती है। हमारी स्पीकर आदरणीय मीरा कुमार जी हैं, जिनकी मीठी बोली से मजबूत से मजबूत शोर भी बंद हो जाता है। हमारी विरोधी पक्ष की नेता आदरणीय श्रीमती सुषमा स्वराज अपनी बात बहुत ही अच्छी बोलती हैं कि पूरे देश के लोग उनको सुनते हैं और देश में हमारी लीडर श्रीमती सोनिया गांधी जी जैसा व्यक्तित्व है, जिनका धैर्य, सहनशीलता और त्याग-बलिदान को पूरे देश के लोग जानते हैं, दुनिया के लोग जानते हैं। हमारे पूर्वजों ने और हमारे पुराण शास्त्रों ने हमेशा नारी को सम्मान दिया है। इसके बावजूद भी इस देश में क्या हो रहा है, यह आप देख रहे हैं।

महोदय, आप उत्तराखण्ड से आते हैं और आप हमारी संस्कृति को लेकर बहुत अच्छी बातें बोलते हैं। मैं नारी के सम्मान के प्रति संस्कृत में एक श्लोक को कहना चाहता हूं-

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।

जिस देश में नारी का सम्मान न हो, उस देश में देवता विचरण नहीं करते हैं। उस देश में शांति, प्रगति, मैत्री और इन्सानियत नहीं पनपती है। इस बात को सामने रखते हुए वित्त मंत्री जी ने महिलाओं के अंदर एक आत्मविश्वास पैदा करने के लिए 'निर्भय फण्ड' रखा है। यह कितने ऊंचे विचार की बात है। इस से महिलाओं में और जो गर्ल्ड चिल्ड्रेन हैं, शिशु हैं, उन में जो विश्वास पैदा होगा, उन की उन्नति के लिए वे किस तरह से आगे बढ़े, इस के लिए कितनी अच्छी व्यवस्था की गयी है।

पहली बार इस देश में एक पब्लिक सेक्टर महिला बैंक को खोलना और उस के लिए 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना भी एक बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है।

सभापति महोदय : अपना भाषण संक्षिप्त करें।

श्री भक्त चरण दास : महोदय, हमारी पार्टी से दो लोग ही बोले हैं।

सभापति महोदय : अभी बोलने वाले बहुत हैं।

श्री भक्त चरण दास: महोदय, इस के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में सरकार ने बहुत सारी चीज़ों को किया है। हमारे मित्र लोगों ने जिक्र किया है। मैं उस का जिक्र नहीं करना चाहता हूं। मैं कृषि क्षेत्र के लिए आदरणीय वित्त मंत्री जी से, सरकार से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि कुछ प्राकृतिक विपदा ऐसी हैं जैसे थण्डरस्टॉर्म हो जाता है, पेस्ट अटैक हो जाता है, वह रिलीफ कोड में न होने के कारण उनका क्रॉप लॉस असेसमेंट नहीं होता है और उन्हें कुछ नहीं मिलता है। फिलहाल तीस हजार हेक्टेयर में उड़ीसा के जाजपुर जिले में ग्राउण्डनट की पूरी फसल उजड़ गयी है लेकिन उस का कोई अध्ययन नहीं हुआ। मैं आग्रह करूंगा कि हमारे एग्रीकल्चर का जो रिसर्च काउंसिल है, वहां से लोग जाएं, उस का अध्ययन करें और उन का अनुदान देने की व्यवस्था करें।

सभापति महोदय : अब अपना भाषण समाप्त करें।

श्री भक्त चरण दास : महोदय, अभी तो पांच-सात मिनट भी नहीं हुआ है। आप समाप्त करने की बात कैसे कर रहे हैं?

सभापति महोदय : आप के बारह मिनट हो गए हैं।

श्री भक्त चरण दास : सभापति महोदय, पिछड़े एरिया के विकास के लिए हमारे वित्त मंत्री जी ने 11,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। उस के साथ-साथ जो लेफ्ट विंग अफेक्टेड एरिया हैं जैसे छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड, आंध्र प्रदेश आदि में काफी व्यवस्था की गयी है। लेकिन, के.बी.के. रिजन के लिए जो स्वतंत्र व्यवस्था पहले से आ रही थी, मैं आग्रह करूंगा वित्त मंत्री जी को कि उस व्यवस्था में वह एरिया आज भी उतना ही पिछड़ा है। उस के लिए कम से कम 500 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था करें।

महोदय, मैं आप के ज़रिए सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उड़ीसा में आज रेवेन्यू कैसे जेनरेट होगा? अगर रेवेन्यू जेनरेट ज्यादा से ज्यादा किया जाएगा तो लोगों की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है लेकिन मेरा जो राज्य उड़ीसा है, जो इतना पिछड़ा है, वहां प्रकृति की भरपूर सम्पदा रहने के बावज़ूद भी उस राज्य के विकास में जो आर्थिक योगदान होना चाहिए वह आज तक नहीं हो पाया है। महोदय, उड़ीसा में पिछले दिनों डेढ़ लाख करोड़ रुपये की माइनिंग सम्पदा बॉक्साइट, मैंगनीज़ और आयरन

ओर की लूट हुई है। इल्लीगल माइनिंग से उड़ीसा में हमारा डेढ़ लाख करोड़ रुपये का रेवेन्यू लॉस हुआ है। सरकार के प्रोटेक्शन में क्योंझर जिले में बर्बिल एरिया में डेढ़ लाख करोड़ रुपये के आयरन ओर और मैंगनीज़ का लॉस हुआ है। अगर उस की रिकवरी की जाती और वहां पर जो लोग इस में इंवॉल्व हैं, उन पर कार्रवाई की जाती तो आज उड़ीसा की सरकार मुख्य मंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठती।

आज क्यों नहीं उनके ऊपर कार्यवाही हो रही है?

सभापति महोदय, मैं आज सदन में आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस पर कार्यवाही की जाए और जो डेढ़ लाख करोड़ रेवेन्यू है, उसको वसूल किया जाए। उड़ीसा का विकास हो और दूसरे पिछड़े राज्यों के विकास में इसका योगदान किया जाए। एक महिला जो आशा के रूप में गांव में काम करती है। आशा की एक एम्प्लाई है, उसकी कोई सैलेरी फिक्स नहीं है। अगर उसे कोई केस मिल जाए तो उसको ढाई सौ-पांच सौ मिलते हैं, नहीं तो वह भूखी पेट रह जाती है। आपने इतना कुछ महिलाओं के लिए किया है, एक काम उनके लिए और कर दीजिए, उनको कम से कम दो हजार रुपए महीने सैलेरी कंसोलिडेटेड सैलेरी मिल जाए तो उनके काम में और बढ़ोत्तरी आ जाएगी।

इन्हीं बातों के साथ मैं फिर से बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

*** SHRI NILESH NARAYAN RANE (RATNAGIRI-SINDHUDURG) :** General Budget 2013-14 was presented by the Hon'ble Finance Minister on 28th of February. On that day, the market as also the industry did not appreciate the finer points of the Budget. As a result, a great deal of negatives was generated. But with subsequent clarification coming from the Finance Minister on tax residency and other related matters, the economy showed signs of regeneration and speculation among different stakeholders on different provisions of the Budge was dispelled.

It is true that during the Budget speech, the Finance Minister announced certain important policy decisions commensurate with the economic philosophy of the Government of the day; but some of these policy announcements are met with reservations by different stakeholders in the post-budget period. The Finance Minister, I am sure will make final adjustments during the course of the Finance Bill. Even if there would be roll back in some decisions, it would be prudent and practical to meet the demands of the economy. We are a thriving democracy; every one is free to articulate his concerns and criticize the Government policies. But, amidst all concerns and criticisms, the Government has to carry out public governance and serve the public good.

The Budget made adequate allocation in the social sectors such as health and education. The highlights of the Budget include fiscal consolidation, bringing down the fiscal deficit in the next fiscal. The Budget had the focus on poor, the women and the youth. The gender sensitivities shown in having provision for Women Bank and Nirbhaya Fund are in tune with the priorities of the Government and the demands of the people. This Government has a different perspective on subsidy. In the Budget, the Finance Minister had advocated the Direct Cash Transfer Scheme to ensure that the subsidies reach the beneficiaries. The scheme has started with a lot of positive response. I am sure it would be a game changer in larger redistribution of subsidies.

---

* Speech was laid on the Table.

Though all these provisions have been largely appreciated, there are few announcement which created a lot of unrest. One is the tax residency. This should not perturb the Foreign Institutional Investors at all. Such provisions exist in many other countries also. At a time, when global business dynamics are rapidly changing, we must also change our tax laws so that the country is not deceived by smart global operators. The emphasis on widening tax net and strengthening tax administration deserve all-round praise.

The Hon'ble Finance Minister is fully aware of the compulsions of running the economy against formidable socio-political and economic challenges. He is the most-experienced Minister in the Government and is known for having a far-sighted vision. I am sure he will deliver on his budgetary promises that suit the best interests of the economy. Besides, the Hon'ble Finance Minister has also great persuasive skills. He will do his best to clear all the misgivings and help critics see reason in the larger interests of the economy.

श्री लालजी टण्डन (लखनऊ): माननीय सभापति महोदय, मैं एक ऐसे बजट के ऊपर चर्चा करने जा रहा हूं, जिसके बड़े भयावह परिणाम सामने आने वाले हैं। इसके गर्भ में महंगाई पैदा करने वाली व्यवस्था है। समाज के विभिन्न वर्गों का शोषण, आर्थिक स्थिति का बिलकुल विनष्टीकरण और सीमाओं की असुरक्षा, इसके गर्भ से जन्म लेने वाली है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी की कुशलता की तारीफ करूंगा कि उन्होंने फिर भी इन परिस्थितियों में एक तस्वीर पेश करने की कोशिश की है कि उम्मीद रखो, ठीक हो जाएगा। लेकिन उम्मीद कैसे रख सकते हैं? आज जो हमारी आर्थिक स्थिति बन गई है, महंगाई बढ़ेगी, तनख्वाह बढ़ेगी। तनख्वाह बढ़ेगी, मजदूरी बढ़ेगी। मजदूरी बढ़ेगी, सरकार के ऊपर यह घाटा बढ़ेगा, उसकी प्रतिपूर्ति, प्रगति एवं विकास के लिए आपके पास संसाधन की कमी होगी। इसमें हम क्या आशा करें, इससे क्या प्राप्त होगा? हमारी अर्थव्यवस्था आज कुल मिलाकर कार्पोरेट जगत के ऊपर ही निर्भर कर रही है। यह बुरी बात नहीं है, जितने भी उद्योग बढ़ेंगे, रोजगार के अवसर मिलेंगे, तरक्की होगी। लेकिन जो बुरे से बुरे वक्त में भी हमें जीवित रहने के लिए जो क्षेत्र काम करता है, उसके लिए आप क्या कर रहे हैं? सारी अर्थव्यवस्था चरमरा जाए तब भी यहां का किसान आपको दो वक्त की रोटी दे देता है। आज आप किसान के नाम के ऊपर क्या कर रहे हैं? इस बजट में कहीं मुझे कोई ऐसी बात नजर नहीं आती है। यह जरूरी नहीं है कि आपके पास संसाधन इतने बढ़ जाएं, लेकिन बहुत सी ऐसी बातें हैं कि आप व्यवस्था में सुधार करके उसे लाभप्रद बना सकते हैं। मैं उदाहरण के लिए कहना चाहता हूं कि आप जो अन्न उत्पादक खर्चे कर रहे हैं, उसका राजनीतिक लाभ उठाना छोड़ दीजिए। मनरेगा जैसी योजनाएं रोजगार देने के लिए एक अच्छा अवसर हैं, लेकिन भ्रष्टाचार को भी जन्म देने के लिए इससे ज्यादा स्वर्णिम अवसर कभी नहीं मिलेगा। एक शायर ने कहा है, भ्रष्टाचार के बारे में आप देखें द्ध ''बर्बाद गुलिस्तां करने को एक ही उल्लू काफी है, हर शाख पर उल्लू बैठा है, अंजामे गुलिस्तां क्या होगा।'' आप ये देखें कि आज मनरेगा जैसी योजना का रूप क्या हो रहा है? अगर इसे उत्पादन से जोड़ दें तो आप बिना किसी खर्चे के किसान को कोई राहत दे सकते हैं।

चूंकि आप सब अर्थशास्त्री हैं, तिरुवेल्लूवर जी का आपने उद्धरण पेश किया, वे महान चिन्तक थे और उनसे प्रेरणा युगों तक मिलती रहेगी, लेकिन इस देश में ऐसे लोग भी हुए हैं कि जो बिल्कुल निरक्षर थे, लेकिन वे जो दो शब्द कह गये हैं, उसके ऊपर सारी दुनिया में आज भी रिसर्च हो रही है, जैसे कबीर। चूंकि मैं बोलने के समय आंकड़ों में वक्त बर्बाद नहीं करता, क्योंकि, आंकड़े तो सब ने पेश कर दिये हैं। आपने उसके पक्ष में कर दिये और इधर से विपक्ष में हो गये। आंकडों से समस्या हल होने वाली नहीं होती है। कबीर ने आज से 600 साल पहले आप जैसे विद्वानों के लिए कहा था-तू कहता पुस्तक की लेखी, और

मैं कहता आंखों की देखी। इन दो शब्दों में पूरी फिलोसोफी है। आपके ये आंकड़े जो हैं, ये जमीन के नहीं हैं, ये किताबों के हैं।

आप कहते हैं कि दुनिया में हम दो नम्बर पर दूध के उत्पादक बन रहे हैं, लेकिन आपको मालूम है कि 40 फीसदी दूध इस देश में सिन्थेटिक बन रहा है, और ज्यादा बन रहा है। आप इसे उत्पादन कहेंगे? यह लोगों के लिए मौत का सौदा है। दूसरी तरफ हमारी प्रायरटी क्या है कि हम किसी गौ पालक को या भैंस, दुधारू पशुपालक को पुरस्कृत नहीं करते हैं, हम पुरस्कृत करते हैं, हमारे महामहिम राष्ट्रपति जी ने, मैंने उनकी फोटो देखी, जिसने मांस का सबसे ज्यादा निर्यात किया है, उसे पुरस्कृत कर रहे हैं। दुनिया से हम गाय मंगा रहे हैं। हमारी गाय पांच साल के अन्दर देखने को नहीं मिलेगी, जो दुनिया की सबसे अच्छी नस्लों में से है। हमने उसकी नस्ल सुधार के लिए कोई काम ही नहीं किया है। आज उसके जीवित रहने के लिए वह अनार्थिक जबरदस्ती बना दी गई। यह एक चक्र है। क्या यहां पर पशुओं को जीवित रहने का अधिकार नहीं है, केवल हमें है? यह प्रकृति सब के लिए है और यही देश है कि जहां से यह आवाज उठी थी कि 'यत् पुज्यते, तत् ब्रह्माण्डे।' यह जो शरीर है, वही ब्रह्माण्ड है। सब कुछ उसमें है, पशु भी है, पक्षी भी है, पहाड़ भी है, रेगिस्तान भी है, समुद्र भी है, नदी भी है, यक्ष भी है और मनुष्य भी है। जहां इतना विशाल हमारा चिन्तन है, वहां पर हम देख रहे हैं कि पर्यावरण की समस्या से मौसम में परिवर्तन आ रहा है। यह आज नहीं तो कल हमारी कृषि व्यवस्था को बिल्कुल चौपट करेगा, कर रहा है।

हर चीज़ के दाम आप बढ़ाते चले जा रहे हैं, डीजल के दाम बढ़ा रहे हैं, खाद के दाम बढ़ा रहे हैं, मजदूरी बढ़ रही है, बीज के दाम बढ़ा रहे हैं, सारी जितनी कृषि में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं हैं, सब की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन उस किसान के लिए आप अगर आठ आना, 50 पैसे भी समर्थन मूल्य बढ़ा देते हैं तो वह बहुत बड़ा होता है और यह कहा जाता है कि महंगाई इसलिए बढ़ रही है कि गरीब आदमी खाता ज्यादा है। वह पैदा करता है और मरता है। जो एक पैसे का उत्पादन नहीं करता है, वह शराब पीकर घूमता है। इस बजट में कहां यह है, अगर आप केवल इसमें दो-तीन काम कर दें, रमेश जी बैठे हैं, मैं जरा उनका ध्यान भी आकर्षित करना चाहूंगा, आज आपसे मुझे विशेष अनुरोध है कि कुछ मुद्दे कह लेने दीजिए। मैं आंकड़ों में समय नहीं बता रहा हूं...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बोलिये, लेकिन जरा संक्षेप में बोलिये।

श्री लालजी टण्डन : मैं आपसे भी कह रहा हूं।

मनरेगा को आप कृषि उत्पादन से जोड़ दें। गेहूं और चावल के ऊपर आप कह रहे हैं कि हम अन्न के उत्पादन में बहुत आगे हो गए। यह मजबूरी में हो रहा है। आज सारी दुनिया फल और सब्जी और

दूसरी चीजें पैदा करके, दुनिया का किसान मालामाल हो रहा है, वहीं केवल गेहूं और चावल के ऊपर हमारा किसान निर्भर है, इसीलिए कि उसकी मजबूरी है। यह आसानी से हो जायेगा, बाकी चीजों के लिए उसके पास साधन नहीं है। मनरेगा का 30 प्रतिशत खर्च आज गेहूं की फसल तैयार होने पर, उसकी कटाई पर खर्च हो जाता है, लेबर में खर्च हो जाता है। आप अंदाज लगाइये कि आप उसे कुछ देने के बजाय आपने जो स्थिति पैदा की है, उसे मजदूर मिलते नहीं हैं, जो शर्ते रखते हैं, जो फसल खड़ी है उसे कटाने के लिए, वह उन्हें मानने के लए मजबूर होता है। अगर आप एक-दो महीने, जो फसल की कटाई का समय होता है, गांव में मनरेगा के सारे काम बंद करके, केवल खेत में कटाई के लिए जहां जरूरत है, उसे दे दें। आज आप देखेंगे कि तीस परसेंट तो उसका बचा, कुछ जो बड़े काश्तकार हैं, वे क्या कर रहे हैं, मशीन से गेहूं काटते हैं। लेकिन जो उसका बाई-प्रोडक्ट भूसा है, जिससे पशु पलते हैं, वह लेबर न मिलने के कारण या इतनी महंगी होने के कारण कि वह मंडी तक भेज नहीं सकता है, वह वहीं उसे जला देता है। आज पशुओं को चारा नहीं मिल रहा है। उनको कटते हुए तो नहीं रोक पा रहे हैं, इस देश में विनोबा भावे ने गौरक्षा के लिए आत्महूति दे दी, अन्न-जल छोड़ दिया, संसार छोड़ दिया, लेकिन हत्या बंद नहीं हुयी। आज तो यह पुरस्कृत हो रही है, आपने मांस निर्यात के लिए इसमें काफी उत्साह दिखाया है। कभी दूध उत्पादन के लिए जो पशु हैं, क्या उनकी रक्षा के लिए भी कुछ इसमें दिखायी दे रहा है? आप क्या कर रहे हैं?

सभापति महोदय : अब संक्षेप करिए।

श्री लालजी टण्डन : महोदय, बजट में अन्य लोगों ने ये विषय नहीं उठाये। मैं यह कह रहा हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी इसके बारे में कुछ करें, इसलिए मैं थोड़ा समय और चाहता हूं।

मान्यवर, पशु, श्रम और जमीन का जो चक्र है, अगर इन तीनों का चक्र बराबर बना रहेगा, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था उठेगी, लेकिन इस बात पर भी कोई फैसला करने को तैयार नहीं है। यह हो रहा है कि दस हजार से ज्यादा दुधारू पशु स्मगल होकर बांग्लादेश जा रहे हैं, पड़ोसी देश में जा रहे हैं, कट रहे हैं, माडर्न स्लॉटर हाउस बन रहे हैं, लेकिन इनके ब्रीडिंग सेंटर्स कहीं नहीं है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि मेरी एक गौशाला है। मैं भारतीय नस्ल की गायों का कुछ कलेक्शन करके दिखाना चाहता हूं कि देखो यह कितनी लाभदायक हैं और कैसी हैं, क्या मुझे कोई बता सकता है कि देश भर में कोई ऐसा सेंटर है जहां ये मिल जाएंगी। यह विषय आपके विचार के लिए है या नहीं।

महोदय, अंत में दो शब्द कहना चाहूंगा। हमारे यहां के हर राज्य में गाय की एक नस्ल है। गुजरात में गिर नस्ल की एक गाय है। इस गिर नस्ल की गाय से ब्राजील की अर्थव्यवस्था बदल गयी। जो यहां आठ-दस लीटर दूध देती है, वहां साठ और सत्तर लीटर तक दूध देने लगी है। क्या हम अपने यहां यह

काम नहीं कर सकते हैं? मुझे कुछ विद्यार्थी मिले थे, जो साहीवाल गाय पर शोध कर रहे हैं। वह कहते हैं कि पाकिस्तान में ये पच्चीस लीटर तक की हैं। पहले उधर से इधर आ जाती थीं, लेकिन अब रूक गयी हैं। यहां तो सब स्लॉटर हाउस जा रही हैं, आज उनकी नस्लें खत्म होती जा रही हैं।

सभापति महोदय : अब समाप्त करिए।

श्री लालजी टण्डन : महोदय, यह आपकी भी रूचि का विषय है। साहीवाल पर जो शोध कर रहा है, उसने बताया कि आस्ट्रेलिया में शुद्ध साहीवाल का बहुत बड़ा जखीरा है, जो चालीस लीटर दूध देती है और हर मौसम में हर जगह दूसरी गायों के मुकाबले उनका दूध भी अच्छा होता है। पांच साल अगर ब्रीडिंग सेन्टर्स खोल दिए जाएं और उनमें जो चाहे वे खरीदें, कल देखिएगा कि आपके दूध का उत्पादन बढ़ेगा। इसलिए कृषि अर्थव्यवस्था को हम समग्रता में देखें। पानी के लिए जो हालत कुछ दिन बाद होने वाली है। ग्राम विकास मंत्री जी अभियान चला कर जल संरक्षण के लिए कुछ करिए। मनरेगा का इस्तेमाल उसमें भी हो सकता है। आप तालाब खुदवा रहे हैं, जिसमें न पानी जाता है और न रहेगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

श्री लालजी टण्डन : सभापति महोदय ....। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

श्री लालजी टण्डन : सभापति महोदय... ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री लालजी टण्डन: सभापति महोदय ...।

सभापति महोदय : आपकी बात अब रिकार्ड में नहीं जा रही है। कृपया आप अपनी बात समाप्त करें।

...(व्यवधान) *

* Not recorded.

*SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI):Considering the overall picture we have undoubtedly support the very framework of the basics of this Budget.

The Budget estimates in the year 2013-14 is Rs.16,65,297 crore in which Rs.5,55,322 crore is plan expenditure considering the last Budget. It is 29.4% more. It is notable that the global economic growth slowed from 3.9 per cent in 2011 to 3.2 per cent in 2012.

Our Hon'ble Finance Minister's mool mantra is higher growth leading to inclusive and sustainable development. Sir this itself is indicating the attitude of the Budget.

The Budget is giving more stress to the SC, ST, women and children. It is also considerably contributing to the betterment of minorities.

Taking into accounts the allocations to disabled persons; it is really an Aam admi one.

The allotment for ICDSs has a far-reaching effect in the health of our poor children.

Even though allotment to the farmers is increased, much more is also needed for the farming community. Sir, farmers are the backbone of our country. If anybody will forget this, the future of our country will be in darkness. Therefore more consideration is to be given to the rural farmers. Sir as per the world economic outlook updates released by the International Monetary Funds in January 2013 for the year 2013 and the projection for the years 2013-14 are an eye opener.

---

* Speech was laid on the Table

Those who are analyzing the Indian economy, the growth rate of the United States in 2011- 1.8, 2012 -2.3, 2013 to 2.0 and 3.0 in 2014. In Euro Area 2011- 1.8, 2012 – 0.4, 2013 – 0.2 and 2014 – 1.0, Japan 2011 – 0.6, 2012 – 2.0, 2013 – 1.2 and 0.7 in 2014. Even China's GDP was 9.3 in 2011, 7.8 in 2012, 8.2 in 2013 and 8.5 in 2014, whereas in India 7.9 in 2011, 4.5 in 2012, 5.9 in 2013 and 6.4 in 2014. The allocation for funds for education in financial year 2013-14 is Rs 79,451 crore and the allocation for SSA in financial year 2013-14 Rs. 27,258 crore. During the 11th Five Year Plan, the Government Budget for SSA increased by nearly three fold from Rs. 21306 crore in 2007-08 to Rs. 61,734 crore in financial year 2011-12. The elementary education accounts for bulk of the expenditure. In financial year 2013-14, 52% of the total education budget has been allocated to elementary education. SSA is the largest scheme accounting 66% of the total elementary education Budget. Sir considering the allocation to health and family welfare, the total amount is Rs. 3733 crore in which the amount for NRHM is Rs. 19,120 crore. The allocation for NRHM has increased by 73% from financial year 2007-08 to financial year 2013-14. Sir, even though, we are spending a huge amount to NRHM 64% of health contributed in India do not have required number of specialists. An important innovation under NRHM has been introduction of Janani Suraskha Yojana which is a conditional cash transfer deed aimed at reducing maternal and neo-natal mortality. JSY beneficiaries have increased considerably from 7.38 lakh beneficiaries in the financial year 2005-06 to 109.38 lakh beneficiaries in financial year 2011. Sir it is alarming that 12% of our primary health centre have not been equipped with doctors. I hope the Hon'ble Finance Minister will look into the matter. Sir the allocation for Ministry of Rural Development in the financial year 2013-14, is Rs.80,251 crore. It is a welcome initiative. The allotment for MGNREGS is Rs.33,000 crore. The last financial year MGNREGS spent only 78%. The amount allocated to MGNREGS will reduce the poverty all over the country. I would like to congratulate Madam Sonia Gandhiji for the initiative.

I would like to mention a few words about the text composition of this Budget. I would also propose for the exemption under section 80CCF. The 80C limit be extended up to Rs. 1,50,000 from the current Rs. 1 lakh, and also the 80 CCF tax limit may be extended up to Rs.50,000 from the current Rs.20,000. This will increase saving of each salaried person which in turn help the nation also by getting income to utilize for nation's growth. Sir, the Budget 2013-14 ensures no reduction in fertilizer subsidy. It will help the farming community. The most notable flagship programme of this year budget is the food security. The food security is expected to increase by 6% to Rs.90,000 crore in 2012-14. This includes Rs.10,000 crore set aside for implementation of the Food Security Bill. The proposal in the Budget regarding insurance coverage under Rashtriya Swasthya Beema Yojana to be extended to other marginalized groups like rickshaw, auto rickshaw and taxi driver. Sanitation workers, rag pickers and mine workers are very much helpful to the down-trodden people. The proposal for enhancing the Indira Gandhi National Disability Pension from Rs.200 to Rs.300 per month is also yet another aam aadmi programme. The decision to enhance the grant on the death of the primary bread earner of a poor family is also doubled from Rs.10,000 to Rs.20,000. The creation of Rs.1000 crore skill development funds is aiming for the betterment of the youth is yet another important step taken by the Government. It is also equally appreciated that the target of skilled 15 million people in the 12th Plan period including 9 million in 2013-14. This Budget is committed to protect the solidarity of India's girl children and women and it pledges to do everything possible to empower them and to keep them safe and secure. It is a tribute to the brave girl who lost her life in Delhi recently. This is the first time a fund called 'Nirbhaya Fund' to be set up with Government contribution of Rs. 10000 crore to improve the safety measures for women. The allocation to agriculture is Rs. 27,049 crore an increase of 22% over the last Budget in which 3415 crore was for research activities. Sir the agriculture credit expenditure will be increased from Rs. 5,75,000 crore for 2012-13 to Rs.7 lakh

crore in 2013-14. Farmers who do not default in payment get easy cash with interest discount. This decision is farmer oriented and it will help the farming community to withstand every farmer any difficulty.

The DBT(Direct Benefit Trasnfer) is yet another important step for the downtrodden people. Today a portion of subsidy is going to the hands of unwanted people. The DBT will help to get the designated people who are targeted. Sir these are the notable benefits which at first sight, we can see in the Budget 2013-14. Sir being a member from Southern most part of our country, Kerala, I am requesting the Hon'ble Finance Minister to fufil the promise made by Hon'be Prime Minister for the establishment of an IIT in my State. This was a long pending issue. Considering the educational betterment and growth, Kerala is badly needed an IIT. I hope the Finance Minister will include it in his reply. Sir Kerala Chief Minister Oomen Chandy, now and then requested the Central Government to get sanction for Vizhinjam Port. But we are very disappointing that it is not included in the present budget. I am also requesting the Finance Minister to include Vizhinjam Port development during the reply.

With these few words, I am supporting the proposals, made by the Hon'ble Finance Minister.

* **SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMRAJNAGAR) :** I would like to thank Hon'ble Finance Minister for his responsible and realistic budget Sh. P. Chidambaram Ji has presented a budget which can be described as solid, sound and credible. I must compliment him for getting the fiscal house in better shape. He explained the matter of fact and need of this hour in terms of financial needs, financial growth of 360 degree required for this country. This year budget was closely monitored by all sections of the society, both national and international, because majority of the countries across the globe are passing through a difficult situation of economic slowdown. Hence, this budget has gained keen attention from all corners and I must say this budget is indeed a very responsible budget and it has been appreciated by all the people of entire society. I personally can say this was one the budget where there was very little interruption from other members of Parliament and we have to compliment Chidambaram ji for managing what everybody thought was going to be a very difficult year. He has clearly addressed the needs of the whole development process and that includes sustainable growth.

In this budget speech he clearly articulated the hindrance factors which contributed for India's growth rate from 8% to 5%. He also addressed his concern on current account deficit. Having said that in parallel, he also showed path (FDI, FII or External Commercial Borrowing (ECB)) how to defeat them and put them aside to keep the momentum for constant growth rate. Entire house agreed in understanding the need of the hour.

Growth is necessary condition and to achieve this one should understand the importance of empowerment of neglected classes and requirement special attention. As part of this special attention he has allotted Rs.41,561 crore to scheduled caste sub plan and Rs.24,958 crore to the tribal sub plan. The total represents an increase of 12.5% over Budget Estimate.

For women and child development, he has allotted sufficient budget i.e. Rs.97,134 crore (for women) and Rs.77,236 crore (for child development).

* Speech was laid on the Table.

For disabled persons welfare he has allotted a sum of Rs.110 crore to Department of Disability Affairs for the ADIP scheme.

The budgetary allocation of Rs.37,330 crore for Ministry of Health and Family Welfare, Rs.21,239 (an increase of 24.3%) crore for New National Health Mission, Rs.4,727 crore for medical education, training and research and Rs.100 crore for National Programme for the Health Care of Elderly shows the UPA government commitment in providing better health facilities for all sections of the society.

UPA government is also committed to facilitating the people for better education system and hence it has allotted Rs.65,867 crore, an increase of 17%. For Sarva Shiksha Abhiyan government has provided Rs.27,258 crore and for Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan Rs.3,983 crore an increase of 25.6%.For SC, ST, OBC, minorities and girl child students' scholarship, government has allotted Rs.5,284 crore. For Mid-Day Meal Scheme, government has provided Rs.13,215 crore.

As regards ICDS (Integrated Child Development Programme), in this budget, government has allotted Rs.17,700 crore and increase of 11.7% for early childhood care and education.

For clean drinking water and sanitation, Rs.15,260 crore allotted for Ministry of Drinking Water and Sanitation as against the Revised Estimate (RE) of Rs.13,000 crore of current year.

UPA Government has number of flagship programme under Ministry of Rural Development for the welfare of Rural India and government has allotted Rs.80,194 in 2013-14 crore an increase of 46%. For MGNREGS, Rs.33,000 crore, for PMGSY Rs.21,700 and IAY Rs.15,184 crore allotted.

UPA government has taken several significant decisions and programs for the welfare of farmers and in this budget it has allotted Rs.27,049 crore, an increase of 22% and for agriculture research Rs.3,415 crore.

In this Budget, UPA government has increased the agriculture target from Rs.575,000 crore to Rs.700,000 crore. For Rashtriya Krishi Vikas Yojana Rs.9,954 and for National Food Security Mission Rs.2,250 crore and for integrated watershed programme Rs.5,387 crore, from Rs.3,050 crore of 2012-13.

The above budgetary allocation tells the success story and continued commitment of UPA government and Hon'ble Finance Minister for country's inclusive and substantial growth.

I urge the Hon'ble Finance Minister on, to increase the budgetary allocation for SCSP (Scheduled Caste Sub Plan). The budgetary allocation should be with respect to population ratio of Scheduled Caste and Tribes. This is utmost required to achieve the equality in society and bringing every section of the society into main stream of the society. Also, provide the adequate budgetary allocation to establish new Kendriya Vidyalaya's (KV) in every districts of the country. This will provide an opportunity for both rural and semi urban Indian students to get the quality education at their door step.

श्री जगदानंद सिंह (बक्सर): सभापति महोदय, मैं बजट के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। हमें तकनीकी रूप से बजट का समर्थन करना है। लेकिन, बजट का समर्थन करते हुए इस बजट से जो तकलीफें पैदा हो रही हैं और होंगी, मैं उनकी तरफ आना चाहता हूं। महोदय, घाटे का बजट लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्व प्राप्ति में कमी आने के कारण राज्यों को मिलने वाले धन में कमी आ रही है। 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक इस वर्ष केन्द्रीय योजनाओं में कटौती की गई है। जीडीपी आशा के विपरित न्यूनतम स्तर पर चला आया है, ग्रोथ रेट पर पांच फीसदी के आगे और पीछे बहस चल रही है। राष्ट्रीय संदर्भ में जब हमारे वित्त मंत्री जी कहते हैं कि हम प्रगति की तरफ जा रहे हैं। हम इंक्लूसिव ग्रोथ के समर्थक हैं। जब हम इंक्लूसिव ग्रोथ का अर्थ निकालते हैं तो हम सबों की समझ है कि व्यक्ति जहां पिछड़ा हुआ हो, जो समाज पिछड़ा हुआ हो और जो इलाके पिछड़े हुए हों, उन्हें ध्यान में रख कर केन्द्रीय बजट बन रहा है और उनके लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। जब हम सारी चीजों के विस्तार में जाते हैं तो समझ में नहीं आता कि जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए लोग हैं, जो इलाके भी पिछड़े हुए हैं, भारत के विकास में अंतिम पायदान पर हैं, आखिर उनके लिए क्या किया जा रहा है।

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि - जो राज्य पिछड़ गए हैं, उनके लिए वित्त मंत्री जी ने साढ़े ग्यारह हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मेरा प्रश्न है कि इस देश के रीजनल इम्बैलेंस को दूर करने के लिए कौन से उपाय किए जा रहे हैं। यह संवैधानिक व्यवस्था है कि इलाके ओर क्षेत्र के हिसाब से इस देश का सम्पूर्ण विकास होगा। जैसे सभापति जी आपका इलाका भी पिछड़ा हुआ है। यदि हम देश के औसत आमदनी से पिछड़े राज्यों की दूरी देखें, तो इनकी दूरी बहुत बनती है। क्या पूरे बजट में ऐसा कोई प्रावधान है और उसे कहीं इंगित किया गया है कि 65 सालों की आजादी के बाद जहां पिछड़ापन और बढ़ा है, जो इलाके राष्ट्रीय औसत से और ज्यादा पीछे गए हैं, नेशनल ऐवरेज से पीछे पर कैपिटा इनकम, जिन इलाके के लोगों की प्रति व्यक्ति आय कम है, उसे पाटने के क्या उपाय किए जा रहे हैं? रीजनल इम्बैलैंस दूर करने के लिए 16 लाख 65 हजार करोड़ रुपये में से केवल साढ़े ग्यारह हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था है। इससे बात नहीं बनेगी। यदि हम बिहार को ले लें तो उसे इससे करीब ढाई हजार करोड़ रुपये मिलेंगे। यदि हम साढ़े दस करोड़ की आबादी के हिसाब से देखें, तो साल में करीब 2100-2200 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च आता है। सोशल जस्टिस का नारा देकर हमारे दल ने बिहार की गरीब जनता के उत्थान के लिए पन्द्रह साल तक प्रयास किया। जो लोग आज भी अंतिम पायदान पर हैं, पिछड़े हुए हैं, क्या उनकी आर्थिक प्रगति हो पाएगी? क्या माननीय वित्त मंत्री ने कुछ किया है? उन्होंने बजट के एक पैराग्राफ में कहा है जिसे मैं माननीय मंत्री जी को सुनाना चाहता हूं - पिछड़ेपन निर्धारण के वर्तमान मानक भूमि, जनसंख्या, घनत्व

तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की लम्बाई पर आधारित है। ज्यादा प्रासंगिक यह होगा, इसमें प्रति व्यक्ति आय, साक्षरता तथा अन्य मानव विकास संसूचकों जैसे राष्ट्रीय औसत से राज्य की दूरी जैसे उपायों का उपयोग किया जाए। मैं नए मानदंड तैयार करने तथा उन्हें भविष्य की योजनाओं तथा निधियों के अंतरण में प्रयोग किए जाने का प्रस्ताव करता हूं। माननीय वित्त मंत्री जी, आपका फाइनैंस कमीशन, राजस्व के बंटवारे का राज्यों के भीतर जो फार्मूला है, जो तय किया है आप उसी का जिक्र कर रहे हैं। शब्दों को केवल किसी जगह रख देने से क्या उसमें कोई नयापन आ जाता है? फाइनैंस कमीशन जो हमारी कौन्सटीट्यूशनल बॉडी है, प्लानिंग कमीशन जो स्टैटूटरी बॉडी है, इस देश में दोनों को मैनडेट है कि क्षेत्रीय विषमता दूर करेंगे, सम्पूर्ण विकास के लिए एक तरह का अवसर तैयार करेंगे जहां इंसान अपनी प्रतिभा, क्षमता, पुरुषार्थ का प्रयोग कर इस देश में आगे बढ़ेगा। शिक्षा में असमानता नहीं होगी, गरीबी में कोई व्यक्ति ज्यादा गरीब नहीं होगा, पिछड़ापन भी ज्यादा दूर तक नहीं जाएगा, देश उन्हें वह सारी चीजें मुहैया करवाएगा जो एक आम इंसान के लिए आवश्यक हैं। इस देश में फिसकल फैड्रलिज़्म है, पोलीटिकल फैड्रलिज्म भी है, देश को कौन्सटीट्यूशनल मेनडेट है। वित्त मंत्री जी, आप उसके हिसाब से कहां एक्ट कर पा रहे हैं। 65 सालों के बाद क्यों बिहार अंतिम पायदान पर है, क्यों ओड़िसा अंतिम पायदान पर है? क्यों बंटवारे के बाद उत्तराखंड, झारखंड अंतिम पायदान पर है? इनके लिए कौन से विशेष अवसर दिए जा रहे हैं।

महोदय, 16 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के वार्षिक बजट में से अधिकांश पैसे नॉन प्लान में चले जायेंगे। केवल कुछ पैसे प्लान के लिए मिलते हैं और प्लान में ही कटौती हो रही है, जिनके माध्यम से राज्यों को पैसा जाता है। मंत्री जी गैर योजना में जो खर्च कर रहे हैं,उसे और बढ़ा दिया है। उनको आगे बढ़ाये रखने के लिए यह मेनटेनैंस कास्ट है जो आगे है । वही आगे बढ़ेंगे और उन्हीं पर यह निधि खर्च होगी जो नॉन प्लान की है। लेकिन प्लान में आप कुछ राशि पिछड़ेपन के आधार पर दे सकते थे।

महोदय, लेकिन जब 12-13 की योजना में 95 हजार करोड़ रुपये की कटौती होती है, तो उसका क्या प्रभाव पड़ेगा? माननीय वित्त मंत्री जी, केवल किसी राज्य के पोलिटिकल इंस्टीट्यूशन को प्रसन्न करने के लिए शब्दों के हेरफेर से कोई राज्य आगे नहीं जायेगा। ऐसे तीन बिन्दू हैं, जो किसी राज्य को स्पेशल स्टेटस देते हैं। डीवेल्यूएशन के लिए नहीं, पैसे के बंटवारे के लिए नहीं, वह तो बिल्कुल स्पष्ट है। जो है, उसी को आप यहां पर दोहरा रहे हैं। क्या इसके माध्यम से ...(व्यवधान)

वित्त मंत्री जी ख्याल कर लीजिए कि ओडिशा हमसे थोड़ा सा आगे है। ओडिशा और बिहार की जो दूरी थी, उसे हम सात सालों में पाट नहीं सके हैं। जो नैशनल एवरेज है, उससे हम बहुत दूर है। इसलिए हमने स्पेशल स्टेटस की जगह एक सिद्धांत गढ़ा था। जब आप कांस्टीट्यूशनल प्रौब्लम की बात कर रहे थे कि इस फार्मूले के आधार पर विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता, उस समय हम लोगों ने आपको

याद दिलाया था कि इस देश में कांस्टीटूशनल मेनडेट है कि रीजनल इम्बैलेंसेस नहीं होने देंगे। रीजनल इम्बैलेंसेस को रिमूव करेंगे। हमने उसकी याद आपको दिलायी थी। बिहार का हर दल, हर सैक्शन, हर सोसायटी एकमुश्त 12th फाइनेंस कमीशन के सामने गया था। रीजनल इम्बैलेंसेस के रिमूवल के लिए जो कांस्टीटूशनल मेनडेट है, फाइनेंस कमीशन से हम उसकी चर्चा कर रहे हैं।

The intrusion of anti-national elements from the neighbouring country is again a cause of great concern. Grants and subsidy cuts to the various essential commodities have resulted in increase of prices of diesel, petrol, LPG, fertilizers like Potash, Di-Ammonium Phosphate (DAP) and urea by 100%, 150% and 200%. This affects the common people very much. Instead of taking forward, the activities of the Union government are making our country a backward one. Welcoming FDI in all sectors including the retail sector, this government is doing injustice to the industrial investors of our nation. During the tenure of Shri Atal Behari Vajpayee as the Prime Minister of the country, it was said that there was a possibility of linking the rivers of the country, and assurance was given for speedy implementation of such a project. But the present government led by Hon'ble Prime Minister Dr. Manmohan Singh has raised objection, questioning the possibility of this scheme. There is no fund allocation for internal as well as external security. This will moreover create an insecure situation in the country. Union Government has not provided minimum support price for agricultural

* English tanslation of the speech originally laid on the Table in Tamil .

products. The views expressed by agricultural scientist Dr. M. S. Swaminathan in his Report were not considered for implementation.

Hon'ble Finance Minister has said that this Budget would pave way for Women's development, economic development of youth of this country and poverty alleviation. But there is no specific allocation of funds for these measure. Only oral assurances for name sake have been provided.

India is a Union of different States. But when compared to last year, allocation of funds to the States has been minimized. Even before presentation of General Budget, the Government has hiked the prices of petrol, Diesel, non-subsidized LPG Cylinders and rail fare as per their desire. Civil Aviation Sector has been paralyzed. Important air routes and timings of important flight services are being handled by private carriers. Because of this, Civil Aviation Ministry could not pay the salaries to the pilots of the government carrier. Even flight services are affected much. Union government is diverting funds from other sources to run the government carrier.

Particularly, in Defence sector, the big scam that was unearthed recently in the purchase of helicopters for use by VVIPs, warplanes and other weapons is a matter of shame for India among the countries of the world. Black money is stashed away to foreign countries. There is no action to retrieve this black money and bring it back to India. Income tax limit for an individual tax payer has not been raised by the Hon'ble Finance Minister. This has attracted wide criticism from different quarters. Growth rate has come down as never before and inflation has gone high. The States ruled by non-Congress parties are ill-treated and adequate funds are denied for those States. Corruption is rampant everywhere. Natural resources are being exploited under the protective cover of powerful politicians. There is no measure to control this

During the period of the then Prime Minister Dr. Atal Behari Vajpayee. Golden Quadrilateral Highway project was implemented successfully throughout the country. Allocation of funds to this Scheme has drastically come down.

Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu Puratchithalaivi Amma has taken several positive measures for the welfare of the State of Tamil Nadu.

Free rice under PDS, monthly pension of Rs. 1,000/- each to senior citizens, widows, and physically challenged persons, free milking cow worth Rs. 30,000/-; free goats (4 Numbers) worth Rs. 12,000/-; free laptops worth Rs. 14,500/-; financial assistance for marriage of poor brides; Rs. 25,000/- aid for 12th Standard passed girls; 4 grams free gold for Mangal Sutra and a compensation of Rs. 15,000/- per acre to the farmers of drought affected areas are being provided in Tamil Nadu. As a result of this, poverty has been removed from the State of Tamil Nadu. But the Union Government refuses to grant allocation of fund to such welfare oriented Schemes. Other States of India are willing to follow the footsteps of Tamil Nadu. I strongly oppose the Union General Budget where there is no announcement of any Scheme for poverty alleviation, nation's security and development. In short this is an anti-poor Budget.

17.00 hrs.

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Mr. Chairman, the hon. Finance Minister while delivering his speech about one important scheme of direct cash transfer said:

> "All around us, we see the smiles on the faces of the dalit girls and the tribal boys who have received their scholarships. We see the happiness on the faces of the pregnant women who are assured that the Government cares for the mother and the child before and after child birth. We are redoubling our efforts to ensure that the digitized beneficiary lists are available."

17.0 ½ hrs (Shri Inder Singh Namdhari *in the Chair*)

I would like to tell the story of my district which has been selected as a pilot district for the direct cash transfer scheme. What has happened is that UIDAI started collecting the data in urban areas and the National Population Register (NPR) started collecting the data in rural areas. If I can quote from my own district, more than 6,55,116 data has been collected by NPR, but so far, after nine months, the UIDAI is not generating the UID numbers as far as Aadhaar is concerned. What is happening in the district is that whatever cash has to be transferred is not being done and there is a hue and cry among the potential beneficiaries on a daily basis.

To give another example, you have to transfer cash through Department of Social Welfare under scholarship scheme to university and college students as also fellowship to the UGC schemes. For all these schemes where cash was supposed to be transferred is not being done only for the reason that UID has not been generated even though NPR, according to the information given to me by the officer concerned, has already transferred all the data to UIDAI. So far it has not generated the numbers. This is one problem.

The second problem which I would like to bring to the notice of the hon. Finance Minister is that people stay in hostels run by the Social Welfare Department. Now in Karnataka Rs.800 per student, as far as I know, is being

given. If it is directly transferred to students, how will the warden of the Social Welfare Department who is running the hostel be able to run the hostel? What is the modality or mechanism the Government is going to adopt or the guidelines it is going to give to the district administration and the State Government to address this problem? So far this problem has not been addressed.

Thirdly, banks are not cooperating in seeding and mapping of Aadhaar number wherever it is available. In my own district for example, there are 9038 valid Aadhaar numbers available. All this has been submitted to various national banks. But, so far out of 9038, only 1701 have been seeded and mapped. Whenever we ask these bankers about it, they say that they have so many constraints and are not able to do it. This is also creating a huge problem. I also request the hon. Finance Minister to address this problem and instruct the bankers to implement it very strictly.

LPG supply is also linked to Aadhaar card. 20 per cent of my own area has been taken for a pilot project. In rural areas, as I have already said, even though NPR has already collected the data, so far not even one number has been generated. People who are going to the gas agencies are being told that whenever they submit the Aadhaar card, it will be reimbursed. I would like to ask this from the hon. Finance Minister. If at all they get the Aadhaar card and number after some time, will they get whatever benefits they were due to get as arrears?

Lastly, as regards scholarships, you said that 'students are smiling'. Scholarships of Universities, UGC, Maulana Azad National Fellowship Scheme and almost all UGC scholarships have not released money. University of Agricultural Science in Dharwad and the Karnataka University, Dharwad, which were supposed to distribute the scholarships under this scheme, have not transferred the cash, but so far it has not been done because UGC has not released the money. I urge the Finance Minister to give necessary instructions, and then only there will be smile on the faces of *dalit* girls and other poor girls. Otherwise, this will … (*Interruptions*) Sir, I have just started. Ultimately, it will be just as it is

quoted in the newspapers that : "You will try to take political mileage out of it being a game changer". But, ultimately, it will not be a game changer. I want to submit this, through you, to the hon. Minister. Hence, please rectify these mistakes as early as possible.

Now, I would only like to mention a couple of points on agriculture, and then I will conclude because you have already warned … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Just one minute back you said 'lastly'. Do you remember?

SHRI PRALHAD JOSHI : Sir, I have just started and taken only 3 minutes or so.

There are a few indications and reports that more than Rs. 3,48,000 crore of revenue has been foregone for the corporate houses. May I ask this, through you? When so many State Governments including the State of Karnataka are giving loan to the farmers at zero rate of interest, why cannot the Central Government do it? The Finance Minister and the Prime Minister are saying that : "We need to pamper them for sustainable growth of agriculture". But what is this? You could have given it at least at 1 per cent rate of interest, and by that the farmers could have been supported, which is also not being done. The Karnataka Government is already giving loan at zero rate of interest up to Rs. 1 lakh and at 1 per cent rate of interest up to Rs. 3 lakh through the cooperative sector.

MR. CHAIRMAN : Thank you, Shri Joshi.

SHRI PRALHAD JOSHI : Sir, at the same time, there was a request as far as the crop insurance scheme is concerned to make Gram Panchayat as the unit. This demand is being continuously made for the last 4-5 years, but so far it has not been attended to. Hence, I urge that both crop insurance as well as weather-based insurance should be immediately addressed and rationalized so that whenever there is crop failure at least if weather-based insurance is there, then to a certain extent there will be relief to the farmer.

I would like to mention another important point. The PMGSY scheme is not there in many of the forward States because they have already completed

connectivity. This is what is told to them. But I would urge here that upgradation is also a very important thing, and you have announced it. Please implement it.

At the same time, there is one major issue, which I would like to mention here. Nearly, Rs.50,000 crore worth of vegetables are lost every year because of non-connectivity. Hence, I urge the Finance Minister that from farm land to the village and village to the taluka headquarters there should be proper connectivity.

MR. CHAIRMAN : The next speaker is Shri Mohammed E. T. Basheer.

SHRI PRALHAD JOSHI : I urge the hon. Minister to make a special programme so that every farm land is connected to the village and village to the taluka.

***श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** : माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किये गये आम बजट से आम आदमी को घोर निराशा हुई है। आम आदमी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। बजट आने से पहले ही पेट्रोल, डीजल और पार्किंग इत्यादि की कीमतें बढ़ा दी गई। वर्ष 2012-13 में औद्योगिक विकास दर जीरो रही। जीडीपी का ग्रोथ रेट मात्र 6 प्रतिशत रहा । विदेशी निवेश से लाभ हो या हानि किंतु माननीय वित्त मंत्री जी विदेशी निवेश का समर्थन करते हैं। यह बड़ी चिंता की बात है। वर्ष 2011-12 में मात्र 22 अरब डालर का एफडीआई आया जबकि ब्याज रायल्टी के नाम पर 26 अरब डालर विदेश चले गये अर्थात एफडीआई से कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार द्वारा महंगाई रोकने के लिए आश्वासन तो बहुत दिये जाते हैं, किंतु सारे आश्वासन खोखले साबित होते हैं। ऐसा ही कुछ इस बजट से पता चलता है।

जहां एक और आतंकवाद, नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या देश को झकझोर रही है, वहीं दूसरी ओर महंगाई सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ी है। आम आदमी पिसकर रह गया है। सुरक्षा बजट पिछले वर्ष की अपेक्षा कम कर दिया गया है। जबकि आतंकवाद, नक्सलवाद जैसी समस्याओं के निदान हेतु सुरक्षा बजट बढ़ाना चाहिए, किंतु सरकार ने सुरक्षा की ओर से आंख मूंद ली है। सरकार भलीभांति जानती है कि देश को सुरक्षा की अत्यंत आवश्यकता है, किंतु जानते हुए भी सुरक्षा हेतु इस बजट में कुछ नहीं दिया गया। पिछले वर्ा सीआरपीएफ को हथियारों की खरीद के लिए दो करोड़ देने थे, किंतु मिले मात्र 80 लाख रूपये। एक ओर एनएसजी को आधुनिकतम बनाने की बात कही जा रही थी तो दूसरी ओर वित्त मंत्रालय ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। सीमा सुरक्षा बल को गत वर्ा पांच करोड़ आवंटित होना था तथा उसे मात्र 80 लाख मिले तथा इस वर्ष पांच से घटाकर दो करोड़ कर दिया। पड़ोसी देश अपनी सीमाओं को ताकतवर बना रहा है और हम उसमें कटौती कर रहे हैं। घुसपैठ बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था पर दोहरी मार पड़ रही है। अपराधों में बढ़ोत्तरी के साथ आम आदमी का जन जीवन बर्बाद हो रहा है।

दूसरी ओर सरकार ने कर्मचारी वर्ग तथा मध्यम वर्ग की आयकर छूट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है, जिससे इन वर्गो को निचोड़ा जा सके। केवल 2000 रूपये की छूट देकर " ऊंट के मुंह में जीरा " वाला उदाहरण पेश किया है। इससे सभी वर्ग निराश हैं। जैतून तथा सोयाबीन का तेल, स्टील के बर्तन , संगमरमर का पत्थर, ए.सी., होटलों में भोजन, सेटटॉप बाक्स तथा सिगरेट इत्यादि को महंगा किया गया है। इसके अलावा रेशमी कपड़ों, जड़ाऊ जेवरात तथा दो हजार से अधिक कीमत के मोबाइल को महंगा करके मध्यम वर्ग की जेब पर प्रहार किया है।

---

* Speech was laid on the Table

किसानों के लिए किसी विशेष पैकेज की घोषणा नहीं की गई। किसान आत्महत्याएं करता रहा है। यही स्थिति रही तो आगे भी करता रहेगा। क्योंकि बाढ़, सूखे, प्राकृतिक आपदा की मार से किसान त्रस्त है, लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई खास प्रावधान नहीं है। किसान को ट्रैक्टर, खाद, बीज तथा खेती के उपकरणों पर सब्सिडी मिलनी चाहिए जो कि इस बजट में कहीं दिखाई नहीं देती है।

हाल ही में महाराष्ट्र में सूखा पड़ा है, राजस्थान में भी पानी की कमी है। बिहार तथा झारखण्ड की स्थिति अत्यंत नाजुक है। झारखण्ड के किसानों को सिंचाई की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। मेरे गिरीडीह लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत शहरी क्षेत्र हो अथवा ग्रामीण क्षेत्र हो, पीने के पानी की भीषण किल्लत है। सिंचाई नगण्य है। मवेशी अभी से मरने शुरू हो गये हैं। किसान को केवल कर्ज देने से काम नहीं चलेगा। कोई ठोस नीति बनाने की आवश्यकता है, जिससे किसान आर्थिक संकट से उबर सके। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह राज्य सरकारों को आर्थिक सहायता देकर किसानों की मदद करे। खाद, बिजली, सिंचाई, शिक्षा इत्यादि की सहायता उन्हें मिलनी चाहिए।

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): Sir, before I make my observation on this Budget, I would like to make a humble submission. … (*Interruptions*)

श्री लालू प्रसाद : सभापति महोदय, मेरा नम्बर कब आएगा?...(व्यवधान)

सभापति महोदय : लालू जी, अभी तक हमारे पास जो सूची है उसमें आपका नाम नहीं है।

…(व्यवधान)

सभापति महोदय : अभी जो सूची हमारे सामने प्रस्तुत की गई है उसमें आपका नाम नहीं है।

श्री लालू प्रसाद : आपके पहले जो चेयरमैन साहब थे, सरदिना साहब ने कहा कि आपको तीन माननीय सांसदों के बाद बुलवाएंगे। अगर मैं यह बात गलत बोल रहा हूं तो आप उनको बुलवाइए। अब तक तीन नहीं बल्कि नौ सांसद बोल चुके है और अभी तक मेरा नाम नहीं आया है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : लालू जी आसन को आपसे कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मैं कह रहा हूं कि जो सूची यहां तैयार की जाती है, उसमें आपकी पार्टी के जगदानंद सिंह जी 13 मिनट तक बोल चुके हैं, इसीलिए लिस्ट में आपका नाम नहीं है। लेकिन मैं कोशिश करता हूं कि आपको एकोमोडेट किया जाए।

श्री लालू प्रसाद : हमें बताया गया था कि तीन सदस्यों के बोलने के बाद मुझे बोलने का मौका दिया जाएगा।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, मैं जोड़-घटाव करता हूं।

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. Before making certain observations on this Budget, I wish to make a humble suggestion. … (*Interruptions*) Kindly allow me to speak.

Sir, before the commencement of Budget Session, my humble suggestion is that a pre-Budget Session of the Parliament should be convened at least for three days so that MPs can make their contribution on what the pattern of the Budget should be. When the Budget is presented, it will be the outcome of the collective wisdom of this Parliament. Therefore, I suggest that a pre-Budget Session of the Parliament may kindly be convened in future.

Paras 20 and 21 of the Budget Speech pertain to the minorities. We all know that SC/ST/OBC category people belong to the marginalized sections of the society. My learned friend, Mr. Owaisi, was giving some figures. As far as the SC Sub-Plan is concerned, you have allotted Rs. 41,561 crore, and Rs. 24,598 crore for the Tribal Sub-Plan.

Sir, there was a suggestion from the Sachar Committee and Ranganath Mishra Commission that OBCs must have a Sub-Plan. He had given some statistics. Even today, in reply to Question No. 254, which was on the socio-economic and educational status of Muslims, it was stated:

> "That about 80 per cent of the Muslims in urban areas and 27 per cent in rural areas live below the poverty line. Muslims are concentrated in locations with poor infrastructure facilities. This affects their access to basic services like education, health facilities and transport. Similarly, about a third of small villages with high concentration of Muslims do not have any educational institutions. There is a scarcity of medical facilities in larger villages with substantial Muslim concentration. About 40 per cent of large villages with a substantial Muslim concentration do not have any medical facilities."

This is the reply given to Question No. 254 today. What I am suggesting is that this Sub-Plan for OBCs will help us very much. I humbly urge upon the Government to think about this very seriously.

Regarding Maulana Azad Foundation, you have given Rs. 160 crore plus Rs. 100 crore. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : लालू जी, आप सीनियर मैम्बर हैं, इसलिए थोड़ा शान्त रहिए। मैं एडजस्ट कर रहा हूं।

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : When the Maulana Azad Foundation was established, it had high aims and objectives, but unfortunately, now they have been degraded. It has just become a loan giving agency. So, there is a need to make the Maulana Azad Foundation as the best institution nation-wide with the aim of helping the minorities in all the development indicators.

Coming to Kerala, we all know that Kerala is in the fear complex of drought. Our hon. Chief Minister had met the hon. Finance Minister and the hon. Prime Minister seeking adequate financial support to meet the consequences of severe drought. Similar is the issue of coconut farmers. It is also a burning problem. Serious attention may kindly be given for that also.

Sir, we have a reasonable demand for an IIT. That demand has not yet been considered. I once again appeal to the Government to have a serious consideration on that aspect. We have to give adequate financial support for the regional centre of the Aligarh Muslim University established in Malappuram district of Kerala.

Similarly, adequate quota of kerosene for the fishermen should be given. That is also another burning problem in our State.

Establishment of AIIMS like institution is very much needed in our State. I hope that the Government will give top priority to the above mentioned things.

I would like to say another thing. I must congratulate the Government for the bold initiatives taken for women and children. The Government has taken bold steps on that.

Para 108 of the Budget Speech is in respect of post offices. The Government has a very good proposal. The Government has allotted Rs. 532 crore for revamping the post offices. The post offices will be enabled to perform the duties with the facility of the core banking.

In my constituency, there are two post offices – Tirur and Kuttippuram. These two post offices have been having their own land. They are continuously giving rent for the building. The Tirur post office is paying Rs. 20,000 and the other post office which is at Kuttippuram is paying Rs. 11,000 per month as rent.

When we are converting post offices with the core banking facilities, I would request the Government to come forward to construct buildings for these post offices.

I once again congratulate the Government for the bold initiatives taken in respect of the marginalized section. I hope that my suggestions would be taken into consideration seriously.

With these words, I conclude.

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी, समय की कमी है, इसलिए बिना भूमिका बांधे आप सीधे प्वाइंट पर आ जाइये।

***श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर)** : मैं आम बजट 2013-14 के संबंध में वित्त मंत्री जी को कुछ बिंदुओं पर अपने सुझाव देना चाहता हूँ ।

बजट को मुख्य रूप से महिलाओं युवाओं और गरीबों को समर्पित करने की बात विशेष रूप से कही गई है, लेकिन महंगाई कम करने का प्रयास इस बजट में नहीं किया गया है। महिलाओं और गरीबों को कैसे राहत दी जा सकती है, यह समझ से परे है। अतः महिला व गरीबों को महंगाई से राहत देने की वित्त मंत्री जी कोई न कोई घोषणा अवश्य करें।

बजट के पैरा 71 से 76 तक लघु, मध्यम व सूक्ष्म उद्योग को सुदृढ़ करने की बात कही गई है, लेकिन छोटे उद्योगों को सबसे ज्यादा दिक्कत कार्यशील पूंजी की आती है। जब तक कार्यशील पूंजी 4 प्रतिशत की दर से उपलब्ध नहीं होगी तब तक लघु, मध्यम व सूक्ष्म उद्योग सक्षम नहीं हो सकते। अतः SIDBI को सुदृढ़ करने के साथ-साथ 4 प्रतिशत की ब्याज दर से ऋण उपलब्ध करवाने का प्रावधान भी बजट में होना चाहिए।

बजट के पैरा 17 से 22 तक अनुसूचित जाति व जनजाति तथा महिला एवं अल्पसंख्यक वर्गो के लिए प्रावधान रखे गये हैं, लेकिन अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों को अल्पसंख्यक वर्ग से कम दर पर छात्रवृति प्राप्त होना एससी एवं एसटी वर्गो के छात्रों के साथ विभेदकारी निर्णय है। अतः इस विसंगति को बजट में दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

बजट के पैरा 33 में नालंदा विश्वविद्यालय को शिक्षा का बेहतरीन संस्थान बनाने का उल्लेख किया गया है जिसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक्षशिला वर्ल्ड हेरिटेज हो सकता है, तो फिर नालंदा विश्वविद्यालय वर्ल्ड हैरिटेज क्यों नहीं हो सकता, क्योंकि नालंदा विश्वविद्यालय उस जमाने में सबसे बड़ा ज्ञान का केन्द्र था। अतः इस हेतु भी बजट में प्रावधान करके प्रयास करने की आवश्यकता है।

पैरा 38 में मनरेगा के तहत 33 हजार करोड़ रूपये की घोषणा की गई है, लेकिन अगर समय रहते मनरेगा में वांछित संशोधन नहीं किये गये और स्कीम की समय पर मोनिटरिंग नहीं की गई तो यह आशंका है कि मनरेगा के तहत आवंटित राशि खर्च नहीं हो पायेगी। इसका समाधान बजट में नहीं दिख रहा है। इस हेतु भी वित्त मंत्री जी को प्रयास करने की आवश्यकता है।

बजट के पैरा 53 में पशुधन विकास में निवेश की बात कही गई है, लेकिन पशुधन विकास में निवेश करने वाले उद्यमों, संस्थानों को जब तक आयकर की विशेष छूट उपलब्ध नहीं होगी, तब तक पशुधन विकास मिशन सार्थक नहीं होगा।

---

* Speech was laid on the Table

बजट के पैरा 57 में सड़क निर्माण का उल्लेख किया गया है, लेकिन सड़क निर्माण में पर्यावरण मंत्रालय की क्लियरेंस समय पर नहीं मिलने के कारण पिछले बजट में की गई घोषनाएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। अतः इस संबंध में भी यथा शीघ्र निर्णय लेकर कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

बजट के पैरा 62 में दिल्ली-बम्बई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का उल्लेख किया गया है लेकिन पूरे बजट की व्यवस्था नहीं की गई है। बजट कैसे प्राप्त होगा और कब तक यह प्रोजेक्ट पूरा होगा इसका उल्लेख नहीं किया गया है। यह रेल विकास के लिए भी जरूरी है और दिल्ली से बम्बई के मध्य पड़ने वाले शहरों के लिए भी महत्ती आवश्यकता है। इसलिए यह सरकार की उच्च प्राथमिकता वाला प्रोजेक्ट होना चाहिए, जिसका उल्लेख कहीं नहीं है।

बजट के पैरा 94 में SEBI का उल्लेख है लेकिन छोटे निवेशक यदि कुछ कंपनियों द्वारा ठगे जाते हैं तो उनकी भरपाई करने के लिए कोई मैकेन्जिम का कोई उल्लेख नहीं है जो शेयर मार्केट में निवेश करने वाले छोटे निवेशकों के लिए निराशा भरने वाला है। अतः उनकी निराशा भी दूर की जानी चाहिए।

बजट के पार्ट बी के टैक्स प्रपोजल में वेतनभोगी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए आयकर में किसी भी तरह की कोई राहत नहीं दी गई है, जबकि वित्त मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति ने राहत की सीमा बढ़ाने का उल्लेख किया था। अतः स्थायी समिति की सिफारिश के अनुसार आयकर में राहत दिये जाने की व्यवस्था बजट में की जानी चाहिए।

*SHRIMATI POONAM VELJIBHAI JAT (KACHCHH): With the country facing a very big problem of inflation and increase in the price of petrol and diesel, the people of India were waiting for a budget which would give them some relief in commodity prices by giving some subsidy on diesel and petroleum products but the hope of people has not been fulfilled by the Budget as it does not address any of these issues. The middle class is also disappointed because the working class was waiting for some relief in their taxes which also has not been addressed and only a rebate of Rs.2000 is given for people earning Rs.5 lakh per year which is not at all sufficient and a very small amount. The poor people wanted that the price of commodities like vegetables, grains and pulses should come down and they should be given subsidy on more number of cylinders but the Finance Minister has not touched any of these issues. Big flagship programmes which are announced are not implemented properly and give rise to many corrupt practices in the country.

The programmes like MNREGA and mid day meal are also not implemented properly and the number of people who should be benefited are also not being benefited. As I am in the Consultative Committee of Shipping many Ports Users Association have contacted me and given me more memorandum of some wrong decisions taken in the Customs Act (Section 104), where offences under Section 135 are proposed to be made non-bailable, defining them as (a) Evasion or attempted evasion of duty exceeding Rs.50 lakhs; and (b) Prohibited goods notified under sub-clause of section 135. Some consideration should be done on these issues as you are aware the present trend of dealing with trade that *officer prima facie* come with reservations that trade have done wrong and their aim is to hold the trade responsible without observing transparent approach. In such a situation the powers of using non-bailable jurisdiction will be "absolute

* Speech was laid on the Table

powers corrupt absolutely" and same will promote, exploitation of trade by various corrupt practices. So, I request you to study the matter again so that no wrong is done even to traders.

***श्री हंसराज गं.अहीर (चन्द्रपुर)** : 2013-14 के लिए पेश किया गया बजट देश की आम जनता के विकास तथा हित में नहीं है।

आज देश में जो स्थिति बनी हुई है उससे निपटने के लिए कोई योजना रास्ता दिखाने में यह असफल साबित होगा। आज देश आम आदमी से लेकर किसान, मजदूर, व्यवसायी सरकार की असफलता के कारण त्राहिमाम कर रहा है। 16 दिसम्बर, 2012 को दिल्ली में सामूहिक दुष्कर्म के बाद जो जनाक्रोश, आंदोलन उमड़ पड़ा है उसके बाद सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में उपाय करने की उपेक्षा की गयी, लेकिन देश में महिला सुरक्षा की जो स्थिति दिखाई पड़ रही है वह चिंताजनक है। इसमें सुधार लाने के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। केवल हम करेंगे, कर रहे हैं, बोलने से काम नहीं चलेगा। संबंधित लोगों को ऐसी अनुभूति कराने की आवश्यकता है।

देश में भूमंडलीकरण तथा उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के बाद कामगारों पर कुठाराघात हुआ है। कामगारों तथा कर्मचारियों सहित नौकरीशुदा वर्गो ने पिछले एक दशक से विद्रोह करना शुरू किया है, क्योंकि लगातार बढ़ायी कीमतों और मुद्रास्फीति के अनुपात में वेतन में वृद्धि न होने के कारण वास्तविक मजदूरी कम हो रही है। जिसके फलस्वरूप उनका जीवन स्तर घट रहा है। उत्पादकता और कार्यभार में बढ़ोतरी होने के बावजूद औसत कामगार की स्थिति दयनीय है। इससे संगठित तथा असंगठित क्षेत्र के कामगारों में अशांति है। सरकार की श्रम संबंधी नीतियों का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होने से अशांत कर्मचारियों ने हाल ही में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की, सरकार द्वारा वार्षिक श्रम सम्मेलन में दिये आश्वासनों को क्रियान्वित नहीं किया गया है देश के सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ रही है, लेकिन सरकार द्वारा श्रमिक निर्वाह निधि 1995 में किये जा रहे पेंशन भुगतान में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, केवल 300 से 700 रूपये प्रतिमाह पर कोई कैसे अपना परिवार चला सकता है। सरकार को इसका संज्ञान लेना होगा और भविष्य निर्वाह निधि परियोजना 1995 में पेंशन के भुगतान में बढ़ोतरी करनी चाहिए। कामगार को भी जीवनयापन करना होता है। लेकिन उसे सम्मानजनक वेतन, पेंशन नहीं मिला तो वह कैसे जी पायेगा, इसका भी विचार करना चाहिए।

कामगार क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्या है। ठेका नियुक्ति संविदा के आधार पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। उत्पादन क्षेत्र में लगभग 40 फीसदी तथा सेवा क्षेत्र में 50 फीसदी से भी अधिक श्रमशक्ति ठेके पर कार्यरत हैं जिसकी कार्य संबंधी स्थितियां मुख्य रूप से शोषणदायी हैं। इसलिए ठेका श्रम विनियमन और उत्पादन, अधिनियम, 1973 में कामगार हित के संशोधन करने चाहिए। सरकार ने ठेका श्रम

---

* Speech was laid on the Table

व्यवस्था को और बढ़ावा दिया है। इससे ठेका श्रमिकों को ठेका श्रमिक कानूनों में कमी के कारण आवश्यक सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। वर्तमान विकास के मॉडल में रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं और पिछला दशक रोजगारहीन विकास का रहा है। असंगठित क्षेत्र में 400 मिलियन से भी अधिक कामगार है, जिसका शोाण किया जा रहा है। देश में आज कृषि श्रमिक, घरेलू कामगारों की दशा दयनीय है, सरकार द्वारा उचित मेहनताना, सामाजिक सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र निर्माण के अभाव में इनका लगातार शोषण हो रहा है।

कोयला क्षेत्र देश की एक बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। कोयला क्षेत्र में कोल इंडिया का एकाधिकार बना हुआ है। राष्ट्रीयकरण के बाद कामगारों को सरकार द्वारा उचित लाभ और सेवा पश्चात् उचित पेंशन की सुविधा करने के लिए कोयला माइन्स पेंशन फंड 1998 की स्थापना की गयी लेकिन आज जो पेंशन मिल रही है, उसे देखे तो कामगारों का जीवन कैसे चल पायेगा। देश में बढ़ती महंगाई तथा सामाजिक सुरक्षा के अभाव को देखते हुए कोयला माइंस पेंशन फंड 1998 पेंशन भुगतान में तत्काल बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि सरकार इसका संज्ञान लेकर पेंशन में बढ़ोतरी करने के लिए कदम उठाये।

दूसरा महत्वपूर्ण मामला है जो देश के किसानों से संबंधित है, वह सिंचाई का है। देश में सिंचाई की असमानता, विषमता दिखाई दे रही है। देश के पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में 90 से 95 फीसदी सिंचाई और महाराष्ट्र में केवल 19 फीसदी, यह विषमता समाप्त करने की दिशा में सरकार को पहल करने की आवश्यकता है। सिंचाई की उपलब्धता का कृषि विकास पर अच्छा असर पड़ता है। हमारे यहां सिंचाई सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को वर्षा जल पर निर्भर रहकर केवल एक ही फसल पर संतोष करना पड़ता है। वह भी प्रति एकड़ कम उत्पादन के आधार पर और सरकार देश के सभी क्षेत्रों के लिए एक ही न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है। फिर दो और तीन फसल उत्पादन करने वाले पंजाब और हरियाणा के किसानों के साथ महाराष्ट्र और विदर्भ के किसानों की बराबरी कैसे हो सकती है। दिन-ब-दिन बढ़ने वाले खाद, बीजों और कृषि मजदूरी के दामों को देखते हुए हमारे यहां के किसानों को लागत मूल्य के अनुपात में दाम नहीं मिल रहा। सरकार भी उन्हें लागत के अनुसार लाभदायी मूल्य सुनिश्चित कराने में असफल साबित हो रही। इससे विदर्भ, और महाराष्ट्र का किसान आत्महत्या कर रहा है। आज किसान आत्महत्या प्रभावित 31 जिलों में से 6 विदर्भ में है, और भी जिले आत्महत्या प्रबल ही हैं। किसानों की बिगड़ती स्थिति के लिए यूपीए सरकार जिम्मेदार है। कृाषि विकास का कोई मॉडल सरकार के सामने नहीं है। देश में लाखों की तादाद में किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार इसे नियंत्रित करने के लिए कोई कदम उठाते दिखाई नहीं दे रही है। उल्टे किसानों के कृषि उत्पाद पर निर्यात पाबंदी लगाकर उसे और भी बदहाल कर

रही है। विदर्भ में कपास का अधिक उत्पादन होता है, धान उत्पाद भी होता है, लेकिन विश्वस्तर के बाजारों में इन उत्पादनों की भारी मांग होती है तब सरकार इस पर निर्यात पाबंदी लगाकर किसानों को विश्व बाजार के तेजी का लाभ उठाने से रोक रही है। आज देश में केवल किसान ही ऐसा उत्पादक है, जिसे अपने उत्पादों के दाम तथा उसका विपणन करने और ठहराने का कोई अधिकार नहीं है। इससे किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इसलिए सरकार को अपनी कृषि संबंधी नीति में बदलाव करना होगा। कृषि मूल्य आयोग को बर्खास्त कर लागत मूल्य के अनुसार किसानों को दाम मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाने की आवश्यकता है। उसी तरह किसानों के फसल उत्पादन पर निर्यात पाबंदी लगाने की बजाय उसके कृषि उत्पादों के विश्वभर में निर्यात के लिए सरकार को आगे आकर सहायता और सब्सिडी देनी चाहिए। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि अपनी सोच में बदलाव कर कृषि और कृषकों को अधिक प्राथमिकता दे और अपने विकास का केन्द्र बिंदु माने।

विदर्भ क्षेत्र में कोयला उपलब्ध है इसके लिए यहां पर बिजली निर्माण परियोजनाएं बड़ी संख्या में आ रही हैं। देश की सबसे बड़ी 2340 मेगावाट की बिजली निर्माण इकाई के बाद सरकार निजी क्षेत्रों के माध्यम से विदर्भ क्षेत्र बिजली निर्माण संयंत्र बनाने को स्वीकृति दे रही है। इससे विदर्भ के पर्यावरण पर बुरा असर पड़ा है। आज यहां की नदियों का जल दूषित होने से पीने लायक नहीं और मछुआरों का व्यवसाय भी खत्म होने की कगार पर है। विदर्भ में औष्णीक बिजली निर्माण संयंत्रों की बढ़ती संख्या का ध्वनि, जल और वायु प्रदूषण में अधिक बढ़ोतरी से लोगों के निरमय जीने का अधिकार भी प्रभावित हो रहा है। आज इस क्षेत्र का चंद्रपुर देश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में दूसरा तथा अन्य शहर भी इस सूची में शामिल हैं। इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण का संज्ञान लेकर इस क्षेत्र की जनता की भलाई को देखते हुए यहां पर औष्णीक विद्युत निर्माण संयंत्रों को और स्वीकृति न दें और औष्णीक बिजली निर्माण संयंत्रों के प्रदूाण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों के क्रियान्वयन के लिए विशेष कार्य योजना तैयार कर आवश्यक धनराशि का आवंटन करें।

देश की बेरोजगारी पर सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में युवाओं को रोजगार देने के बजाए कुछ लाख युवाओं को बख्शीश के रूप में दस हजार रूपया देंगे। क्या यह बेरोजगारी पर यही कार्यक्रम है? इनाम नहीं उन्हें स्थायी रोजगार देंगे तभी उन युवाओं को न्याय होगा। 20 करोड़ से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। काम की प्रतीक्षा में समय बर्बाद किया जा रहा है। रोजगार निर्माण हेतु सरकार की कोई नीति नहीं बनी। नई रोजगार नीति बनवाने की जरूरत है। घर-घर में नौजवान जो गरीब से लेकर मध्यम वर्गीय समाज में शहर, ग्रामीण सभी क्षेत्रों में सभी जाति धर्मो में यह बेरोजगार युवक नौकरी रोजगार हेतु प्रतीक्षा कर रहे हैं। इनकी

पढ़ाई, ज्ञान, जवानी बर्बाद की जा रही है। इन युवाओं को रोजगार हेतु और प्रतीक्षा न कराएं। इन्हें रोजगार देने हेतु नये रोजगार के अवसर प्रदान करें।

विदर्भ क्षेत्र (महाराष्ट्र) में कपास की उपज सर्वाधिक होती है। यवतमाल, अंकोला, वर्धा, अमरावती, चंद्रपुर जिलों में कपास पर आधारित कपड़ा उद्योग स्थापित करने हेतु विदर्भ मराठवाड़ा व अन्य कपास उत्पादक राज्यों में कपड़ा मिलें, टैक्सटाइल मिलें स्थापित करने की अत्यंत जरूरत है। इससे बुनकरों को रोजगार मिलेगा। बुनकर भाई-बहनें जिनमें कपड़ा बनाने की जो स्कीम है, उसका उपयोग लेने हेतु सभी जिलों को कपास टैक्सटाईल क्षेत्र घोषित कर राज्य सरकार को सूचना के साथ बजट में 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान करें।

महाराष्ट्र में अकाल स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार हेतु अकाल से मुकाबला करने पर 5000 करोड़ रूपये का फंड देने की घोषणा करे।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अगर इस बजट को देखा जाये, तो देश को विकास दर तय करने के लिए चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अगर वर्ष 2011 में वैश्विक और आर्थिक विकास दर देखी जाये, तो वह 3.9 परसेंट थी, जो वर्ष 2012 में 3.2 परसेंट रह गयी। ऐसा लग रहा है कि वर्ष 2013-14 में केवल चीन की विकास दर भारत से अधिक रहने की अनुमान है, जिस प्रकार से वह प्रयास कर रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि इस बजट में आपने बालिकाओं, महिलाओं और युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम हेतु एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और इसमें आपने 50 मिलियन लोगों को लक्ष्य का आधार बनाया है। यह भी कहा है कि आपका पैसा, आपके हाथ। मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार रोजगार दे रही है। हम लोग उ.प्र. में अगर रोजगार नहीं, तो बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। आज पूरे देश में जो शिक्षित बेरोजगार हैं, उनको बेरोजगारी भत्ता देने के लिए सरकार क्यों नहीं प्रयत्नशील है?

अगर इस वर्ष के आंकड़े देख लिये जायें, तो साढ़े तीन लाख इंजीनियरिंग की सीटें खाली गयी हैं। करीब छः लाख विद्यार्थी विदेश पढ़ने जाते हैं। जब वह पढ़कर आता है, तो हम उसे रोजगार नहीं दे पाते। दूसरी तरफ आपने शैड्यूल्ड कास्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राइब्स, महिलाओं, बच्चों के लिए बजट बढ़ाने की बात कही। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने प्राइम मिनिस्टर को बराबर पत्र लिखा है कि दसवीं कक्षा या दसवीं कक्षा के नीचे या ऊपर जो भी हमारे माध्यमिक क्लास के छात्र हैं, उनकी छात्रवृत्ति का 3,284.68 करोड़ रुपये केन्द्रांश का पैसा आपने अभी तक उत्तर प्रदेश में नहीं भेजा है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने कन्या विद्यादान 25 हजार रुपये हर इंटरमीडिएट पास कन्याओं को दिया है। मुस्लिम लड़कियों को 30 हजार रुपये देने की बात कही है। अभी हमने दस हजार बेटियों को कम्प्यूटर दिया है और जो हाई स्कूल पास हमारे बच्चे हैं, उन्हें हम टैबलेट देने जा रहे हैं।

आपने कहा कि हमने अल्पसंख्यकों के लिए 60 फीसदी बढ़ाया है। आज सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा की जो रिपोर्ट आयी है, उसके मुताबिक शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक आधार पर आप क्यों नहीं व्यवस्था कर रहे? उसका अमल क्यों नही कर रहे? आज उस पर अमल करने की जरूरत है। जहां तक विकलांग निशक्त व्यक्तियों की बात है, आज उनकी पैंशन को भी बढ़ाने की जरूरत है। महंगाई बढ़ गई है। यदि देखा जाए, तो "एक बूंद जिन्दगी के लिए" पोलियो ड्रॉप हम पिला रहे हैं। लेकिन आज भी जब हम गांव स्तर पर दौरा करते हैं, तो तमाम विकलांग व्यक्ति मिलते हैं। मैं चाहूंगा कि निधि से ही व्यवस्था कर दी जाए ताकि कृत्रिम अंग देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। दूसरी तरफ,

स्वास्थ्य और शिक्षा पर मैं नहीं जाना चाहूंगा, इसे सभी सम्मानित सदस्य जानते हैं। वृद्धजनों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आपने बजट में 150 करोड़ की व्यवस्था की है। आज घर-परिवार से तिरस्कृत ऐसे तमाम वृद्ध हैं, मेरे ख्याल से डेढ़ करोड़ से ज्यादा वृद्ध हैं, उनके लिए कोई ठोस व्यवस्था आपके द्वारा नहीं की गयी है। यदि ये करोड़ों की संख्या में हैं, तो एक-एक रुपया के हिसाब से प्रति वृद्ध कुछ भी नहीं है।

सभापति जी, अब मैं फीस वृद्धि की बात बताना चाहूंगा। केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर फीस के रूप में 290 रुपए प्रति माह, विद्यालय विकास निधि में बढ़ाकर एक हजार रुपए, कक्षा नौ तथा दस के विद्यार्थियों के लिए 290 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए कर दिये हैं, कक्षा ग्यारह तथा बारह के ह्यूमैनिटीज और कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए 290 रु. तथा 340 रु. से बढ़ाकर 700 रु. तथा 750 रु. बढ़ाकर किया गया है, ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा के साइंस पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए 300 रुपए तथा 400 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए तथा 650 रुपए कर दिया गया है। यह कहां का न्याय है? महंगाई इतनी चरमसीमा पर है।

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी, इतना डिटेल में न जाकर, केवल केन्द्रीय विद्यालयों में आपने बहुत फीस बढ़ा दी है, इतना से ही काम चल जाता।

श्री शैलेन्द्र कुमार : हाँ, इसलिए मैंने इतना डिटेल में बता दिया। दूसरी बात, आज पूरे देश में शिक्षा की स्थिति यह है कि 40 फीसदी स्कूलों में केवल दो शिक्षक काम कर रहे हैं।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि मंत्री जी ने छः एम्स संस्थानों के लिए 1650 करोड़ रुपए देने की बात कही। उत्तर प्रदेश के लिए बराबर मांग उठी। श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी कई बार इसकी मांग उठायी। इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) से पूर्वांचल में लोग मरते हैं। एक संजय गांधी एम्स अस्पताल लखनऊ में है और दूसरा रायबरेली में है, दोनों पास-पास हैं। कम-से-कम प्रदेश के हर कोने में एम्स की व्यवस्था होनी चाहिए। इलाहाबाद मेडिकल कालेज को एम्स का दर्जा दिलाने की बहुत दिनों से मांग है, कम से कम उसे भी एम्स का दर्जा दिया जाए।

जहां तक छात्रवृत्ति की बात है, तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यकों के लिए है। आज पूरे देश में 18 करोड़ से भी अधिक अल्पसंख्यकों की आबादी है। उनके लिए आपने 5,284 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है, जो बिल्कुल वाजिब नहीं है।

सभापति महोदय, यदि आप कुपोषण से ग्रसित बच्चों की स्थिति देखें, तो इसके लिए आपका अभियान सौ जिलों में था, अब आपने दो सौ जिलों को और इसमें जोड़ा है। यदि आंकड़े देखे जाएं, तो दुनिया में कुपोषण से ग्रसित प्रत्येक तीसरा बच्चा भारत का है। आज देश में 46 फीसदी बच्चे ऐसे हैं,

जिनका वजन सामान्य से कम है। अब मैं पेयजल और स्वच्छता की बात कहना चाहता हूँ। अभी तो मेरा समय भी पूरा नहीं हुआ है। मुझे छः-सात मिनट दिये गये हैं।

सभापति महोदय : उसकी तरफ मेरा पूरा ध्यान है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उत्तर प्रदेश में 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भी बजट की व्यवस्था नहीं है। यदि उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हुआ, तो देश का विकास नहीं हो सकता है।

पेयजल की स्वच्छता के लिए, उसे आरसेनिक, फ्लोराइड और खारे पानी से मुक्त करने के लिए बजट में बहुत कम बजट की व्यवस्था आपने की है। आजादी के 65 वर्ष बाद भी हम लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं करा पाए हैं।

मनरेगा की बात तमाम लोगों ने कही, मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा। लेकिन उसमें पक्का काम कराने की आवश्यकता है। मिट्टी का काम होता है, पानी बरसता है, वह फिर भर जाता है, वह एक तरह से फर्जीवाड़ा है।

जहां तक कृषि ऋण का संबंध है, तो उसके लिए आपने सात लाख करोड़ रुपए की व्यवसथा की है। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार 70 हजार करोड़ रुपए कर्ज माफी में धांधली की बात, इस सदन में हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार ने 50 हजार रुपए प्रति किसान की कर्ज माफी की है। नल-कूप और नहरों से सिंचाई के लिए मुफ्त व्यवस्था की है। किसानों की बंधक जमीन नीलाम नहीं हो पाएगी, इसकी व्यवस्था उत्तर प्रदेश की सरकार ने की है। हमारी सरकार ने गन्ना किसानों के लिए भी उनकी उपज का प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने की व्यवस्था की है। कम से कम आप प्रदेश की सरकारों से सीखें।

आपने नाबार्ड में 5000 करोड़ रुपए गोदामों के निर्माण हेतु रखा है। प्रतिवर्ष साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन अनाज सड़ जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरीबों को अनाज बांट दो। लेकिन उसे अभी तक आपने वितरित नहीं किया है। जहां तक सड़क निर्माण की बात है, तो आपने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश को तीन हजार किलोमीटर में रखा है। लखनऊ से रायबरेली तक चौड़ी सड़क है, उसके बाद कम सड़क है इलाहाबाद तक, यह कहां का मापदण्ड है। मैं चाहूंगा कि भेदभाव नहीं होना चाहिए। जहां तक वस्त्र और कताई मिल की बात है, आज ज्यादातर कताई मिलें बंद हैं, बुनकर भुखमरी की कगार पर हैं। स्वदेशी कॉटन मिल बंद है, ऊलन मिलें बंद हैं। इलाहाबाद में मऊ आइमा कताई मिल है, बंद पड़ी हुई है। रक्षा पर आपने बजट बढ़ाया है, लेकिन आज चीन ने रेल, सड़क मार्ग, बंदरगाह बना लिए हैं, लेकिन हम वहीं पर खड़े हुए हैं और उस पर घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं। अभी हाल ही में हेलिकाप्टर घोटाला हुआ है। मैं आपके माध्यम से वित्तमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि आपने जिन चार

उत्कृष्ट संस्थाओं के लिए 100 करोड़ रुपये का अनुदान देने की बात की है, वे संस्थाएं कौन-कौन सी हैं? राजीव गांधी विद्युतीकरण और पीएमजीएसवाय की बात मैं कहना चाहूंगा। आज भी उत्तर प्रदेश में पिछले तीन-चार वर्षों में यह योजना नहीं गयी है, कुछ चुनिंदा जिलों को लिया गया है। आज गांवों की आबादी बढ़ी है। चाहे पीएमजीएसवाय हो या राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना हो, तमाम पुरवे उच्चीकृत नहीं हैं, उनको भी उच्चीकृत कराइए।

इन्हीं बातों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

* **SHRI CHARLES DIAS (NOMINATED) :** The Hon'ble Finance Minister while introducing the Budget has made it clear that our country has no reason for gloom or pessimism and we can attain a growth of 5%. He has also pointed out that the average growth for the 11th Plan period, entirely under the UPA Government was 8% the highest ever in any Plan period.

The Finance Minister doesn't hide his worry about the current account deficit (CAD) and he has mentioned about our excessive dependence on oil imports, high volume of coal imports, our passion for gold and slow down in exports. But, even during this, all flagship programmes have been fully and adequately funded.

The allocation of Rs.41,561 crores for scheduled caste sub plan and Rs.24,598 crores for the tribal sub plan shows the concerns of the Government to the welfare of the downtrodden.

The allocation for women and child welfare has been substantially increased by earmarking Rs.97,134 crores and Rs.77,236 crores respectively.

Minorities are given due consideration by allocating Rs.3,511 crores, which is 12% than previous year.

For health and family care the Finance Minister earmarked Rs.37, 330 crores and he has also provided Rs.4,727 crores for medical education, training and research.

Ayurveda, Unani, Siddha and Homoepathy have been mainstreamed through National Health Mission and Rs.1,069crore have been allocated for this, which is a welcome move.

Education has been given high priority and the Finance Minister has allocated Rs.65,867 crores, which is 17% more than last year.

The Integrated Child Development Scheme (ICSDS) has been given due importance and the allocation of Rs.17,700 crores which is 11.7% increase shows the concern of the Government towards this scheme.

---

* Speech was laid on the Table.

The Government has shown due consideration for clean drinking water and the allocation of Rs.15,260 crores for various schemes in this regard is a welcome move.

The JNNURM is being continued in the 12th Plan and the substantial increase and allocation of Rs.14,873 crores for projects in the current year with specific scheme of purchasing 10,000 buses definitely will be a big contribution for urban transport.

The increase of allocation by earmarking Rs.27,049 crores to the Ministry of Agriculture will definitely provide a boost to agricultural activities.

The promise of the Finance Minister to support projects in cities and municipalities to take up waste-to energy projects under PPP mode is a move in the right direction.

The concern for women has been reflected in the Budget in the form of setting up of Nirbhaya Fund by contributing Rs.1000 crores.

For skill development among youth the allocation of Rs.1000 crores is intended for training the youth in different skills.

The Finance Minister has made an attempt to present a balanced budget by keeping away from imposing heavy taxes. But at the same time he has imposed some taxes on the high-income groups.

The funding of educational institutions has not been done considering the need of many states, which are neglected for many years.

Absence of a much awaited proposal to consider a scheme for increased pension for employees of public sector undertakings, by way of CPF pensions, is a glaring disappointment in this budget.

Allocations for the development of various sea-ports in the country has been made without considering the ground realities and it would have been proper if these were made on a need based formula.

Even though proposals are made in the budget to overcome the economic slow-down, it is yet to be seen whether the required boost will be there for

improvement of economy as expected. Promotion of exports and creation of an atmosphere to make use of India's natural resources like coal for boosting electricity generation will lead to economic growth.

सभापति महोदय : श्री लालू प्रसाद ।

श्री लालू प्रसाद (सारण): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मेरे साथ न्याय किया है।

सभापति महोदय : आप भी आसन के साथ न्याय करेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। जब घण्टी बजे तो आप बैठ जाएं।

श्री लालू प्रसाद: महोदय, वित्तमंत्री जी पूरे भारत का वित्त प्रबंधन करके जो बजट लाए हैं, वह बजट आने के पहले चारों तरफ यह चर्चा थी कि यह लोक-लुभावन बजट, चुनावी बजट होगा। लोगों को आशंका थी कि समय से पहले चुनाव होगा, लेकिन चुनाव अब अपने समय पर ही होगा, यह बात हम लोगों को समझ में आ गयी है। ठीक टाइम पर होगा, एक साल कोई ऐसे ही बर्बाद नहीं कर देता है। माननीय वित्तमंत्री जी ने अपने कार्यकाल में वित्तमंत्री के रूप में, एक्सपेरिमेंट के रूप में किया। अखबार के लोगों ने बजट पर मेरी प्रतिक्रया पूछी, तो मैंने कहा कि "Something is better than nothing." मैं मानता हूं, स्वीकार करता हूं कि किसी तरह से मैनेज करके हम लोग सपोर्ट और वोट देंगे ही, आप घबराइए नहीं। लेकिन दुनिया में जो हालात हैं, सभी माननीय सदस्य जानते हैं, हालत आज अच्छी नहीं है। इसको कैसे हम सुधारेंगे, इस पर आपको ध्यान देना चाहिए और ध्यान देने के अलावा यूपीए-1 में भारत निर्माण के तहत जो कार्यक्रम मनरेगा से लेकर सर्वशिक्षा अभियान, अस्पताल और बिजली के मामले में चलाए गए थे, ह्यूज मनी दी गयी थी, उसके बारे में अभी जो महामहिम राष्ट्रपति जी हैं, उन्होंने वित्तमंत्री के रहते हुए सदन को आश्वस्त किया था कि यही कार्यक्रम कंटीन्यू करेगा, चलता रहेगा और वही चल भी रहा है। यही सच्चाई भी है। जब यह सच्चाई है, तो हम यह जानना चाहते हैं कि पैसा आता कहां से है और जा कहां रहा है? फिर आपके पास बैलेंस क्या बचता है, जो आपने कार्यक्रम दिए हैं, कार्यक्रम बताए हैं देश के सामने? यूपीए-1 सरकार, जिसमें हम लोग भी थे, रीजनल इम्बैलेंसेज को पाटने के लिए, डेवलप्ड स्टेट्स से टकराव नहीं हो, लेकिन बिहार जैसे राज्य जो कोसों दूर पीछे छूट गए हैं, उसके लिए कहा था कि छलांग लगाइए, स्पेशल केयर कीजिए। मैं जानना चाहूंगा कि जो पिछड़े राज्य हैं, जो भाई पीछे छूट गए हैं, उनको कब हम बराबरी में लाने का काम करेंगे?

महोदय, इस बजट की सबसे बड़ी मार गरीब महिलाओं के ऊपर है। सामाजिक न्याय हमारी प्रतिबद्धता है, धर्मनिरपेक्षता हमारी बुनियाद है, लेकिन इस बजट में देश के पिछड़े वर्गों के लिए, माइनॉरिटीज के लिए, दलित के लिए कोई भी स्पेशल प्रोग्राम अगर आप बता दें, तो मुझे काफी खुशी होगी। कोई कार्यक्रम नहीं है। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का एजिटेशन हो रहा है कि माइनॉरिटी स्टेटस हमको दो। यही नहीं, बिहार में फातमी कमेटी के तहत अलीगढ़ यूनिवर्सिटी की एक ब्रांच किशनगंज में खुलनी थी।

मेरे चुनाव क्षेत्र समेत महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर केला, कपास आदि फसलों का लगभग 2,00,000 हेक्टर क्षेत्र का अग्रो वेस्ट उपलब्ध है। अगर इस अग्रो वेस्ट का उपयोग करके को-जनरेशन यूनिट खड़े किए जाए तो कम से कम 30-40 मेगावाट ग्रीन एनर्जी पैदा की जा सकती है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के संसाधन भी बढ़ सकते हैं। इन्हीं अग्रो वेस्ट का उपयोग करके बॉयलरों के लिए ईंधन बनाने के ब्रिक्वेट्स, पलेट्स भी बन सकते हैं। यह अग्रो वेस्ट एनर्जी उद्योग ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट में बायोमास से ऊर्जा निर्माण करने का उल्लेख जरूर किया है, लेकिन इस उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आसानी से कर्ज मुहैया करने के लिए खास तौर पर पालिसी बनाना जरूरी है इस बायोमास पर आधारित एनर्जी जनरेशन उद्योग पर सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाना जरूरी है। साथ ही, सहकारी क्षेत्र की संस्थाएं अगर आगे आयें तो उन सहकारी संस्थाओं को भी कर्जा और अनुदान उपलब्ध कराया जाए।

महंगाई के कारण पहले ही किसान अपाहिज हो रहे हैं। उसके ऊपर रासायनिक खाद में लगातार की जा रही अनुदानों की कमी किसान को मार रही है।

रासायनिक खाद के अनुदान में तुरंत बढ़ोतरी की जानी चाहिए।

रासायनिक खाद के समांतर पाए जाने वाले सभी लिक्विड बायोफर्टिलाइजर पर अनुदान मुहैया किया जाना चाहिए। इससे देश में रासायनिक खाद के आयात में भी कमी आएगी।

---

* Speech was laid on the Table

आज महंगाई को देखते हुए किसानों को केसीसी अंतर्गत दिए जाने वाले रियायती कृषि ऋण में 3 लाख से रूपए 7 लाख तक बढ़ाया जाना अत्यावश्यक था लेकिन माननीय वित्तमंत्री ने पूरे देश भर के किसानों को निराश कर दिया है।

महाराष्ट्र एवं देश का बड़ा हिस्सा अकाल से जूझ रहा है। फिर भी सिंचाई के लिए कोई नए कदम, योजना नहीं लाई गई। जल संसाधन मंत्रालय का पूरा व्यय बजट मात्र 2076 करोड़ रूपए है। पूरे देश की सिंचाई परियोजनाओं के मुकाबले यह प्रावधान न के बराबर है। साथ ही, जल संसाधन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित ङङङ योजना जो कि जल संघारण में सबसे कामयाब और फायदेमंद योजना है, उसे बढ़ावा देने के लिए बजट में खासा प्रावधान नहीं किया गया है।

इंकम टैक्स की मियाद में झपये 5,00,000/- की बढ़ोतरी की मांग पर कोई रियायत नहीं दी गई।

अकाल से निपटने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है।

नदी जोड़ो परियोजना के जरिए हम बाढ़ और अकाल दोनों से निजात पा सकते हैं, परियोजना के जरिए हम बाढ़ और अकाल दोनों से निजात पा सकते हैं, लेकिन माननीय वित्त मंत्री जी ने नदी जोड़ो परियोजना का बजट में जिक्र भी नहीं किया।

इंडस्ट्रियल ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए गए।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के जरिए बेरोजगारों को नए संसाधनों के लिए कर्जा मुहैया किया जाता है, लेकिन अधूरे बजटीय प्रावधान की वजह से हजारों बेरोजगारों को योजना के तहत लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक कामयाब और महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन ग्रामीण भारत की जरूरत देखते हुए इसमें किया गया बजटीय प्रावधान सही मायनों में पर्याप्त नहीं है। इस योजना में बजटीय प्रावधान बढ़ाना जरूरी है।

महाराष्ट्र में अकाल से निजात पाने के लिए 7500 करोड़ रूपये की मांग है, लेकिन 1200 करोड़ ही दिए गए। साथ में, जलगांव जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि की वजह से केला, प्याज, धान आदि फसलों का करीब 200 करोड़ रूपयों का नुकसान हुआ है।

सूक्ष्म सिंचाई की मांग को देखते हुए राष्ट्रीय सूक्ष्म सिंचाई मिशन का बजट कम से कम 3000 करोड़ रूपया होना जरूरी है, ताकि हर किसान को राष्ट्रीय सूक्ष्म सिंचाई मिशन के तहत अनुदान दिया जाए।

* **SHRI JAI PRAKASH AGARWAL (NORTH EAST DELHI) :** Delhi is the focus of the socio-economic and political life of India. A symbol of ancient values and present aspirations, the capital of the largest democracy that is assuming increasing eminence among the great cities of the world. For the fruits of modernization and liberal economic reform to reach the inhabitants of Delhi equally, the inhabitants of this city should be able to live in safe, convenient and developed surroundings commensurate with the basic civic requirements of the citizens.

The quality of life in any human settlement very much depends on the level of availability, accessibility and quality of basic civic infrastructure it provides. A city belonging to this age should not be seen as having been modernized in parts but developed as a whole. The thrust of development should be an attitude for reasonable and uniform improvement in the quality of life of all Delhities, whichever part of region of Delhi they may be living in.

Yet the fact is that there are areas and parts of NCT of Delhi like any constituency of North East Delhi (a recently created revenue districts) that stand out for the stark contrast and disparity in their development index as compared to the rest of Delhi, even other less developed cities of India. It is in the stated context of this development disparity and the extra-ordinary political will and steps required to remedy it that I venture to bring to move this House for a special one time grant under the budgetary allocations of the current year to address the deficiencies and huge shortfall of infrastructure.

A recent survey found that while Delhi is the most densely populated state in the country within the state itself, the North-East revenue district of Delhi which forms my parliamentary constituency is the most populated district. Government's own surveys, including the one done by the Ministry of Minority Affairs, have

* Speech was laid on the Table.

also established the fact that this is one of the most backward and under-developed regions of the country despite being located in the capital of the country.

Inspite of being part of the NCT of Delhi, it lags far behind in terms of basic civic development indicators of water, education, sanitation, electricity supply, health, roads and bridges besides inadequacies in a whole range of other necessary amenities required to sustain its 2001 census population of 18 lakhs, (now touching two million people) the highest population density for any district in Delhi.

The highest density of population necessitates need for urgent augmentation in areas of water, power, sewerage, drainage, education and health. For instance out of the total water distribution of 800 mgd, North-East Delhi gets only 40 mgd as opposed to the government norm of 80 gallons per capita per day, translating into an actual requirement of 150 mgd per day.

There are two hundred and fifty unauthorized colonies, 50 JJ clusters and 50 villages that have severe crunch of even the basic minimum civic facilities to sustain a life of minimum acceptable quality. There are no Kendriya Vidyalayas or matching health facilities in this constituency despite the population pressures.

Take the example of bridges. Whereas, seven bridges have come up across the right side of the ITO bridge from New Delhi to cope with the traffic pressure only one such bridge has been built on the left side years back making life that much more difficult for the people living on the left side of ITO bridge.

The lakhs of disadvantaged masses of this area that mostly comprise of the service and labour class sect of society are also deprived of their fair share of the convenience of adequate and well-located transport including laying out of metro lines.

Whereas, many adjacent metro lines have been rolled out for areas having far lesser population pressures between Seelampur and Kanlindi Kunj across the Yamuna-no connecting line has been laid out from Yamuna Vihar to Mukundpur that would cater to this particular area having gigantic levels of population. Direct

and more metro lines traversing the Yamuna between Yamuna Vihar and Mukundpur would give the people of this constituency direct access to five important trade and industrial nerve centers like Sanjay Gandhi Transport Nagar, Jahangirpuri industrial area, Nerela Mandi, Bawana industrial area, Azadpur Mandi, and in the process generate huge employment and considerable livelihood opportunities for them. Unfortunately that vital social and economic aspect also has been neglected for unjustifiable reasons.

The silent suffering of the people of North-East Delhi can only be seen to be believed. The magnitude of the development deficit and the resource mobilization required for focused multi-sectoral development in these critical areas might put the task of remedying the situation well beyond the reach of the state government within its limited resources. I, therefore, implore upon the Hon'ble Finance Minister to kindly set up and allocate a special budgetary allocation addressing the burning local demands and issues in order to address the deficiencies and build an infrastructure capable of sustaining a decent quality of life for the relatively underprivileged twenty lakh inhabitants of North-East Delhi.

Immediate action and a special fiscal arrangement for the adequate provision of the said physical infrastructure shortages facing North-East Delhi is a very serious issue of utmost public concern and it cannot be over emphasized if the genuine grievances and aspirations of its inhabitants are to be assuaged. In view of the explained unique position of Delhi as the National capital, its distinct history, yet the present day disparity that mars its equitable development, the neglected regions of the city like the North-East revenue district needs to be urgently equipped with basic amenities to enable its people face the contemporary challenges.

I, therefore, seek the kind intervention of the Hon'ble Finance Minister to sanction a corpus of 1000 crores during the current fiscal year to remit the utmost paucity and deficiency that mars the quality of life in this vital part of the NCT of Delhi.

श्री हसन खान (लद्दाख): मैडम, मैं स्पेसिफिकली कुछ प्वाइंट्स के बारे में बताना चाहता हूं, जो पर्टेनिंग टू ओनली माई एरिया लद्दाख। मैं सबसे पहले यूपीए सरकार का और ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर का बहुत मशकूर हूं कि उन्होंने लद्दाख के बारे में, जो साल के छः महीने बाकी दुनिया से कटा रहता है, उसकी कनेक्टिवटी के लिए जो कुछ पिछले दो साल में किया है, आज तक हिस्ट्री में कभी नहीं हुआ, इसके लिए हम पूरे लद्दाख के लोग, जेएंडके गवर्नमेंट और मैं खुद, हम सब इंतहाई मशकूर हैं।

सबसे पहले मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि प्रेसीडेंट का जो इस साल का एड्रेस था, उसमें भी लद्दाख की कनेक्टिविटी के बारे में बोला गया। खासकर जोजिला टनल के बारे में, जो उस हिस्से को मुल्क के बाकी हिस्सों से साल भर के लिए जोड़े रखेगा। इसमें साढ़े छः किलोमीटर के लिए ऑलरेडी एप्रूव हो चुका है, उसमें फाउंडेशन स्टोन भी रखा जा चुका है और 13 किलोमीटर के बारे में भी काम एप्रूव हो गया है।

नंबर दो, जो रेलवे बजट इस साल का पेश हुआ, उसमें भी बिलासपुर, मनाली और लेह के बारे में रेलवे लाइन बिछाने के लिए उसे नेशनल प्रोजेक्ट में शामिल किया और उस पर भी काम शुरू होने वाला है। इसके अलावा श्रीनगर, कारगिल और लेह के बारे में बाकी स्टेट की जगहों के अलावा उसमें भी सर्वे का काम एप्रूव किया है। वहां भी सर्वे होगा। यही नहीं, बल्कि उस कोल्ड डेजर्ट एरिया के लिए, जो हमेशा एक्स्ट्रीम क्लाइमेट के लिहाज से माना जाता है, वहां जनरल बजट में भी फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने 226 करोड़ रूपए ट्रांसमिशन लाइन के लिए इस साल के लिए रखा। इससे पूरे लद्दाख में बिजली के क्षेत्र में एक इंकलाब आएगा और वह हिस्ट्री में पहली दफा नेशनल ग्रिड के साथ जुड़ जाएगा। यही नहीं कनेक्टिविटी के लिहाज से जो कुछ हमें आज तक अप्रीहैन्शंस थे, जिसका पूरे देश में, बल्कि सारे पार्टी लीडर्स, डिफेंस एक्सपर्ट्स और हम बार्डर के रहने वालों को हमेशा खतरा रहता था।

हमारे उस पार जो चाइना और पाकिस्तान हैं वे कनेक्टिविटी के लिहाज से वे बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स रेलवे लाइन बिछाने और बड़े-बड़े सड़कों, एयरपोर्ट्स और टनल्स के बारे में, हमें हमेशा क्रिटिसाइज किया जाता था कि डिफेंस के लिहाज से भी हम पीछे हैं लेकिन इन प्रोजेक्ट्स की शुरूआत इस यूपीए गवर्नमेंट ने रखी हैं, उन सारे खतरात का, उन सारे अप्रीहेन्शंस का जवाब इन्हीं में मिलते हैं और हम हर लिहाज से self-sufficient हो जाएंगे, डिफेंस के लिए कनेक्ट करने के बारे में भी और ~~सार~~ ही उस रीजन को कनेक्ट करने के बारे में भी।

अंत में मैं वित्त मंत्री से यही गुजारिश करूंगा कि लद्दाख की क्लाइमेट कंडीशंस को मद्देनजर रखते हुए कि वहां आप जो भी फंडस एलॉट किए हैं, मेहरबानी कर के वह टाइम पर release करें। क्योंकि छः महीने वह एरिया कंप्लीटली फ्रीज हो जाता है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया आप अपनी बात समाप्त करिए। अब समय हो गया।

श्री हसन खान : और तमाम डेवलपमेंटल एक्टिविटीज बंद हो जाती हैं। जो प्रोजेक्ट plains में तीन साल में बनता है वह वहां छः साल में बनता है, जो वहां छः साल में बनता है वह यहाँ 12 साल में बनता है, लिहाजा फंड release अगर समय पर नहीं होगा तो जो प्रोजेक्ट्स हमें अप्रूव हुए हैं इनको पूरा करने में बहुत समय लगेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं यूपीए गवनर्मेन्ट का, सोनिया गांधी जी और फायनैंस मिनिस्टरों etc. का मशकुर हूं कि लद्दाख को हिस्ट्री में पहली दफा मेन land से कनेक्ट करने के लिए जो इकदाम किए हैं, वे बहुत ही काबीले तारीफ हैं।

अध्यक्ष महोदया : बैसीमुथियारी जी, बहुत संक्षेप में अपनी बात बोलिएगा।

...(व्यवधान)

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी (कोकराझार): कृपया 10 मिनट समय प्रदान करें।

अध्यक्ष महोदया : नहीं।

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी : आदरणीय अध्यक्षा जी, आपने मुझे वर्ष 2013-14 के जनरल बजट पर बोलने के लिए जो मौका दिया है उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। हिन्दुस्तान के विभिन्न उन्नत स्थानों, प्रदेशों और राज्यों के लिए आदरणीय वित्त मंत्री जी ने जिन पॉलिसियों की घोषणा की है उनका मैं आदर करता हूं, उनका मैं समर्थन करता हूं। लेकिन बड़ी तकलीफ के साथ मुझे एक बात यहां बोलना ही पड़ेगा। इस बजट में हमारे बोड़ो लैंड स्वशासी अंचल के लिए जितनी राशि आवंटित करने की जरूरत थी उतनी राशि आवंटित नहीं किया गया है। इस नगण्य धनराशि को आप लोग सुन कर ताज्जुब करेंगे कि वह सिर्फ 60 करोड़ है। हमारे बोडोलैंड स्वशासित अंचल की भारत के संविधान की छठी अनुसूची के अधीन वर्ष 2003 में सृष्टि की गयी थी । उस इलाके में कुल मिला कर 30 लाख आबादी है। इस साल के बजट में 30 लाख आबादी के लिए 60 करोड़ रुपये दिए गए हैं। अगर इस 60 करोड़ रूपये को तीस लाख आबादी के साथ भाग किया जाए तो हर एक आदमी के लिए 200 रुपये पड़ेंगे। ये 200 रुपये से बोडोलैंड अंचल में किस ढंग का विकास यानि प्रगति होगी? आप लोग सोचिए। यह बहुत शर्मिन्दगी की बात है। It is a matter of great shame on the part of India. What kind of crime has been committed by the people of Bodoland area! Why they should be deprived of what is due to them? आज हिन्दुस्तान में कुछ ऐसे छोटे-छोटे प्रदेश हैं जिनकी आबादी कहीं पर पांच लाख या छः लाख है लेकिन वहां पांच लाख, छः लाख आबादी होने से भी उन राज्यों को हर साल किसी को पांच हजार करोड़ रुपये और किसी को चार हजार करोड़ रुपये, किसी को सात हजार करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। यह अन्याय क्यों हो रहा है? I would like to know from the Government, through you, Madam, what kind of proactive positive policy decision is going to be taken by the Government of India to address this kind of injustice.

अगर आप लोगों के दिल साफ नहीं होंगे, हमारे लिए प्यार-मोहब्बत नहीं होगी Then, I want to know from you as to how you are going to tackle the militancy and the insurgency, which is mounting in the entire Northeastern India. Have you observed the dreadful situation, which took place in the months of July and August, 2012 within Bodoland and in Dhubri district in Assam? There was a dangerous kind of fighting. Ethnic clash took place between the indigenous Bodo tribal people and the illegal Bangladeshi immigrants. Not less than 100 people died. कम से कम सौ लोगों की मृत्यु हो गई, हजारों और लाखों लोगों के घर नष्ट हो गए। सिर्फ एक परिवार को पचास हजार रुपये दिए गए। क्या पचास हजार रुपये में मकान बनता है?...(व्यवधान) किसी की दो लाख रुपये, किसी की पांच लाख रुपये और किसी की बीस लाख से भी ज्यादा रुपये की सम्पत्ति बर्बाद हो गई।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी : इसलिए मैं आपके जरिए एक विनती करना चाहता हूं। यहां सोनिया मैडम बैठी हैं, गृह मंत्री जी, वित्त मंत्री साहब, एग्रीकल्चर मंत्री जी और बड़े-बड़े लीडर यहां बैठे हैं। हमारे बोडोलैंड इलाके के विकास, प्रगति के लिए हर साल कम से कम एक हजार करोड़ रुपये डायरैक्ट फंड देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

Over and above, I would like to place through you some of my long pending demands. At least one Central University, one Central Agricultural University, one IIT, one IIM, one AIIMS-like Institute, minimum ten number of polytechnic institutes, minimum ten number of ITIs is, ten number of model schools, Kendriya Vidyalayas, Jawahar Navodaya Vidyalayas and one National Institute of Textile and Fashion Technology should be set up within Bodoland. यह सब हमें देने की बहुत जरूरत है।...(व्यवधान) हमारे यहां एक एयरपोर्ट जल्दी बनना चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी : Last but not least, I would like to appeal the Government of India to take appropriate steps to help create the much long-awaited separate State of Telangana, the much long-awaited separate State of

Bodoland and some more new States in India so as to accord equitable justice to all those indigenous tribal people of this great country, India, without any furthermore delay. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please conclude. Your time is up. Thank you so much. Nothing else will go on record.

(Interruptions) ... *

अध्यक्ष महोदया : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

* Not recorded.

* **SHRI IJYARAJ SINGH (KOTA) :** I would like to compliment the Minister for not succumbing to the temptation of presenting a populist budget-keeping in mind that we are leading up to the general elections in 2014 and there are several state elections slated this year. Instead, the Finance Minister has chosen to focus on the task at hand and address the various needs in a holistic manner.

A very large part of our population lives in the rural areas. Therefore, agriculture and the welfare of the farmer is of utmost importance. It is gratifying to know that the amount of farm credit target has been increased by 22% to 7 lakh crore and the interest subvention on agricultural credit has been extended to scheduled private banks also. Public sector banks were already getting it. A 3% interest subvention is given to farmers who pay back loans on time.

In addition, allocation of 5000 crore to NABARD to facilitate setting up of godowns will also be very beneficial. One truly hopes that this will enable godowns to come up in gram panchayats, as post harvest losses and other storage problems are very serious issues which hamper and handicap the farmers.

Further, 5000 crore has been provided for the crop diversification programme. This is very important as the water table in many areas has been decreasing alarmingly, including in the Hadoti region where my constituency lies, and different cropping patterns and diversification needs to be looked at seriously.

Also very welcome is the announcement of PMGSY 2, given that the objectives of the PMGSY have been substantially achieved in many states. The states that want to do further work would get funds allocated out of PMGSY 2 funds. This will certainly benefit my state of Rajasthan.

While we are primarily a rural country, urban development issues too are critical. It is estimated that by 2050 about 50% of our population will live in urban areas. The 12th Five Year Plan identifies urbanization as a strategy for achieving faster and more inclusive growth for our country. As of now, 22% of urban transport in India is public transport. For environmentally cleaner cities and

* Speech was laid on the Table.

more effective transportation this needs to be improved. The Budget allocates 14883 crore (which is 50% higher than the previous budget) to the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission for purchase of buses.

In addition, integrated development of cities is another way for better development. India produces the 6th largest quantity of urban solid waste and contributes 57% of waste produced in the South Asia region. The Finance Minister has stated in his budget speech that the waste to energy initiative of municipalities will be supported through viability gap funding, low cost capital and other means.

In order to grow in manufacturing and industry and also to provide a better supply of electricity to our population, urban and rural, we need to better supplement the traditional methods of power generation. Traditional sources of energy on which our country depends heavily such as coal (22%) and crude oil (78%) generation are imported in large quantities and are expensive to say the least. Renewable energy sources have appeared as a major hope for power generation in the future.

The Finance Minister has mentioned that funds from the National Clean Energy Fund, which has been created from a cess on coal will be transferred to the Indian Renewable Energy Development Agency. This would help to defray the costs of renewable energy projects.

The Budget also revives generation based incentives in the wind energy sector. This had been stopped last year. It would encourage energy generation rather than simple capacity addition.

However, it is felt that the budget allocation for the renewable energy sector was not as much as it should have been. The Estimates Committee in its report had stated and recommended that the budgetary allocations for the sector should be atleast 1% of the total budget. However, currently, it is only 0.092%. It is an improvement on the previous year's budgetary allocation of 0.081% but still less than what is required.

An important part of infrastructure development is highways and road transport. In 2012-13, the healthy growth in awarding of national highway projects had slowed down. The Finance Minister has allowed once again the issuing of tax free infrastructure bonds to a total limit of Rs.50,000 crore. This is expected to provide funds of NHAI to complete national highway projects. The Ministry of Road Transport plans to award more projects in the EPC mode. In my constituency of Kota-Bundi, we are looking forward to the completion of the bridge on the Chambal river, which is part of the east west corridor of the Golden Quadrilateral. This had been delayed due to the collapse of the bridge while under construction in 2009. The work was restarted after ascertaining the causes of the bridge collapse.

A very welcome step is in the allocation of 96 crores for interest subvention for the handloom sector, which will benefit 1,50,000 weavers and 1800 handloom cooperatives. In my constituency of Kota-Bundi, the weavers of the Kota doria cloth and sarees are famous all over the country, and indeed the world over. They too stand to benefit. The integrated handloom development scheme and the revival, reform and restructing package for weavers has benefited weavers all over the country, including the Kota doria weavers.

In all, I would like to complement the Finance Minister of a well structured and thought out budget in difficult circumstances.

***श्री अशोक अर्गल (भिंड):** आम बजट 2013-14 जोकि केन्द्रीय बिल, मंत्री श्री पी. चिदंबरम द्वारा पेश किया है, इसबजट में देश के 121 करोड़ नागरिकों के साथ तथा आम नागरिकों, किसान, कर्मचारी, मजदूरों, युवाओं, गरीबों का हितैषी नहीं है । उन्हें उम्मीद थी कि वित्त मंत्री जी कोइ बहुत अच्छी पहल करेंगे । आज देश में महंगाई से आम आदमी बहुत परेशान है जिसने उनका जीना दूभर कर दिया है । इस बजट में सभी वर्गों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है । डीजल, पेट्रोल, गैस के दामों में भारी बढ़ोत्तरी है जिसके बाद बाजार की हर चीज महंगी हुई है ।

आम आदमी को आंकड़ों में फंसाकर संतुष्ट नहीं किया जा सकता है । आज इस महंगाई के कारण गरीब आदमी भरपेट भोजन भी नहीं कर पा रहा है । सरकार ने चुनाव पूर्व अपने ऐजेंडे में कहा था कि हम 100 दिनों में महंगाई कर देंगे परंतु महंगाई कम नहीं हुई है । आप एनडीए के समय की हर वस्तु को देख कर तुलना कर जानकारी ले सकते हैं । उस समय महंगाई नियंत्रण में थी और देश का विकास भी हुआ था । माननीय अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में ग्रामीणों, सड़कों के साथ नदियों को जोड़ने का काम भी अपने हाथों में लिया है । परंतु इस बजट में नदियों को जोड़ने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है जसके कारण कई इलाके सूखे रहते हैं और कई राज्य बाढ़ से प्रभावित होते हैं जिसके लिए सरकार को सूखे के लिए करोड़ों रूपये देने होते हैं तथा बाढ़ पीड़ितों पर भी करोड़ों रूपये खर्च करने पड़ते हैं । यदि नदियों को जोड़ने का काम होता तब देश का करोड़ों रूपये की बर्बादी रूकती । इस बजट में विपक्षी सरकारों के साथ भेदभाव किया गया है । पक्षपात दिखाई दे रहा है । चंबल क्षेत्र के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं दिखाई दे रहा है । मैं इसका विरोध करता हूं ।

---

* Speech was laid on the Table

* **SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMATHITTA) :** At the outset, let me congratulate the Hon'ble FM for presenting a responsible budget as you promised. The weather outside is turbulent but the Finance Minister has stuck to prudence, restraint and patience.

Given the challenges facing our economy, the Finance Minister has done a commendable job. The Union Budget for 2013-14 aims at higher growth rate leading to inclusive and sustainable development as 'mool mantra'. He has put women, youth and the poor at the centre stage.

India needs to create jobs for our growing labour force to the extent of about 10 million persons every year. To do that, we need to accelerate the tempo of our growth. An allocation of Rs.1,000 crore for skill development of ten lakh youth to enhance their employability and productivity is a right step in this regard.

Even when taking tough measures to steady the macroeconomic fundamentals, Finance Minister has been magnanimous in spending for making the life of poor more comfortable. Plan expenditure placed at Rs.5,55,322 crore. It is 33.3 percent of the total expenditure while non plan expenditure is estimated at Rs.11,09,975 crore. The plan expenditure in 2013-14 will be 29.4 percent more than the RE of the current year i.e. 2012-13. There is substantial rise in allocation to the social sector. Allocation for rural development raised by 46 percent to Rs.80,194 crore. Rs.10,000 crore earmarked for National Food Security towards the incremental cost. Education gets Rs.65,867 crore, an increase of 17 percent over RE for 2012-13. ICDS gets Rs.17,700 crore. This is 11.7 percent more than the current year.

Finance Minister was trying fix many issues with a single shot. For instance, there is a proposal to give an additional deduction of interest of Rs.1 lakh to a person taking a loan for his first home from a bank or a housing finance corporation upto Rs.25 lakh during the period 01.04.2013 to 31.03.2014. This will

* Speech was laid on the Table.

promote home-ownership and give a fillip to a number of industries like steel, cement, brick, wood, glass, etc. besides jobs to thousands of construction workers.

There is need to review the existing formula to fix the import duty on rubber. The government should scale up the import duty from the current practice of charging 20 per cent of domestic price (or Rs.20 a kg, whichever is lower) to 40 per cent of domestic price (or Rs.40 a kg, whichever is lower). This is warranted as domestic rubber prices had been free-falling for over a year. The duty hike is expected to encourage tyre-makers and other rubber-goods manufacturers from sourcing their supplies from domestic sources.

I appreciate the measures announced by the hon. FM to give some solace to the coconut farmers. However, given the plight of the domestic coconut farmers more measures are necessary. Government should consider measures to increase the domestic demand of coconut products especially coconut oil. Government may increase the import duty on crude palm and soybean oil imports from the present 2.5% to 10% and the tariff on purchases of refined cooking oils to 15%.

The rollout of the Direct Benefits Transfer system is a revolutionary step. This would enable Government sponsored benefits such as scholarships, pensions and maternity benefits to flow directly into the accounts of beneficiaries, who can access them using their Aadhaar number. I would urge the FM to increase the allocation for aadhar. The leakages can be substantially eliminated. And this will put more money in the hands of the poor and the marginalized.

The Finance Minister has laid out a roadmap. If India needs an 8 percent growth rate, growth which is at the same time inclusive and sustainable, we have to convert these challenges into opportunities to accelerate the tempo of growth, to make it more inclusive, to make it more sustainable. This country must not lose any time. It must get its act together to accelerate the tempo of economic growth, sustainable growth, equitable growth.

* **SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI):** The Budget 2013-14, is not populist. It is certainly political. The FM did not unveil any plan to revive economy, agriculture and businesses. The allocation for their flagship programmes is also meager. Farmers are crying and dying and there is nothing to raise their remunerative price. There is no talk of checking inflation and on how Finance Minister will mobilize resources."

The Finance Minister has expressed concern about the fiscal deficit whose revised estimate is Rs.5,20,925 crore. But this is lower than the revenue forgone figure of Rs.5,70,630 crore. This implies that the fiscal deficit is primarily caused by the sops given to the rich in terms of revenue foregone and the burden of meeting this deficit is passed on to the poor by means of cutting expenditures.

While doing a shade better than the targeted fiscal deficit of 5.3 per cent of GDP at 5.2 per cent for the current fiscal, Finance Minister has stuck to his target of 4.8 per cent of GDP for 2013-14, even while stepping up defence allocation by 14 per cent over the revised estimates in the current fiscal. Similar hikes have been proposed in various sectors. Although it is clear that he managed to create a cushion through compression in spending during the current financial year, expenditure under several key heads, including roads and rural housing actually fell in the current fiscal compared to the previous year.

As for Foreign Institutional Investment(FII) and Foreign Direct Investment (FDI), the government is facilitating larger foreign inflows especially in sectors that have an FDI cap. Foreign investors may not have got their entire wish list. The much-anticipated announcement to expand the role of FIIs in the debt market did not materialize. But the package for them looks very impressive when contrasted with what is available for domestic investors, especially the retail ones.

There has been once again a proposal to simplify the procedures for small and medium enterprises to access their dedicated exchange. More significant, in the context of infrastructure funding, is the proposal to start a dedicated debt

* Speech was laid on the Table.

segment in the stock exchanges. The facilities being accorded to foreign capital can be justified in the current macroeconomic context of the widening current account deficit. Yet the economy needs domestic investors too, not just the large ones but retail investors, who should ideally be the backbone of any well developed capital market. The ambitious disinvestments target next year of Rs.40,000 crore, brooks no delay in enhancing the retail participation in the markets.

However, given the challenges that he faced by way of low growth, high inflation, the widening fiscal and current account deficits coupled with lower than targeted revenue collection during 2012-13, Finance Minister has disappointed taxpayers looking for some major breaks. But he did provide a tax break of Rs.2,000 to individual tax payers with taxable income of up to Rs.5 lakh. This itself is estimated to benefit 1.8 crore tax payers and work out to a revenue sacrifice of Rs.3,600 crore. Likewise, first time buyers of affordable homes will get an additional deduction of interest of Rs.1 lakh for home loans up to Rs.25 lakh, which will be over and above the current Rs.1.5 lakh deduction allowed for self-occupied dwellings.

I earnestly request the government to take steps in the Budget to boost investments as economic growth has slowed. Government should initiate measures that can help in revival of growth momentum of the economy at the earliest.

The recent reform measures have, no doubt, rekindled business confidence but much more needs to be done to provide a fillip to the investment cycle in the present milieu of uncertain domestic and global economic environment.

At a time when new investments have reduced to nearly half of the last year level, raising depreciation rate will incentivise industry to make fresh investments.

Software and allied services industries have asked for rationalization of taxes to reduce the amount of litigation, which only vitiates the business environment. Therefore, I urge the government to streamline the tax mechanism.

I also request the Government to adopt entrepreneurship mission to encourage more entrepreneurship which in turn will create more jobs and investments.

Besides, there is need to set aside money for IT spending, particularly in the area of healthcare and education where technology can make a big difference. The industry associations are also looking at reforms in special economic zone in the area of land acquisition.

*श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिरडी) : आम बजट पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह थी, वह इसलिए और भी चूंकि सभी को इस प्रश्न का जवाब चाहिए था कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकल पाएगी या नहीं? लेकिन, माननीय वित्त मंत्री जी की ओर से पेश आम बजट में इस सवाल का कोई सीधा जवाब नहीं मिला है। ऐसा तब हुआ जब उनके समक्ष आर्थिक चुनौतियों से पार पाने का एक आधार तैयार हो चुका था।

कोई भी समझ सकता है कि ऐसा चुनावी चिंताओं के चलते हुए हुआ है। यह मानते के पर्याप्त कारण हैं कि माननीय वित्त मंत्री और साथ ही माननीय प्रधान मंत्री जी वैसी राजनीतिक इच्छा शक्ति का परिचय नहीं दे सके जैसी उनसे अपेक्षित थी। यह स्थिति यही बताती है कि किस तरह राजनीतिक जरूरतें देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं।

केन्द्रीय सत्ता का नेतृत्व कर रही कांग्रेस के पास इस आम बजट को ठीक और यहां तक कि बेहतर बनाने के तमाम तर्क हो सकते हैं, लेकिन अर्थशास्त्रियों का उनसे सहमत होना कठिन है।

इस पर आश्चर्य नहीं कि शेयर बाजार को यह आम बजट रास नहीं आया। निःसंदेह शेयर बाजार की प्रतिक्रिया सब कुछ नहीं कहती, लेकिन वह संकेत तो करती ही है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट के जरिए निवेशकों और अंतराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों के साथ-साथ आम आदमी को संष्तुट करने की कोशिश अवश्य की है, लेकिन वह इसमें सफल होते हुए नहीं दिख रहे हैं।

माननीय वित्त मंत्री जी ने भविष्य की जो उजली तस्वीर पेश की है उस पर भरोसा इसलिए नहीं किया जा सकता, क्योंकि आर्थिक स्थिति कहीं अधिक चिंताजनक है। अभी तक यह माना जा रहा था कि विकास दर का पांच प्रतिशत के आसपास सिमटना ही भारतीय अर्थ व्यवस्था का न्यूनतम बिंदु है, लेकिन आम बजट पेश किए जाने से पूर्व केन्द्रीय सांख्यिकी विभाग की ओर से जारी आंकड़े यह कह रहे हैं कि पिछली तिमाही में विकास दर लुढ़क कर साढ़े चार प्रतिशत ही रह गई है।

इससे स्पष्ट है कि यथार्थ और आंकड़ों के जरिए बनाए गए परिदृश्य में काफी अंतर है। संतुलन साधने के फेर में एक ऐसा बजट सामने आया है जिससे केन्द्रीय सत्ता के दोनों हित पूरे होने मुश्किल हो सकते हैं। जितना संदेह इसमें है कि इस बजट के जरिए आम आदमी को आकर्षित किया जा सकता है, उतना ही इस पर भी कि लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है।

---

* Speech was laid on the Table

इस बजट के जरिए वित्त मंत्री जी ने खुद को ऐसे सवालों के समक्ष खड़ा किया है, जो उनका पीछा करते रहेंगे। इनमें सबसे बड़ा प्रश्न यह होगा कि क्या एक अवसर गंवा दिया गया? वर्तमान में किसी के लिए भी यह कहना कठिन है कि आने वाले समय में उन आर्थिक चुनौतियों से पार पाया जा सकेगा, जो गंभीर चिंता का विषय बन गयी हैं। बात चाहे वित्तीय और राजकोीय घाटे की हो अथवा निवेशकों के ठंडे रूख की या फिर रूपये के कमजोर होते चले जाने की, ये सभी चुनौतियां हमारे सामने हैं।

हमारी अर्थ व्यवस्था बृहद आर्थिक स्थिरता की चुनौती से जूझ रही है। आसमान छूती महंगाई ने घाटे को बढ़ा दिया है। चालू खाते का अंतर भी बढ़ता जा रहा है। जीडीपी दर लगातार गिर रही है और भारत की रेटिंग और अधिक गिरने का खतरा सिर पर मंडरा रहा है।

व्यय में वृद्धि के आधार पर विकास की गति बढ़ाने से मांग बढ़ने व आपूर्ति का असंतुलन बनने का खतरा खड़ा हो जाता है। जाहिर है इसे महंगाई को हवा मिलेगी और पहले से बढ़ा हुआ राजकोषीय घाटा और भी तेजी से बढ़ने लगेगा। सब्सिडी घटाने का असर सरकार के भविष्य पर पड़ सकता है।

कराधान के ढांचे के पुनर्गठन के माध्यम से आय बढ़ाने का निवेश के वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव होगा। अधिक ब्याज या अन्य लाभों के आधार पर बचत को प्रोत्साहन से राजकोषीय घाटा बढ़ेगा और इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अगर निम्न विकास दर से समय रहते नहीं निपटा गया और रोजगार के अवसर नहीं बढ़ाए गए तो वर्तमान और भविष्य दोनों जनसांख्यिकीय लाभ के बजाए जनसांख्यिकीय विनाश में बदल जायेंगे।

देश में विशेषतः महाराष्ट्र राज्य में किसानों की बहुत बुरी दुर्दशा है। वे आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं। आत्म हत्या कर रहे हैं। वहां के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। महाराष्ट्र में पानी के कारण अकाल की स्थिति बनी हुई है। इसके लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जाने की आवश्यकता थी। वह नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से महाराष्ट्र के साथ अन्याय हुआ है।

महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के अंतर्गत शिर्डी संसदीय क्षेत्र में श्री साई बाबा की शिर्डी एक पवित्र तीर्थ स्थल बन गया है तथा वहां देश के सभी प्रांतों से ही नहीं बल्कि विदेश से भी श्रद्धालु उनके दर्शन हेतु आते हैं। शिर्डी नगरी में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा उनके दर्शन हेतु आने वाले अमीर गरीब सभी लोगों को किसी न किसी रूप में लाभ जरूर पहुंचता है। श्री साई बाबा के शिर्ड़ी में आगमन के बाद शिर्डी जैसे छोटे गांव को पवित्र तीर्थ नगरी का अति विशेष महत्व प्राप्त हुआ है। देश में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में श्री साई बाबा का पवित्र तीर्थ स्थल शिर्डी सभी वर्गो के लिए एक प्रमुख व महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

शिर्डी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तालुका अकोला के अंतर्गत अगस्त मुनि मंदिर, कोपरगांव तालुका में कछेश्वर मंदिर, श्रीरामपुर तालुका के अंतर्गत डोमेगांव में पंजाबी समुदाय के लोगों का महानुभाव चक्रधर स्वामी स्थल, राहाता तालुका के अंतर्गत दक्षिण काशी (पुणताम्बे) में चांगदेव महाराज की समाधि, तालुका बैजापुर के बाबलगांव में दक्षिण भारतीय सुप्रसिद्ध संत चिदम्बरम स्वामी जी की समाधि, तालुका नेवासा में शनि सिंगनापुर व संत ज्ञानेश्वर मंदिर सहित अनेक अन्य प्रसिद्ध धाम भी हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है।

महाराष्ट्र राज्य के शिर्डी संसदीय क्षेत्र की पावन महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए पूरे शिर्डी संसदीय क्षेत्र को एक तीर्थ नगरी व केन्द्रीय पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने हेतु प्रावधान किया जाना चाहिए था, जो नहीं किया गया है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया जाए।

बीड़ी व तम्बाकू उद्योग प्राथिमक रूप से ग्रामीण आधारित श्रम बाहुल्य उद्योग हैं,, जो महाराष्ट्र सहित कई अन्य राज्यों के लगभग 70 लाख कामगारों को रोजगार प्रदान करता है। अधिकांश बीड़ी व तम्बाकू कामगार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़े वर्गो से संबंधित हैं और गृह आधारित कामगार हैं।

देश में बीड़ी कर्मकार के साथ साथ तम्बाकू कर्मकारों की भी एक बहुत बड़ी संख्या है। मेरे संसदीय क्षेत्र शिर्डी के अंतर्गत तम्बाकू कामगार एक बहुत बड़ी संख्या में हैं। लेकिन, इन तम्बाकू कामगारों को सरकार की बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि के अंतर्गत स्वास्थ्य देखरेख, आवास, शिक्षा, सामूहिक बीमा योजना और मनोरंजन के क्षेत्र में जो अनेक कल्याण योजनाएं तैयार की जाती हैं, उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप तम्बाकू कामगार की स्थिति बीड़ी कामगार की अपेक्षा बहुत ही बद्तर है।

बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि के अंतर्गत दी जाने वाली योजनाओं का लाभ बीड़ी कामगारों के साथ साथ तम्बाकू कामगारों को भी दिलाए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे द्वारा दिए गए सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

*श्री सैयद शाहनवाज हुसैन (भागलपुर) देश में घटती हुई घरेलू उत्पादन दर चिंता का विषय है। दुख की बात यह है कि पिछले 9 वर्षो में घरेलू उत्पादन दर 8-9 प्रतिशत से घट कर 5.4 प्रतिशत रह गई है। ये यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियों की विफलता नहीं तो क्या है?

इसी प्रकार आप यह आश्वासन देते रहे कि सरकार भ्रष्टाचार को रोकेगी, पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। 2जी स्पेक्ट्रम स्कैम, कोल गेट स्कैम, कॉमनवेल्थ स्कैम, नरेगा स्कैम और अब वेस्टलैंड हेलकॉप्टर स्कैम इसी सरकार की देन है जो भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने की बात संसद में हर समय करती रही है। वास्तविकता में इस सरकार ने भ्रष्टाचार की नई ऊंचाइयों को छू लिया है।

केन्द्र सरकार बार-बार कहती है कि नागरिकों और महिलाओं को अधिक सुरक्षा प्रदान की जायेगी। सुनकर अटपटा सा लगता है कि जिस सरकार की नीयत और नीति ही ठीक न हो और जिसमें अपने नागरिकों को सुरक्षा देने की शक्ति भी न हो वो बार बार ऐसे शब्द बोलकर कब तक देशवासियों को गुमराह करती रहेगी। हमने तो ये देखा है कि आतंकवाद से निपटने के लिए पर्याप्त आत्मशक्ति UPA सरकार में है ही नहीं। अजमल कसाब और अफजल गुरु की फांसी की सजा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इतने लंबे समय तक टालना इस बात को सिद्ध करता है।

साम्प्रदायिक दंगों की रोकथाम का संकल्प लेने वाली इस सरकार ने इस संबंध में क्या ठोस कदम उठाये हैं? हमने तो पिछले वर्ष में ये देखा है कि राजस्थान के गोपालगंज और भीलवाड़ा, महाराष्ट्र के धुलिया, असम के कोकराझार आदि क्षेत्रों में बड़े पैमानों पर साम्प्रदायिक दंगे हुए। मजे की बात ये है कि इन सभी प्रदेशों में कांग्रेस और उनके सहयोगियों की सरकार है जो अपने को सेकुलरिज्म का ठेकेदार मानते हैं और दूसरों को साम्प्रदायिक । सच्चाई ये है कि इन्होंने सदा ही दंगों की राजनीति की है। अल्पसंख्यकों को डरा कर रखा गया है चाहे वो मेरठ हो, मलियाना हो या मुरादाबाद, अलीगढ़, चाहे 84 के सिख विरोधी दंगे हों। आप अपने 50 वर्षीय खूनी इतिहास के रिपोट कार्ड को छिपा कर मात्र 2002 के गुजरात दंगे की ही चर्चा क्यों करते हैं। नैतिकता के आधार पर पहले अपने रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा कराइये, उसकी जिम्मेदारी लीजिए, दोषियों को दंडित कीजिए, फिर किसी और पर ऊंगली उठाइये। देशवासी आज जागृत हैं, आपकी दंगों की राजनीति के जाल में आने वाले नहीं।

कांग्रेस द्वारा कब तक इस देश में आतंकवाद शब्द की राजनीति चलती रहेगी। 80 के दशक में आपने सिख आतंकवाद का शब्द गढ़ा और देश में ऐसा माहौल बनाया जैसे हर सिख आतंकवादी हो। इस प्रकार आपने देश के करोड़ों सिखों के साथ अन्याय किया। नब्बे के दशक से आप इस्लामी आतंकवाद का

* Speech was laid on the Table

नाम लेने लगे और ऐसा भ्रम फैलाया मानो हर मुसलमान आतंकवादी हो। इस प्रकार आपने देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय की देशभक्ति पर प्रश्नचिन्ह लगाया और उन्हें अपमानित किया है। आज आप देश के बहुसंख्यक समाज पर भगवा आतंकवाद का आरोप लगा कर उसे भी अपमानित कर रहे हैं। आप कौन होते हैं देश के अल्पसंख्यकों या बहुसंख्यकों पर ऐसे निराधार आरोप लगाने वाले? सरकार में बैठ कर अगर आप स्वयं पर संयम नहीं रख सकते तो आपको सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

डॉल्फिन की घटती हुई संख्या चिंता का विषय है। इसे राष्ट्रीय जल पशु घोषित किया गया तो उम्मीद की गई थी कि इनका संरक्षण तथा संवर्धन होगा। वैसे भी यह श्रेय भागलपुर को जाता है कि सुल्तानगंज से कहलगांव तक गंगा नदी का 50 कि.मी. जल क्षेत्र डॉल्फिन सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह देश का इकलौता डॉल्फिन सुरक्षित क्षेत्र है और भागलपुर का प्रतिनिधि होने के नाते इस जल क्षेत्र के विकास की चिंता मुझे सदा रहती है। मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार डॉल्फिन के संरक्षण तथा संवर्धन पर और अधिक ध्यान दे।

विश्व भर में युवाओं और खेलों के प्रोत्साहन के लिए कार्य हो रहे हैं। ऐसे में देश का युवा चाहता है कि उसकी सरकार भी इस दिशा में ठोस पहल करे। ऐसे परिपेक्ष्य में इस वर्ा के खेल मंत्रालय के बजट में कटौती बड़ी अटपटी सी लगती है। देश के नौजववों, विशेषकर खिलाड़ियों के साथ यह नाइंसाफी है जो खत्म होनी चाहिए।

सच्चर कमेटी रिपोर्ट के आधार पर आपने अल्पसंख्यक समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए जो घोषणाएं की थीं। जमीन पर उनसे परिणाम तो दिखाई नहीं देते।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत उल्पसंख्यकों की बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों में नये प्राइमरी स्कूल खोले जाने थे। वर्ष 2006-07 से आंध्र प्रदेश, असम, तमिलनाडु आदि में इस योजना के अंतर्गत कोई भी नया प्राइमरी स्कूल नहीं खोला गया है। इसी प्रकार यू.पी. और पश्चिम बंगाल में 2011-12 और 2012-13 में एक भी ऐसा स्कूल नहीं खोला गया है। मध्य विद्यालय की बात करें तो आंध्र प्रदेश, असम, केरल, दिल्ली में 2006-07 से और राजस्थन में 2008-09 से अब तक कोई भी नया स्कूल नहीं खोला गया है। क्या इसी तरह सर्व शिक्षा अभियान का सपना साकार होगा?

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के अंतर्गत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में जो विद्यालय खोले जाने थे उनमें भी यही हाल है। वर्ा 2006 से अब तक पूरे आंध्र प्रदेश में मात्र 17, दिल्ली में 1, हरियाणा में 15 और महाराष्ट्र में 3 ऐसे विद्यालय खोले गये हैं। क्या इस गति से देश के अल्पसंख्यकों का शैक्षिक पिछड़ापन दूर किया जा सकता है?

मदरसों के आधुनिकीकरण की रफ्तार भी कछवे से धीमी है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में 2008-09 से अब तक इस काम पर कोई खर्च नहीं किया गया है। हरियाणा में 2010-11 में मात्र 38 लाख खर्च किया गया और महाराष्ट्र में उसी साल 37 लाख खर्च किया गया है। हालांकि यह सरकार जानती है कि जहां स्कूल हैं ही नहीं, मदरसे ही प्राइमरी शिक्षा का माध्यम हैं। इसलिए ये मरदसे अल्पसंख्यकों की शिक्षा का एकमात्र विकल्प हैं। फिर भी आप इस ओर गंभीरता नहीं दिखाते। देश जानना चाहता है कि क्या इस रफ्तार से मदरसों का आधुनिकीकरण हो सकेगा?

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की स्टीयरिंग कमेटी ने भी अपने रिपोर्ट में लिखा हैकि अल्पसंख्यकों की शिक्षा के मामले में लक्ष्य से कम खर्च साफ दिखाई देता है जो चिंता का विषय है। ये बात जब हम कहते हैं तो कहा जाता है कि विपक्ष वाले तो निराधार आरोप लगाते हैं। अब ये बात तो सरकार की बनाई कमेटी ने भी स्वीकार की है। इस विषय पर आप क्या कहेंगे?

अल्पसंख्यकों के लिए मल्टी सेक्टोरियल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत खर्च का हाल और खराब है। वर्ष 2009-10 में जारी की गई रकम का मात्र 62.39 प्रतिशत खर्च किया गया, वर्ष 2010-11 में मात्र 33.36 प्रतिशत खर्च किया गया। क्या यह चिंता का विाय नहीं है? इससे आपकी नीयत का पर्दाफाश होता है और स्पट हो जाता है कि आप अल्पसंख्यकों के लिए केवल LIP SERVICE करते हैं। इसका एक कारण शायद केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय का अभाव हो सकता है। अगर ऐसा है तो इसे रोकने के लिए और एकाउंटेबिलिटी फिक्स करने के लिए योजना और उसके क्रियान्वयन राज्य सरकारों को सौंप दिए जाए, जो जमीनी सच्चाईयों को ठीक से समझती है।

60 आईटीआई जो अल्पसंख्यक बहुत क्षेत्रों में हैं उनके अपग्रेडेशन के लिए वर्ष 2008-09 के बजट प्रावधान 56.95 करोड़ था। उसमें से मात्र 29.86 करोड़ खर्च किया गया। वर्ष 2010-11 में प्रावधान 42.33 करोड़ था और खर्च केवल 21.17 करोड़ हुआ। वर्ष 2011-12 में प्रावधान 32.83 करोड़ और खर्च 13.64 करोड़ किया गया। इसी प्रकार, वर्ष 2012-13 में बजट प्रावधान 18.42 करोड़ था और अब तक खर्च 4.56 करोड़ किया गया है। ऐसा नहीं है कि इन क्षेत्रों में आईटीआई के अपग्रेडेशन की जरूरत नहीं रही है। सच्चाई तो यह है कि बजट की घोनाओं द्वारा अल्पसंख्यकों को ही नहीं बल्कि देशवासियों को धोखा देते हैं। कब तक ये देश ऐसी सरकार को झेल सकेगा?

वक्फ जायदादों की सुरक्षा के लिए आप गंभीर नहीं हैं। इन जायदादों पर बड़ी संख्या में अवैध कब्जे हुए हैं, जिनके कारण न तो वक्फ को कोई आमदनी होती है और न ही उस जायदाद की डेवलपमेंट। उल्टे वक्फ बोर्ड को अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के खर्च का बोझ पड़ता है। हम अनेकों

MADAM SPEAKER: Item No. 27. The Minister may now move that the Bill be taken into consideration.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I beg to move:

> "That the Bill to provide for the authorization of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 2011 in excess of the amounts granted for those services and for that year, be taken into consideration."

MADAM SPEAKER: The question is:

> "That the Bill to provide for the authorization of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 14.03.2013.
**Introduced with the recommendation of the President.

day of March, 2011 in excess of the amounts granted for those services and for that year, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MADAM SPEAKER: The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 and 3 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 and 3 were added to the Bill.

The Schedule was added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

MADAM SPEAKER: The Minister may now move that the Bill be passed.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MADAM SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

19.38 hrs.

STATEMENTS BY MINISTERS- Contd.

(ii) Apprehension of Indian fishermen by Sri Lankan Navy

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI PRENEET KAUR): Madam Speaker, I notice that concern has been expressed by some Members of the House on the recent incidents of attack and apprehension of Indian fishermen by the Sri Lankan Navy in waters between India and Sri Lanka.

At the outset, I would like to reiterate that the Government attaches highest priority to the welfare, safety and security of our fishermen. I would like to apprise this august House on the steps taken by the Government with regard to recent incidents involving Indian fishermen.

On 3rd March, 2013, 16 Indian fishermen with three boats were apprehended by the Sri Lankan Navy. On 4th March, 2013, they were remanded to judicial custody for 14 days on charges of fishing in Sri Lankan waters. We had immediately taken up the matter with the Sri Lankan Government seeking their immediate release and repatriation. Our Mission officials secured consular access and were in constant touch with these fishermen to ensure their safety and well-being. Pursuant to our efforts, they were released on 11th march, 2013. Our High Commission in Sri Lanka arranged for their safe custody, 330 litres of diesel for boats and in coordination with the Indian Coast Guards arranged their safe return to India on 12th March, 2013.

An incident of firing on Indian fishermen allegedly by the Sri Lankan Navy was reported in the early hours of 7th March, 2013 in which one Indian fisherman was injured. We had, through diplomatic channels, lodged a strong protest with the Sri Lankan Government the same day. The Sri Lankan Navy has, however, denied having fired at any fishing craft.

According to available information, 19 Indian fishermen with four boats were apprehended by the Sri Lankan Navy at 2030 hours on 13th March, 2013 and earlier today, officials from the Consulate General in Jaffna have sought consular access to these fishermen. In the absence of Sri Lankan High Commissioner to India, who is out of New Delhi, the Sri Lankan Deputy High Commissioner to India was called in today and a strong protest was lodged at these incidents of apprehensions of Indian fishermen. We have called for immediate release and repatriation of the apprehended Indian fishermen. We have emphasised on the need for the Sri Lankan Navy to exercise restraint, extend humane treatment and not to resort to violence under any circumstances.

We are also aware of the case of some Indian nationals who have been arrested in Sri Lankan waters on charges of smuggling narcotics and contraband. These include the five fishermen detained on 29th November, 2011. Officials from our High Commission in Colombo and Consulate in Jaffna are in regular touch with the detained Indian nationals and are extending all possible consular assistance to them.

I would like to reiterate that we remain engaged with the Government of Sri Lanka to ensure that the fishermen on both sides can continue to pursue their livelihood in a safe, secure and sustainable manner. Thank you. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Now, the House will take up "Zero Hour". Shri Baliram Jadhav.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, if you give me notice, I will find out what is to be done. If it is possible, we will have a discussion in the House.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, you have raised this issue. You had raised it in the morning. You asked for a Statement from the Minister. The Statement has been made. Now, let us proceed with some other work. Other Members also have to speak on other issues. Isn't it? Whatever you have said today, has been done. If you give me a notice, I will see what is to be done.

… (*Interruptions*)

SHRI THOL THIRUMAAVALAVAN : Madam Speaker, as I am not satisfied with the Statement made by the hon. Minister, I am walking out.

19.43 hrs

At this stage, Shri Thol Thirumaavalavan left the House.

… (*Interruptions*)

DR. M. THAMBIDURAI : Protesting against the Statement made by the hon. Minister, we are walking out.

19.43 hrs

At this stage, Dr. Thambidurai and some other hon. Members left the House.

… (*Interruptions*)

श्री बलीराम जाधव (पालघर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र पालघर, महाराष्ट्र के मछुआरों की ज्वलंत समस्या के संबंध में निवेदन करना चाहता हूँ कि उन्हें भी किसानों की तरह बैंकों से बिना ब्याज कर्ज़ दिलवाने की व्यवस्था की जाए। हमारे मछुआरे भी प्राकृतिक आपदा के शिकार होते रहते हैं, परंतु उनके द्वारा लिया गया कर्ज़ा कभी भी माफ़ नहीं होता है। अतः किसानों की तरह ही प्राकृतिक आपदा के समय उनका कर्ज़ा भी माफ किया जाए। इसके साथ ही समुद्र में आई हुई प्राकृतिक आपदा, जैसे तूफान या सूनामी में बड़े-बड़े जहाज़ों से मछुआरों की नावें टकराने से मृत्यु हो जाने पर कम से कम 10 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाना चाहिए। अगर कोई मछुआरे इस दौरान पड़ोसी देश की सीमा में पहुँच जाते हैं तो उनको वहाँ की सरकार जेल में डाल देती है। ...(व्यवधान) अतः ऐसे मछुआरों को वहाँ की सरकार से आपसी बातचीत करके जल्दी छुड़वाना चाहिए। हमारे मछुआरों को पूर्ण विश्वास है कि इस सदन के माध्यम से उठाई गई उनकी मांगों की पूर्ति के लिए सरकार जल्द कुछ ठोस कदम उठाएगी।

अध्यक्ष महोदया : श्री कुँवरजीभाई मोहनभाई बावलिया - उपस्थित नहीं।

श्री हरिभाऊ जावले।

श्री हरिभाऊ जावले (रावेर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन के सामने एक अपमानजनक और गंभीर मामला सदन के सामने रखना चाहता हूँ। यह मामला इंदिरा गांधी इंटरनेशनल हवाई अड्डे के टर्मिनल मामले से जुड़ा हुआ है।

19.44 hrs. **(Mr. Deputy Speaker *in the Chair*)**

उपाध्यक्ष महोदय, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के डिपार्चर और एराइवल में कुछ जैन्ट्स टॉयलैट्स हैं। वहाँ जो वॉल पिक्चर लगाई गई हैं, वहाँ खेत में काम करने वाले किसानों महिलाओं की तस्वीर लगाई गई हैं। जिस देश में महिलाओं का सम्मान होता है, जिस देश में महिला माँ, बहिन, पत्नी और देवी के रूप में पूजी जाती है, उसी देश में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऐसी तस्वीरें लगाने का जो काम है, वह मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ।

महोदय, दस दिन पहले इसके बारे में एयरपोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन श्री अग्रवाल से मैं मिला था। मेरे साथ पाँच अन्य सांसद भी थे। मैंने उनके सामने मुद्दा उठाया था। उन्होंने उसी समय एक फोन लगाकर ये तस्वीरें हटाने के बारे में कहा था, लेकिन कल जब मैं एयरपोर्ट पहुँचा तो मैंने फिर वही तस्वीरें उसी जगह देखीं। चाय के बागान में काम करती हुई किसान महिलाओं की भी तस्वीरें वहाँ लगाई गई हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि इन तस्वीरों को जल्दी से जल्दी हटाना चाहिए और हमारे देश की महिलाओं की इज्जत बढ़ानी चाहिए।

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान प्राइवेट स्कूलों द्वारा कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के नाम पर विदेशों में ले जाने के लिए लाखों रुपए मांगे जाते हैं। हर छात्र के माता-पिता इतने सक्षम नहीं होते हैं। स्कूलों कें अंदर रिक्शावाला, तांगेवाला और गरीब किसानों के बच्चे भी पढ़ते हैं। अगर स्कूल कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के लिए लाखों रुपए मांगेंगे तो यह पैसा माँ-बाप के लिए देना सम्भव नहीं है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह स्कूलों द्वारा कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के नाम पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए समुचित कार्यवाही करें।

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा की 13 तहसीलों में से 9 तहसीलों के 708 गांवों में पूरी तरह से सूखे की चपेट में आ गए हैं। जिससे किसानों की फसल बुरी तरह से चौपट हो गई है और हॉर्टिकल्चर के अंतर्गत अनार, संतरे और मौसमी के जो पेड़ कुछ साल पहले लगाए थे, वे पेड़ सूख गए हैं। फसल की बुआई के समय कुछ बरसात हुई थी उस समय हमारे किसानों ने अपनी लागत लगा दी और कर्ज ले कर खाद, सिंचाई और बीज पर खर्चा करके जो फसल बोई थी, वह बरसात न होने से सूख गई। सूखे के कारण बुलढाणा का किसान बुरी तरह से कंगाल हो गया है। ज्ञात हो कि बुलढाणा जिला किसानों की आत्महत्याग्रस्त जिला है, जिसमें पहले भी कई किसान आत्महत्या कर चुके हैं। आशंका है कि सूखे की इस बरबादी के बाद और किसान आत्महत्या न कर लें। किसानों को राहत पहुंचाने का कार्य जल्द किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि हमारे किसानों का पूरा कर्ज माफ किया जाए और अगले साल फसल पैदा करने के लिए नया कर्ज किसानों को दिए जाएं। हमारी जो खरीफ सोयाबीन की खेती है, उसके लिए प्रति हेक्टेयर पच्चीस हजार और हॉर्टिकल्चर के लिए पचास हजार रुपए प्रति हेक्टेयर किसानों को मदद दी जाए। सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा जिले के सूखे प्रभावित किसानों को जल्दी से जल्दी राहत पहुंचाई जाए, जिससे किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर न हों।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhoopendra Singh – not present.

Shri P.K. Biju.

SHRI P.K. BIJU (ALATHUR): I would thank you, Mr. Deputy-Speaker, Sir, for calling me to speak. I would like to raise an important matter in this august House.

Sir, the Cabinet Committee on Economic Affairs had approved a Special Scholarship Scheme for the Jammu and Kashmir students in 2011 to encourage them to pursue their higher studies outside their State. Under this Scheme, more than 5000 beneficiaries have sought admission in different disciplines including the undergraduate technical and general degree courses in different colleges of the country. But the undue delay in the releasing of funds is putting their career at stake. Their claims of Fellowships are being repeatedly questioned by the colleges concerned.

The Government at that time had ensured that every scholar would get up to Rs.30,000 *per annum* for tuition fees for general degree courses, up to Rs.1.25 lakh *per annum* for engineering course and up to Rs. 3 lakh *per annum* for medical studies. In addition to these, hostel fees and incidentals were also promised to be given to all categories of courses up to a ceiling of Rs. One lakh per annum. But even after having appeared in their Semester Examinations, the funds are yet to be released.

It is learnt that the Ministry of Human Resource Development has not confirmed the scholarship which has raised uncertainty regarding their admissions in the upcoming semesters. I urge the Government to take immediate steps to release funds to save the future of the Kashmiri students who are getting admission in different colleges in our country.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): उपाध्यक्ष जी, नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा हिमालयन एक्सप्रेस वे, परवानू, सोलन में जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र का भाग है, बन गया है। इस के फोर-लेनिंग का भाग शिमला जो कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी है, तक कार्य पूर्ण किया जाना बाकी है। इस पर लगभग 2,730 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे बी.ओ.टी. के माध्यम से बनाए जाने की योजना है। इस में कोई संदेह नहीं कि जब यह सड़क तैयार हो जाएगी तो परवानू से शिमला तक की दूरी सत्रह किलो मीटर कम हो जाएगी। विभिन्न स्थानों पर सुरंगें व फ्लाईओवर बनाने की योजना भी है, परन्तु फॉरेस्ट क्लियरेंस और लैंड एक्वीजिशन का कार्य पूर्ण न होने के कारण यह कार्य अधर में लटका हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उक्त सड़क को बनाए जाने में जो भी दिक्कतें केन्द्र सरकार के कारण हैं, उसे तुरंत पूरा कर के इस का निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि समयबद्ध कार्यक्रमानुसार इसे पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जा सके।

इस के साथ-साथ हालांकि इस की अब अलग से अलाइनमेंट की गयी है। परन्तु, इस का खास ध्यान रखा जाए कि जापली, धर्मपुर, सोलन, कंडाघाट जैसे व्यापारिक ठिकानों को न छेड़ा जाए। इस प्रकार का ध्यान हाईवे ऑथोरिटी को रखने के लिए सरकार आदेश करे।

SHRI SHIVARAMA GOUDA (KOPPAL): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I want to raise an important issue being faced by our locals due to BSNL mobile towers. मेरा एरिया बेल्लारी है और बेल्लारी के बाजू में आंध्र प्रदेश आता है। आंध्र प्रदेश के अदौनी, अनंतपुर मेरे क्षेत्र के बाजू में आते हैं, वहां के जो बीएसएनएल टावर्स हैं, उस से मेरे सिरूगुप्पा और बेल्लारी की फ्रीक्वैंसीज कैच हो रहा है। इस से कर्नाटक के कस्टमर्स को आंध्र का रोमिंग चार्ज लग रहा है। आंध्र प्रदेश के बीटीएस टावर्स की फ्रीक्वैंसी को रिड्यूस करने से भी कुछ फायदा नहीं हो रहा है और कर्नाटक की फ्रीक्वैंसी बढ़ाने से भी कोई फायदा नहीं हो रहा है। इस से हमारे बीएसएनएल कस्टमर्स को जो रोमिंग चार्जेज लग रहे हैं, इस से मेरे क्षेत्र के पूरे लोगों को तक़लीफ हो रही है। उनके पॉकिट से रोमिंग चार्जेज कट हो रहे हैं। इस को कंट्रोल करने के वास्ते कपिल सिब्बल जी ने एक बार हाउस में और बाहर भी कहा था कि वे ऑल ओवर इंडिया रोमिंग चार्जेज को एक ही कर देंगे। मगर, दो वर्ष हो गए और यह काम नहीं हुआ। इस के बारे में कोई सोच नहीं है। मेरे एरिया में जो रोमिंग चार्जेज कट रहे हैं, इस के लिए ऑल ओवर इंडिया के लिए सिंगल चार्जेज करने के बारे में मैं पूछता हूं। मेरे एरिया में एक-एक आदमी को दो-दो मोबाइल रखने की नौबत आ गयी है। इस के वास्ते आप संचार मंत्री से कह दें कि वे रोमिंग चार्जेज के बारे में कंसेन्ट्रेट कर के ऑल ओवर इंडिया एक ही रोमिंग चार्जेज लगाएं।

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): उपाध्यक्ष महोदय, आप भी झारखंड राज्य से आते हैं। झारखंड के लोगों की हालत बहुत खराब है। खासकर, पीने के पानी में जो फ्लोराइड है, नाइट्रेट है, आर्सेनिक है, आयरन है और कैडमियम है, ये वहां के सारे जिलों में पाया जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी झारखंड विधान सभा नहीं है तो एकमात्र यही फोरम है जिस के माध्यम से हम केन्द्र सरकार को आगाह कर सकते हैं। अभी गर्मी के दिन आने वाले हैं। सब को पीने के पानी की असुविधा उत्पन्न होगी। इतना ही नहीं, जो बच्चे यह पानी पी कर पैदा हो रहे हैं, वे या तो विकलांग पैदा हो

रहे हैं या अंधे पैदा हो रहे हैं। जो माताएं हैं वे कुपोषण का शिकार हो रही हैं। उन में खून की कमी हो रही है। ऐसे जिले जहां फ्लोराइड की कमी है, वे हैं बोकारो, गिरीडीह, मेरा जिला गोड्डा, गुमला, पलामू, रामगढ़ और आपका जिला रांची। जहां नाइट्रेट कम है, वह चतरा, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, लोहरदगा, बांकुर, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: आप संक्षेप में बोलिए। झारखंड के बारे में बोल दीजिए।

श्री निशिकांत दुबे : पूरे झारखंड में इस तरह की कमी है। वाटर मैनेजमेंट जो है, उपाध्यक्ष महोदय, सारे जिले यदि आ जाएंगे तो आपका भी हो जाएगा, क्योंकि आप वहां से बोल नहीं पा रहे हैं। पांडेय जी, गिरिडीह के हैं, ये बोल नहीं पा रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से यह कहना है कि वहां स्वास्थ्य की सुविधा बेहाल है। बच्चे विकलांग पैदा हो रहे हैं। महिलाओं को हम पीने का सही पानी भी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे कि बच्चे स्वस्थ् पैदा हों। सिंचाई की जो सुविधा है, सिंचाई में जो ढेर सारी सिंचाई सुविधाएं है, जैसे कि पुनासी डेम, सुग्गा बथान, गुढ़ई है। मेरा यह कहना है कि एक तो लोगों को पीने का पानी मिले। आर्सेनिक, नाइट्रेट, इन सब का कैसे समाधान होगा? माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में कहा है कि इनको अच्छे पीने के पानी की सुविधा हो। इरीगेशन के जो पुराने प्रोजेक्ट्स हैं, जो तीस-तीस, 40-40 सालों से वर्षों से चल रहे हैं, वे जल्दी से बन जाएं और जो पानी का बंटवारा है, मैंथन डेम, मयूराक्षी डेम, मसानजोर डेम का, ये जो पानी का बंटवारा खास कर बंगाल से चल रहा है, उसका भी केन्द्र सरकार फैसला करें, जिससे कि झारखंड के लोगों को, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़ों को इसका फायदा हो पाए।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और उस पर कार्यवाही की मांग करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय: श्री निशिकांत जी के विषय के साथ श्री रवीन्द्र कुमार पांडेय जी भी अपने को संबंद्ध करते हैं।

कमलेश जी, आपने इसमें दो विषय दिए हैं, आपको एक ही विषय पर बोलना है।

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता हूं कि मेरा क्षेत्र बांसगांव संसदीय क्षेत्र, जहां एनएच-29 का सड़क है, वह पूर्ण रूप से गड्ढे में तब्दील हो गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, जिस जगह से आप आते हैं, बिहार में, उत्तर प्रदेश की सड़कों का हाल किसी से छिपा नहीं है। मुझे लगता है कि तीस से ज्यादा स्पीड में कोई गाड़ी पूर्वांचल में नहीं चलती है। उसका कारण सिर्फ इतना है,...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: कमलेश जी, आप थोड़ा संक्षेप में बोलिए, क्योंकि और लोग भी बोलने वाले हैं। रात काफी हो गई है और लोगों को भूख भी लग रही होगी।

श्री कमलेश पासवान : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आज से चार-पांच महीने पहले माननीय जितिन प्रसाद जी मंत्री थे। ये गोरखपुर में गए थे। एनएच-29 पर ही उनका कार्यक्रम था। गोरखपुर बाय-पास का शिलान्यास करने क्षेत्र के करीब हजारों लोग उस कार्यक्रम में आए, उन्होंने वहां यह घोषणा की थी कि हम छ: महीने के अंदर इसको फोर लाइन में तब्दील कर देंगे और जल्द से जल्द उसको गड्ढामुक्त कर देंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से दुर्भाग्य से यह कहना है कि न गड्ढामुक्त हुआ और न ही उस सड़क का टैंडर हुआ। पिछली 21 तारीख को भी मैं धरने पर बैठा था, वहां पर सभी एनएच के अधिकारी आए, उन्होंने फिर घोषणा की कि हफ्ते भर के अंदर हम इस काम को चालू करा देंगे। हमें दुर्भाग्य से यह बात कहनी पड़ रही है कि ये अधिकारी आकर सिर्फ घोषणा करते हैं, चाहे मंत्री हों या इनके अधिकारी हों। ये कोई कार्य नहीं कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके मार्फत कहना चाहता हूं कि सरकार को आप आदेशित करिए कि जल्द से जल्द उस कार्य को करें। वहां लोगों को लगे कि प्रदेश में एनएच की सड़कें हैं। माननीय सी.पी. जोशी जी सिर्फ आश्वासन देते हैं, कुछ करते नहीं हैं।...(व्यवधान) सदन के माध्यम से उनके कानों तक यह बात पहुंचाएं, ताकि वे पैसा देकर जल्दी से इस कार्य को करवाएं।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क़ (सम्भल): उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही जरूरी मसले को उठाना चाहता हूं। सरकार का ध्यान हज से मुतालिक बढ़ रही परेशानियों की तरफ दिलाना चाहता हूं। मुसलमानों पर हज फर्ज़ है, हज में आने वाली परेशानियों से हिन्दुस्तानी मुसलमान बहुत बेचैनी महसूस कर रहे हैं, जो नाकाबिले बर्दाश्त है। हज पर जो टैक्स लगाया जा रहा है, वह शरियत के खिलाफ है, जब कि दूसरे धर्मों के मज़हबी कामों पर ऐसा कोई टैक्स नहीं है। इसलिए इसे खत्म किया जाए। दूसरे मुसलमानों पर एक बार से ज्यादा हज जाने पर पाबन्दी लगाई जा रही है, वह भी नाकाबिले कबूल है, चूंकि शरयई एतबार से कोई औरत बगैर मेहरम के हज नहीं कर सकती। बीबी बगैर शौहर के, बेटी बगैर बाप के और बहन बगैर भाई के अकेली हज को नहीं जा सकती। इसलिए यह पाबन्दी शरयई एतबार से गलत है, इसे भी फोरन खत्म किया जाए।

20.00 hrs.

तीसरे, इण्टरनेशनल पासपोर्ट बनवाने में हज के टाइम बेहद परेशानी और फिज़ूलखर्ची होती है, लेकिन फिर भी पासपोर्ट वक्त पर नहीं मिल पाता, जिसकी वजह से हाजी साहेबान को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इसी वजह से बहुत से हाजी साहेबान हज पर नहीं जा पाते।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: कृपया संक्षेप में बोलें।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क़ : बस मेरी बात खत्म हो रही है। लिहाजा इसका वाहिद हल यही है कि पासपोर्ट बनवाने की जिम्मेदारी हज कमेटी को दी जाये और हज फॉर्म जमा करते वक्त पासपोर्ट की पूरी फीस नकद जमा करा ली जाये।

उपाध्यक्ष महोदय: संक्षेप में बोलिये, बहुत देर हो गई है।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क़ : पहले हज कमेटी टैम्पोरेरी पासपोर्ट बनवाकर देती थी, जिससे हाजियों को कोई परेशानी नहीं होती थी, लिहाज़ा मेरी सैण्ट्रल गवर्नमेंट से पुरजोर मांग है कि इन तीनों बातों पर सरकार संजीदगी से अमल करे और फौरन इस सिलसिले में ऑर्डर जारी करने की मेहरबानी करे।

उपाध्यक्ष महोदय: श्री पोन्नम प्रभाकर और श्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी को डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क़ के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति दी जाती है।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: सदन का थोड़ा समय हम और बढ़ा दें, क्योंकि, सदन का समय खत्म हो रहा है।

जब तक समय खत्म नहीं होगा, तब तक सदन का समय बढ़ाया जाता है। केवल 7-8 लोग और बोलने वाले हैं, ज्यादा नहीं हैं।

डॉ. संजय सिंह, संक्षेप में बोलिये, ज्यादा मत बोलिएगा।

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): माननीय महोदय, आपको धन्यवाद देने के साथ-साथ मैं आपके माध्यम से भारत सरकार एवं डब्लू.एच.ओ. द्वारा बनाये गये संयुक्त उपक्रम राष्ट्रीय पोलियो निरीक्षण योजना (एन.पी.एस.पी.) के अन्तर्गत मानीटरों की संविदा पर नियुक्ति की गई थी। उत्तर प्रदेश में 580 और पूरे देश में 1500 मानीटर कार्यरत हैं। इन्हीं मानीटरों की 10 वर्षों की मेहनत और लगन का परिणाम है कि वर्ष 2012 में हमारे भारत देश को पोलियोमुक्त राष्ट्र घोषित किया गया है। पल्स पोलियो का माइक्रोप्लान बनाने से लेकर, वैक्सीनेटरों को प्रशिक्षण देने एवं इस अभियान की मानीटरिंग करने की जिम्मेदारी इन मानीटरों को दी गई थी। ठंडी, गर्मी, बरसात में हर तरह से कष्ट सहते हुए ये लोग काम पूरा करते हैं। आज के महंगाई के दौर में ऐसे जिम्मेदारीपूर्ण कार्य हेतु मानीटरों को केवल 11960 रुपये दिये जाते हैं। वर्ष 2003 में जब पैट्रोल का दाम 25 रुपये प्रति लीटर था...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: मैंने कहा था कि संक्षेप में बोलें।

डॉ. संजय सिंह : तब इन्हें पैट्रोल खर्च का केवल 2500 रुपये दिया जाता था, आज पैट्रोल का दाम तीन गुना बढ़ गया है, फिर भी इन्हें 3000 रुपये प्रदान किया जा रहा है।

चेचक के उन्मूलन के लिए पूर्व में ऐसा ही अभियान चलाया गया था और उस कार्य में लगे मानीटरों को एस.सी. पी. के पद सृजित कर समायोजित कर दिया गया था। पल्स पोलियो अभियान में लगे मानीटरों को भी सरकार से कुछ ऐसी ही उम्मीद थी...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: आपका सरकार से क्या मांगना है, वह बता दीजिए न।

डॉ. संजय सिंह : किन्तु डब्लू.एच.ओ. द्वारा इस परियोजना में कार्यरत मानीटरों को कार्यमुक्त करते हुए आवश्यकतानुसार नये पद सृजित कर इंटरव्यू के माध्यम से संविदा पर नियुक्त करने की योजना है। आपसे निवेदन है कि इस काम में 10 वर्षों से कार्यरत मोनीटरों को उत्कृष्ट कार्य करने की जगह उपकृत करने की बजाय उनकी रोजी-रोटी की भी समस्या सामने आ रही है। सदन के माध्यम से आप से अनुरोध है कि पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत सभी मानीटरों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजित किया जाये, विशेष परिस्थितियों में यदि यह सम्भव न हो तो राष्ट्रीय पोलियो निरीक्षण योजना के संचालन तक इन्हें उनके पद पर बने रहने दिया जाये। मानीटरों का मानदेय बढ़ाकर समान पद पर कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के बराबर किया जाये। पैट्रोल/डीजल खर्च पर 3000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये किया जाये और एन.पी.एस.सी. के कर्मचारियों/अधिकारियों की भांति मानीटरों को भी अवकाश/स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्रदान की जाये।

उपाध्यक्ष महोदय: कृपया समाप्त करें। यह तो पूरा का पूरा दो पेज का मैटर आप पढ़ गये। बहुत लम्बा नहीं, संक्षेप में बोलिये।

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी, विषय रखिये और बताइये कि आप सरकार से क्या चाहते हैं।

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे सरदार सरोवर नर्मदा परियोजना के बारे में बोलने की जो अनुमति दी है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

सरदार सरोवर परियोजना नर्मदा नदी पर हो रही है और वह अन्तर्राज्यीय और बहुहेतुक योजना है। इसमें चार राज्य सम्मिलित हैं, चार राज्यों को इससे फायदा होने वाला है। गुजरात के लिए अगर देखें तो यह योजना एक जीवादोरी के समान है। गुजरात में 121 मीटर जो डैम की हाइट सम्पन्न की है, नर्मदा कंट्रोल एथॉरिटी की सलाह के अनुसार इस योजना की वजह से जो डैम की मौजूदा क्षमता है, उसमें तीन गुना बढ़ावा हो सकता है। 6.8 लाख हैक्टेयर जमीन में ज्यादा सिंचाई हो सकती है, उसमें 40 फीसदी विद्युत की बढ़ोत्तरी हो सकती है, ऐसी यह योजना है, जो चारों राज्यों के लिए बहुत उपयोगी है।

एक अप्रैल, 2010 को नर्मदा कंट्रोल एथॉरिटी की बैठक में पर्यावरण यूथ द्वारा यह जो गुजरात सरकार ने, मध्य प्रदेश सरकार ने जो पुनर्स्थापन की जो योजना सम्पन्न की है, उसके लिए उनको सिफारिश भी की थी, मगर न जाने कौन से रीजन से अभी गुजरात में 2012 में चुनाव हुए, वर्ष 2010 में उसके लिए सिफारिश की गयी थी, मगर भारत सरकार ने उसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। गुजरात सरकार ने उनके दरवाजे तैयार किये हैं, मगर दरवाजे बिठाने के लिए भी तीन साल का समय है। गुजरात सरकार ने बार-बार उनके लिए भारत सरकार से प्रार्थना की है। हमारे मुख्यमंत्री जी ने भी उसके लिए अनुरोध किया है, मगर अभी तक इसके लिए कोई हरी झंडी नहीं दी गयी है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि भारत सरकार के सेक्रेट्री सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, जो पुनर्वासन सब कमेटी के अध्यक्ष हैं, मैं आपके माध्यम से उनको अनुरोध करता हूं, उनसे प्रार्थना करता हूं कि इस डैम की पूर्ण ऊंचाई 138 मीटर है, उसको सम्पन्न करने के लिए हरी झंडी दी जाये ताकि गुजरात में पानी आ सके, अन्य राज्यों में सिंचाई और बिजली आ सके।

SHRI RAJAIAH SIRICILLA (WARANGAL): Thank you, Mr. Deputy Speaker, Sir for giving me an opportunity to speak. It is regarding categorization of the Scheduled Caste communities in Andhra Pradesh. There are about 59 sub-communities in the Scheduled Castes. Except one or two, rest of the communities have neither tasted butter, nor bread. Their financial and social condition is very miserable and pathetic.

There is one community named Dakkala. They sit at the centre of the SC colony and they beg for food. This is the condition of the Dakkala community. To rectify this situation, there was an agitation in the State. The State Assembly also unanimously resolved for their categorization. All the political parties in the Andhra Pradesh resolved unanimously for SC categorization. Usha Mehra Committee was specially appointed to enquire and realise the importance of their categorization. Usha Mehra Committee also recommended for categorization. Justice Ram Chandra Raju Committee also recommended for categorization. Still this Bill is pending.

I urge upon the Government, through you, Sir, to kindly bring the Categorisation Bill in the Parliament and get it passed. I would also request Sonia Gandhi *ji* to influence over the Ministry of Social Justice and Empowerment to bring the Bill for passage by this august House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ponnam Prabhakar and Shri Gutha Sukhender Reddy are allowed to associate with the issue raised by Shri Rajaiah Siricilla.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। सेवानिवृत न्यायमूर्ति श्री डी. पी. वाधवा के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली और उसके संचालन पर की गयी टिप्पणी के विरोध में देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। ऑल इंडिया फेडरेशन, जो पीडीएस का है, उनका कहना है कि श्री वाधवा ने अभी चल रही तीन लाख राशन की दुकानों को बंद करने की सिफारिश की है। लगभग 25 लाख परिवार इन दुकानों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आश्रित हैं। वे इससे प्रभावित होंगे। इससे 25 लाख परिवारों पर असर पड़ने वाला है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदार पिछले तीस-चालीस वर्षों से व्यापार कर रहे हैं। कुछ एक दुकानदारों के द्वारा किए गए गलत कामों की सजा

पच्चीस लाख परिवारों को नहीं देनी चाहिए, यह मेरा कहना है। कल भी दिल्ली में काफी बड़ा प्रदर्शन हुआ और न्याय की मांग के लिए फेडरेशन, पीडीएस की सभा हुयी थी। हम बहुत से सांसद वहां जाकर ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप सरकार से क्या मांग रहे हैं?

श्री चंद्रकांत खैरे : महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि पीडीएस सिस्टम को दुरूस्त किया जाना चाहिए। इसे बंद नहीं किया जाना चाहिए। इसके लिए इनकी कुछ डिमांड्स हैं। फेयर प्राइस शाप्स के रोजगार को संरक्षित करना, राशन कार्ड पर केरोसीन, शुगर और अन्य 14 जीवनोपयोगी वस्तुएं उपलब्ध करें। राशन शॉप्स में पोस्टल टिकट्स, रेलवे टिकट्स सेल की अनुमति देकर अच्छा कमीशन दें। अंत में, कमीशन बढ़ाने के संबंध में कहूंगा और राज्यों को निर्देश दिया जाना चाहिए।

श्री नारनभाई काछडिया (अमरेली): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि सरकार ने अहमदाबाद तथा इसके आसपास की शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु एक शहर को मेट्रो रेल से जोड़ने हेतु प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अंतर्गत गुजरात की राजधानी अहमदाबाद को गांधीनगर से मेट्रो रेल मार्ग से जोड़ा जाना था। उक्त परियोजना हेतु गुजरात की मेगा कंपनी जो गुजरात राज्य की कंपनी है, को चिन्हित किया गया था, इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को तकनीकी तौर पर सेवाएं भी ली गई थी। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि अहमदाबाद को गांधी नगर से मेट्रो रेल मार्ग से जोड़ने हेतु लगभग 76 किलोमीटर रेल मार्ग बनाना होगा। वर्तमान दर पर 15 हजार करोड़ रुपये में यह काम पूरा होगा। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : पैसा मत बताइए। क्या आप चाहते हैं कि वहां मेट्रो बन जानी चाहिए।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : सरकार खोजेगी कि कितना करोड़ रुपया खर्च करना है?

...(व्यवधान)

नारनभाई काछडिया : गुजरात सरकार द्वारा उक्त परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु, परियोजना पर अच्छी मात्रा में धन व्यय किया जा चुका है। भविष्य में वित्तीय सहायता हेतु राजकीय बजट में प्रावधान भी किया गया है परन्तु परियोजना की व्यावहारिकता एवं सफलता काफी तौर पर केन्द्रीय अनुदान पर टीकी हुई है जो कम से कम 25 प्रतिशत होनी चाहिए। गुजरात सरकार इसी तर्ज पर अन्य बड़े शहरों की

परियोजनाओं को मजबूत बनाने हेतु मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार की संभावनाओं पर गौर कर रही है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप गांधीनगर के लिए बोलिए। सारे प्रदेशों के बारे में मत बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री नारनभाई काछडिया : माननीय मंत्री गुजरात सरकार द्वारा, माननीय प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री एवं उपाध्यक्ष, योजना आयोग को केन्द्रीय बजट 2012-13 के अंतर्गत गुजरात मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार हेतु आवश्यक धन राशि आवंटित करने का अनुरोध किया था।

अंत में, मैं केन्द्र सरकार से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि व्यापक जनहित को देखते हुए गुजरात में मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार हेतु केन्द्रीय बजट 2013-14 में धन राशि आवंटित करने का कष्ट करें जिससे शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Thank you, Deputy-Speaker, Sir, for permitting me to raise this issue. The Bhavani River, originating from the Nilgiri Hills of Tamil Nadu, is passing through Attapadi Reserve Forest in Kerala and reaches again Tamil Nadu. It is a source of irrigation and drinking water for the farmers and the people of Coimbatore, Tirupur and Erode Districts of Tamil Nadu. The Government of Kerala has already constructed 27 check dams across the Bhavani River in Attapadi Region and has now proposed to construct another 100 more check dams to divert the water to Palakkad District.

This is a dangerous move. It will affect thousands of farmers in the above three Districts. Already there is a little inflow at the Bhavanisagar Dam. If the Kerala Government proceeds with construction of more check dams, the said three Districts will be starved off even for drinking water and there would be severe drought. Already, our hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Puratchi Thalaivi Amma cautioned the seriousness and consequences. This is a deplorable move and needs to be halted.

So, I urge upon the Central Government to suitably advise the Government of Kerala not to go ahead with its move to construct check dams across the Bhavani River at Attapadi Region.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे अत्यंत लोक महत्व और तात्कालीक समस्या पर बोलने की अनुमति दी है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना, जिसके अंतर्गत हिन्दुस्तान के जनपदों के सभी गांवों को ऊर्जीकृत करने के लिए विद्युतीकरण की कार्रवाई, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत निर्धारित की गई है। पिछले दिनों भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के सेकण्ड फेज के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों में फिर से योजना को लागू किया गया है। सौभाग्य से उन 22 जनपदों में सिद्धार्थ नगर मेरा जनपद भी शामिल है। आपके माध्यम से मैं चाहता हूं कि सिद्धांत नगर जनपद में 503 गांवों को विद्युतीकरण करने के लिए जो निर्धारित हुआ, कई बार टर्न के बेसिस पर उसके कॉन्टेक्ट का काम हुआ लेकिन किसी को एवार्ड नहीं हुआ। सरकार या तो आरईसी से उस राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 503 गांवों के लिए विद्युतीकरण की जो कार्रवाई करनी है, वह रूरल इलेक्ट्रीफिकैशन कॉरपोरेशन करे या उत्तर प्रदेश के राज्य विद्युत परिषद उस विभाग को दे दे, अन्यथा योजना जिस उद्देश्य से लागू की गई है ...(व्यवधान) उसका पैसा निर्गत हो गया है, शायद वह उद्देश्य पूरा नहीं होगा इसलिए बहुत महत्पूर्ण प्रश्न है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक है, आपका विषय पूरा हो गया।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर ध्यान दे।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): एम्स में जो वर्तमान व्यवस्था है, उसमें कुछ विशेष जाति वर्ग की एक लॉबी है। इस लॉबी के अंतर्गत जो डाक्टर हैं, उनका व्यवहार गरीबों एवं देश के दूसरे हिस्से से आने वाले ग्रामीण इलाके के लोगों के प्रति नैतिक दृष्टि से खराब है। यह वर्ग गरीबों का इलाज भी सामंतवादी व्यवस्था की तरह करता है। रोगी की आर्थिक दिक्कतों एवं उनकी स्थितियों से यह लॉबी पूरी तरह अनभिज्ञ है। वर्ष 2007 में भारत सरकार ने संसद की स्वास्थ्य संबंधी समिति द्वारा गहन अध्ययन करने के बाद दिए गए सुझावों में एम्स में आरक्षण व्यवस्था लागू की। इसके तहत पदों की संख्या भी बढ़ाई गई जिससे उनमें कमजोर वर्ग के डाक्टरों को रखा जा सके। संसद में जोरदार आवाज के बाद सामाजिक विषमता को दूर करने के उद्देश्य से एम्स में पहली बार आरक्षण व्यवस्था को लागू किया गया। परन्तु सामाजिक न्याय के विरोधियों द्वारा नया षडयंत्र रचकर नियुक्तियों में आरक्षण का विरोध कर रोक लगा दी गई। इस संबंध में भारत सरकार ने भी आनन-फानन में नौकरशाहों की एक पांच सदस्यीय समिति बना दी। इस समिति में आरक्षण के अंतर्गत आने वाले वर्ग का कोई भी सदस्य नहीं है। इस मौजूदा समिति से यह कतई उम्मीद

नहीं की जा सकती कि वे निष्पक्ष रूप से सुझाव देगी। एम्स में आरक्षण दिए जाने के मामले में संसदीय स्वास्थ्य समिति में जनता के प्रतिनिधियों द्वारा गहनता से विचार हो चुका है। उसके बाद भी समिति का गठन करना समझ से परे है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप क्या चाहती हैं, वह बताइए। आप सरकार से क्या मांग कर रही हैं?

...(व्यवधान)

श्रीमती रमा देवी : याद कीजिए जब से आरक्षण व्यवस्था को लागू किया गया है, तब से देश समावेशी विकास के रास्ते पर है। अत: सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जनहित में एम्स की भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण का पालन करते हुए नियुक्ति की कार्यवाही सख्ती से लागू की जाए तथा इसके सामने आने वाले स्वार्थी तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाए जिससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिल सके।

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत जब दामोदर वैली कार्पोरेशन का निर्माण हुआ, उस जमाने से भूमि संरक्षण, वृक्षारोपण, मत्स्य पालन, सिंचाई एवं विद्युत उत्पादन करना इसका मुख्य उद्देश्य था। लेकिन 65 वर्ष गुजर जाने के बाद भी झारखंड में डीवीसी द्वारा बिजली का उत्पादन 40 प्रतिशत है। सिंचाई की व्यवस्था बंगाल में है। झारखंड राज्य में चाहे कोनार डैम हो या दामोदर वैली कार्पोरेशन का बोकारो थर्मल हो, चंद्रपुरा हो, वहां के अगल-बगल के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है और वृक्षारोपण का कार्य भी नहीं किया जा रहा है। भूसंरक्षण के माध्यम से जो छोटे-छोटे चैक डैम बनाने हैं, 65 वर्ष के दरम्यान उस इलाके में काम नगण्य है। हम समिति में भी इस बारे में बात रखते हैं, लेकिन कार्यवाही शून्य है।...(व्यवधान)

हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस पर अविलंब आदेश निर्गत किए जाएं कि दामोदर वैली कार्पोरेशन उस क्षेत्र में कार्य करे। आपने समय दिया।

श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र (सीधी): मेरे लोक सभा क्षेत्र सीधी के अंतर्गत सिंगरौली जिला आता है। सिंगरौली जिले में दस कोयले की खदानें हैं। आप माननीय मंत्री रहे हैं। एनसीएल का हैडक्वार्टर है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप कृपया विषय के बारे में बताइए।

...(व्यवधान)

श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र : 15 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। वह नक्सलाइट जिला है, आदिवासी बाहुल्य और पिछड़ा जिला है। सिंगरौली जिले का योगदान हिन्दुस्तान के विकास में सराहनीय है। लेकिन वहां पर आज तक नवोदय विद्यालय नहीं खोला गया है जबकि मध्य प्रदेश के हर जिले में नवोदय विद्यालय है। वह पिछड़ा, आदिवासी जिला है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मानव संसाधन मंत्री को निर्देशित करें कि सिंगरौली जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाए।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार ने पासपोर्ट सेवा को विकेन्द्रीकृत करने की दृष्टि से एक राज्य में राजधानी के अतिरिक्त अन्य स्थानों के लिए भी पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय किया है। इसी श्रृंखला में राजस्थान में जयपुर के अतिरिक्त जोधपुर और सीकर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले गये हैं। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं तथा बीकानेर एक संभाग मुख्यालय भी है। बीकानेर क्षेत्र के लोगों को पासपोर्ट सेवा जारी करवाने के लिए सीकर जाना पड़ेगा जबकि सीकर और जयपुर की दूरी केवल 110 किलोमीटर ही है और बीकानेर व सीकर के बीच की दूरी 220 किलोमीटर है। यदि गंगानगर की दूरी देखी जाये तो सीकर 460 किलोमीटर दूर पड़ता है। यदि बीकानेर संभाग के लोगों को यह सुविधा देनी ही है तो पासपोर्ट सेवा केन्द्र का कार्यालय बीकानेर में ही खुलना चाहिए जिससे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू एवं नागौर जिले के नागरिकों को भौगोलिक दूरी कम होने की वजह से लाभ प्राप्त हो सके। बीकानेर को सीकर के साथ जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। यदि बीकानेर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू व नागौर के पासपोर्ट धारकों की संख्या की जानकारी लेंगे तो यह संख्या भी सीकर जिले के पासपोर्ट धारकों से अधिक होगी। भौगोलिक दृष्टि से भी बीकानेर इन पांच जिलों के सैन्टर में स्थित है।

अतः मैं भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से मांग करता हूं कि पासपोर्ट सेवा केन्द्र बीकानेर में पुनः चालू किया जाये जिससे राजस्थान के सभी निवासियों को विकेन्द्रीकृत पासपोर्ट सेवा का लाभ प्राप्त हो सके।

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान वाराणसी से लखनऊ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 56 की ओर आकर्षित करना चाहूता हूं। वर्तमान में इस राजमार्ग की हालत बेहद खराब है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़ी संख्या में भारी वाहन जैसे ट्रक, बस तो चलते ही हैं, छोटे वाहनों की संख्या भी बहुत अधिक है। प्रमुख राजमार्ग होने के कारण खास तौर से ट्रकों की आवाजाही काफी अधिक होती है। अब तो बारह-बारह चक्कों वाले ट्रकों का चलना आम हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण निर्धारित मानक के अनुसार न होने और अधिक वाहनों के चलने का असर यह है कि यह राजमार्ग फिलहाल बुरी स्थिति में है। उस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे देखे जा सकते हैं। राजमार्ग के खराब होने से आवागमन में दिक्कत तो होती ही है, उस पर आये दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। यही हालत कमोवेश वाराणसी से गाजीपुर, मऊ होकर गोरखपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 29 की भी है। विशेष रूप से वाराणसी, गाजीपुर, मऊ के बीच इस राजमार्ग की हालत बेहद खराब है। इस स्थिति के मद्देनजर सरकार से हमारी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 56 और 29 की तत्काल मरम्मत करवाने और सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड़ों के अनुरूप दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों को बनवाने के लिए यथाशीघ्र कदम उठायें।

श्री रामकिशुन (चन्दौली): माननीय उपाध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के जनपद चंदौली के उत्तरी नरबन और पूर्वी महाइच परगना के किसानों को सूखे से निपटने के लिए 38 करोड़ रुपये की एक परियोजना चक्का बांध से बनायी गयी है। बलूआ लिफ्ट केनाल, नगवां लिफ्ट केनाल तथा वीरासराय लिफ्ट केनाल की क्षमता में वृद्धि करने के लिए भी परियोजना बनायी गयी है। मैं आपसे मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार को त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत धन उपलब्ध कराया जाये। वहां का किसान बार-बार संघर्ष करता है। इस संबंध में कई बार प्रदर्शन हुए हैं। किसान सड़क, रेलवे लाइन पर उतरते हैं। सूखे से निपटने के लिए ये दोनों परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण है। जनपद चंदौली को धान का कटोरा कहा जाता है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि चंदौली के किसानों को पानी के सवाल पर लाठियां और गोलियां खानी पड़ी हैं। चंदौली के किसानों को सूखे से बचाने के लिए गंगा नदी पर जो लिफ्ट केनाल लगी है, उनकी क्षमता में वृद्धि की जाये और 38 करोड़ रुपये की जो परियोजना चक्का बांध पर बनायी गयी है, उस परियोजना के लिए त्वरित लाभ सिचाई कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को धन दे, ताकि चंदौली के किसान जो बार-बार सूखे से प्रभावित होते हैं, वे उससे बच सकें।

उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि भारत सरकार द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर में इमर्जेंसी उपचार हेतु बाजोरिया हास्पिटल में ट्रॉमा सैंटर का निर्माण कराया गया था। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि ट्रॉमा सैंटर का निर्माण कार्य पूर्ण हुए लगभग एक वर्ष हो गया है। उसमें इमर्जेंसी उपचार हेतु सभी उपकरण लगे हैं। ट्रॉमा सैंटर लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बना है। लेकिन उसमें अभी तक किसी स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पायी। मेरे संसदीय क्षेत्र के आसपास लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तक कोई हायर मेडिकल सैंटर नहीं है। आपातकालीन स्थिति में क्षेत्रीय जनता को इमर्जेंसी उपचार हेतु 200 किलोमीटर की दूरी पर पी.जी.आई. चंडीगढ़ व नई दिल्ली के एम्स में जाना पड़ता है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं संज्ञान में लाना चाहूंगा कि लगभग 400 करोड़ की लागत से जनपद में मान्यवर काशीराम मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन कार्य का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। धनराशि की कमी से 20 प्रतिशत निर्माण कार्य शेष है। अभी निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद है। उक्त समस्या के बारे में पूर्व में कई बार अवगत कराया गया है।

अतः आपसे अनुरोध करते हुए सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर में प्राथमिकता के आधार पर जनहित में उपचार हेतु हायर मेडिकल सेंटर पर लाए जाने के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एम्बुलेंस, मोबाईल मेडिकल यूनिट सुविधा व बाजोरिया हॉस्पीटल में ट्रामा सेंटर में नियुक्तियाँ कराए जाने व मान्यवर काशीराम मेडिकल कालेज निर्माण कार्य पूर्ण कराएं।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से श्रीमती अलका तोमर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ी हैं। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में श्रीमती अलका तोमर ने अनेक पदक जीते हैं तथा देश का मान बढ़ाया है। परन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न मेडल जीतने के परिणामस्वरूप नियमानुसार दिये जाने वाले नकद पुरस्कार की राशि श्रीमती अलका तोमर को आंशिक रूप से प्रदान की गई है तथा छः लाख रुपया उन्हें दिया जाना शेष है।

डॉ. जबर सिंह सोम श्रीमती अलका तोमर के प्रशिक्षक हैं। श्री जबर सिंह सोम ने निरन्तर कठोर परिश्रम करके अनेक विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है। श्री जबर सिंह सोम को भी प्रशिक्षक के नाते छः लाख पच्हत्तर हजार रुपए के नकद इनाम की राशि दिया जाना शेष है। महोदय, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उनके खेल के प्रति एकाग्रता एवं समर्पण के आधार पर अर्जित की गई राशि को प्रदान करने में विलम्ब करना किसी भी प्रकार से खिलाड़ियों एवं खेलों के हित में नहीं है।

अतः मैं, आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इसमें हस्तक्षेप करे तथा श्रीमती अलका तोमर एवं उनके प्रशिक्षक श्री जबर सिंह सोम को उनके नकद इनाम की बकाया राशि शीघ्र दिलवाने के आदेश देने का कष्ट करे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 15th March, 2013 at 11 a.m.

20.27 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, March 15, 2013/Phalguna 24, 1934 (Saka).